समाधान- यहाँ ऐसी शंका नहीं करनी चाहिए क्योंकि उनको ज्ञान तो तीन हैं यानि लब्धिरूप में तो तीन है किन्तु उपयोग रूप मतिज्ञान और उसका सहचारी श्रुतज्ञान है। इसलिए स्पर्शन विहारादि की अपेक्षा 8/14 राजू कहा है क्योंकि 8/14 राजू स्पर्शन देवों के ही बनता है अन्य में नहीं। काल नाना जीवों का तो सर्वकाल कहा है एक जीव का यद्यपि अनादि अनंत भी प्राप्त होता है क्योंकि अभव्य और अभव्य जैसे ही दूरानदूरभव्यों का काल अनादि अनंत तथा अनादि सांत, मुक्तिगत जीवों का प्राप्त होता है और सादि सांत जिन्होंने पहले सम्यक्त्व प्राप्त किया यानि सम्यग्ज्ञान प्राप्त किया बाद में मिथ्यादृष्टि हो गये। यहाँ सादि सात जीवों का यानि पहले सम्यक्त्व प्राप्त किया बाद में मिथ्यादृष्टि हो गये उनका काल यहाँ प्रयोजनीय है और उनका काल जघन्य से अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट से कुछ कम अर्द्धपुद्गल परावर्तन कहा जिसका अर्थ इसी ग्रंथ में कई बार आया है। अत: समझ लेना चाहिए। अन्तर भी जघन्य अन्तर्मुहूर्त सुगम है। उत्कृष्ट दो छयासठ सागर यानि कोई अनादि मिथ्यादृष्टि उपशम सम्यक्त्व को प्राप्त हुआ पश्चात् वेदक सम्यग्दृष्टि हो गया और वेदक सम्यक्त्व के साथ 66 सागर तक रहा पुन: अन्तुर्मुहूर्त के लिए मिश्र में गया पश्चात् पुन: वेदक सम्यक्त्वी हो गया और 66 सागर रहा पश्चात् मिथ्यादृष्टि हो गया इस प्रकार दोनों कुज्ञानों का अन्तर प्राप्त हुआ शेष कथन सरल है।

252. कुमति व कुश्रुत अज्ञानी मिथ्यात्व गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	मिथ्यात्व	–	–
2.	जीवसमास	14 जीवसमास पर्याप्त व अपर्याप्त	7 जीवसमास पर्याप्त	7 जीवसमास अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6,5,4 पर्याप्ति व अपर्याप्ति	6,5,4 पर्याप्ति	6,5,4 अपर्याप्ति
4.	प्राण	4,6,7,8,9,10 पर्याप्त, 3,4,5,6,7,7 अप.	10,9,8,7,6,4	7,7,6,5,4,3
5.	संज्ञा	4 संज्ञा	–	–
6.	गति	चारों गति	–	–
7.	इन्द्रिय	एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रस/स्थावर	–	–
9.	योग	13 (आहारकद्विक बिना)	10 योग	3 योग
10.	वेद	3 वेद	–	–
11.	कषाय	25 कषाय	–	–
12.	ज्ञान	2 (कुमति, कुश्रुत)	–	–
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	2 दर्शन (चक्षु व अचक्षु दर्शन)	–	–
15.	लेश्या	6 लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य, अभव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	मिथ्यात्व	–	–
18.	संज्ञी	संज्ञी व असंज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	दोनों
20.	उपयोग	4 उपयोग	–	–
21.	ध्यान	8 (4 आर्त्त, 4 रौद्र)	–	–
22.	आस्रव	55 (25 कषा.+13 योग+12 अवि.+5 मि.)	52 (25+10+12+5)	45 (25+3+12+5)
23.	जाति	84 लाख		
24.	कुलकोटि	199½ लाख करोड़		
25.	संख्या	अनंतानंत		
26.	क्षेत्र	सर्वलोक		
27.	स्पर्शन	पूर्ववत् (अर्थात् सर्वलोक व कुछ कम 8/14 राजू)		
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा – सर्वकाल एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम अर्द्धपुद्गल परावर्तन		
29.	अन्तर	नाना व एक जीव की अपेक्षा – निरन्तर		
30.	भाव	33 (औद. 21, क्षयो. 9, पा.3) अपर्याप्तक में 33		
31.	अवगाहना	जघन्य– घनांगुल का असंख्यातवाँ भाग उत्कृष्ट– 1000 योजन		
32.	बन्ध	117 गुणस्थानोक्त		
33.	उदय	117 गुणस्थानोक्त		
34.	सत्त्व	148		

252. मदिसुदअण्णाणी मिच्छत्त गुणट्ठाणं

तेसिं मदिसुदअण्णाणी मिच्छाइट्ठि जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि - एग मिच्छत्त गुणट्ठाणं, सत्त पज्जत्त सत्त अपज्जत्त चोद्दस जीवसमासा, छ पंच चउ पज्जत्ती छ पंच चउ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस णव अट्ट सत्त छ चदु पाणा अपज्जत्तेसु सत्त सत्त छ पंच चदु तिण्णि पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी, एइंदियत्तो पंचिंदियाणि, छक्काया, आहारदुगेहि विणा तेरस जोगा पज्जत्तेसु दस अप्पज्जत्तेसु तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, कुमइ कुसुद बे अण्णाणाणि, असंजमो, चक्खु अचक्खु बे दंसणाणि, छल्लेस्सा, भव्वसिद्धिया अभव्वसिद्धिया दोण्णि, मिच्छत्त सम्मत्तं, सण्णी असण्णी दोण्णि, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि, चत्तारि उवजोगा, अट्ठज्झाणाणि, पणवण्ण आसवा पज्जत्तेसु वावण्ण अपज्जत्तेसु पणदाल आसवा, चउरासीदि लक्ख जादी, अद्ध णवणउदि उत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा अणंताणंत, खेत्तावेक्खा सव्वलोयो, फासावेक्खया सगट्ठाणं वेयणा कसाय मारणंतियो व उववादावेक्खा सव्वलोयो विहारवेगुव्विया अट्ठ चोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एग जीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण किंचिदूण अद्धपोग्गलपरायट्टं, अंतरं णाणेगजीवावेक्खा णिरंतरं, तेतीस भावा*, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स असंखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजणसहस्सं, सत्तदसुत्तर सयं पयडीणं बंधो, सत्तदसुत्तर सयं पयडीणं उदओ, अडदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि मदिसुद अण्णाणीसु मिच्छत्त गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

मतिश्रुत अज्ञानी मिथ्यात्व गुणस्थान

उन्हीं मतिश्रुत अज्ञानियों में मिथ्यादृष्टियों का आलाप कहने पर - एक मिथ्यात्व गुणस्थान, सात पर्याप्त सात अपर्याप्त चौदहों जीव समास, छह-पाँच-चार पर्याप्ति छह-पाँच-चार अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस-नौ-आठ-सात-छह-चार प्राण अपर्याप्त में सात-सात-छह-पाँच-चार-तीन प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति, एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय, छहों काय, आहारक द्विक बिना तेरह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में तीन योग, तीनों वेद, पच्चीस कषाय, कुमति कुश्रुत दो अज्ञान, असंयम, चक्षु अचक्षु दो दर्शन, छहों लेश्या, भव्य सिद्धिक अभव्य सिद्धिक दोनों, मिथ्यात्व सम्यक्त्व, संज्ञी-असंज्ञी दोनों, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्त में आहारक अपर्याप्त में दोनों, चार उपयोग, आठ ध्यान, पचपन आस्रव पर्याप्त में बावन अपर्याप्त में पैंतालीस आस्रव, चौरासी लाख जाति, एक सौ साढ़े निन्यानवै लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा-अनंतानंत, क्षेत्रापेक्षा-सर्वलोक, स्पर्शन-स्वस्थान वेदना-कषाय-मारणांतिक व उपपाद सर्वलोक विहार-विक्रिया कुछ कम 8/14 राजू, काल-नानाजीवापेक्षा-सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम अर्द्ध पुद्गल परावर्तन, अंतर-नाना व एकजीवापेक्षा निरंतर, तेतीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का असंख्यातवां भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, एक सौ सत्तरह प्रकृतियों का बंध, एक सौ सत्रह प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार मतिश्रुत अज्ञानियों में मिथ्यात्व गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :- सम्पूर्ण कथन पूर्ववत् है मात्र अन्तर में कुछ भेद हैं क्योंकि एक जीव की अपेक्षा भी यहाँ निरंतर है, इसका कारण यह है कि मिथ्याज्ञान के साथ गुणस्थान परावर्तन नहीं हो सकता अन्यथा मार्गणा टूट जायेगी इसलिए अन्तर उपलब्ध नहीं होता।

* पर्याप्त व अपर्याप्त में तेतीस भाव ही होते हैं।

253. मति, श्रुत अज्ञानी सासादन गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	सासादन	–	–
2.	जीवसमास	7 जीवसमास (1 पर्याप्त+6 अपर्याप्त)	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीवसमास	6 अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति व 6,5,4 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6,5,4 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10,7,7,6,5,4,3	10 प्राण	7,7,6,5,4,3
5.	संज्ञा	4 संज्ञा	–	–
6.	गति	चारों गति	–	तीन गति (नरकगति बिना)
7.	इन्द्रिय	1–पंचेन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	1–5
8.	काय	त्रसकाय, 3 स्थावर (पृथ्वी, ज., वन.)	त्रस	त्रस, स्थावर–3
9.	योग	13 (आहारकद्विक बिना)	10 योग	3 योग
10.	वेद	3 वेद	–	–
11.	कषाय	25 कषाय	–	–
12.	ज्ञान	2 (कुमति, कुश्रुत)	–	–
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	2 दर्शन (चक्षु व अचक्षु दर्शन)	–	–
15.	लेश्या	6 लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	सासादन	–	–
18.	संज्ञी	संज्ञी/असंज्ञी	संज्ञी	दोनों (संज्ञी असंज्ञी)
19.	आहारक	आहारक/अनाहारक	आहारक	दोनों
20.	उपयोग	4	–	–
21.	ध्यान	8	–	–
22.	आस्रव	50 (25+12+13 योग)	47 (25+10+12)	40 (25+3 योग+12अवि.)
23.	जाति	56 लाख	26 लाख	52 लाख
24.	कुलकोटि	189½ लाख करोड़	108½ लाख करोड़	164½ लाख करोड़
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग		
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग व कुछ कम 8/14, 12/14, 11/14 राजू		
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा–ज. एक समय उ. पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग एक जीव की अपेक्षा–ज. एक समय उ. 6 आवली		
29.	अन्तर	नाना जीवों की अपेक्षा– ज. एक समय उ. पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग एक जीव की अपेक्षा– निरन्तर		
30.	भाव	31 (औद. 20, मि. 9, पा.2) अपर्याप्तक में 30 (नरक गति बिना)		
31.	अवगाहना	जघन्य– घनांगुल का असंख्यातवाँ भाग उत्कृष्ट– संख्यात धनुष		
32.	बन्ध	101 (16 प्रकृतियाँ प्रथम गुण. की व्युच्छित्ति +3 अबंध=19 के बिना)		
33.	उदय	111 गुणस्थानोक्त		
34.	सत्त्व	145 (तीर्थंकर आहारकद्विक बिना)		

253. मतिसुदअण्णाणी सासण गुणट्ठाणं

तेसिं कुमइकुसुदअण्णाणीसु सासण गुणट्ठाणालाव भण्णमाणे अत्थि - एग सासण गुणट्ठाणं, एग सण्णी पंचिंदियपज्जत्त छ अपज्जत्त सत्तजीवसमासा, छ पज्जत्ती व छ पंच चत्तारि अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस पाणा अपज्जत्तेसु सत्त सत्त छ पंच चउ तिण्णि पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी अपज्जत्तेसु णिरयेण विणा तिण्णि गदी, पज्जत्तेसु पंचिंदिय अपज्जत्तेसु एइंदियत्तो पंचिंदियाणि, तसकाओ अपज्जत्तेसु तिण्णि थावरा तसकाया, आहार दुगेहिं विणा तेरस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, कुमइ कुसुदा बे अण्णाणाणि, असंजमो, चक्खु अचक्खु बे दंसणाणि, छल्लेस्सा, भव्व सिद्धिया, सासण-सम्मत्तं, सण्णी असण्णी दोण्णि पज्जत्तेसु सण्णी अपज्जत्तेसु दोण्णि, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, चत्तारि उवजोगा, अट्ठज्झाणाणि, पंचास आसवा पज्जत्तेसु सत्तदाल अपज्जत्तेसु दाल आसवा, छप्पण लक्ख जादी पज्जत्तेसु छब्बीस लक्ख अपज्जत्तेसु वावण्ण लक्ख जादी, अद्धऊणणवासीदि उत्तर सयं लक्ख कोडि कुल कोडीणं पज्जत्तेसु अद्ध अट्ठुत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं अपज्जत्तेसु अद्ध चउसट्ठिउत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेखा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा एवं अट्ठ चोद्दस-बारस चोद्दस एगारस चोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एग जीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कसेण छावली, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एगजीवावेक्खा णिरंतरं, इगतीस भावा अपज्जत्तेसु तीस भावा, जहण्णमवगहण घणंगुलस्स असंखेज्जदि भागा उक्कस्सेण संखेज्ज धणू, एगुत्तर सयं पयडीणं बंधो, एगारसुत्तर सयं पयडीणं उदओ, पणदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि मदिसुद अण्णाणीसु सासण गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

मतिश्रुत अज्ञानी सासादन गुणस्थान

उन्हीं कुमति कुश्रुत अज्ञानियों में सासादन गुणस्थानालाप कहने पर - एक सासादन गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त व छह अपर्याप्त सात जीव समास, छहों पर्याप्ति व छह-पाँच-चार अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस प्राण अपर्याप्त में सात-सात-छह-पाँच-चार-तीन प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति अपर्याप्त में नरक बिना तीन गति, पंचेन्द्रिय अपर्याप्त में एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय तक, त्रसकाय अपर्याप्त में तीन स्थावर व त्रसकाय, आहारकद्विक बिना तेरह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में तीन योग, तीनों वेद, पच्चीस कषाय, कुमति कुश्रुत दो अज्ञान, असंयम, चक्षु अचक्षु दो दर्शन, छहों लेश्या, भव्य सिद्धिक, सासादन सम्यक्त्व, संज्ञी असंज्ञी दोनों पर्याप्तक में संज्ञी अपर्याप्तक में दोनों, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्त में आहारक अपर्याप्त में दोनों, चार उपयोग, आठ ध्यान, पचास आस्रव पर्याप्त में सैंतालीस अपर्याप्त में चालीस आस्रव, छप्पन लाख जाति पर्याप्त में छब्बीस लाख अपर्याप्त में बावन लाख जाति, एक सौ साढ़े नवासी लाख करोड़ कुल कोटि पर्याप्त में एक सौ साढ़े आठ लाख करोड़ अपर्याप्त में एक सौ साढ़े चौंसठ लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा पल्योपम का असंख्यातवां भाग, क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग व कुछ कम 8/14, 12/14, 11/14 राजू, काल-नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट छह आवली, अंतर-नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग एक जीवापेक्षा निरन्तर, इकतीस भाव अपर्याप्तक में 30 भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का असंख्यातवां भाग उत्कृष्ट संख्यात धनुष, एक सौ एक प्रकृतियों का बंध, एक सौ ग्यारह प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ पैंतालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार मतिश्रुत अज्ञानियों में सासादन गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :- यहाँ ग्रंथराज कषाय पाहुड़ के मत से एकेन्द्रियादि जीवों की अपर्याप्तक अवस्था में द्वितीय गुणस्थान कहा है किंतु षट्खण्डागम के मत से एकेन्द्रियादि जीवों में एक मिथ्यात्व गुणस्थान ही पाया जाता है किन्तु मारणांतिक समुद्घात के समय सासादन पाया जाता है अत: दोनों ग्रंथों का समावेश करते हुए कहते हैं। सभी प्रकार के निगोद, अग्निकायिक, वायु कायिक सभी प्रकार के सूक्ष्म जीव, सभी प्रकार के लब्ध्यपर्याप्तक जीव इनमें मात्र एक मिथ्यात्व गुणस्थान ही पाया जाता है। नारकी जीवों की अपर्याप्तक अवस्था में भी प्रथम या चतुर्थ गुणस्थान ही पाया जाता है। इनके अलावा अन्य जीवों में द्वितीय गुणस्थान पाया जाता है। इन्हीं को दृष्टि में रखते हुए जीव समास, जाति व कुलकोटि का कथन किया है। स्पर्शन 11/14 राजू षट्खण्डागम ग्रंथ के अनुसार किन्तु द्वितीय सिद्धांत (कषाय पाहुड़) के अनुसार उपपाद पद गत 12/14 राजू भी बनता है मारणांतिक सर्वत्र 12/14 राजू सुगम है। शेष कथन भी सुगम है। काल गुणस्थानवत् समझना अन्तर नाना जीवों का सुगम है एक जीव में अन्तर प्राप्त नहीं होता क्योंकि दूसरे गुणस्थान से पहले में जायेगा वहाँ से दूसरे में आ नहीं सकता अत: गुणस्थान परिवर्तन संभव नहीं है अन्यथा मार्गणा टूट जायेगी इसलिए अन्तर नहीं है। बन्ध, उदय, सत्त्व गुणस्थानवत् समझना चाहिए।

254. विभंग ज्ञानी सामान्य

1.	गुणस्थान	1, 2 (मिथ्यात्व, सासादन)		
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त		
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति		
4.	प्राण	10 प्राण		
5.	संज्ञा	4 संज्ञा		
6.	गति	चारों गति		
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय		
8.	काय	त्रसकाय		
9.	योग	10 योग		
10.	वेद	3 वेद		
11.	कषाय	25 कषाय		
12.	ज्ञान	1 कुअवधि ज्ञान		
13.	संयम	असंयम		
14.	दर्शन	2 दर्शन (चक्षु व अचक्षु दर्शन)		
15.	लेश्या	6 लेश्या		
16.	भव्य	भव्य, अभव्य		
17.	सम्यक्त्व	मिथ्यात्व, सासादन		
18.	संज्ञी	संज्ञी		
19.	आहारक	आहारक		
20.	उपयोग	3 (1 ज्ञानो.+ 2 दर्शनो.)		
21.	ध्यान	8 (4 आर्त्त + 4 रौद्र)	–	–
22.	आस्रव	52 (25 कषाय+10 योग+12 अविरति+5 मि.)		
23.	जाति	26 लाख		
24.	कुलकोटि	108½ लाख करोड़		
25.	संख्या	असंख्यात (असंख्यात जगत्श्रेणी प्रमाण)		
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग व सर्वलोक व 8/14 राजू (ध.पु. 4, पृ.252 सू. 126)		
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा– सर्वकाल	एक जीव की अपेक्षा – ज. एक समय	उ. कुछ कम 33 सागर
29.	अन्तर	नाना जीवों की अपेक्षा– निरन्तर	एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त	उ. असंख्यात पुद्गल परावर्तन
30.	भाव	32 (औद. 21, मि. 8, पा.3)		
31.	अवगाहना	जघन्य– अंगुल का संख्यातवाँ भाग	उत्कृष्ट– संख्यात धनुष	(संख्यात अंगुल)
32.	बन्ध	मि. 117	सासादन गु. 101	
33.	उदय	मि. 104*	सासादन गु. 103 = 104–1 मि= (मिथ्यात्व बिना)	
34.	सत्त्व	मि. 148	सासादन गु. 145	

* 117 प्रकृति में से आतप, एकेन्द्रिय, विकलत्रय, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, 4 आनुपूर्वी इन 13 प्रकृति बिना 104 प्रकृति का उदय

254. विभंगणाणी सामण्णं

णाणमग्गणाणुवादेण विभंगणाणिओ सामण्णालाव भण्णमाणे अत्थि - मिच्छत्त सासण बे गुणट्ठाणाणि, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीवसमासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी, पंचिंदियाणि, तसकायो, दस जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, एग विभंगणाणं, असंजमो, चक्खु अचक्खु बे दंसणाणि, छल्लेस्सा, भव्वसिद्धिया अभव्वसिद्धिया, मिच्छत्त सासण बे सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, तिण्णि उवजोगा, चत्तारि अट्ट चत्तारि रुद्द अट्ठज्झाणाणि, वावण्ण आसवा, छब्बीस लक्ख जादी, अद्धुट्ठउत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा असंखेज्ज जगसेढी पमाणो, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा व सव्वलोयो* व अट्ठ चोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एग जीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण किंचिदूण तेतीस सायरोवमाणि, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एग जीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण असंखेज्ज पोग्गलपरायट्टं, बत्तीस भावा, जहण्णमवगहणं घणांगुलस्स संखेज्जदि भागा उक्कस्सेण संखेज्ज धणू, मिच्छत्तेसु सत्तदसुत्तर सयं पयडीणं सासणे एगुत्तर सयं पयडीणं बंधो, मिच्छत्तेसु चदुत्तर सयं पयडीणं सासणे तिउत्तर सयं पयडीणं उदओ एवं मिच्छत्तेसु अडदालुत्तर सयं सासणे पणदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि विभंगणाणीसु सामण्णालाव सम्मत्ता।

विभंग ज्ञानी सामान्य

ज्ञान मार्गणा के अनुवाद से विभंगज्ञानियों के सामान्यालाप कहने पर - मिथ्यात्व सासादन दो गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, दस योग, तीन वेद, पच्चीस कषाय, एक विभंग ज्ञान, असंयम, चक्षु अचक्षु दो दर्शन, छहों लेश्या, भव्य सिद्धिक अभव्य सिद्धिक, मिथ्यात्व सासादन दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, तीन उपयोग, चार आर्त्त चार रौद्र आठ ध्यान, बावन आस्रव, छब्बीस लाख जाति, एक सौ साढ़े आठ लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा-असंख्यात जगत्श्रेणी प्रमाण, क्षेत्रापेक्षा-लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग व सर्वलोक व 8/14 राजू, काल-नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट कुछ कम तेतीस सागर, अंतर-नानाजीवापेक्षा-निरन्तर एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट असंख्यात पुद्गल परावर्तन, बत्तीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का संख्यातवां भाग उत्कृष्ट संख्यात धनुष, मिथ्यात्व में एक सौ सत्तरह प्रकृतियों का बंध व सासादन में एक सौ एक प्रकृतियों का बंध, मिथ्यात्व में एक सौ चार प्रकृतियों का उदय सासादन में एक सौ तीन प्रकृतियों का उदय एवं मिथ्यात्व में एक सौ अड़तालीस सासादन में एक सौ पैंतालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार विभंग ज्ञानियों में सामान्यालाप समाप्त हुआ।

---

* स्वस्थान लोक का असंख्यातवां भाग मारणांतिक सर्वलोक वि.वे.वि.कषाय कुछ कम 8/14 राजू।

विशेषार्थ :- विभंग अवधिज्ञान संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक को ही होता है अपर्याप्तक को नहीं होता इसलिए चारों गतियाँ कही हैं अशुभ लेश्या तो होती ही है शुक्लादि लेश्या कल्पवासी देवों में पायी जाती है मनुष्य और तिर्यंच में भी पायी जाती है। स्पर्शन पूर्व की तरह ही समझना चाहिए कोई विशेषता नहीं है। काल की प्ररूपणा करते हैं। नाना जीवों का सर्वकाल सुगम है। एक जीव की अपेक्षा जघन्य काल एक समय यानि कोई देव या नारकी आयु के अन्तर्मुहूर्त शेष रहने पर उपशम सम्यग्दृष्टि हुआ और उपशम के काल में एक समय शेष रहने पर सासादन गुणस्थान को प्राप्त हुआ, एक समय तक विभंगावधि ज्ञान के साथ रहा और मर गया मरने के पश्चात् विभंगावधि समाप्त हो जाता है, इस प्रकार जघन्य काल प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर सुगम है। इसी प्रकार अंतर का कथन करना चाहिए नाना जीवों का निरंतर सुगम है।

एक जीव का जघन्य अन्तर्मुहूर्त यानि देख लिया है मार्ग सम्यक्त्व का जिसने ऐसा कोई देव या नारकी सम्यक्त्व को प्राप्त कर अन्तर्मुहूर्त तक अवधि ज्ञान के साथ रहा और मिथ्यात्व व विभंगावधि ज्ञान को एक साथ प्राप्त हुआ। इस प्रकार जघन्य अन्तर प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात (आवली के असंख्यात वे भाग) पुद्गल परावर्तन स्वरूप अनंतकाल इस प्रकार है कोई जीव विभंगावधि ज्ञानी हुआ अपनी आयुपूर्ण कर मर गया इस प्रकार अन्तर को प्राप्त हुआ और आवली के असंख्यातवे भाग पुद्गल परावर्तन काल तक एकेन्द्रियों में भ्रमण कर पुन: संज्ञी पंचेन्द्रिय होकर विभंगावधि ज्ञान को प्राप्त हुआ इस प्रकार उत्कृष्ट अंतर प्राप्त हुआ। शेष कथन सुगम है बंध, उदय, सत्त्व का कथन सुगम है।

255. विभंग ज्ञान मिथ्यात्व गुणस्थान

1.	गुणस्थान	मिथ्यात्व
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा
6.	गति	चारों गति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	10 योग
10.	वेद	3 वेद
11.	कषाय	25 कषाय
12.	ज्ञान	1 कुअवधि ज्ञान
13.	संयम	असंयम
14.	दर्शन	2 दर्शन
15.	लेश्या	6 लेश्या
16.	भव्य	भव्य, अभव्य
17.	सम्यक्त्व	मिथ्यात्व
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	3 (1 ज्ञानो.+ 2 दर्शनो.)
21.	ध्यान	8 (4 आर्त्त + 4 रौद्र)
22.	आस्रव	52 (25 कषाय+10 योग+12 अविरति+5 मि.)
23.	जाति	26 लाख
24.	कुलकोटि	108½ लाख करोड़
25.	संख्या	असंख्यात (असंख्यात जगत्श्रेणी प्रमाण)
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग व सर्वलोक व कुछ कम 8/14 राजू
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा- सर्वकाल एक जीव की अपेक्षा - ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम 33 सागर
29.	अन्तर	नाना व एक जीव की अपेक्षा- निरन्तर
30.	भाव	32 (औद.21, क्षयो. 8, पा.3)
31.	अवगाहना	जघन्य- अंगुल का संख्यातवाँ भाग उत्कृष्ट- संख्यात अंगुल (संख्यात धनुष
32.	बन्ध	117 पूर्व की तरह
33.	उदय	104 पूर्व में कह दिया
34.	सत्त्व	148

255. विभंगणाणी मिच्छाइट्ठी गुणट्ठाणं

तेसिं विभंगणाणी मिच्छाइट्ठीणं आलावभण्णमाणे अत्थि – मिच्छत्त गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदियपज्जत्तजीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, दस जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, एग विभंगणाणं, असंजमो, चक्खु अचक्खु बे दंसणाणि, छल्लेस्सा, भव्वसिद्धिया अभव्वसिद्धिया दोण्णि, मिच्छत्त सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो तिण्णि उवजोगा, अट्ठज्झाणाणि, वावण्ण आसवा, छब्बीस लक्ख जादी, अद्धुट्ठ उत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा असंखेज्ज जगसेढी पमाणो, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा एवं अट्ठ चोद्दस भागा वा देसूणा सव्वलोगो वा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण किंचिदूण तेतीस सायरोवमाणि, अंतरं णाणेगजीवावेक्खा णिरंतरं, बत्तीस भावा, जहण्णमवगहण घणंगुलस्स संखेज्ज भागा उक्कस्सेण संखेज्ज धणू, सत्तदसुत्तर सयं पयडीणं बंधो, चउत्तरसयं पयडीणं उदओ एवं अडदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि विभंगणाणीसु मिच्छाइट्ठी गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

विभंगज्ञानी मिथ्यादृष्टि गुणस्थान

उन्हीं विभंगज्ञानी मिथ्यादृष्टि जीवों के आलाप कहने पर – एक मिथ्यात्व गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, दस योग, तीन वेद, पच्चीस कषाय, एक विभंग ज्ञान, असंयम, दो दर्शन, छहों लेश्या, भव्य सिद्धिक अभव्य सिद्धिक, मिथ्यात्व सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, तीन उपयोग, आठ ध्यान, बावन आस्रव, छब्बीस लाख जाति, एक सौ साढ़े आठ लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा–असंख्यात जगत श्रेणी प्रमाण, क्षेत्र लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग सर्वलोक व कुछ कम 8/14 राजू, काल–नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम तेतीससागर, अंतर–नानाजीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा निरंतर, बत्तीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का संख्यातवां भाग उत्कृष्ट संख्यात धनुष, एक सौ सत्तरह प्रकृतियों का बंध एक सौ चार प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार विभंग ज्ञानियों में मिथ्यादृष्टि गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यहाँ पर सम्पूर्ण कथन पूर्व की तरह ही जानना चाहिए स्पर्शन स्वस्थान लोक का असंख्यात वां भाग विहार, वेदना, विक्रिया, कषाय समुद्घात की अपेक्षा चौदह भागों में से आठ भाग मारणांतिक की अपेक्षा सर्वलोक इस प्रकार स्पर्शन का कथन हुआ। काल का कथन पूर्व के समान समझना चाहिए। अन्तर निरंतर कहा है क्योंकि ऐसा कोई समय प्राप्त नहीं होता जिस समय कोई मिथ्यादृष्टि विभंगावधि के साथ नहीं हो। एक जीव की अपेक्षा भी निरंतर है क्योंकि विभंगावधि ज्ञान मार्गणा के साथ गुणस्थान परावर्तन नहीं हो सकता यदि होता है तो मार्गणा टूट जायेगी अत: निरंतर ही प्राप्त हुआ। जघन्य अवगाहना का कथन तंदुल मत्स्य की अपेक्षा किया है संख्यात धनुष में सारी अवगाहना समाहित हैं। भावों की अपेक्षा क्षयोपशम में एक ज्ञान दो दर्शन ही ग्रहण किये है अत: उक्त भाव प्राप्त होते है। बंध उदय सत्त्व का कथन सुगम है। विशेष के लिए कर्मकाण्ड ग्रंथ को पढ़ना चाहिए संख्या में भी कोई विशेषता नहीं है गति मार्गणा के समान समझना चाहिए। शेष कथन सुबोध है।

नोट :– बन्ध उदय सत्त्व आदि स्पर्शन आदि जानने के लिए पीछे परिशिष्ट का अवलोकन अवश्य करें।

256. विभंगावधि ज्ञान सासादन गुणस्थान

1.	गुणस्थान	सासादन गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा
6.	गति	चारों गति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	10 योग (औदारिक, वैक्रियक काय योग)
10.	वेद	3 वेद
11.	कषाय	25 कषाय
12.	ज्ञान	1 कुअवधि ज्ञान
13.	संयम	असंयम
14.	दर्शन	2 दर्शन
15.	लेश्या	6 लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	सासादन
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	3 (1 ज्ञानो.+ 2 दर्शनो.)
21.	ध्यान	8
22.	आस्रव	47 (25 कषाय+10 योग+12 अविरति)
23.	जाति	26 लाख (देव=4 लाख मनुष्य 14 ला.तिर्यं.=4 लाख नरक = 4 लाख)
24.	कुलकोटि	108½ लाख करोड़
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग कुछ कम 8/14, 12/14 राजू (यहाँ उपपाद पद नहीं है), मा. सर्वलोक
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा-ज. एक समय उ. पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग एक जीव की अपेक्षा-ज. एक समय 3, 6 आवली
29.	अन्तर	नाना जीवों की अपेक्षा- ज. एक समय उ. पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग एक जीव की अपेक्षा- निरंतर
30.	भाव	30 (औद. 20, पा.2, क्षयो. 8)
31.	अवगाहना	जघन्य- घनांगुल का संख्यातवाँ भाग उत्कृष्ट- संख्यात धनुष
32.	बन्ध	101
33.	उदय	103
34.	सत्त्व	145 (आहारकद्विक, तीर्थंकर बिना)

256. विभंगणाणी सासण गुणट्ठाणं

तेसिं विभंगणाणीसु सासणगुणट्ठाणामालाव भण्णमाणे अत्थि-एग सासण गुणट्ठाणं, एग सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तजीवसमासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, दस जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, एग विभंगणाणं, असंजमो, बे दंसणाणि, छल्लेस्सा, भव्वसिद्धिया, सासण सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो, तिण्णि उवजोगा, अट्ठज्झाणाणि, सत्तदाल आसवा, छब्बीस लक्ख जादी, अद्धट्ठुत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा सगट्ठाणं लोयस्स असंखेज्जदि भागा विहार वेयणा कसाय वेगुव्विया अवेक्खा अट्ठ चोद्दस भागा वा देसूणा मारणंतिय बारह चोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एग जीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण छावली, अंतरं-णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एगजीवावेक्खा णिरंतरं, तीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स संखेज्जदि भागा उक्कस्सेण संखेज्ज धणू, एगुत्तर सयं पयडीणं बंधो, तिउत्तर सयं पयडीणं उदओ, तित्थयर आहारदुगेहिं विणा पणदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि विभंगणाणीसु सासण गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

विभंगज्ञानी सासादन गुणस्थान

उसी विभंगज्ञानी सासादन गुणस्थानवर्ती जीवों के आलाप कहने पर - एक सासादन गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, दस योग, तीन वेद, पच्चीस कषाय, एक विभंगज्ञान, असंयम, दो दर्शन, छहों लेश्या, भव्य सिद्धिक, सासादन सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, तीन उपयोग, आठ ध्यान, सैंतालीस आस्रव, छब्बीस लाख जाति, एक सौ साढ़े आठ लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा पल्योपम का असंख्यातवां भाग, क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन स्वस्थान लोक का असंख्यातवां भाग कषाय विहार वेदना विक्रिया कुछ कम 8/14 राजू मारणांतिक कुछ कम 12/14 राजू, काल-नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट छ आवली, अंतर-नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग एक जीवापेक्षा निरंतर, तीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का संख्यातवां भाग उत्कृष्ट संख्यात धनुष, एक सौ एक प्रकृतियों का बंध, एक सौ तीन प्रकृतियों का उदय एवं तीर्थंकर आहारक द्विक बिना एक सौ पैंतालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार विभंगज्ञानियों में सासादन गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :- सम्पूर्ण व्याख्यान पिछले गुणस्थान में किया जा चुका है कोई भेद नहीं है। अत: वहाँ से जानना चाहिए।

257. मति ज्ञान, श्रुत ज्ञान, अवधि ज्ञान सामान्य

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	4–12	–	4,6
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त व अपर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण, 7 प्राण	10 प्राण	7 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा व क्षीण संज्ञा	4 संज्ञा–क्षीण संज्ञा	4 संज्ञा
6.	गति	चारों गति	–	–
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	15 योग	11 योग	4 योग
10.	वेद	3 वेद	–	2 (स्त्री वेद बिना)*
11.	कषाय	21 कषाय	–	20 (स्त्री वेद बिना)
12.	ज्ञान	3 (मतिज्ञान, श्रुतज्ञान व अवधिज्ञान)	–	–
13.	संयम	7 (असंयम,संयमासं.,सा.,छे.,परि.,सूक्ष्म.,यथाख्यात)	–	3 (असंयम, सा., छेदो.)
14.	दर्शन	3 दर्शन	–	–
15.	लेश्या	द्रव्य भाव से 6 लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षा.,क्षयो., उपशम)	–	–
18.	संज्ञी	संज्ञी	संज्ञी	–
19.	आहारक	आहारक/अनाहारक	आहारक	दोनों
20.	उपयोग	6 उपयोग (3 दर्शन, 3 ज्ञानो.)	–	–
21.	ध्यान	14 (4 आर्त्त+4 रौद्र+4 धर्म+2 शुक्ल)	–	12 (4 आर्त्त+4 रौद्र+4 धर्मध्यान)
22.	आस्रव	48 (21+15+12 अवि.)	44 (21+11+12)	36 (20+4+12)
23.	जाति	26 लाख		
24.	कुलकोटि	108½ लाख करोड़		
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग (असंख्यात)		
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग व कुछ कम 8/14, 6/14 राजू		
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा–सर्वकाल	एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त	उ. कुछ अधिक 66 सागर
29.	अन्तर	नाना जीवों की अपेक्षा– निरन्तर	एक जीव की अपेक्षा– ज. अन्तर्मुहूर्त	उ. कुछ कम अर्द्धपुद्गल परावर्तन
30.	भाव	39 (औद.20, क्षयो.13, पा. 2, क्षा.2, औप.2) अपर्याप्तक 35 (स्त्रीवेद, संयमासंयम तीन चारित्र आदि बिना)		
31.	अवगाहना	जघन्य– घनांगुल का संख्यातवाँ भाग	उत्कृष्ट– 1000 योजन	
32.	बन्ध	79 क्रमशः (77,67,63,59,58,22,17,1,1)		
33.	उदय	106 (104,87,81,76,72,66,60,59,57)*2		
34.	सत्त्व	4 गुणस्थान से 9वें गुण तक क्रमशः 148–138 यथा योग्य 10–12 तक क्रमशः 146–102		
		विशेष – जिसने अनंतानुबंधी की विसंयोजना की है उसके क्रमशः 144, 143, 142, 141 जिसने दर्शन मोहनीय का क्षय कर दिया तो प्रत्येक गुणस्थान में से तीन, तीन कम करें और गुणस्थानवत् समझें।		

*1 सम्यग्दृष्टि जीव किसी प्रकार की स्त्रियों में उत्पन्न नहीं होता। इसी प्रकार कषायों में जानना चाहिए।

*2 चतुर्थ गुणस्थान में 77 प्रकृति का बन्ध था, किन्तु आगे 7वें गुणस्थान में आहारकद्विक का बन्ध प्रारंभ हो जाता है इसलिए 79 प्रकृति हो जाती है।

257. मदि सुद ओहि सामण्णालावो

अह मदि सुद ओहि णाणीणं सामण्णालाव भण्णमाणे अत्थि – चउत्तो बारस णव गुणट्ठाणाणि अपज्जत्तेसु असंजद व पमत्तसंजद गुणट्ठाणाणि, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीव समासा, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, दस सत्त पाणा, चत्तारि सण्णा व खीण सण्णा अपज्जत्तेसु चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, पंचदस जोगा पज्जत्तेसु एगारस अपज्जत्तेसु चत्तारि जोगा, तिण्णि वेदा अपज्जत्तेसु इत्थि विणा बे वेदा, इगबीस कसाया अपज्जत्तेसु बीस कसाया, मदि सुदओहि तिण्णि णाणाणि, सत्त संजमा अपज्जत्तेसु असंजम सामाइय छेदोवट्ठावणा तिण्णि संजमा, चक्खु अचक्खु ओहि तिण्णि दंसणाणि, दव्वभावेण छल्लेस्सा, भव्व सिद्धिया, उवसम खइय खओवसमिय तिण्णि सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, छ उवजोगा, चत्तारि अट्ट चत्तारि रुद्द चत्तारि धम्म बे सुक्क चोद्दस झाणाणि अपज्जत्तेसु चत्तारि अट्ट चत्तारि रुद्द चत्तारि धम्म बारस झाणाणि, अडदाल आसवा पज्जत्तेसु चदुदाल अपज्जत्तेसु छत्तीस आसवा, छब्बीस लक्ख जादी, अद्धट्ठुत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा असंखेज्ज पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा व अट्ठ चोद्दस भागा वा छच्चोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकाल एग जीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण छावट्टि सायरोवमाणि सादिरेयाणि, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एग जीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण किंचिदूण अद्धपोग्गलपरायट्टं, उणदाल भावा अपज्जत्तेसु पणतीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स संखेज्ज भागा उक्कस्सेण जोजण सहस्सं, सामण्णेण उणासीदि पयडीणं बंधो चउत्थो बारस गुणट्ठाणेसु कमसो सत्तसत्तदि सडसट्ठि तिसट्ठि ऊणसट्ठि अट्ठावण्ण बाबीस सत्तदस एगेग पयडीणं बंधो, सामण्णेण छउत्तर सयं चदुत्तर सयं सत्तासीदि एगासीदि छसत्तदि बे सत्तदि छावट्ठि सट्ठि ऊणसट्ठि सत्तावण्ण पयडीणं उदओ एवं चउत्तो णवम गुणट्ठाणेसु कमसो अडदालुत्तर सयं छ सत्तदालुत्तर सयं छादालुत्तर सयं ऊणदालुत्तर सयं बादालुत्तर सयं ऊणदालुत्तर सयं अट्ठतीसुत्तर सयं दसत्तो बारस गुणट्ठाणे कमसो छादालुत्तर सयं ऊणदालुत्तर सयं बे उत्तर सयं छादालुत्तर सयं बादालुत्तर सयं ऊणदालुत्तर सयं बारसेसु एगुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि मदि सुद ओहि णाणीसु सामण्णालाव सम्मत्ता।

मतिश्रुत अवधि ज्ञानी सामान्यालाप

अब मति श्रुत अवधि ज्ञानियों के सामान्यालाप कहने पर – चार से बारह नौ गुणस्थान अपर्याप्त में चौथा व छट्वा दो गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त दो जीव समास, छहों पर्याप्ति छहों अपर्याप्ति, दस–सात प्राण, चारों संज्ञा व क्षीण संज्ञा अपर्याप्त में चारों संज्ञाएँ, चारों गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, पन्द्रह योग पर्याप्त में ग्यारह अपर्याप्त में चार योग, तीनों वेद अपर्याप्त में स्त्री बिना दो वेद, इक्कीस कषाय अपर्याप्तक में स्त्री वेद बिना बीस कषाय, मतिश्रुत अवधि तीन ज्ञान, सातों संयम अपर्याप्त में असंयम सामायिक छेदोपस्थापना तीन संयम, चक्षु अचक्षु अवधि तीन दर्शन, द्रव्य व भाव से छहों लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम–क्षायिक–क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व, संज्ञी आहारक–अनाहारक दोनों पर्याप्त में आहारक अपर्याप्त में दोनों, छह उपयोग, (चार आर्त्त, चार रौद्र चार धर्म दो शुक्ल) चौदह ध्यान, अपर्याप्त में (चार आर्त्त चार रौद्र चार धर्म) बारह ध्यान, अड़तालीस आस्रव पर्याप्त में चवालीस अपर्याप्त में छत्तीस आस्रव, छब्बीस लाख जाति, एक सौ साढ़े आठ लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा–(असंख्यात) पल्योपम का असंख्यातवां भाग, क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग कुछ कम 8/14 व 6/14 राजू, काल नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक छ्यासठ सागर, अंतर–नानाजीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम अर्द्ध पुद्गल परावर्तन, उनतालीस भाव अपर्याप्तक में पैंतीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का संख्यातवां भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, उन्यासी से क्रमश: सतत्तर, सड़सठ, तिरेसठ, उनसठ, अट्ठावन, बाईस, सत्रह, एक, एक प्रकृतियों का बंध, एक सौ छह, एक सौ चार सतासी, इक्यासी, छियत्तर, बहत्तर, छियासठ, साठ, उनसठ, सत्तावन प्रकृतियों का उदय, चौथे गुणस्थान से नोवे गुणस्थान तक एक सौ अडतालीस से लेकर एक सौ अडतीस तक दसवे से बारहवें तक एक सौ छयालीस से एक सौ एक प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार मतिश्रुत अवधि ज्ञानियों में सामान्यालाप समाप्त हुआ।

नोट – अवधिज्ञान का आलाप मतिश्रुत ज्ञान जैसा ही है केवल स्पर्शन में अंतर है वह भी चतुर्थ गुणस्थान में अंतर आता है।

258. मति, श्रुत व अवधिज्ञान असंयत गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	असंयत गुणस्थान	–	–
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त, अपर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण, 7 प्राण	10 प्राण	7 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा	–	–
6.	गति	चारों गति	–	–
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	13 (आहारकद्विक बिना)	10 योग	3 (औदा.मि.,वैक्रि. मि.,कार्मण)
10.	वेद	3 वेद	–	2 वेद (स्त्री वेद बिना)*1
11.	कषाय	21 कषाय	–	20 (कषाय स्त्री वेद बिना)
12.	ज्ञान	3 (मति, श्रुत, अवधिज्ञान)	–	–
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	3 दर्शन (चक्षु, अचक्षु, अवधिदर्शन)	–	–
15.	लेश्या	6 लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षा.,क्षयो., उपशम)	–	–
18.	संज्ञी	संज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	आहारक, अनाहारक
20.	उपयोग	6 (3 ज्ञानो. + 3 दर्शनो.)	–	–
21.	ध्यान	10 (4 आर्त्त, 4 रौद्र, 2 धर्म)	–	–
22.	आस्रव	46 (21+13+12)	43 (21+10+12)	35 (20+3+12)
23.	जाति	26 लाख		–
24.	कुलकोटि	108½ लाख करोड़		
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग		
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग		ध.पु.मू.सू. 54
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग वि.वे.विक्र. मा. कुछ कम 8/14 राजू उप. कुछ कम 6/14 राजू ष.ख.मू.सू. 108, ष.ख.मू.सू. 15		
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा– सर्वकाल	एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त	उ. कुछ अधिक 33 सागर
29.	अन्तर	नाना जीवों की अपेक्षा– निरन्तर	एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त	उ. कुछ कम पूर्व कोटि
30.	भाव	36 (औद.20, मि.12, पा.2, क्षा.1, औप.1)	अपर्याप्तक 35 भाव	
31.	अवगाहना	जघन्य– घनांगुल का संख्यातवाँ भाग	उत्कृष्ट– 1000 योजन	
32.	बन्ध	77	गो.क.का. बन्धाधिकार	
33.	उदय	104 (क. का. गा. 324)		
34.	सत्त्व	148 (गो.क.का.गा. 342)		

*1 नपुंसक वेद प्रथम नरक में जाने की अपेक्षा कहा है तथा स्त्रीवेद अपर्याप्तक के किसी भी अवस्था में नहीं बनता है।

258. मदिसुदओहि असंजद गुणट्ठाणं

तेसिं मदिसुदओहि णाणी असंजद जीवाणामालावभण्णमाणे अत्थि - एग अविरद संजदो गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीव समासा, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु सत्तपाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, आहार दुगेहि विणा तेरस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा अपज्जत्तेसु बे वेदा, इगबीस कसाया अपज्जत्तेसु बीस कसाया, मदि सुद ओहि तिण्णि णाणाणि, असंजमो, चक्खु अचक्खु ओहि तिण्णि दंसणाणि, छल्लेस्सा, भव्व सिद्धिया, उवसम खइय खओवसमिय तिण्णि सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, छ उवजोगा, चत्तारि अट्ट चत्तारि रुद्द बे धम्म दस झाणाणि, छादाल आसवा पज्जत्तेसु तिदाल अपज्जत्तेसु पणत्तीस आसवा, छब्बीस लक्ख जादी, अद्धट्ठुत्तर सयं लक्ख कोडि कुल कोडीणं, संखावेक्खा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा अट्ठ चोद्दस भागा छ चोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण तेतीस सायरोवमाणि सादिरेयाणि, अंतर णाणा जीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण किंचिदूण कोडि पुव्वं, छत्तीस भावा अपज्जत्तेसु पणतीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स संखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजण सहस्सं, सत्तसत्तदि पयडीणं बंधो, चदुत्तर सयं पयडीणं उदओ, अडदालुत्तर सयं पयडीओ सच्चं होंति।

इदि मदि सुद ओहि णाणीसु असंजद गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

मतिश्रुत व अवधिज्ञानी असंयत गुणस्थान

उन्हीं मति श्रुतावधि ज्ञानी असंयत जीवों के आलाप कहने पर - एक अविरत संयत गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त दो जीव समास, छहों पर्याप्ति छहों अपर्याप्ति, दस-सात प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, आहारकद्विक बिना तेरह योग (पर्याप्त में दस अपर्याप्त में तीन योग, तीन वेद अपर्याप्तकों में दो वेद (स्त्री वेद बिना), इक्कीस कषाय अपर्याप्त में स्त्री वेद बिना बीस कषाय, मतिश्रुत अवधि तीन ज्ञान, असंयम, चक्षु अचक्षु अवधि तीन दर्शन, छहों लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम, क्षायिक, क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्त में आहारक अपर्याप्त में दोनों, छह उपयोग, दस ध्यान (चार आर्त चार रौद्र दो धर्म), छ्यालीस आस्रव पर्याप्त में तेतालीस अपर्याप्त में पेंतीस आस्रव, छब्बीस लाख जाति, एक सौ साढ़े आठ लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा-पल्योपम का असंख्यातवां भाग, क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग व कषाय वि.वे.मा. की अपेक्षा कुछ कम 8/14 राजू उपपाद की अपेक्षा कुछ कम 6/14 राजू, काल-नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट साधिक तेतीस सागर, अंतरं-नानाजीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम पूर्व कोटि, छत्तीस भाव अपर्याप्तक में पैंतीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का संख्यातवां भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, सतत्तर प्रकृतियों का बंध, एक सौ चार प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

विशेषार्थ :- अपर्याप्तक अवस्था में भी अवधि ज्ञान हो सकता है क्योंकि देशावधिज्ञान दो प्रकार का होता है भव प्रत्यय और गुण प्रत्यय/गुण प्रत्यय अवधिज्ञान छह प्रकार का होता है। 1. अनुगामी 2. अननुगामी 3. वर्द्धमान 4. हीयमान 5. अवस्थित 6. अनवस्थित। अत: अनुगामी यानि पर भव में भी साथ जाए जैसे तीर्थंकरादि यद्यपि तीर्थंकर का ज्ञान तो भव प्रत्यय भी कहा जा सकता है। लेकिन उदाहरणार्थ कह दिया है क्योंकि अन्य पुरुषों में यह पाया जाता है तिर्यंचों में भी पाया जाता है। विशेषता यह है कि तिर्यंचों में अपर्याप्त अवस्था में मात्र भोगभूमि में ही पाया जाता है इसलिए चारों गतियों में पर्याप्त अपर्याप्त सभी अवस्थाओं में पाया जाता है। काल का कथन करते हुए कुछ अधिक तेतीस सागर उत्कृष्ट काल कहा है जघन्य काल सुगम है। एक जीव की अपेक्षा जघन्य अन्तर भी सुगम है उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्व कोटि का तात्पर्य है कोई जीव मोहनीय कर्म की अट्ठाईस प्रकृतियों की सत्ता वाला एक कोटि पूर्व की आयु के साथ सम्मूर्च्छन तिर्यंचों में उत्पन्न हुआ। 1. अन्तर्मुहूर्त में पर्याप्त हो 2. विश्राम ले 3. विशुद्धि को प्राप्त कर 4. वेदक सम्यक्त्व को उत्पन्न कर 5. अन्तर्मुहूर्त के पश्चात् संयमासंयम को प्राप्त कर अन्तर को प्राप्त हुआ। एक कोटि पूर्व की आयु पूर्ण कर मरकर देव असंयमी हुआ इस प्रकार चार अन्तर्मुहूर्त कम एक कोटि पूर्व का अन्तर प्राप्त हुआ। इसी प्रकार अवधिज्ञान का समझना चाहिए विशेषता यह है कि सम्यक्त्व के पश्चात् अवधिज्ञान कराना चाहिए पश्चात् संयमा संयम इतनी और विशेषता है कि यहाँ पाँच अन्तर्मुहूर्त लगते हैं अत: 5 अन्तर्मुहूर्त कम एक कोटि पूर्व का अन्तर है। शेष कथन सुगम है।

259. मति, श्रुत व अवधिज्ञान संयतासंयत गुणस्थान

1.	गुणस्थान	संयमासंयम गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा
6.	गति	दो गति (मनुष्य व तिर्यञ्च)
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	3 वेद
11.	कषाय	17 कषाय (4 अनं., 4 अप्र. बिना)
12.	ज्ञान	3 (मति, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान)
13.	संयम	संयमासंयम
14.	दर्शन	3 दर्शन (चक्षु, अचक्षु, अवधिदर्शन)
15.	लेश्या	6 लेश्या भाव से-3 शुभ लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षा.,क्षयो., उपशम)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	6 उपयोग (3 ज्ञानो. + 3 दर्शनो.)
21.	ध्यान	11 (4 आर्त्त, 4 रौद्र, 3 धर्मध्यान)
22.	आस्रव	37 (17 कषाय+9 योग+11 अवि.)
23.	जाति	18 लाख
24.	कुलकोटि	57½ लाख करोड़
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग व मा. कुछ कम 6/14 राजू (ष.ख.मू.सू. 7)
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा- सर्वकाल एक जीव की अपेक्षा - ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम एक कोटि पूर्व
29.	अन्तर	नाना जीवों की अपेक्षा- निरन्तर एक जीव की अपेक्षा- ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 66 सागर
30.	भाव	31(औद.14, क्षयो.13, पा.2, औप.1, क्षा.1)
31.	अवगाहना	जघन्य- घनांगुल का संख्यातवाँ भाग उत्कृष्ट- 1000 योजन
32.	बन्ध	67 गो.क.का.
33.	उदय	87
34.	सत्त्व	147 (नरकायु बिना)

*[1] यहाँ जो कुछ कम एक पूर्व कोटि कहा है वह कर्म भूमि के तिर्यंच की अपेक्षा बनता है भोगभूमि में संयमासंयम नहीं होता।

*[2] क्षयोपशम सम्यक्त्व के साथ संयमासंयम व अवधिज्ञान को प्राप्त कर अन्तर्मुहूर्त पालन कर संयमी हो गया पुन: देवों में उत्पन्न हुआ पुन: मनुष्य बना पुन: देव बना इस प्रकार 66 सागर के पश्चात् मनुष्य बनकर संयमासंयम को प्राप्त किया।

259. मदि सुद ओहि संजदासंजद गुणट्ठाणं

तेसिं मदि सुद ओहि णाणी जीवाणं संजदासंजद गुणट्ठाणालावभण्णमाणे अत्थि-एगं देससंजदो गुणट्ठाणं, एगं सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, चत्तारि सण्णा, मणुस्स तिरिक्ख बे गदी, पंचिंदियाणि, तसकायो, णव जोगा, तिण्णि वेदा, सत्तदस कसाया, मदि सुद ओहि तिण्णि णाणाणि, एगं संजमासंजमो, चक्खु अचक्खु ओहि तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छल्लेस्सा भावेण तिण्णि सुह लेस्सा, भव्व सिद्धिया, उवसम खइय खओवसमिय तिण्णि सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, छ उवजोगा, एगारस झाणाणि, सत्ततीस आसवा, अट्ठारस लक्ख जादी, अद्धुत्तर सत्तावण्ण लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा एवं छच्चोद्दस* भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण किंचिदूण कोडि पुव्वं, अंतरं-णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण छावट्ठि सायरोवमाणि सादिरेयाणि, इगतीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स संखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजण सहस्सं, सडसट्ठि पयडीणं बंधो, सत्तासीदि पयडीणं उदओ, णिरयआउं विणा सत्तदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि मदि सुद ओहि णाणीसु संजदासंजद गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

मतिश्रुत अवधि ज्ञानी संयतासंयत गुणस्थान

उन्हीं मतिश्रुतावधिज्ञानी जीवों के संयतासंयत गुणस्थान आलाप कहने पर - एक देशसंयत गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, चारों संज्ञाएँ, मनुष्य व तिर्यंच दो गतियाँ, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, तीनों वेद, सत्रह कषाय, मतिश्रुत अवधि तीन ज्ञान, एक संयमासंयम, चक्षु अचक्षु अवधि तीन दर्शन, छहों लेश्या भाव से तीन शुभ लेश्या, भव्य सिद्धिक, तीन सम्यक्त्व (उपशम, क्षायिक, क्षयोपशम), संज्ञी, आहारक, छह उपयोग, ग्यारह ध्यान, सैंतीस आस्रव, अठारह लाख जाति, साढ़े सत्तावन लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा-पल्योपम का असंख्यातवां भाग, क्षेत्रापेक्षा-लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन-लोक का असंख्यातवां भाग व कुछ कम 6/14 राजू, काल-नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम एक कोटि*1 पूर्व, अंतर-नानाजीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट छ्यासठ सागर*2 साधिक, इकतीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का संख्यातवां भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, सड़सठ प्रकृतियों का बंध, सतासी प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ सैंतालीस (नरकायु बिना) प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार मति श्रुत अवधि ज्ञानियों में संयतासंयत गुणस्थान समाप्त हुआ।

---

* मारणंतियोसमुग्घादेहिं

विशेषार्थ :- *1 यहाँ केवल काल व अन्तर का खुलासा करना प्रयोजनीय है शेष में कोई विशेषता उपलब्ध नहीं होती। स्पर्शन का कथन पूर्व में कई बार किया है वहाँ से जानना चाहिए। काल की अपेक्षा कथन है कोई जीव मोहनीय कर्म की अट्ठाईस प्रकृति की सत्ता के साथ सम्मूर्च्छिम तिर्यंच में एक कोटि पूर्व की आयु के साथ उत्पन्न हुआ अन्तर्मुहूर्त पर्याप्त हो, विश्राम ले, विशुद्ध हो, वेदक सम्यक्त्व को प्राप्त हुआ पश्चात् संयतासंयत हुआ और आयु प्रमाण रहा इस प्रकार उत्कृष्ट काल प्राप्त हुआ जघन्य काल सुगम है क्योंकि कई बार कह चुके हैं।

*2 अन्तर कुछ अधिक 66 सागर कोई एक जीव मोहनीय कर्म की 28 प्रकृति की सत्ता वाला एक कोटि पूर्व की आयु वाले मनुष्यों में पैदा हुआ आठ वर्ष अन्तर्मुहूर्त के पश्चात् वेदक सम्यक्त्व व संयमासंयम को एक साथ प्राप्त हुआ अन्तर्मुहूर्त काल तक संयमासंयम का पालन करके संयत हो गया और अन्तर प्रारंभ किया। आयु के अंत में मरकर तेतीस सागर आयु वाले विजयादि अनुत्तर विमानों में उत्पन्न हुआ वहाँ से चयकर पुन:एक कोटिपूर्व की आयु के साथ मनुष्य हो और केवली के पाद मूल में क्षायिक सम्यक्त्व प्राप्त कर संयमी हो गया। मरण कर पुन: विजयादि विमानों में तेंतीस सागर की आयु के साथ उत्पन्न हुआ वहाँ से चय कर पुन: एक कोटि पूर्व के मनुष्यों में उत्पन्न हुआ। सारा जीवन असंयमी रहा जीवन के अंत में संयतासंयत हो अन्तर पूर्ण किया पश्चात् अप्रमत्त संयत हो प्रमत्तसंयत हुआ पश्चात् अप्रमत्त हुआ और हजारों बार प्रमत्त अप्रमत्त श्रेणी आरोहण कर निर्वाण को प्राप्त हुआ।

यहाँ 6 अन्तर्मुहूर्त ऊपर व 5 नीचे इस प्रकार 8 वर्ष ग्यारह अन्तर्मुहूर्त कम तीन कोटि पूर्व अधिक 66 सागर प्राप्त हुआ शेष कथन सुगम है।

नोट:- धवला पुस्तक 5 में अवधिज्ञान संबंधी दो कथन हैं एक-सम्मुर्छिमों में अवधिज्ञान उत्पन्न होने का कथन दूसरा सम्मुर्छिमों में अवधि ज्ञान उत्पत्ति का अभाव दोनों कथन समझ में नहीं आ रहे लगता है कहीं टीका आदि में अशुद्धि हुई है।

260. मति, श्रुत, अवधिज्ञान प्रमत्तसंयत गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	प्रमत्त संयत गुणस्थान	–	–
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त अपर्याप्त	–	–
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण, 7	10	7
5.	संज्ञा	4 संज्ञा	–	–
6.	गति	मनुष्यगति	–	–
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	11 योग	10 योग	1 योग (आहारक मिश्र)
10.	वेद	तीन वेद (भाव से) पुरुष वेद (द्रव्य से)	–	पुरुष वेद
11.	कषाय	13 कषाय	–	11 (स्त्री व नपुं. बिना)
12.	ज्ञान	3 मति, श्रुत अवधि	–	–
13.	संयम	3 (सा.छेदा.परिहारविशुद्धि)	–	2 (प.वि.बिना)
14.	दर्शन	3 दर्शन (चक्षु, अचक्षु, अवधि)	–	–
15.	लेश्या	द्रव्य से 6, भाव से 3 शुभ	–	द्र.–शुक्ल, भाव–3 शुभ
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षा.,क्षयो., उपशम)	–	2 (उपशम बिना)
18.	संज्ञी	संज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक	–	–
20.	उपयोग	6 उपयोग	–	–
21.	ध्यान	7 (3 आर्त्त, 4धर्मध्यान)	–	–
22.	आस्रव	24 (13 क.+11 योग)	23 (13+10)	12 (11 क.+1 यो.)
23.	जाति	14 लाख	–	–
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़	–	–
25.	संख्या	संख्यात (59398206)	संख्यात	27 मात्र
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग		ष.ख.मू.
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा– सर्वकाल	एक जीव की अपेक्षा– ज. एक समय	उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवों की अपेक्षा– निरन्तर एक जीव की अपेक्षा– ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 33 सागर ष.ख.मू.सू. 240		
30.	भाव	30 (औद.13, मि.13, पा.2, क्षा.1, औप.1)	अपर्याप्तक – 27	
31.	अवगाहना	जघन्य– 3½ हाथ	उत्कृष्ट– 525 धनुष	
32.	बन्ध	63		
33.	उदय	81		
34.	सत्त्व	146 (तिर्यंचायु, नरकायु बिना)		

260. मदिसुद ओहि पमत्तसंजद गुणट्ठाणं

तेसिं मदि सुद ओहि णाणीसु पमत्तविरदाणामालावभण्णमाणे अत्थि एगं पमत्तविरदो गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीव समासा, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, दस सत्त पाणा, चत्तारि सण्णा, मणुस्स गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, एगारस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु एगं आहारमिस्स काय जोगा, भावेण तिण्णि वेदा दव्वेण पुरिस वेदो अपज्जत्तेसु पुरिसवेदो, तेरस कसाया अपज्जत्तेसु एगारस कसाया, मदि सुद ओहि तिण्णि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणा विहार सुद्धि संजमा अपज्जत्तेसु सामाइय–छेदोवट्ठावणा बे संजमा, चक्खु अचक्खु ओहि तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छल्लेस्सा भावेण तिण्णि सुहलेस्सा अपज्जत्तेसु दव्वेण एगं सुक्क लेस्सा भावेण तिण्णि सुह लेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम खइय खओवसमिय तिण्णि सम्मत्ता अपज्जत्तेसु उवसम विणा बे सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, छ उवजोगा, तिण्णि अट्ट चत्तारि धम्म सत्त झाणाणि, चउबीस आसवा पज्जत्तेसु तेवीस अपज्जत्तेसु बारस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा संखेज्ज पंच कोडि तिणउदि लक्ख अट्ठणउदि सहस्स छ उत्तर बे सयं संखेज्ज अपज्जत्तेसु सत्ताबीस, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एग जीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण तेतीस सायरोवमाणि सादिरेयाणि, तीस भावा अपज्जत्तेसु सत्तबीस भावा, जहण्ण मवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्त पंच सयं धणूं, तिसट्ठि पयडीणं बंधो, एगासीदि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि मदि सुद ओहि णाणीसु पमत्तसंजद गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

मतिश्रुत अवधि ज्ञानी प्रमत्त संयत गुणस्थान

उन्हीं मतिश्रुतावधि ज्ञानियों में प्रमत्त विरत गुणस्थानालाप कहने पर – एक प्रमत्त संयत गुणस्थान, दो संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त अपर्याप्त दो जीव समास, छहों पर्याप्ति छहों अर्पाप्ति, दस प्राण, सात प्राण चारों संज्ञाएँ, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, ग्यारह योग (पर्याप्त में दस योग अपर्याप्त में एक आहारक मिश्र काय योग), भाव से तीनों वेद द्रव्य से पुरुष वेद अपर्याप्त में पुरुष वेद, तेरह कषाय अपर्याप्त में स्त्री व नपुंसक बिना ग्यारह कषाय, मति श्रुत अवधि तीन ज्ञान, सामायिक–छेदोपस्थापना–परिहार विशुद्धि तीन संयम अपर्याप्तक में परिहारविशुद्धि बिना दो संयम, चक्षु अचक्षु अवधि तीन दर्शन, द्रव्य से छहों भाव से तीन शुभ लेश्या अपर्याप्त में द्रव्य से शुक्ल व भाव से तीन शुभ लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षायिक क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व अपर्याप्त में उपशम बिना दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, छह उपयोग, सात ध्यान (तीन आर्त्त चार धर्म), चौबीस आस्रव (पर्याप्त में तेईस, अपर्याप्त में बारह आस्रव), चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा–संख्यात (पाँच करोड़ तिरानवे लाख अन्ठानवे हजार दौ सौ छह) अपर्याप्त में सत्ताईस, क्षेत्रापेक्षा–लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग, काल नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त, अंतर नाना जीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ अधिक तेतीस सागर, तीस भाव अपर्याप्तक में सत्ताईस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, तिरेसठ प्रकृतियों का बंध, इक्यासी प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छ्यालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार मतिश्रुत अवधि ज्ञानियों में प्रमत्त संयत गुणस्थान समाप्त हुआ।

नोट – आहारक मिश्र काय योग में केवल एक वेद ही होता है। तीर्थंकर,देव, नारकी के अवधिज्ञान सर्वांग से होता है बाकी बचे मनुष्य तिर्यंच के चिह्न विशेषों से होता है जैसे शंख, कमल, स्वस्तिक आदि इसलिए नियत बताये हैं इन नियत चिह्नो के स्थानगत आत्मप्रदेशों में ही प्रकट होता है। नद्यावर्त, ध्वज, कमल, श्रीवत्स, कलश, हल ऐसे पावन लक्षण उन अवधिज्ञान होने वाले मनुष्यों तिर्यंचों में नाभि के ऊपर होते हैं। सरट, मर्कट, गधा, कंक, काक, बक, खर, ऐसे निन्दित लक्षण विभंग अवधिज्ञान होने वाले मनुष्य तिर्यंचों में नाभि के नीचे होते हैं। यदि अवधिज्ञान है तो शुभ चिन्ह नाभि के ऊपर बनते हैं। यदि वही ज्ञान विभंगावधि हो जाता है तो वे चिह्न खत्म होकर नाभि के नीचे अशुभ चिह्न प्रकट हो जाते हैं। यह कुअवधिज्ञान अवधिज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम से होता है। इसका काल नारकियों में कुछ कम 33 सागर देवों में कुछ कम 31 सागर मनुष्य तिर्यंचों में अन्तर्मुहूर्त जघन्य काल नारकियों में देवों में कुछ कम दस हजार वर्ष मनुष्य तिर्यंचों में एक समय।

261. मति, श्रुत, अवधिज्ञान अप्रमत्तसंयत गुणस्थान

1.	गुणस्थान	अप्रमत्त संयत गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	3 संज्ञा (आहार संज्ञा बिना)
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	द्रव्य से 1 (पुरुष वेद) भाव से 3
11.	कषाय	13 कषाय
12.	ज्ञान	3 (मति, श्रुत, अवधि)
13.	संयम	3 (सा.,छे., परिहार विशुद्धि)
14.	दर्शन	3 दर्शन (चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन)
15.	लेश्या	भाव से 3 शुभ लेश्या, द्रव्य से 6
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षा.,क्षयो., उपशम)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	6 (3 ज्ञानो.+ 3 दर्शनो.)
21.	ध्यान	4 (धर्मध्यान)
22.	आस्रव	22 (13 कषाय+9 योग)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	संख्यात (2 करोड़ 96 लाख 99 हजार 103) यद्यपि इस संख्यात में अवधि के बिना मतिश्रुत ज्ञानी भी हैं इसलिए यह संख्या सामान्य है।
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा– सर्वकाल एक जीव की अपेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त ष.ख.मू.
29.	अन्तर	नाना जीवों की अपेक्षा– निरन्तर एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 33 सागर ष.ख.मू.
30.	भाव	30 भाव (औद.13, मि.13, पा.2, क्षा.1, औ.1)
31.	अवगाहना	जघन्य– 3½ हाथ उत्कृष्ट– 525 धनुष
32.	बन्ध	59 कर्मकाण्ड
33.	उदय	76
34.	सत्त्व	146 से 139 तक (यदि क्षायिक सम्यग्दृष्टि है तो पूर्व आयुबन्ध रहित 138 आयु बन्ध सहित 139 यदि क्षयो. स.
		अनंतानुबंधी का विसंयोजक आयुबन्ध रहित 141 आयुबन्ध सहित 142 इन सबसे रहित क्षयो. सं. 146, 145

261 मदिसुदओहि अपमत्तसंजद गुणट्ठाणं

तेसिं मदिसुद ओहि णाणीसु अपमत्तविरदाणा मालावभण्णमाणे अत्थि – एगं अपमत्तविरदो गुणट्ठाणं, एगं सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, आहारेण विणा तिण्णि सण्णा, एगं मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णव जोगा, दव्वेण एगं भावेण तिण्णि वेदा, तेरस कसाया, मदिसुदओहि–तिण्णि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणा विहार सुद्धि तिण्णि संजमा, चक्खु अचक्खु ओहि तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छल्लेस्सा भावेण तिण्णि सुह लेस्सा, भव्व सिद्धिया, उवसम खइय खओवसमिय तिण्णि सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, छ उवजोगा, चत्तारि धम्मज्झाणाणि, बाबीस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खाए–बे कोडि छण्णउदि लक्ख णवणउदि सहस्सं तिउत्तर सयं संखेज्ज, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्व कालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एग जीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण तेतीस सायरोवमाणि सादिरेयाणि, तीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पण बीसुत्तर पंचसयं धणू, ऊणसट्ठि पयडीणं बंधो, छ सत्तदि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं पयडीणं ऊणदालुत्तर सयं अट्ठतीसुत्तर सयं[*2] पयडीणं सच्चं होंति।

इदि मदिसुदओहि णाणीसु अपमत्त संजद गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

मतिश्रुत अवधिज्ञानी अप्रमत्त संयत गुणस्थान

उन्हीं मतिश्रुतावधि ज्ञानी जीवों के अप्रमत्त विरत गुणस्थानालाप कहने पर – एक अप्रमत्त विरत गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, आहार बिना तीन संज्ञा, एक मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, द्रव्य से एक (पुरुष वेद) भाव से तीनों वेद, तेरह कषाय, मतिश्रुतावधि तीन ज्ञान, सामायिक छेदोपस्थापना परिहार विशुद्धि तीन संयम, चक्षु–अचक्षु और अवधि तीन दर्शन, द्रव्य से छह भाव से तीन शुभ लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षायिक क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, छह उपयोग, चार धर्मध्यान, बाईस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा संख्यात (दो करोड़ छ्यानवै लाख निन्यानवै हजार एक सौ तीन), क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग, काल नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त, अंतर–नानाजीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट साधिक तेतीस सागर, तीस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, उनसठ प्रकृतियों का बंध, छियत्तर प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छियालीस से एक सौ अड़तीस तक प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार मतिश्रुतावधि ज्ञानियों में अप्रमत्त संयत गुणस्थान समाप्त हुआ।

[*1] यद्यपि जो संख्यात का कथन किया है वह सामान्य से है। विशेषता से इस गुणस्थान में जीव सम्पूर्ण सप्तम् गुणस्थान जीवों के संख्यातवें भाग हैं फिर भी संख्यात ही हैं परन्तु कितने हैं ऐसा कथन करना संभव नहीं है।

[*2] यदि पूर्व आयु का बन्धक है तो 146, 142, 139 प्रकृतियों का सत्त्व है यदि आयु का बन्धक नहीं है तो 145, 141, 138 प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

262. मति, श्रुत, अवधिज्ञान 8,9,10,11,12 गुणस्थान

1.	गुणस्थान	8,9,10,11,12 गुणस्थान	
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति	
4.	प्राण	10 प्राण	
5.	संज्ञा	8वें गुण. 3 संज्ञा 9वें गुण. में, 2 संज्ञा, 10वें गुण. में 1 संज्ञा, 11वें गुण. में उपशांत संज्ञा, 12 वें गुण. में क्षीण संज्ञा	
6.	गति	मनुष्यगति	
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	
8.	काय	त्रसकाय	
9.	योग	9 योग	
10.	वेद	भाव से 3, द्रव्य से पुरुष	10,11,12 गु. में अवेद
11.	कषाय	8वें गु. में 13 कषाय, 9वें गुण. 7, 10वें गु. 1 सूक्ष्मलोभ, 11,12 गु. में अकषाय	
12.	ज्ञान	3 (मति, श्रुत, अवधि)	
13.	संयम	(सा.,छे.) 8, 9वें, 10वें गु. सूक्ष्म साम्पराय, 11,12 गु. यथाख्यात चारित्र	
14.	दर्शन	3 दर्शन (चक्षु, अचक्षु, अवधि)	
15.	लेश्या	1 शुक्ल लेश्या	
16.	भव्य	भव्य	
17.	सम्यक्त्व	2 (क्षा.उपशम)	12 गु.-1 (क्षायिक)
18.	संज्ञी	संज्ञी	
19.	आहारक	आहारक	
20.	उपयोग	6 (3 ज्ञानो.+ 3 दर्शनो.)	
21.	ध्यान	शुक्लध्यान एक मत=8वें गुण. से शुक्लध्यान दूसरा मत 8,9,10वें गुण. में धर्मध्यान तथा 11, 12 वे गुण. में शुक्ल ध्यान	
22.	आस्रव	8 वें गु. 22, 9वें16, 10वें 10, 11 व 12वें गु. में 9 आस्रव	
23.	जाति	14 लाख	
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़	
25.	संख्या	उपशामक-299, क्षपक-598 प्रत्येक गु. 897, 897, 897, 299, 598=3588	
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग	
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग	
28.	काल	उपशामक-नाना व एक जीव की अपेक्षा-ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त क्षपक-नाना व एक जीव की अपेक्षा-ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त	
29.	अन्तर	उपशामक-नाना जीवों की अपेक्षा- ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व एक जीव ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 66 सागर क्षपक-नाना जीव की अपेक्षा- ज. एक समय उ. 6 माह , एक जीव-निरन्तर (ष.ख.मू.सू.)	
30.	भाव	8वें 9 गु. में 28 (औद.11, मि.11, पा.2, क्षा.2, औप.2) 10 गु. 22, 11वें गु. 20 12वें गु. में 19 भाव	
31.	अवगाहना	जघन्य- 3½ हाथ	उत्कृष्ट- 525 धनुष
32.	बन्ध	58 (8वाँ गु. उप., क्षपक) 9वाँ 22, 10वाँ 17, 11वाँ गु. 1 उपशम 12वाँ गु. 1 क्षपक	
33.	उदय	72 66 60 59 57	
34.	सत्त्व	क्षपक - 138-103, 102, 101	
		उपशम - 146, 145, 142, 141, 139, 138	

विशेष- उपशामक में जिसने अनंतानुबंधी की विसंयोजना नहीं की है तथा आयु बंध भी किया है, आयु का अबंधक, आयु का अबन्धक अनंतानु. का विसंयोजक आयु का बंधक,
[illegible]

262.मदिसुदओहि अपुव्वअणियट्टि सुहुमसांपरायउवसंत खीणमोह गुणट्ठाणं

तेसिं मदि सुद ओहि णाणीसु अपुव्वत्तो खीण मोहे गुणट्ठाणं आलाव भण्णमाणे अत्थि–अपुव्वयरण अणियट्टियरण सुहुमसंपराय उवसंत खीणमोह पंच गुणट्ठाणाणि, एगं सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, तिण्णि बे एग उवसंत खीण सण्णा, मणुस्स गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णव जोगा, भावेण तिण्णि वेदा दव्वेण एगं पुरिस वेदो व अवेदो, तेरस कसाया कमसा अकसाओ, मदि सुद ओहि तिण्णि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणा सुहुम सांपराय जहाक्खाद चत्तारि संजमा, तिण्णि दंसणाणि, एग सुक्क लेस्सा, भव्व सिद्धिया, खइय ओवसमिय बे सम्मत्ता खीणमोहे खइय सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो, छ उवजोगा, एग सुक्कज्झाणं*[1], अपुव्वे बाबीस अणियट्टिसु सोलह सुहुमसाम्पराये दस उवसंत खीणे णव आसवा होंति। चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुल कोडीणं, संखावेक्खया–पत्तेय गुणट्ठाणे अट्ठतो दसम सत्तणउदि उत्तर अट्ठ सयं उवसामगेसु णवणउदि उत्तर बे सयं खवगेसु अट्ठणउदि उत्तर पंचसयं उवसंत मोह गुणट्ठाणे णवणउदि उत्तर बे सयं खीणमोह गुणट्ठाणे अट्ठणउदि उत्तर पंच सयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो उवसामगेसु णाणेगजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं खवगेसु णाणेगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं उवसामगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण वास पुधत्तं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण छावट्ठि सायरोवमणि सादिरेयाणि खवगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण छम्मास एगजीवावेक्खा णिरंतरं, अपुव्वे अणियट्टीसु अट्ठबीस सुहुमे बाबीस उवसंते बीस खीणे ऊणबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थ उक्कस्स पणबीसुत्तर पंचसयं धणू, अपुव्वे अट्ठावण्ण अणियट्टिए बाबीस सुहुमे सत्तदस उवसंते एग खीणे एग पयडीणं बंधो, बे सत्तदि छावट्ठि सट्ठि ऊणसट्ठि सत्तावण्ण पयडीणं कमेण उदओ एवं खवगेसु अट्ठतीसुत्तर सयं तिउत्तर सयं बे उत्तर सयं एगुत्तर सयं कमेण उवसामगेसु छादालुत्तर सयं बादालुत्तर सयं व ऊणदालुत्तर सयं अट्ठतीसुत्तर सयं पयडीणं कमेण सच्चं होंति।

इदि मदिसुदओहि णाणीसु अपुव्वत्तो खीणमोह गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

मतिश्रुतावधिज्ञानी 8–9–10–11–12 गुणस्थान

मतिश्रुतावधि ज्ञानियों में अपूर्वकरण से क्षीण मोह गुणस्थान तक शेष गुणस्थानों के आलाप कहने पर – आठ–नौ–दस–ग्यारह–बारहवां पाँच गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, तीन–दो–एक व उपशांत क्षीण संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, भाव से तीनों वेद द्रव्य से एक पुरुष वेद व अवेद, तेरह कषाय सूक्ष्मलोभ व अकषाय, मति श्रुत अवधि तीन ज्ञान, सामायिक, छेदोपस्थापना सूक्ष्म साम्पराय और यथाख्यात चार संयम, तीन दर्शन, एक शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, क्षायिक उपशम दो सम्यक्त्व बारहवे गुणस्थान में एक क्षायिक सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, छह उपयोग, एक शुक्ल ध्यान, आठवें गुणस्थान में बाईस नोवें में सोलह दसवें में दस ग्यारह वे बारह वे में नौ आस्रव होते हैं। चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा आठ सौ संतानवै उपशामक दो सौ निन्यानवै क्षपक पाँच सौ अन्ठानवे*[1], क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग, काल उपशामक नाना व एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त क्षपक–नाना व एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त, अंतर उपशामक नाना जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट छयासठ सागर क्षपक नाना जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट 6 माह एक जीवापेक्षा निरंतर, भाव 8–9 में अट्ठाईस, 10वे में बाईस 11वे में बीस, 12वे में उन्नीस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, 8वे में अट्ठावन नौवे में बाईस 10वे में सत्तरह 11वे में एक 12वे में एक प्रकृति का बंध, क्रमश: बहत्तर छयासठ, साठ उनसठ व सत्तावन प्रकृति का उदय, क्षपक में क्रमश: एक सौ अड़तीस व एक सौ तीन एक सौ दो व एक सौ एक*[2] उपशामक में क्रमश: एक सौ छ्यालीस एक सौ ब्यालीस एक सौ उनतालीस एक सौ अड़तीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार मतिश्रुतावधि ज्ञानियों में अपूर्वकरण से क्षीणमोह गुणस्थानालाप समाप्त हुआ।

---

*चार धर्म ध्यान भी कहें हैं।

विशेषार्थ–*[1] संख्या क्षपकों में प्रत्येक गुणस्थान में क्रमश: 598, 598, 598, 598 तथा उपशामकों में क्रमश: 299, 299, 299, 299 इस प्रकार से जानना चाहिए।

*[2] सत्त्व प्रकृतियों में क्षपक में क्रमश: आठवें से बारहवें गुणस्थान तक 138 नोवे गुणस्थान के नौ भागों में क्रमश: 138, 122, 114, 113, 112, 106, 105, 104, 103 दसवे गुणस्थान में 102 बारहवें गुण. में 101 प्रकृतियाँ सत्त्व रूप में रहती है तथा उपशामक में पूर्व आयु का बन्धक है तो क्रमश: 146, 142, 139 यदि आयु का बन्धक नहीं है तो क्रमश: 145, 141, 138 प्रकृतियों का सत्त्व पाया जाता है शेष कथन सुगम है।

263 मन:पर्यय ज्ञान सामान्य

1.	गुणस्थान	6–12
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा व क्षीण संज्ञा
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	1– पुरुष वेद, अवेद
11.	कषाय	11 कषाय (स्त्री व नपुंसक वेद बिना)
12.	ज्ञान	मन:पर्ययज्ञान
13.	संयम	4 (सामायिक, छेदो., सूक्ष्म साम्पराय, यथाख्यात चारित्र)
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	3 शुभ लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षायिक, क्षयोपशम, द्वितीयोपशम)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	4 (1 ज्ञानो.+ 3 दर्शनो.)
21.	ध्यान	9 (4 धर्मध्यान+ 3 आर्तध्यान + 2 शुक्लध्यान)
22.	आस्रव	20 (11 कषाय + 9 योग)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	संख्यात
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा– सर्वकाल एक जीव की अपेक्षा– ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम एक कोटि पूर्व
29.	अन्तर	नाना जीवों की अपेक्षा– निरन्तर एक जीव की अपेक्षा–ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम अर्द्धपुद्गल परावर्तन
30.	भाव	28 (औद.11, मि.11, औप.2, क्षा.2, पा.2)
31.	अवगाहना	जघन्य– 3½ हाथ उत्कृष्ट– 525 धनुष
32.	बन्ध	65
33.	उदय	77
34.	सत्त्व	146 (नरक, तिर्यञ्चायु बिना)

263. मणपज्जय णाणी सामण्णं

अह मणपज्जय णाणीसु सामण्णालाव भण्णमाणे अत्थि-पमत्तादो खीणमोह सत्त गुणट्ठाणाणि, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो[*1], छ पज्जत्ती, दस पाणा, चत्तारि सण्णा व उवसंत/खीण सण्णा, मणुस्स गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णव जोगा, एग पुरिस वेदो व अवेदो[*2], एगारस कसाया, एगं मणपज्जय णाणं, सामाइय छेदोवट्ठावणा सुहुमसाम्पराय जहाक्खाद चत्तारि संजमा[*3], तिण्णि दंसणाणि, तिण्णि सुह लेस्सा, भव्व सिद्धिया, खइय खओवसमिय विदिओवसम तिण्णि सम्मत्ता[*4], सण्णी, आहारिणो, चत्तारि उवजोगा, तिण्णि अट्ट चत्तारि धम्म बे सुक्क णव झाणाणि, बीस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा संखेज्ज[*5], खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण किंचिदूण पुव्वंकोडिणं[*6], अंतरं-णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण किंचिदूण अद्धपोग्गलपरायट्टं[*7], अट्ठाबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, पणट्ठि पयडीणं बंधो, सत्तसत्तदि पयडीणं उदओ एवं णिरयतिरिक्खाऊ विणा छादाल उत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति[*8]।

इदि मणपज्जय णाणीसु सामण्णालाव सम्मत्ता

मन:पर्यय ज्ञान सामान्य

मन:पर्यय ज्ञानियों के आलाप कहने पर – प्रमत्त से क्षीण मोह तक सात गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, चारों संज्ञा व क्षीण संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, एक पुरुष वेद व अवेद, ग्यारह कषाय, एक मन:पर्यय ज्ञान, सामायिक-छेदोपस्थापना-सूक्ष्मसाम्पराय-यथाख्यात चार संयम, तीन दर्शन, तीन शुभ लेश्या, भव्य सिद्धिक, क्षायिक-क्षयोपशम उपशम (द्वितीयोपशम) तीन सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, चार उपयोग, 9 ध्यान (चार धर्म दो शुक्ल 3 आर्त्त ध्यान), बीस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा संख्यात, क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन-लोक का असंख्यातवां भाग, काल नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम एक कोटि पूर्व, अंतर-नानाजीवापेक्षा निरंतर एकजीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम अर्द्ध पुद्गल परावर्तन, अट्ठाईस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, पैंसठ प्रकृतियों का बंध, सतत्तर प्रकृतियों का उदय एवं नरक तिर्यंचायु बिना एक सौ छ्यालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार मन:पर्यय ज्ञानियों में सामान्यालाप समाप्त हुआ।

[*1] मन: पर्यय ज्ञान पर्याप्त अवस्था में ही होता है।

[*2] स्त्री व नपुसंक वेदियों में मन: पर्ययज्ञान नहीं होता एक पुरुष वेदी जीवों में ही होता है।

[*3] मन:पर्यय ज्ञान के साथ परिहारविशुद्धि संयम नहीं होता।

[*4] प्रथमोपशम सम्यक्त्व के साथ मन:पर्ययज्ञान नहीं होता किंतु मन: पर्यय ज्ञान के साथ उपशम श्रेणी माड़ सकता है इसलिए द्वितीयोपशम सम्यक्त्व होता है।

[*5] संख्या अपेक्षा जो संख्यात कहा है उसका तात्पर्य है अपने-अपने गुणस्थानों में जितने जीव हैं उनके संख्यात वे भाग होते हैं अब इतने ही होते हैं ऐसा उपदेश नहीं पाया जाता।

[*6] जघन्य काल सुगम है उत्कृष्ट काल यानि कोई जीव एक कोटि पूर्व की आयु वाले मनुष्य में उत्पन्न हुआ आठ वर्ष की आयु में सम्यक्त्व व संयम को एक साथ प्राप्त किया पश्चात् मन: पर्यय ज्ञान को प्राप्त किया इस प्रकार कुछ अधिक आठ वर्ष कम एक पूर्व कोटि काल प्राप्त हुआ।

[*7] अन्तर अन्तर्मुहूर्त सुगम है उत्कृष्ट कुछ कम अर्द्धपुद्गल परावर्तन यानि कोई जीव संयम के साथ मन:पर्यय ज्ञान को प्राप्त हुआ संयम से व सम्यक्त्व दोनों से च्युत हो मिथ्यात्व को प्राप्त हुआ कुछ कम अर्द्धपुद्गल परावर्तन काल तक भ्रमण कर पुन: मनुष्य पर्याय को प्राप्त कर संयम व मन:पर्यय ज्ञान को प्राप्त किया इस प्रकार उत्कृष्ट अन्तर प्राप्त हुआ।

[*8] क्षायिक सम्यग्दृष्टि जिसने आयु बन्ध नहीं किया उसके 138 प्रकृतियों का सत्त्व, आयु बन्धक है तो 139 क्षयोपशम सम्यग्दृष्टि परन्तु अनंतानुबंधी का विसंयोजक आयु का अबंधक 141, आयु का बंधक 142, क्षयोपशम सम्यग्दृष्टि आयु बंधक 146, आयु अबंधक 145, क्षपक श्रेणी में क्रमश: 138, 122, 101।

विशेष- मन:पर्यय ज्ञान, परिहार विशुद्धि संयम, प्रथमोपशम सम्यक्त्व, आहारक शरीर ये साथ-साथ नहीं होते अलग-अलग ही होते हैं।

264. मन:पर्यय ज्ञान प्रमत्तअप्रमत्त गुणस्थान

1.	गुणस्थान	6 व 7 (प्रमत्त व अप्रमत्तसंयत गुण.)	
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति	
4.	प्राण	10 प्राण	
5.	संज्ञा	4 संज्ञा 6वें गु.	7वें गु.–3 संज्ञा (आहार संज्ञा बिना)
6.	गति	मनुष्यगति	
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	
8.	काय	त्रसकाय	
9.	योग	9 योग	
10.	वेद	1 पुरुष वेद (स्त्री वेदी व नपुंसक वेदी को मन:पर्यय ज्ञान नहीं होता)	
11.	कषाय	11 कषाय (स्त्री नपुंसक वेद बिना)	
12.	ज्ञान	मन:पर्ययज्ञान	
13.	संयम	2 (सामायिक, छेदो.) (मन:पर्यय ज्ञान के साथ परिहार विशुद्धि संयम का निषेध है	
14.	दर्शन	3 (चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन)	
15.	लेश्या	भाव से 3 शुभ लेश्या, द्रव्य से 6 लेश्या	
16.	भव्य	भव्य	
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षायिक, क्षयोपशम, उपशम) (द्वितीयोपेशम की अपेक्षा)	
18.	संज्ञी	संज्ञी	
19.	आहारक	आहारक	
20.	उपयोग	4 (1 ज्ञानो.+ 3 दर्शनो.)	
21.	ध्यान	7 (3 आर्त्त 4 धर्म) अप्रमत्त में 4 धर्मध्यान	
22.	आस्रव	20 (11 कषाय + 9 योग)	
23.	जाति	14 लाख	
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़	
25.	संख्या	संख्यात	
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग	
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग	
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा– सर्वकाल, एक जीव की अपेक्षा – ज. एक समय	उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवों की अपेक्षा– निरन्तर, एक जीव की अपेक्षा– ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त	
30.	भाव	28 (औद.11, मि. 11, क्षा.2, पा.2, औ.2)	
31.	अवगाहना	जघन्य– 3½ हाथ	उत्कृष्ट– 525 धनुष
32.	बन्ध	63 (6वाँ गु.)	59 (7वां गु.)
33.	उदय	77	74
34.	सत्त्व	146 – 138	146 – 138

264. मणपज्जय णाणी पमत्तापमत्त गुणट्ठाणं

तेसिं मणपज्जय णाणीसु पमत्तापमत्त गुणट्ठाणालाव भण्णमाणे अत्थि - पमत्तापमत्त संजदो बे गुणट्ठाणाणि, एगं सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, चत्तारि सण्णा अपमत्ते तिण्णि सण्णा*[1], मणुस्स गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णव जोगा*[2], एगं पुरिस वेदो, एगारस कसाया, मण पज्जयणाणं, सामाइय छेदोवट्ठावणा बे संजमा, चक्खु अचक्खु ओहि तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छल्लेस्सा भावेण तिण्णि सुह लेस्सा, भव्व सिद्धिया, खइय खओवसमिय विदिओवसम तिण्णि सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, चत्तारि उवजोगा, सत्त झाणाणि अपमत्तेसु चत्तारिधम्मझाणाणि, बीस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा संखेज्ज*[3], खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं*[4], अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं*[5], अट्ठाबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, पमत्ते तिसट्ठि अपमत्ते ऊणसट्ठि पयडीणं बंधो, पमत्ते सत्तसत्तदि अपमत्ते चउसत्तदि पयडीणं उदओ एवं पमत्ते छादालुत्तर सयं अपमत्ते छादालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति*[6]।

इदि मणपज्जय णाणीसु पमत्तापमत्त गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

मन:पर्ययज्ञान प्रमत्त व अप्रमत्त गुणस्थान

उन्हीं मन:पर्यय ज्ञानियों में प्रमत्त अप्रमत्त गुणस्थानालाप कहने पर प्रमत्त संयत व अप्रमत्त संयत दो गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, चारों संज्ञाएँ अप्रमत्त में तीन संज्ञाएँ, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, एक पुरुष वेद, ग्यारह कषाय, मन:पर्ययज्ञान, सामायिक छेदोपस्थापना दो संयम, चक्षु अचक्षु अवधि दर्शन, द्रव्य से छहों लेश्या भाव से तीन शुभ लेश्या, भव्य सिद्धिक, क्षायिक क्षयोपशम द्वितीयोपशम तीन सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, चार उपयोग, सात ध्यान अप्रमत्त में चार धर्म ध्यान, प्रमत्त व अप्रमत्त में बीस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा संख्यात, क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग, काल-नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त, अंतर-नानाजीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त, अट्ठाईस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, प्रमत्त में तिरेसठ अप्रमत्त में उनसठ प्रकृतियों का बंध, प्रमत्त में सतत्तर अप्रमत्त में चौहत्तर प्रकृतियों का उदय एवं प्रमत्त में एक सौ छ्यालीस अप्रमत्त में एक सौ छ्यालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार मन:पर्यय ज्ञानियों में प्रमत्त व अप्रमत्त गुणस्थान समाप्त हुआ।

---

*[1] अप्रमत्त गुणस्थान में आहार संज्ञा नहीं होती।

*[2] 4 मन, 4 वचन एक औदारिक काययोग

*[3] संख्या का कथन करने पर अपने अपने गुणस्थानों में जो संख्या है उसके संख्यातवें भाग होते हैं किंतु कितने होते हैं ऐसा वर्तमान में उपदेश नहीं पाया जाता। ध.पु. 3

*[4] काल का कथन गुणस्थान के समान है कोई विशेषता नहीं है।

*[5] अन्तर-जैसे कोई प्रमत्त संयत जीव अप्रमत्त गुणस्थानवर्ती हो अन्तर आरंभ किया पुन: अन्तर्मुहूर्त बाद प्रमत्त गुणस्थानवर्ती हो गया इस प्रकार लब्ध प्राप्त हुआ इसी प्रकार प्रमत्त का अन्तर अप्रमत्त में पहुँचकर करें।
शंका-अप्रमत्त में उपशम श्रेणी चढ़ाकर अन्तर क्यों नहीं प्राप्त किया ?
समाधान-नहीं क्योंकि चार गुणस्थान चढ़ने के तीन उतरने के समयों से प्रमत्त गुणस्थान का काल संख्यात गुणा है। ऐसा गुरुओं का उपदेश है।

*[6] सत्त्व का कथन 146 से 138 प्रकृतियों तक का कथन पूर्व में किया है। उससे इसमें कोई भेद नहीं है।

265. मन:पर्यय ज्ञान अपूर्वकरण अनिवृत्तिकरण गुणस्थान

1.	गुणस्थान	8–9	
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति	
4.	प्राण	10 प्राण	
5.	संज्ञा	8 गु.–3 संज्ञा (आहार बिना)	9 गु.–2 संज्ञा (भय बिना)
6.	गति	मनुष्यगति	
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	
8.	काय	त्रसकाय	
9.	योग	9 योग	
10.	वेद	1 पुरुष वेद	
11.	कषाय	11 कषाय अनि. 5 कषाय	
12.	ज्ञान	मन:पर्यय	
13.	संयम	2 (सामायिक, छेदो.)	
14.	दर्शन	3 (चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन)	
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या	
16.	भव्य	भव्य	
17.	सम्यक्त्व	2 (क्षायिक, उपशम)	
18.	संज्ञी	संज्ञी	
19.	आहारक	आहारक	
20.	उपयोग	4 (एक ज्ञानो. तीन दर्शनो.)	
21.	ध्यान	शुक्लध्यान अपेक्षाकृत धर्म ध्यान	
22.	आस्रव	20 (कषाय 11 + योग 9) अनिवृत्तिकरण में 14 आस्रव)	
23.	जाति	14 लाख	
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़	
25.	संख्या	संख्यात (प्रत्येक गुणस्थान में उपशम श्रेणी में दस व क्षपक श्रेणी में बीस)	
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग	
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग	
28.	काल	उपशामक नाना व एक जीव ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त, क्षपक नाना व एक जीव अन्तर्मुहूर्त	
29.	अन्तर	उपशामक नाना जीवापेक्षा ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व, एक जीव ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम एक पूर्व कोटि क्षपक नाना जीव– ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व एक जीव निरंतर	
30.	भाव	24 (औद. 9, मि.9, क्षा.2, औप.2, पा.2)	
31.	अवगाहना	जघन्य– 3½ हाथ	उत्कृष्ट– 525 धनुष
32.	बन्ध	58 (8 गु.)	22 (9 गु.)
33.	उदय	70	64
34.	सत्त्व	उपशामक–146–138	उपशामक–146 क्षपक – 138 (9 भाग में 103)

265. मणपज्जयणाणी अपुव्व अणियट्टियरण गुणट्ठाणं

तेसिं मणपज्जयणाणी अट्ठ णव गुणट्ठाणालावभण्णमाणे अत्थि – अपुव्वयरण अणियट्टियरण बे गुणट्ठाणा, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, अपुव्वे तिण्णि सण्णा अणियट्टियरणे बे सण्णा*1, मणुस्स गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णव जोगा, एगं पुरिस वेदो, एगारस कसाया अणियट्ठियरणे पंच कसाया, एगं मणपज्जय णाणं, सामाइय छेदोवट्ठावणा बे संजमा, तिण्णि दंसणाणि, एगं सुक्क लेस्सा, भव्वसिद्धिया, खइय व विदिओवसम बे सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, चत्तारि उवजोगा, एगं सुक्क झाणं*2, बीस आसवा अणियट्टियरणे चोद्दस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा संखेज्ज पत्तेय गुणट्ठाणेसु उवसामगेसु दस खवगेसु बीस, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा*3, कालो उवसामगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं*4 एगजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं खवगेसु णाणेगजीवावेक्खा अंतोमुहुत्तं, अंतरं–उवसामगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एक समओ उक्कस्सेण वास पुधत्तं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण किंचिदूण पुव्व कोडिपमाणं*5 खवगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण वास पुधत्तं एगजीवावेकखा णिरंतरं, चउवीस भावा, उपसामगेसु तेवीसखवगेसु बाबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पचं सयं धणू, अपुव्वे अट्ठावण्ण अणियट्टियरणे बाबीस पयडीणं बंधो, अपुव्वे सत्तदि अणियट्टिए चउसटिठ पयडीणं उदओ एवं अपुव्वे उवसामगेसु छादालुत्तर सयं खवगेसु अड़तीसुत्तर सयं अणियट्टिएसु उवसामगेसु छादालुत्तर सयं खवगेसु णव भागेसु कमेणेण अट्ठतीसुत्तर सयं बाबीसुत्तर सयं चोद्दसुत्तर सयं तेरसुत्तर सयं बारसुत्तर सयं छउत्तर सयं तिउत्तर सयं*6 पयडीणं सच्चं होंति।

इदि मणपज्जय णाणीसु अपुव्व अणियट्टियरण गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

मन:पर्यय ज्ञान अपूर्वकरण–अनिवृत्तिकरण गुणस्थान

उन्हीं मन:पर्यय ज्ञानियों में अपूर्व अनिवृत्तिकरण गुणस्थानालाप कहने पर – अपूर्वकरण व अनिवृत्तिकरण दो गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, अपूर्वकरण में तीन संज्ञा अनिवृत्तिकरण में दो संज्ञा*1, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, भाव से व द्रव्य से एक पुरुष वेद, ग्यारह कषाय अनिवृत्तिकरण में पाँच कषाय, एक मन:पर्यय ज्ञान, सामायिक छेदोपस्थापना दो संयम, तीन दर्शन, एक शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, क्षायिक व द्वितीयोपशम दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, चार उपयोग, एक शुक्ल ध्यान*, बीस आस्रव अनिवृत्तिकरण में चौदह आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा संख्यात (प्रत्येक गुणस्थान में उपशम श्रेणी में दस क्षपक श्रेणी में बीस होते हैं।), क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग, काल–उपशामक नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त क्षपक नाना व एक जीवापेक्षा अन्तर्मुहूर्त, अंतर–उपशामक नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम पूर्व कोटि प्रमाण क्षपक नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा निरंतर, चौबीस भाव उपशामकों में तेबीस क्षपकों में बाबीस भाव होते हैं, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, अपूर्वकरण में अट्ठावन अनिवृतिकरण में बाईस प्रकृतियों का बंध, अपूर्वकरण में सत्तर अनिवृत्तिकरण में चौंसठ प्रकृतियों का उदय एवं अपूर्वकरण में उपशामकों में एक सौ छयालीस क्षपकों में एक सौ अड़तीस अनिवृत्तिकरण में उपशामकों में एक सौ छयालीस क्षपकों के नौ भागों में क्रमश: एक सौ अड़तीस–एक सौ बाईस–एक सौ चौदह–एक सौ तेरह–एक सौ बारह–एक सौ छह–एक सौ तीन प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार मन: पर्यय ज्ञानियों में अपूर्वकरण व अनिवृत्तिकरण गुणस्थान समाप्त हुआ।

---

*1 अपूर्वकरण के प्रथम भाग में भय प्रकृति का उदय होने के कारण भय संज्ञा होती है किंतु उसी प्रथम भाग में भय प्रकृति की उदय व्युच्छित्ति होने से द्वितीय भाग में व अनिवृत्तिकरण गुणस्थान में मात्र दो संज्ञा रह जाती हैं।

*2 दूसरे मत से चार धर्मध्यान (आचार्य वीरसेन स्वामी)

*3 स्पर्शन सभी पदों की अपेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग होता है यहाँ उपपाद पद नहीं होता।

*4 काल का कथन गुणस्थान के समान है दोनों श्रेणियों उपशमक, क्षपक में गुणस्थान से कोई भेद नहीं है मात्र इतनी विशेषता है कि उपशम व क्षपक एक जीव की अपेक्षा नाना जीवों का काल (अन्तर्मुहूर्त) संख्यात समय अधिक है। क्योंकि वह संग्रह रूप है।

*5 अन्तर भी गुणस्थानवत् है इतना विशेष है कि उपशामक एक जीव की अपेक्षा उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि प्रमाण है शेष कथन सुगम है।

*6 सत्त्व प्रकृतियाँ गुणस्थानवत् हैं। इतनी और विशेषता है कि गुणस्थान क्षपक का उत्कृष्ट अन्तर छह माह है किंतु यहाँ वर्ष पृथक्त्व है।

266. मन:पर्यय ज्ञान सूक्ष्मसांपराय गुणस्थान

1.	गुणस्थान	10वाँ गुण. (सूक्ष्म साम्पराय)
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	परिग्रह संज्ञा
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	अवेद (द्रव्य से पुरुष)
11.	कषाय	सूक्ष्म लोभ
12.	ज्ञान	मन:पर्ययज्ञान
13.	संयम	1 सूक्ष्म साम्पराय
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	1 शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	2 (क्षायिक, उपशम)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	4 (1 ज्ञानो.+ 3 दर्शनो.)
21.	ध्यान	शुक्लध्यान अथवा धर्मध्यान
22.	आस्रव	10 (1 लोभ कषाय + 9 योग)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	संख्यात 897 (उपशम 299+ क्षपक 598) यह संख्या सामान्य है विशेष की अपेक्षा संख्यात हैं।*[1]
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	उपशामक नाना व एक जीव- ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त, क्षपक नाना व एक जीव अपेक्षा- अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	उपशामक नाना जीव ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व, एक जीव ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम पूर्वकोटि प्रमाण क्षपक नाना जीव अपेक्षा- ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व एक जीव अपेक्षा निरन्तर
30.	भाव	20 (औद. 5, मि.9, क्षा.2, औप.2, पा.2) क्षपक= 18 उपशामक=19
31.	अवगाहना	जघन्य- 3½ हाथ उत्कृष्ट- 525 धनुष
32.	बन्ध	17
33.	उदय	60
34.	सत्त्व	उपशामक- 146 - 138 क्षपक - 102
		* (30) उपशामक 10 क्षपक 20

266. मणपज्जयणाणी सुहुमसंपराय गुणट्ठाणं

तेसिं मणपज्जय णाणीसु सुहुमसांपराय गुणट्ठाणालावभण्णमाणे अत्थि – एगं सुहुमसांपराय गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, एग परिग्गह सण्णा*[1], मणुस्स गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णव जोगा, अवेदो, एगं सुहुम लोह कसाओ, मणपज्जय णाणं, एग सुहुमसांपराय संजमो, तिण्णि दंसणाणि, एग सुक्कलेस्सा, भव्वसिद्धिया, खइय व उवसम बे सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, चत्तारि उवजोगा, चत्तारि धम्मज्झाणं च एगं सुक्कज्झाणं*[2], दस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा (संखेज्ज) तीस उवसामगेसु दस खवगेसु बीस, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो उवसामगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एक समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं एग जीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं खवगेसु णाणेग जीवावेक्खा जहणणुक्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं उवसामगेसु णाणा जीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण वास पुधत्तं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण किंचिदूण पुव्व कोडि पमाणो खवगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण वास पुधत्तं एगजीवावेक्खा णिरंतरं, बीस भावा खवगेसु अट्ठदस उवसामगेसु उणवीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, सत्तदस पयडीणं बंधो, सट्ठि पयडीणं उदओ एवं उवसामगेसु छादालुत्तर सयं खवगेसु बे उत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि मणपज्जय णाणीसु सुहुमसंपराय गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

मन:पर्यय ज्ञान सूक्ष्मसांपराय गुणस्थान

उन्हीं मन:पर्यय ज्ञानियों के सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानालाप कहने पर – एक सूक्ष्म साम्पराय गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, एक परिग्रह संज्ञा*, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, अवेद, एक सूक्ष्मलोभ कषाय, मन:पर्यय ज्ञान, सूक्ष्म सांपराय संयम, तीन दर्शन, एक शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, क्षायिक व उपशम दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, चार उपयोग, चार धर्म ध्यान एक शुक्ल ध्यान, दस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा तीस (क्षपक बीस, उपशामक दस), क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग, काल उपशामक नाना व एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त क्षपक नाना जीवापेक्षा व एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त, अंतर–उपशामक नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम पूर्व कोटि प्रमाण क्षपक नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा निरंतर, बीस भाव क्षपकों में अठारह उपशामकों में उन्नीस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, सत्रह प्रकृतियों का बंध, साठ प्रकृतियों का उदय एवं उपशामकों के एक सौ छ्यालीस क्षपकों के एक सौ दो प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार मन:पर्यय ज्ञानियों सूक्ष्म साम्पराय गुणस्थान समाप्त हुआ।

---

*[1] वेद कषाय के नष्ट हो जाने से मैथुन संज्ञा नष्ट हो गयी मात्र लोभ कषाय के कारण परिग्रह है आगे इसी गुणस्थान में वो भी समाप्त हो जायेगी।

*[2] ध्यान के विषय में दोनों मतों का विवेचन पूर्व में कर ही चुके है। शेष सारे कथन सुगम है क्योंकि पहले कई बार व्याख्यान हो चुका है।

267. मन:पर्यय ज्ञान उपशान्त कषाय गुणस्थान

1.	गुणस्थान	11वाँ गुण (उपशान्त कषाय)
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	उपशांत संज्ञा
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	अवेद
11.	कषाय	अकषाय
12.	ज्ञान	मन:पर्ययज्ञान
13.	संयम	यथाख्यात संयम (चारित्र)
14.	दर्शन	3 दर्शन (केवल दर्शन बिना)
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	2 उपशम सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	4 (1 ज्ञानो.+ 3 दर्शनो.)
21.	ध्यान	शुक्लध्यान
22.	आस्रव	9
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	10
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	नाना व एक जीव की अपेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीव की अपेक्षा – ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम पूर्वकोटि प्रमाण
30.	भाव	18 (औद. 4, मि. 9, क्षायि.1, औप.2, पा.2)
31.	अवगाहना	जघन्य– 3½ हाथ उ.–525
32.	बन्ध	1
33.	उदय	59
34.	सत्त्व	146, 145, 142, 141, 139, 138

267. मणपज्जयणाणी उवसंत कसाय गुणट्ठाणं

तेसिं मणपज्जयणाणीसु उवसंत कसाय जीवाणामालावभण्णमाणे अत्थि – एगं उवसंत कसाय गुणट्ठाणं, एगं सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, उवसंत सण्णा, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णव जोगा, अवेदी, अकसायी, एगं मणपज्जय णाणं, एगं जहाक्खाद संजमो, तिण्णि दंसणाणि, एगं सुक्क लेस्सा, भव्व सिद्धिया, उवसम खइय बे सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, चत्तारि उवजोगा, एगं सुक्कज्झाणं, णव आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा (संखेज्ज) दस, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा*[1], कालो णाणेगजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं*[2], अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण किंचिदूण पुव्व कोडि पमाणो, अट्ठदस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पचंसयं धणू, एगं सादावेयणीयो बंधो, ऊणसट्ठि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर अडतीससुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि मणपज्जय णाणीसु उवसंत कसाय गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

मन:पर्यय ज्ञान उपशान्त कषाय गुणस्थान

उन्हीं मन:पर्यय ज्ञानी उपशान्त कषाय जीवों के आलाप कहने पर – एक उपशान्त कषाय गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, उपशांत संज्ञा, मनुष्यगति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, अवेद, अकषाय, एक मन:पर्यय ज्ञान, एक यथाख्यात संयम, तीन दर्शन, एक शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षायिक दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, चार उपयोग, एक शुक्ल ध्यान, नौ आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा संख्यात (दस), क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग, काल– नाना व एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त, अंतर–नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट* कुछ कम पूर्व कोटि प्रमाण, अठारह भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, एक साता वेदनीय का बंध, उनसठ प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छ्यालीस एक सौ अड़तीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार मन:पर्यय ज्ञानियों में उपशांत कषाय गुणस्थान समाप्त हुआ।

---

*[1] यहाँ स्वस्थान व मारणांतिक पद पाया जाता है शेष वेदना विक्रिया आदि पद नहीं पाये जाते हैं।

शंका– धवल पुस्तक दो में मन: पर्यय ज्ञान का आलाप कहते समय मात्र एक ज्ञान का कथन किया है। जबकि दर्शन मार्गणा में तीन दर्शन का कथन किया है। यहाँ एक ज्ञान लब्धि की अपेक्षा है या उपयोग की अपेक्षा यदि लब्धि की अपेक्षा है तो चार ज्ञान कहने चाहिए क्योंकि उनका भी सदभाव पाया जाता है। यदि उपयोग की अपेक्षा कथन है तो तीन दर्शन नहीं पाये जा सकते क्योंकि ज्ञानोपयोग के साथ दर्शनोपयोग का अभाव है ?

समाधान– धवला पुस्तक दो में ज्ञान मार्गणा व दर्शन मार्गणा का कथन क्षयोपशम की अपेक्षा है अन्यथा मन:पर्ययज्ञान का काल कुछ कम एक पूर्व कोटि प्रमाण नहीं बन सकता कहा भी है–

मणपज्जव णाणी केवल णाणी केवचिरं कालादो होंतिं ? उक्कसेण पुव्व कोडि देसूणा।। जीव मन:पर्ययज्ञानी कब तक रहते हैं अधिक से अधिक कुछ कम पूर्वकोटि प्रमाण

यह सत्य है कि जिसके मन: पर्यय ज्ञानावरण का क्षयोपशम होगा उसके अन्य ज्ञानावरण का भी क्षयोपशम होगा अत: चार ज्ञान कहना चाहिए किन्तु मन: पर्यय ज्ञान के आलाप में मन: पर्यय ज्ञान की विवक्षा होने से उसका कथन किया है। (रतनचन्द्र मुक्तार व्यक्तित्व कृतित्व से साभार)

*[2] काल का कथन करते समय जघन्य काल एक समय कहा है वह मरण की अपेक्षा है कोई जीव मन:पर्यय ज्ञान के साथ उपशम श्रेणी चढ़कर उपशांत मोह गुणस्थान वर्ती हुआ एक समय रहकर मरण को प्राप्त हो गया इस प्रकार एक समय जघन्य काल प्राप्त हुआ उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त है।

268. मन:पर्यय ज्ञान क्षीण मोह गुणस्थान

1.	गुणस्थान	क्षीण मोह गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	क्षीण संज्ञा
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	अपगत वेद
11.	कषाय	अकषाय
12.	ज्ञान	मन:पर्ययज्ञान
13.	संयम	यथाख्यात
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	क्षायिक
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	4 उपयोग
21.	ध्यान	2 शुक्लध्यान
22.	आस्रव	9 आस्रव
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	20 (संख्यात)
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग (यहाँ मात्र स्वस्थान पद ही पाया जाता है शेष पद नहीं पाये जाते)
28.	काल	नाना व एक जीव– अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीव अपेक्षा– ज. एक समय, उ. वर्ष पृथक्त्व, एक जीव अपेक्षा– निरन्तर
30.	भाव	17 (औद.4, मि.9, क्षा.2, पा.2)
31.	अवगाहना	जघन्य– 3½ हाथ उत्कृष्ट– 525 धनुष
32.	बन्ध	1
33.	उदय	57
34.	सत्त्व	101

268. मणमज्जय णाणी खीण कसाय गुणट्ठाणं

तेसिं मणपज्जयणाणी खीण कसाय जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि - एगं खीण कसाय गुणट्ठाणं, एगं सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, खीण सण्णा, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णव जोगा, अवेदी, अकषायी, एग मणपज्जयणाणं, एग जहाक्खाद संजमो, तिण्णि दंसणाणि, सुक्कलेस्सा, भव्वसिद्धिया, एग खइय सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, चत्तारि उवजोगा, बे सुक्कज्झाणाणाणि, णव आसवा, चोद्दस लक्ख जादि, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा संखेज्ज बीस[*1], खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा[*1], कालो-णाणेगजीवावेक्खा अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एगजीवावेक्खा णिरंतरं, सत्त दस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंचसयं धणू, एग सादा वेयणीयो बंधो, सत्तावण्ण पयडीणं उदओ एवं एगुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि मणपज्जय णाणीसु खीणकसाय गुणट्ठाणं सम्मत्ता

मन:पर्यय ज्ञान क्षीणमोह गुणस्थान

उन्हीं मन:पर्यय ज्ञानी क्षीण कषाय जीवों के आलाप कहने पर एक क्षीण कषाय गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, क्षीण संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, अवेद, अकषाय, एक मन:पर्यय ज्ञान, यथाख्यात संयम, तीन दर्शन, शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, एक क्षायिक सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, चार उपयोग, एक शुक्ल ध्यान, नौ आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा बीस, क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग, काल-नाना व एक जीवापेक्षा अन्तर्मुहूर्त, अंतर-नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा निरंतर, सत्तरह भाव, जघन्यावगाहना साढे तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, एक साता वेदनीय का बंध, सत्तावन प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ एक प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार मन:पर्यय ज्ञानियों में क्षीण कषाय गुणस्थान समाप्त हुआ।

[*1] यहाँ पर जो संख्या दी जा रही है वह सामान्य है विशेषता से 8 से लेकर बारहवें गुणस्थान तक जीवों की संख्या संख्यात है।

विशेषार्थ :- संख्या का कथन करते हुए कहते हैं कि 8 से 12 वे गुणस्थान तक क्षपकश्रेणी वालों की प्रत्येक गुणस्थान में 20 होती है क्योंकि विशेष ऋद्धि से सम्पन्न ऋषि अधिक नहीं पाये जाते हैं।

[*2] इस गुणस्थान में स्पर्शन की अपेक्षा मात्र स्वस्थान पद ही पाया जाता है विहार, मारणांतिक उपपाद आदि पद नहीं पाये जाते हैं। काल का कथन सुगम है क्योंकि नाना जीव क्रमश: एक-एक समय में क्षीण कषाय गुणस्थान को प्राप्त करते हैं तो भी अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है और एक जीव का भी अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है। अन्तर का कथन करते समय नाना जीवों का सुगम है एक जीव का निरंतर सुगम है क्योंकि क्षपक श्रेणी से सभी कर्मों का क्षय करते हुए क्षीण मोह से ऊपर जाकर सयोगी हो फिर अयोगी और मुक्ति प्राप्त कर लेते हैं इसलिए अन्तर नहीं होता। शेष कथन सुगम है समझ कर पढ़ना चाहिए।

269. केवलज्ञान सामान्य

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	13 गुणस्थान, 14 गुणस्थान	–	–
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त अपर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	4 प्राण अप. 2 प्राण (आयु, कायबल)	4 प्राण	2 (अनाहारक में एक आयु प्राण)
5.	संज्ञा	0 (क्षीण संज्ञा)	–	–
6.	गति	मनुष्य गति	–	–
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	7 योग अप. 2	5	2 योग (औ.मि.,का.)
10.	वेद	0 अवेदी	0	0
11.	कषाय	0 अकषाय	0	0
12.	ज्ञान	केवलज्ञान	–	–
13.	संयम	यथाख्यात	–	–
14.	दर्शन	केवलदर्शन	–	–
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या, अयोगों में अलेश्या	0	–
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	क्षायिक	–	–
18.	संज्ञी	नो संज्ञी, नो असंज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक अयोगों में अनाहारक	आहारक	दोनों
20.	उपयोग	2 (केवलज्ञान + केवलदर्शन)	–	2
21.	ध्यान	2 सूक्ष्म क्रिया प्रतिपाती, व्युपरत क्रिया निवर्तिनि	–	–
22.	आस्रव	7 योग (5 पर्याप्त+2 अपर्याप्त), निरास्रवा	5	2 योग
23.	जाति	14 लाख	–	–
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़	–	–
25.	संख्या	898502, अयोगी 598	–	100
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग व सर्व लोक	–	–
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग, सर्वलोक	–	–
28.	काल	नाना जीव की अपेक्षा – सर्वकाल एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम एक पूर्व कोटि		
29.	अन्तर	नाना व एक जीव अपेक्षा – निरन्तर		
30.	भाव	14 व अयोगी में 13		
31.	अवगाहना	जघन्य– 3½ हाथ उत्कृष्ट– 525 धनुष –		
32.	बन्ध	1 साता, अयोगी में अबंध		
33.	उदय	42 व 12		
34.	सत्त्व	85 अयोगी में द्विचरम समय में85, चरम समय में 13		

269. केवलणाणी सामण्णं

अह केवलणाणी जीवाणामालावभण्णमाणे अत्थि–सजोगी अजोगी जिण बे गुणट्ठाणाणि, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीव समासा, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, चत्तारि पाणा अपज्जत्तेसु बे पाणा अजोगीसु एगं आऊ पाणो, खीण सण्णा, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, सत्त जोगा पज्जत्तेसु बे मणोजोगा बे वयण जोगा एग ओरालिय काय जोगा एदे पंचजोगा व अजोगी अपज्जत्तेसु बे जोगा, अवेदी, अकसायो, केवलणाणं, जहाक्खाद संजमो, केवलदंसणं, सुक्क लेस्सा अजोगीसु अलेस्सा, भव्वसिद्धिया, खइय सम्मत्तं, णो सण्णी णो असण्णी, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि अजोगी णिच्चं अणाहारिणो भवदि, बे उवजोगा जुगमं, सजोगीसु सुहुमक्किया पडिपाडि अजोगीसु विपुरतक्किया णिवित्तीणि बे सुक्कज्झाणाणं, सत्त आसवा पज्जत्तेसु पंच अपज्जत्तेसु बे अजोगी णिरासवो, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा सजोगी अट्ठ लक्ख अट्ठणवदि सहस्सं बे उत्तर पंच सयं अपज्जत्तेसु एगसयं अजोगी अट्ठणउदि उत्तर पंच सयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा व सव्वलोय, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा व सव्वलोयो, कालो सजोगी णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण किंचिदूण पुव्वकोडि अजोगी णाणेग जीवावेक्खा जहण्णुक्कस्स अंतोमुहुत्तं, अंतरं सजोगी णाणेग जीवावेक्खा णिरंतरं अजोगीसु जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण छम्मास एग जीवावेक्खाए अजोगी णिरंतरं, चोद्दस भावा अजोगीसु तेरस भाव, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, एग सादा वेयणीयो बंधो अजोगीसु अबंधो, बादाल व बारस पयडीणं उदओ एवं सजोगीसु पंचासीदि पयडीणं सच्चं एवं अजोगीसु बेचरिमे पंचासीदि चरिमे तेरस पयडीणं सच्चं होंति।

इदि केवल णाणीसु सामण्णालाव सम्मत्ता।

केवलज्ञानी सामान्य

अब केवलज्ञानी जीवों के आलाप कहने पर – सयोगी अयोगी जिन दो गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति छहों अपर्याप्ति, चार प्राण अपर्याप्त* में दो प्राण अयोगी में एक आयु प्राण, क्षीण संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, सात योग पर्याप्त में पाँच योग अयोगी अपर्याप्त में दो योग, अवेद, अकषाय, केवलज्ञान, यथाख्यात संयम, केवल दर्शन, शुक्ल लेश्या अयोगी लेश्या रहित, भव्य सिद्धिक, क्षायिक सम्यक्त्व, नो संज्ञी नो असंज्ञी, आहारक अनाहारक पर्याप्तक में आहारक अपर्याप्तक में दोनों अयोगी नित्य ही अनाहारक होते हैं। दोनों उपयोग युगपत्, सयोगी में सूक्ष्म क्रिया प्रतिपाति अयोगी में व्युपरत क्रिया निवर्तीनि दो शुक्ल ध्यान, सात आस्रव पर्याप्तक में पाँच अपर्याप्तक में दो/एक आस्रव अयोगी निरास्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा सयोगी आठ लाख अन्ठानवै हजार पाँच सौ दो अपर्याप्तक में सौ होते हैं अयोगी पाँच सौ अन्ठानवै, क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग व सर्वलोक*, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग व सर्वलोक*, काल–सयोगी नाना व एक जीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम एक कोटि पूर्व अयोगी जघन्योत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त, अंतर–नानाजीवापेक्षा निरंतर अयोगी जघन्य एक समय उत्कृष्ट छह माह, चौदह भाव अयोगी में तेरह भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, एक साता वेदनीय का बंध अयोगी अबंध, ब्यालीस व बारह प्रकृतियों का उदय एवं पचासी प्रकृतियों का सत्त्व अयोगी के द्विचरम समय में पचासी व चरम समय में तेरह प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार केवल ज्ञानियों में सामान्यालाप समाप्त हुआ।

नोट – सयोगी पर्याप्तकों में 5 आस्रव, अपर्याप्तक में दो आस्रव, अयोगी निरास्रव।

* सयोग केवली के अपर्याप्तक काल आहारक अवस्था में आयु और काय बल दो प्राण स्वीकार किये हैं किन्तु अनाहारक अवस्था में केवल एक प्राण आयु ही होता है तथा अयोगी हमेशा अनाहारक ही होते हैं।

* सयोग केवली स्वस्थान की अपेक्षा लोक के असंख्यातवे भाग में तथा दंड समुद्घात में भी लोक के असंख्यातवे भाग में प्रतर समुद्घात में लोक के असंख्यात बहुभाग में और लोक पूरण में सर्वलोक में रहते हैं वही स्पर्शन वही क्षेत्र बनता है। अयोगी सदा स्पर्शन और क्षेत्र की अपेक्षा लोक के असंख्यात वे भाग में ही रहते हैं।

सयोगी का काल की अपेक्षा नाना जीव सर्वकाल एक जीव जघन्य से अन्तर्मुहूर्त यानि केवल ज्ञान प्राप्त कर अन्तर्मुहूर्त में निर्वाण को प्राप्त हो गये। उत्कृष्ट कुछ कम पूर्व कोटि यानि कोई मनुष्य आठ वर्ष की आयु में दीक्षा लेकर केवली हो गया और उसकी पूर्व कोटि की आयु है तो उसका आठ वर्ष अन्तर्मुहूर्त कम एक पूर्व कोटि बनेगा। यह कथन सामान्य केवली की अपेक्षा है किन्तु तीर्थंकर का जघन्य काल वर्ष पृथक्त्व है शेष सामान्यवत् है।

270. संयम मार्गणा असंयम

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	1–4	–	1,2,4
2.	जीवसमास	14 जीवसमास	7 जीवसमास पर्याप्त	7 जीवसमास अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6,5,4 पर्याप्ति, अपर्याप्ति	6,5,4 पर्याप्ति	6,5,4 अपर्याप्ति
4.	प्राण	3–10 प्राण	4–10	3–7
5.	संज्ञा	4 संज्ञा	4	4
6.	गति	चारों	–	–
7.	इन्द्रिय	1–5 इन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रस/स्थावर	–	–
9.	योग	13 (आहारकद्विक बिना)	10	3
10.	वेद	3 वेद	–	–
11.	कषाय	25 कषाय	–	–
12.	ज्ञान	6 ज्ञान (3 ज्ञान+3 कुज्ञान)	–	5 (2 कुज्ञान, 3 सुज्ञान)
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	3 दर्शन	3 दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	6 लेश्या	–	–
16.	भव्य	दोनों	–	–
17.	सम्यक्त्व	6 (मि.,सा.,मि.,उप.,क्षा., क्षयो.)	–	5 सम्यक्त्व (मि. बिना)[*1]
18.	संज्ञी	संज्ञी, असंज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	दोनों
20.	उपयोग	9 उपयोग	9 उपयोग	8 उपयोग (विभंगावधि बिना)
21.	ध्यान	10 ध्यान	10 ध्यान	9 या 10 ध्यान
22.	आस्रव	55 (25+13+12+5)	52	45
23.	जाति	84 लाख	84 लाख	–
24.	कुलकोटि	199½ लाख करोड़	199½ लाख करोड़	
25.	संख्या	अनंतानंत	–	–
26.	क्षेत्र	सर्वलोक		
27.	स्पर्शन	सर्वलोक		
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा–सर्वकाल, एक जीव की अपेक्षा– सादि असंयमी अपेक्षा ज. अन्तर्मुहूर्त उ. अर्द्धपुद्गल परावर्तन		
29.	अन्तर	नाना जीवों की अपेक्षा– निरन्तर, एक जीव की अपेक्षा– ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम एक कोटि पूर्व		
30.	भाव	41 (औद.21, मिश्र.15, क्षा.1, औ.1, पा.3)		
31.	अवगाहना	जघन्य– घनांगुल का असंख्यातवाँ भाग उत्कृष्ट– 1000 योजन		
32.	बन्ध	118 – 117+1 (तीर्थंकर)		
33.	उदय	119 – 117+2 (स.मि.,स.)		
34.	सत्त्व	148		
		[*1] देवगति में अपर्याप्तक अवस्था में द्वितीयोपशम सम्यक्त्व पाया जाता है इसलिए अपर्याप्तक अवस्था में मिश्र बिना पाँच सम्यक्त्व कहे हैं।		

270. संजम मग्गणा असंजम

अह संजम मग्गणाणुवादेण असंजमाणामालाव भण्णमाणे अत्थि–एयत्तो चत्तारि गुणट्ठाणाणि अपज्जत्तेसु एग मिच्छत्त सासण असंजद तिण्णि गुणट्ठाणाणि, सत्त पज्जत्त सत्त अपज्जत चोद्दस जीव समासा, छ पंच चदु पज्जत्ती छ पंच चदु अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस णव अट्ठ सत्त छ चदु पाणा अपज्जत्तेसु सत्त सत्त छ पंच चउ ति पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी, एयत्तो पंचिंदियाणि, तसथावरकाओ, आहार दुगेहि विणा तेरस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, तिण्णि अण्णाणाणि तिण्णि णाणाणि छ णाणाणि पज्जत्तेसु छण्णाणि अपज्जत्तेसु–बे अण्णाणाणि तिण्णि णाणाणि पंच णाणाणि, एग असंजमो, तिण्णि दंसणाणि, छल्लेस्सा, भव्व सिद्धिया अभव्व सिद्धिया दोण्णि, छ सम्मत्ता पज्जत्तेसु छ अपज्जत्तेसु पंच सम्मत्ता*[1], सण्णी असण्णी दोण्णि, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, णव उवजोगा अपज्जत्तेसु अट्ठ उपवजोगा, दस झाणाणि अपज्जत्तेसु णव झाणाणि*[2], पंचवण्ण आसवा पज्जत्तेसु बावण्ण अपज्जतेसु पणदाल आसवा, चउरासीदि लक्ख जादी, अद्ध णवणउदि उत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा–अणंताणंत, खेत्तावेक्खा–सव्वलोय, फासावेक्खा सव्वलोय, कालो–णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एग जीवावेक्खा सादी असंजमी अवेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण अद्धपोग्गलपरायट्टं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण किंचिदूण पुव्वकोडीणं*[4], इगदाल भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स असंखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजण सहस्सं, अट्ठदसुत्तर सयं पयडीणं बंधो, उणबीसुत्तर पयडीणं उदओ एवं अडदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति*[5]।

इदि संजम मग्गणासु असंजम सामण्णालाव सम्मत्ता।

संयम मार्गणा असंयम

अब संयम मार्गणा के अनुवाद से असंयमियों के आलाप कहने पर – एक से चार गुणस्थान अपर्याप्तक में एक–दो–चार गुणस्थान, चौदहों जीव समास सात पर्याप्त सात अपर्याप्त, छ–पाँच–चार पर्याप्ति छ–पाँच–चार अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस–नौ–आठ–सात–छ–चार प्राण अपर्याप्त में सात–सात–छह–पाँच–चार–तीन प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गतियाँ, एक से पाँच इन्द्रिय, त्रस स्थावर काय, आहारक द्विक बिना तेरह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में तीन योग, तीनों वेद, पच्चीस कषाय, तीन अज्ञान तीन ज्ञान छह ज्ञान पर्याप्त में छह ज्ञान अपर्याप्त में दो अज्ञान तीन ज्ञान पाँच ज्ञान, एक असंयम, तीन दर्शन, छहों लेश्या, भव्य सिद्धिक अभव्य सिद्धिक दोनों, पर्याप्त में छहों सम्यक्त्व अपर्याप्त में पाँच सम्यक्त्व, संज्ञी असंज्ञी दोनों, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्तक में आहारक अपर्याप्तक में दोनों, नौ उपयोग अपर्याप्तक में आठ उपयोग, दस ध्यान अपर्याप्त में नौ ध्यान, पचपन आस्रव पर्याप्त में बावन अपर्याप्त में पैंतालीस आस्रव, चौरासी लाख जाति, एक सौ साढ़े निन्यानवै लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा अनंतानंत, क्षेत्रापेक्षा सर्वलोक, स्पर्शन सर्वलोक, काल–नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा सादि असंयमी अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट अर्द्ध पुद्गल परावर्तन, अंतर–नानाजीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम एक पूर्व कोटि, इकतालीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का असंख्यातवां भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, एक सौ अठारह प्रकृतियों का बंध, एक सौ उन्नीस प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार संयम मार्गणा में असंयम सामान्यालाप समाप्त हुआ।

---

*[1] यहाँ अपर्याप्तक अवस्था में पाँच सम्यक्त्व कहें है इसका तात्पर्य है कि प्रथमोपशम सम्यक्त्व में मरण होता नहीं यत: द्वितीयोपशम सम्यक्त्व के साथ मरण कर देवों में उत्पन्न होता है। अत: देवगति को छोड़कर अन्य गति में अपर्याप्त अवस्था में चार सम्यक्त्व पाये जाते हैं क्योंकि मिश्र सम्यक्त्व अपर्याप्तक अवस्था में नहीं पाया जाता देवगति में ही अपर्याप्त अवस्था में पाँच सम्यक्त्व पाये जा सकते हैं।

*[2] अपर्याप्तक अवस्था में जो नौ ध्यान कहे हैं कथंचित् क्योंकि यहाँ कई लोग 9 ध्यानों की व्याख्या करते हैं।

*[3] असंयमी दो प्रकार के होते हैं अनादि अनंत और दूसरे सादि शांत अनादि अनंत वाले ने कभी संयमी भाव को प्राप्त नहीं किया। अत: उसका काल व अन्तर निकालना असंभव है। जिसके असंयम में अन्तर आया है ऐसे सादि असंयमी की चर्चा है उसका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट काल अर्द्धपुद्गल परावर्तन प्राप्त होता है क्योंकि सम्यक्त्व व संयम जिस जीव ने प्राप्त किया है वह अर्द्धपुद्गल परावर्तन काल से अधिक संसार में नहीं रह सकता।

*[4] इसी प्रकार अन्तर कुछ कम पूर्व कोटि व जघन्य अन्तर्मुहूर्त है क्योंकि संयमी अधिक से अधिक 8 वर्ष कम एक पूर्व कोटि रह सकता है इसके बाद या तो निर्वाण हो जायेगा या असंयमी हो जायेगा।

*[5] बन्ध प्रकृतियाँ 118 प्रकृति क्योंकि चतुर्थ गुणस्थान में तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध होता है इसी प्रकार उदय 119 प्रकृति क्योंकि उदय योग्य 122 में से तीर्थंकर, आहारकद्विक कम करने पर, सत्त्व पूरे 148 प्रकृति का हो सकता है। शेष कथन सुगम है।

271. असंयम मिथ्यात्व गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	मिथ्यात्व	–	–
2.	जीवसमास	1–14	7 जीवसमास पर्याप्त	7 जीवसमास अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	4–6 पर्याप्ति, 4–6 अपर्याप्ति	4–5–6 पर्याप्ति	4–5–6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	3–10 प्राण	4,6,7,8,9,10	3,4,5,6,7,7
5.	संज्ञा	4 संज्ञा	4 संज्ञा	4 संज्ञा
6.	गति	चारों गति	–	–
7.	इन्द्रिय	1–5 इन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रस/स्थावर	–	–
9.	योग	13 (आहारकद्विक बिना)	10 योग	3 योग
10.	वेद	3 वेद	–	–
11.	कषाय	25 कषाय	–	–
12.	ज्ञान	3 कुज्ञान	–	2 कुज्ञान
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	2 (चक्षु, अचक्षु)	–	–
15.	लेश्या	6 लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य, अभव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	मिथ्यात्व	–	–
18.	संज्ञी	संज्ञी/असंज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक व अनाहारक	आहारक	दोनों (आहारक, अनाहारक)
20.	उपयोग	5 (3 कुज्ञान+2 दर्शनो.)	–	4 (2 ज्ञानो.+2 दर्शनो.)
21.	ध्यान	8 (4 आर्त्त+4 रौद्र)	–	–
22.	आस्रव	55 (25 कषाय+12 अवि.+13 योग+5 मि.)	52 (25+12+10+5)	45 (25+12+3+5)
23.	जाति	84 लाख		
24.	कुलकोटि	199½ लाख करोड़		
25.	संख्या	अनंतानंत		
26.	क्षेत्र	सर्वलोक व लोक का असंख्यातवाँ भाग		
27.	स्पर्शन	सर्वलोक		
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा– सर्वकाल एक जीव की अपेक्षा –सादि असंयमी अपेक्षा ज. अन्तर्मुहूर्त उ. *[1]कुछ कम अर्द्धपुद्गल परावर्तन		
29.	अन्तर	नाना जीवों की अपेक्षा– निरन्तर एक जीव की अपेक्षा– ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम तेतीस सागर*[2]		
30.	भाव	34 (औद.21, क्षयो. 10, पा.3)		
31.	अवगाहना	जघन्य– घनांगुल का असंख्यातवाँ भाग उत्कृष्ट– 1000 योजन		
32.	बन्ध	117		
33.	उदय	117		
34.	सत्त्व	148		

*[1] यहाँ एक जीव की अपेक्षा अनादि असंयमी का सर्वकाल है किन्तु जिसने सम्यक्त्व व संयम प्राप्त करके छोड़ा है और असंयमी मिथ्यादृष्टि हो गया उसका अधिकतम कुछ कम अर्द्धपुद्गल परावर्तन काल बनता है।

271. असंजम मिच्छाइट्ठी गुणट्ठाणं

उन्हीं अवधिदर्शनी देशसंयत जीवों के आलाप कहने पर – एक संयतासंयत गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, चारों संज्ञाएँ, मनुष्य तिर्यंच दो गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, तीनों वेद, सत्रह कषाय, तीन ज्ञान, एक संयमासंयम, एक अवधि दर्शन, तीन शुभ लेश्या, भव्यसिद्धिक, उपशम क्षायिक क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, चार उपयोग, चार आर्त्त चार रौद्र तीन धर्म ग्यारह ध्यान, सैंतीस आस्रव, अठारह लाख जाति, साढ़े सत्तावन लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा पल्योपम का असंख्यातवां भाग, क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवाँ भाग व मारणांतिक कुछ कम छः राजू, काल – नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम एक पूर्व कोटि, अंतर – नानाजीवापेक्षा निरन्तर एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ अधिक छ्यासठ सागर, उन्तीस भाव, जघन्यावगाहना संख्यात अंगुल उत्कृष्ट एक हजार योजन, सड़सठ प्रकृतियों का बंध, सत्तासी प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ सैंतालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार अवधिदर्शन में संयतासंयत गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– स्पर्शन चौदह भागों में से छ भाग कहने का तात्पर्य यह है कि यहाँ पर तिर्यंचों की प्रधानता है इससे पूर्व के गुणस्थानों में देवों की प्रधानता थी जिसके कारण विहार, वेदना, विक्रिया, कषाय आदि पदों की अपेक्षा 8/14 भाग स्पर्शन बन रहा था। यहाँ देवों में पंचम गुणस्थान पाया नहीं जाता अत: मनुष्य और तिर्यंचों में ही पाया जाता है चूंकि मनुष्यों की प्रधानता बन नहीं सकती क्योंकि मनुष्य इतने कम हैं कि उनकी अपेक्षा कथन करना ही नहीं बन सकता। अब रहते हैं तिर्यंच तो संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच यदि विहार करते हैं तो लोक के असंख्यात वे भाग में ही करते हैं, इसलिए वेदना विक्रिया कषाय समुद्घात आदि पदों की अपेक्षा भी लोक का असंख्यातवां भाग ही स्पर्शन बनता है। अब मारणांतिक समुद्घात की अपेक्षा कथन करने पर कुछ कम 6/14 राजू बन जाता है क्योंकि देशव्रती तिर्यंच सोलहवें स्वर्ग तक जन्म ले सकते हैं अत: वहीं तक मारणांतिक समुद्घात भी होता है। सोलहवां स्वर्ग मध्यलोक से छह राजू पर है। इसी प्रकार काल का कथन सुगम है अन्तर भी सुगम है। बन्ध प्रकृतियों में असंयत गुणस्थान में व्युच्छिन्न प्रकृतियों को कम करके सढ़सठ प्रकृतियाँ बँधती है जो गुणस्थानोक्त हैं।

उदय सतासी प्रकृतियों का है क्योंकि गुणस्थानोक्त असंयत गुणस्थान में सत्रह प्रकृतियों की उदय व्युच्छित्ति हो जाती है। सत्त्व नरक का न होने से एक सौ सैंतालीस का है। शेष कथन सुगम है। संख्या की अपेक्षा कथन करने पर पल्योपम का असंख्यातवां भाग है किन्तु अवहार काल मतिज्ञानियों और श्रुत ज्ञानियों से असंख्यात गुणा है।

311. अवधि दर्शन प्रमत्तसंयत गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	प्रमत्त संयत गुणस्थान	–	–
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त अपर्याप्तक	पर्याप्त	अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण 7 प्राण	10 प्राण	7 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा	–	–
6.	गति	मनुष्य गति	–	–
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	11 योग	10	1 योग (आहारक मिश्र)
10.	वेद	द्रव्य से 1 पुरुष वेद, भाव से 3 वेद)	–	1 (पुरुष वेद)*
11.	कषाय	13 कषाय	–	11 कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान	–	3 ज्ञान (मन:पर्यय बिना)
13.	संयम	3 (सा., छेदो., परिहार विशुद्धि)	–	2 (सा., छेदो.)
14.	दर्शन	अवधि दर्शन	–	–
15.	लेश्या	द्रव्य से 6, भाव से 3 शुभ लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षायिक, क्षयोपशम, उपशम)	–	2 (क्षायिक, क्षयोपशम)
18.	संज्ञी	संज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक	–	–
20.	उपयोग	5 (4 ज्ञानो.+ 1 दर्शनो.)	–	4 (3 ज्ञानो. 1 दर्शनो.)
21.	ध्यान	7 (3 आर्त्त + 4 धर्मध्यान)	–	–
22.	आस्रव	24 (13 क., 11 यो.)	23 (13 क.+10 यो.)	12 (11 क.+1 यो.)
23.	जाति	14 लाख		
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़		
25.	संख्या	59398206 संख्यात (यह संख्या सामान्य से हैं।) विशेषता से– संख्यात है		
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
28.	काल	नाना जीवापेक्षा – सर्वकाल एक जीवापेक्षा– ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त		
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – निरन्तर एक जीवापेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 33 सागर अपर्याप्तक में नाना जीवापेक्षा जघन्य–एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व, एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट साधिक 33 सागर		
30.	भाव	29 (औद.13, मि.12, पा.2, क्षा.1, औ.1)	अपर्याप्त 25 (औ. 11, क्षयो.11, पा.2, क्षा.1)	
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ	उ. 525 धनुष	
32.	बन्ध	63 पूर्वोक्त		
33.	उदय	81 पूर्वोक्त		
34.	सत्त्व	146 (नरक, तिर्यंच आयु बिना)		
		नोट:– अपर्याप्त अवस्था आहारक शरीर की अपेक्षा से बनती है इसलिए अपर्याप्त अवस्था में 11 कषाय, एक वेद तथा 12 आस्रव, आहारक मिश्र काययोग तीन ज्ञान दो सम्यक्त्व बनते हैं।		

311. ओहिदंसण पमत्तसंजद गुणट्ठाणं

तेसिं ओहि दंसणी पमत्त जीवाणामालाव भणमाणे अत्थि – एग पमत्तसंजदो गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीव समासा, छह पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, दस पाणा सत्तपाणा, चत्तारि सण्णा, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, एगारस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु एगं आहारमिस्स काय जोगा, तिण्णि वेदा अपज्जत्तेसु एग पुरिसवेदो, तेरस कसाया अपज्जत्तेसु एगारस कसाया, केवल णाणेण बिणा चत्तारि णाणाणि अपज्जत्तेसु तिण्णि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणा विहार सुद्धि तिण्णि संजमा अपज्जत्तेसु विहार सुद्धि विणा बे संजमा, एग ओहि दंसणं, दव्वेण छ भावेण तिण्णि सुहलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम खइय खओवसमिय तिण्णि सम्मत्ता अपज्जत्तेसु उवसम विणा बे सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, पंच उवजोगा अपज्जत्तेसु चत्तारि उवजोगा, तिण्णि अट्ट चत्तारि धम्म सत्त झाणाणि, चउबीस आसवा पज्जत्तेसु तेबीस अपज्जत्तेसु बारस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा पंच कोडि तिणउदि लक्ख अट्ठणउदि सहस्स छ उत्तर बे सयं[*1] संखेज्ज अपज्जत्तेसु सत्ताबीस, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा–लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं अपज्जत्तेसु जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण तेतीस सायरोवमाणि सादिरेयाणि अपज्जत्तेसु णाणा जीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एग जीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण तेतीस सायरोवमाणि सादिरेयाणि, ऊणतीस भावा अपज्जत्तेसु पणबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, तिसट्ठिपयडीणं बंधो, एगासीदि पयडीणं उदओ एवं छादालोत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि ओहि दंसणे पमत्तसंजद गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

अवधिदर्शन प्रमत्तसंयत गुणस्थान

उन्हीं अवधिदर्शनी प्रमत्त जीवो के आलाप कहने पर – एक प्रमत्तसंयत गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त दो जीवसमास, छहों पर्याप्ति छह अपर्याप्ति, दस प्राण सात प्राण, चारों संज्ञाएँ, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, ग्यारह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में एक आहारक मिश्र काय योग, द्रव्य से एक पुरुष भाव से तीनों वेद अपर्याप्तक में एक पुरुष वेद, तेरह कषाय अपर्याप्तक में ग्यारह कषाय, चार ज्ञान केवल ज्ञान बिना अपर्याप्तक में तीन ज्ञान, सामायिक छेदोपस्थापना परिहार विशुद्धि तीन संयम अपर्याप्त में परिहार विशुद्धि बिना दो संयम, एक अवधि दर्शन, द्रव्य से छह भाव से तीन शुभ लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षायिक क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व अपर्याप्तक में उपशम बिना दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, पाँच उपयोग अपर्याप्तक में चार उपयोग, तीन आर्त चार धर्म सात ध्यान, चौबीस आस्रव पर्याप्त में तेईस अपर्याप्त में बारह आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा संख्यात (पाँच करोड़ तेरानवे लाख अन्ठानवे हजार दो सौ छह) अपर्याप्त में 27[*1], क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवां भाग, काल – नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त अपर्याप्तक जघन्य उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त, अन्तर नाना जीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट साधिक तेतीस सागर अपर्याप्तक में नाना जीवों की अपेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर, उनतीस भाव अपर्याप्तक में पच्चीस भाव जघन्य, अवगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, तिरेसठ प्रकृतियों का बंध, इक्यासी प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छ्यालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार अवधिदर्शन में प्रमत्तसंयत गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– काल का कथन सुगम है अन्तर का कथन करते है कोई एक प्रमत्त संयत गुणस्थानवर्ती अप्रमत्त हुआ 1. अपूर्वकरण 2. अनिवृत्तिकरण, 3 सूक्ष्म सांपराय, 4. उपशांत मोह पुन: 5. सूक्ष्मसांपराय 6. अनिवृत्तिकरण 7 अपूर्वकरण 8. अप्रमत्त हुआ और आयु क्षय के कारण मरण कर एक समय कम तेतीस सागर आयु वाले अनुत्तर विमान में उत्पन्न हुआ आयु पूर्ण कर एक कोटि पूर्व के मनुष्यों में उत्पन्न हुआ आयु में एक अन्तर्मुहूर्त अब शेष रह जाने पर अप्रमत्त हुआ पुन: प्रमत्त हुआ इन में ऊपर के 6 अन्तर्मुहूर्त मिलाए 2. भीतर के नौ अन्तर्मुहूर्तों में से बाहर के आठ अन्तर्मुहूर्त घटाने पर एक अन्तर्मुहूर्त अधिक पूर्व कोटि साधिक तेतीस सागर प्राप्त होता है। बंध प्रकृति उदय प्रकृति सत्त्व प्रकृति सभी गुणस्थानोक्त हैं कुछ विशेष नहीं है। सभी सुगम है।

*1 संख्या यह सामान्य से है किंतु अवधि दर्शनी अपने गुणस्थान की संख्या के संख्यातवे भाग प्रमाण होते हैं परन्तु कितने होते हैं ऐसा उपदेश नहीं पाया जाता। यह नियम प्रमत्त, अप्रमत्त इन दो गुणस्थानों के लिए है शेष आगे कहेंगे।

312. अवधिदर्शन अप्रमत्तसंयत गुणस्थान

1.	गुणस्थान	अप्रमत्त संयत गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	3 संज्ञा
6.	गति	मनुष्य गति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	द्रव्य से 1, भाव से 3 वेद
11.	कषाय	13 कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	3 (सा., छेदो., परिहार विशुद्धि)
14.	दर्शन	अवधि दर्शन
15.	लेश्या	द्रव्य से 6, भाव से 3 शुभ लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षायिक, क्षयोपशम, उपशम)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	5 (4 ज्ञानो.+ 1 दर्शनो.)
21.	ध्यान	4 धर्मध्यान
22.	आस्रव	22 (13 कषाय + 9 योग)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	29699103 संख्यात (यहसंख्या सामान्यता से है) विशेषता से गुणस्थानोक्त जीव/संख्यात
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवा भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवा भाग
28.	काल	नाना जीवापेक्षा – सर्वकाल एक जीवापेक्षा– ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – निरन्तर एक जीवापेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 33 सागर
30.	भाव	29 (औद. 13, मि.12, पा.2, क्षा.1, औप.1)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	59 गुणस्थानोक्त
33.	उदय	76 गुणस्थानोक्त
34.	सत्त्व	146 (नरक व तिर्यंचायु बिना)

312. ओहिदंसण अपमत्तसंजद गुणट्ठाणं

तेसिं ओहि दंसणी अप्पमत्त जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग अपमत्तसंजदो गुणट्ठाणं, एग सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, आहारेण विणा तिण्णि सण्णा, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, दव्वेण एग पुरिस वेदो भावेण तिण्णि वेदा, तेरस कसाया, केवल णाणेण विणा चत्तारि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणा विहार सुद्धि तिण्णि संजमा, एग ओहि दंसण, दव्वेण छल्लेस्सा भावेण तिण्णि सुह लेस्सा, भव्व सिद्धिया, उवसम खइय खओवसमिय तिण्णि सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, पंच उवजोगा, चत्तारि धम्मज्झाणा, बाबीस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा बे कोडि छण्णउदि लक्ख णवणउदि सहस्स तिउत्तर सयं संखेज्ज, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण तेतीस सायरोवमाणि सादिरेयाणि, उणतीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पचं सयं धणू, ऊणसट्ठि पयडीणं बंधो, छ सत्तदि पयडीणं उदओ एवं छादाल पणदाल बादाल इगदाल उणदाल अडतीसुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि ओहि दंसणे अपमत्त संजद गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

अवधिदर्शन अप्रमत्तसंयत गुणस्थान

उन्हीं अवधि दर्शनी अप्रमत्त जीवों के आलाप कहने पर – एक अप्रमत्तसंयत गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, आहार बिना तीन संज्ञाएँ, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, द्रव्य से एक पुरुष भाव से तीनों वेद, तेरह कषाय, केवलज्ञान बिना चार ज्ञान, सामायिक छेदोपस्थापना परिहार विशुद्धि तीन संयम, एक अवधि दर्शन, द्रव्य से छहों भाव से तीन शुभ लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षायिक क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, पाँच उपयोग, चार धर्मध्यान, बाईस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा दो करोड़ छियानवे लाख निन्यानवे हजार एक सौ तीन, क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग, काल नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर नानाजीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ अधिक तेतीस सागर, उनतीस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, उनसठ प्रकृतियों का बंध, छियत्तर प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छयालीस एक सौ पैतालीस एक सौ ब्यालीस एक सौ इकतालीस एक सौ उनतालीस एक सौ अड़तीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार अवधि दर्शन में अप्रमत्तसंयत गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– विषय सरल है कुछ भी विशेष नहीं है बंध, उदय गुणस्थानोक्त है सत्त्व का कथन पहले कर आये है पुन: एक बार कर देते हैं। कोई जीव उपशम अथवा क्षयोपशम सम्यग्दृष्टि हुआ पश्चात संयत हो अप्रमत्त गुणस्थान को प्राप्त हुआ उसके एक सौ छयालीस प्रकृति का सत्त्व है देव आयु सहित। किसी जीव ने देवायु का अभी बन्ध नहीं किया है उक्त सम्यग्दृष्टि के उसके एक सौ पैतालीस प्रकृति का सत्त्व है, कोई वेदक सम्यग्दृष्टि अप्रमत्त गुणस्थान वाले ने अनंतानुबंधी चतुष्क की विसंयोजना कर दी है तथा देवायु का बन्ध किया है उसके एक सौ ब्यालीस प्रकृति का सत्त्व है तथा जिसने देवायु का बन्ध नहीं किया है उसके एक सौ इकतालीस प्रकृति का सत्त्व है। जिसने दर्शन मोहनीय का क्षय किया है तथा देवायु का बन्ध किया है उसके एक सौ उनतालीस तथा जिसने देवायु का बन्ध नहीं किया है उसके एक सौ अड़तीस प्रकृति का सत्त्व पाया जाता है शेष कथन सुगम है। इसी प्रकार सभी गुणस्थानों में समझना चाहिए यानि प्रमत्त गुणस्थान से उपशामक उपशांत मोह तक जानना चाहिए। संख्या का कथन करते हुए प्रमत्त संयत व अप्रमत्त संयत गुणस्थान में अपनी अपनी संख्या के संख्यात वे भाग जीव पाये जाते हैं। परन्तु इतने ही पाये जाते है ऐसा उपदेश वर्तमान में नहीं पाया जाता।

313. अवधि दर्शन अपूर्वकरण गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	अपूर्वकरण गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	3
6.	गति	मनुष्य गति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	द्रव्य से पुरुष वेद, भाव से 3 वेद
11.	कषाय	13 कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	2 (सामायिक, छेदोपस्थापना)
14.	दर्शन	अवधि दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	2 (उपशम, क्षायिक) (क्षपक= एक क्षायिक, उपशामकों में दोनों)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	5 (4 ज्ञानो.+ 1 दर्शनो.)
21.	ध्यान	4 धर्मध्यान अथवा 1 शुक्लध्यान
22.	आस्रव	22 (9 योग 13 कषाय)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	42 (उप. 14 क्षपक–28)
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	नाना जीवापेक्षा व एक जीवापेक्षा (उपशा.)– ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त नाना व एक जीवापेक्षा (क्षपक) – अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा (उप.)–ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा–ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 66 सागर (क्षप.) नाना जीवापेक्षा ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा – निरन्तर
30.	भाव	27 (औद.11 + मि.10 + क्षा.2 + औ.2 + पा.2) उपशामक= 26 क्षपक= 25
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	58 गुणस्थानोक्त अथवा चक्षु व अचक्षु दर्शनी के समान
33.	उदय	72 गुणस्थानोक्त
34.	सत्त्व	उप. 146, 145, 142, 141, 139, 138 क्षप. 138

313. ओहि दंसण अपुव्वयरण गुणट्ठाणं

तेसिं ओहि दंसणी अपुव्वयरण जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग अपुव्वयरण गुणट्ठाणं, एग सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीवसमासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, आहारेण विणा तिण्णि सण्णा*1, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, दव्वेण एग पुरिस वेदो भावेण तिण्णि वेदा, तेरस कसाया, केवल णाणेण विणा चत्तारि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणा बे संजमा*2, एग ओहि दंसण, एग सुक्क लेस्सा, भव्व सिद्धिया, उवसम खइय बे सम्मत्ता उवसामगेसु बे सम्मत्ता खवगेसु एग खइय सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, पंच उवजोगा, चत्तारि धम्म एगं सुक्कज्झाणं वा, बाबीस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खाए बादाल उवसामगेसु चोद्दस खवगेसु अट्ठावीस, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागो, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागो, कालो उवसामगेसु णाणेगजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं खवगेसु णाणेगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं उवसामगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण छावट्टि सायरोवमाणि सादिरेयाणि*3 खवगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण वास पुधत्तं एगजीवावेक्खा णिरंतरं, सत्ताबीस भावा उवसामगेसु छब्बीस खवगेसु पणबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, अट्ठावण्ण पयडीणं बंधो, बेसत्तदि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं पणदालुत्तर सयं बादालुत्तर सयं इगदालुत्तर सयं ऊणदालुत्तर सयं व अट्ठतीसुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति

इदि ओहि दंसणे अपुव्वयरण गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

अवधिदर्शन अपूर्वकरण गुणस्थान

उन्हीं अवधिदर्शनी अपूर्वकरण जीवों के आलाप कहने पर – एक अपूर्वकरण गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, आहार बिना तीन संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, द्रव्य से एक पुरुष वेद भाव से तीनों वेद, तेरह कषाय, केवलज्ञान बिना चार ज्ञान, सामायिक छेदोपस्थापना दो संयम, एक अवधिदर्शन, एक शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षायिक दो सम्यक्त्व क्षपकों में क्षायिक और उपशामकों में दोनों सम्यक्त्व पाये जाते है। संज्ञी, आहारक, पाँच उपयोग, चार धर्म अथवा एक शुक्ल ध्यान, बाईस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा ब्यालीस (उपशामक जीव चौदह क्षपक अट्ठाईस), क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवां भाग, काल – उपशामक नानाजीवापेक्षा व एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त क्षपक नाना व एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर – उपशामक नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ अधिक छ्यासठ सागर क्षपक–नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा – निरंतर, सत्ताईस भाव उपशामक में छब्बीस क्षपक श्रेणी में पच्चीस, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, अट्ठावन प्रकृति का बंध, बहत्तर प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छ्यालीस एक सौ पैंतालीस एक सौ बयालीस एक सौ इकतालीस एक सौ उनतालीस एक सौ अड़तीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार अवधि दर्शन में अपूर्वकरण गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :–

*1 जब तक भय प्रकृति का उदय है तब तक तीन संज्ञा होती हैं पश्चात दो संज्ञा रह जाती है उसके बाद जब वेद समाप्त हो जाते हैं तो एक संज्ञा और लोभ कषाय के समाप्त होते ही क्षीण संज्ञा कहलाती है। उपशम श्रेणी वालों के उपशांत तथा क्षपक श्रेणी वालों के क्षीण संज्ञा कहलाती है।

*2 परिहार विशुद्धिसंयम सातवें गुणस्थान तक ही पाया जाता है और सामायिक छेदोपस्थापना संयम नोवें गुणस्थान तक रहता है अत: यहाँ दो संयम कहे हैं। संख्या की अपेक्षा यहाँ क्षपक जीव अट्ठाईस उपशामक चौदह ही पाये जाते हैं। शेष कथन सुगम है कुछ भी व्याख्या करने योग्य नहीं है।

*3 अन्तर उपशामकों में एक जीव का उत्कृष्ट अन्तर कुछ अधिक छ्यासठ सागर कहा है वह क्षयोपशम सम्यक्त्व के समान कहा है क्योंकि अवधि दर्शन के साथ कोई भी जीव छ्यासठ सागर तक रह सकता है उससे अधिक नहीं रह सकता। अत: जो कुछ अधिक कहा है वह उपशम सम्यक्त्व का काल भी जोड़ा गया है इसलिए इतना समय प्राप्त होता है। शेष कथन सुगम है।

314. अवधिदर्शन अनिवृत्तिकरण गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	अनिवृत्तिकरण
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	2 (आहार, भय बिना)
6.	गति	मनुष्य गति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	द्रव्य से पुरुष वेद, भाव से तीन वेद
11.	कषाय	7 कषाय*
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	2 (सामायिक, छेदोपस्थापना)
14.	दर्शन	अवधि दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	2 (उपशम, क्षायिक)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	5 (4 ज्ञानो.+ 1 दर्शनो.)
21.	ध्यान	4 धर्मध्यान अथवा 1 शुक्लध्यान
22.	आस्रव	16 (9 योग+4 कषाय+3 वेद (नो कषाय)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	42 (उप. 14, क्षपक–28)
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवा भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवा भाग
28.	काल	उपशामक नाना व एक जीवापेक्षा ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त क्षपक नाना व एक जीवापेक्षा ज.उ.–अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	उप. नाना जीव– ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व, एक जीवापेक्षा– ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 66 सागर क्षपक नाना जीवापेक्षा ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व, एक जीवापेक्षा निरन्तर
30.	भाव	27 (औद.11, क्षयो. 10, क्षा.2, औ.2, पा.2) उप. 26 क्षपक 25
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	58 गुणस्थानोक्त
33.	उदय	72 गुणस्थानोक्त
34.	सत्त्व	उपशामक – 146, 145, 142, 141, 139, 138 क्षपक– 138 क्रमश: क्षय होते होते 103
		* छह नो कषाय की उदय व्युच्छित्ति अपूर्वकरण (आठवे भाग में) गुणस्थान में हो जाती है अत: यहाँ संज्वलन तीन वेद इस प्रकार सात कषाय का उदय पाया जाता है इस प्रकार सात कषाय व नौ योग इस प्रकार सोलह आस्रव हो जाते हैं।

314. ओहिदंसण अणियट्टियरण गुणट्ठाणं

तेसिं ओहि दंसणी अणियट्टियरण गुणट्ठाण जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग अणियट्टियरण गुणट्ठाणं, एग सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, आहार भयेहिं विणा बे सण्णा, एग मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, दव्वेण एगं पुरिस वेदो भावेण तिण्णि वेदा, सत्त कसाया, केवलणाणेण विणा चत्तारि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणा बे संजमा, एगं ओहि दंसणं, एगं सुक्क लेस्सा, भव्व सिद्धिया, उवसम खइय बे सम्मत्ता उवसामगेसु बे खवगेसु एग खइय सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, पंच उवजोगा, एगं सुक्कज्झाणं वा चत्तारि धम्मज्झाणा, सोलह आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा बादाल उवसामागेसु चोद्दस खवगेसु अट्ठावीस, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो उवसामगेसु णाणेगजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं खवगेसु णाणेगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतर उवसामगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण वास पुधत्तं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण छावट्ठि सायरोवमाणि सादिरेयाणि खवगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एग जीवावेक्खा णिरंतरं, सत्ताबीस भावा उवसामगेसु छब्बीस खवगेसु पणबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, बाबीस पयडीणं बंधो, छावट्ठि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं पणदालुत्तर सयं बादालुत्तर सयं इगदालुत्तर सयं ऊणदालुत्तर सयं व अडतीसुत्तर सयं कमसो खयत्तो तिउत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि ओहि दंसणे अणियट्टियरण गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

अवधिदर्शन अनिवृत्तिकरण गुणस्थान

उन्हीं अवधिदर्शनी अनिवृत्तिकरण जीवों के आलाप कहने पर – एक अनिवृत्तिकरण गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, आहार भय बिना दो संज्ञाएँ, एक मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, द्रव्य से एक पुरुष वेद भाव से तीन वेद, सात कषाय, केवलज्ञान बिना चार ज्ञान, सामयिक छेदोपस्थापना दो संयम, एक अवधि दर्शन, एक शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षायिक दो सम्यक्त्व क्षपकों में एक उपशामकों में दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, पाँच उपयोग, एक शुक्ल ध्यान/चार धर्मध्यान, सोलह आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – ब्यालीस उपशामक में चौदह क्षपक में अट्ठाईस, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवां भाग, काल – उपशामक नाना व एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त क्षपकों में नाना व एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर – उपशामक नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ अधिक छ्यासठ सागर क्षपक नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा निरन्तर, सत्ताईस भाव उपशामको में छब्बीस क्षपकों में पच्चीस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, बाईस प्रकृतियों का बंध, छ्यासठ प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छयालीस एक सौ पैंतालीस एक सौ ब्यालीस एक सौ इकतालीस एक सौ उनतालीस एक सौ अड़तीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार अवधि दर्शन में अनिवृत्तिकरण गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– विषय सरल है कुछ भी कथन करने योग्य नहीं है जहाँ जैसा अवसर होगा वैसा कथन करेंगे।

315. अवधिदर्शन सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान

1.	गुणस्थान	सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	1 परिग्रह संज्ञा
6.	गति	मनुष्य गति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	अपगत वेद
11.	कषाय	1 लोभ कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	सूक्ष्म साम्पराय
14.	दर्शन	अवधि दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	2 (उपशम, क्षायिक)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	5 (4 ज्ञानो.+ 1 दर्शनो.)
21.	ध्यान	1 शुक्लध्यान अथवा चार धर्मध्यान*
22.	आस्रव	10 (9 योग + 1 लोभ कषाय)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	42 (उप. 14, क्ष. 28)
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवा भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवा भाग
28.	काल	(उपशामक) नाना व एक जीवापेक्षा– ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त, (क्षपक) नाना व एक जीवापेक्षा–ज.व उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	(उप.) नाना जीवापेक्षा– ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व, एक जीवापेक्षा– ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 66 सागर (क्षप.) नाना जीवापेक्षा– ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व, एक जीवापेक्षा– निरन्तर
30.	भाव	21 (औद.5, मि. 10, क्षा.2, औप.2, पा.2) उपशामक 20 क्षपक– 19
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	17 गुणस्थानोक्त
33.	उदय	60 गुणस्थानोक्त
34.	सत्त्व	उपशामक – 146, 145, 142, 141, 139, 138 गुणस्थानोक्त क्षपक – 102
		* यहाँ चार धर्म ध्यान भावी प्रज्ञापन नय अथवा एक धर्म ध्यान में चारों गर्वित है इस अपेक्षा से यहाँ चार धर्मध्यान कह दिये हैं वास्तव में यदि यहाँ धर्म ध्यान माना जाता है तो एक रुपातीत धर्मध्यान ही बनेगा।

315. ओहि दंसण सुहुमसंपराय गुणट्ठाणं

तेसिं ओहि दंसणी सुहुमसांपराय जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग सुहुमसांपराय गुणट्ठाणं, एग सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीवसमासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, एग परिग्गह सण्णा, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, भावेण अवेदो दव्वेण एग पुरिस वेदा, एयं सुहुम लोह कसाओ, केवल णाणेण विणा चत्तारि णाणाणि, एग सुहुमसाम्पराय संजमो, एग ओहि दंसणं, एग सुक्कलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम खइय बे सम्मत्ता खवगेसु खइयसम्मत्ता उवसामगेसु दोण्णि सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, पंच उवजोगा, एगं सुक्कज्झाणं चत्तारि धम्मज्झाणाणि वा, दस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा बादाल उवसामगेसु चोद्दस खवगेसु अट्ठावीस, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो उवसामगेसु णाणेगजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं खवगेसु णाणेगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण*1 अंतोमुहुत्तं, अंतरं उवसामगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण वास पुधत्तं*2 एग जीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण छावट्ठि सायरोवमाणि सादिरेयाणि खवगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण वास पुधत्तं एग जीवावेक्खाए णिरंतरं, इगबीस भावा उवसामगेसु बीस खवगेसु उणबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, सत्तदस पयडीणं बंधो, सट्ठि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं पणदालुत्तर सयं बादालुत्तर सयं इगदालुत्तर सयं उणदालुत्तर सयं उडतीसुत्तर सयं पयडीणं खवगेसु बे उत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि ओहि दंसणे सुहुमसंपराय गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

अवधिदर्शन सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान

उन्हीं अवधिदर्शनी सूक्ष्मसाम्पराय जीवों के आलाप कहने पर – एक सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, एक परिग्रह संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, भाव से अपगत वेद द्रव्य से एक पुरुष वेद, एक सूक्ष्म लोभ कषाय, केवलज्ञान बिना चार ज्ञान, एक सूक्ष्म साम्पराय संयम, अवधि दर्शन, एक शुक्ल लेश्या, भव्यसिद्धिक, उपशम क्षायिक दो सम्यक्त्व क्षपक श्रेणी वालों में एक क्षायिक उपशम श्रेणी वालों में दोनों सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, पाँच उपयोग, एक शुक्ल ध्यान, दस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा ब्यालीस उपशामक चौदह क्षपक अट्ठाईस, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवां भाग, काल – उपशामक नाना व एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त क्षपक नाना व एक जीवापेक्षा जघन्युत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त, अंतर – उपशामक नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट साधिक छयासठ सागर, क्षपक – नाना जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा निरंतर, इक्कीस भाव क्षपक उन्नीस उपशामकों में बीस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, सत्रह प्रकृतियों का बंध, साठ प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छयालीस एक सौ पैंतालीस एक सौ ब्यालीस एक सौ इकतालीस एक सौ उनतालीस एक सौ अड़तीस क्षपकों में एक सौ दो प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार अवधि दर्शन में सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :–

*1 क्षपकों का काल एक जीव व नाना जीवों की अपेक्षा अन्तर्मुहूर्त बतलाया है उसमें एक जीव के काल की अपेक्षा संख्यात जीवों का काल संख्यात समय अधिक है क्योंकि संख्यात जीवों का काल संचय किया गया है अत: स्वमेव ही संख्यात समय अधिक हो जाता है।

*2 अन्तर का कथन करते हुए जो उपशामकों में वर्ष पृथक्त्व अन्तर बतलाया है उसका आशय है कोई अवधि दर्शनी जीव उपशम श्रेणी न चढ़े तो वर्ष पृथक्त्व तक नहीं चढ़ता इसके बाद कोई न कोई अवधि दर्शनी जीव अवश्य उपशम श्रेणी चढ़ता है इसी प्रकार क्षपकों का उत्कृष्ट अन्तर होता है। जघन्य अन्तर सुगम है।

बन्ध प्रकृतियाँ गुणस्थानोक्त ही हैं क्योंकि नौवे गुणस्थान में बाईस प्रकृतियों का बन्ध था उनमें से चार संज्वलन एक पुरुष वेद की व्युच्छित्ति हो जाती है। इसलिए सत्रह प्रकृति रह जाती हैं शेष उदय व सत्त्व पूर्वोक्त ही है कोई विशेषता नहीं है।

316. अवधिदर्शन उपशान्तमोह गुणस्थान

1.	गुणस्थान	उपशान्त मोह
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	उपशान्त संज्ञा
6.	गति	मनुष्य गति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	अपगत वेद
11.	कषाय	0 (अकषाय)
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	यथाख्यात चारित्र
14.	दर्शन	अवधि दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	2 (उपशम सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	5 (4 ज्ञानो.+ 1 दर्शनो.)
21.	ध्यान	एक शुक्लध्यान
22.	आस्रव	9 योग
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	14 (संख्यात)
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवां भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवां भाग
28.	काल	नाना जीव की अपेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त एक जीव की अपेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीव की अपेक्षा – ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 66 सागर
30.	भाव	19 (औद.4, क्षयो. 10, क्षा.1, औप. 2, पा.2)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	1 साता वेदनीय गुणस्थानोक्त
33.	उदय	59 गुणस्थानोक्त
34.	सत्त्व	146, 145, 142, 141, 139, 138 गुणस्थानोक्त

316. ओहि दंसण उवसंतमोह गुणट्ठाणं

तेसिं ओहि दंसणी उवसंत जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग उवसंत मोह गुणट्ठाणं, एग सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीवसमासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, उवसंत सण्णा, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, अपगत वेदा, अकसायी, केवल णाणेण विणा चत्तारि णाणाणि, एग जहाक्खाद संजमो, ओहि दंसणं, सुक्क लेस्सा, भव्व सिद्धिया, उवसम खइय बे सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, पंच उवजोगा, एगं सुक्कज्झाणं, णव आसवा, चोदस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा चोद्दस, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणेगजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं – णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण वास पुधत्तं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण छावट्ठि सायरोवमाणि सादिरेयाणि, उणबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, एयं सादा वेयणीओ बंधो, ऊणसट्ठि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं पणदालुत्तर सयं बादालुत्तर सयं इगदालुत्तर सयं उणदालुत्तर सयं अडतीसुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि ओहि दंसणे उवसंत मोह गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

अवधिदर्शन उपशान्तमोह गुणस्थान

उन्हीं अवधिदर्शनी जीवों में उपशान्त जीवों के आलाप कहने पर – एक उपशान्त मोह गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, उपशान्त संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, अपगत वेद, अकषायी, केवलज्ञान बिना चार ज्ञान, एक यथाख्यात चारित्र (संयम), अवधि दर्शन, शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, क्षायिक उपशम दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, पाँच उपयोग, एक शुक्ल ध्यान, नौ आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा चौदह, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवां भाग, काल – नाना व एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर – नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ अधिक छ्यासठ सागर, उन्नीस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, एक साता वेदनीय का बंध, उनसठ प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छ्यालीस – एक सौ पैंतालीस – एक सौ ब्यालीस – एक सौ इकतालीस एक सौ उनतालीस एक सौ अड़तीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार अवधि दर्शन में उपशान्त मोह गुणस्थान समाप्त हुआ।

317. अवधिदर्शन क्षीणमोह गुणस्थान

1.	गुणस्थान	क्षीण मोह
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	क्षीण संज्ञा
6.	गति	मनुष्य गति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	अपगत वेद
11.	कषाय	0 अकषाय (क्षीण कषाय)
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	यथाख्यात चारित्र
14.	दर्शन	अवधि दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	क्षायिक सम्यक्त्व
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	5 (4 ज्ञानो.+ 1 दर्शनो.)
21.	ध्यान	दो शुक्लध्यान
22.	आस्रव	9 (योग)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	28
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवां भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवां भाग
28.	काल	नाना व एक जीवापेक्षा – अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व एक जीव अपेक्षा – निरन्तर
30.	भाव	18 (औ.4, मि. 10, क्षा.2, पा.2)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	1 साता वेदनीय गुणस्थानोक्त
33.	उदय	57 गुणस्थानोक्त
34.	सत्त्व	101 गुणस्थानोक्त

317. ओहि दंसण खीणमोह गुणट्ठाणं

तेसिं ओहि दंसणी खीणकसायी जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग खीणकसाय गुणट्ठाणं, एग सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, खीण सण्णा, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, एग अपगतवेदा, अकसायी, केवलणाणेण विणा चत्तारि णाणाणि, जहाक्खाद संजमो, ओहि दंसणं, एग सुक्क लेस्सा, भव्व सिद्धिया, खइय सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, पंच उवजोगा, पुव्वस्स बे सुक्कज्झाणं, णव आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुल कोडीणं, संखावेक्खा अट्ठबीस, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणेगजीवावेक्खा अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एग जीवावेक्खा णिरंतरं, अट्ठदस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, एग सादावेयणीओ बंधो, सत्तावण्ण पयडीणं उदओ एवं एगुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि ओहि दंसणे खीणमोह गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

अवधिदर्शन क्षीणमोह गुणस्थान

उन्हीं अवधि दर्शनी क्षीण कषायी जीवों के आलाप कहने पर – एक क्षीण कषाय गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, क्षीण संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, अपगत वेद, अकषायी, केवलज्ञान बिना चार ज्ञान, यथाख्यात संयम, अवधि दर्शन, एक शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, क्षायिक सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, पाँच उपयोग, पूर्व के दो शुक्ल ध्यान, नौ आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा अट्ठाईस, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग, काल – नाना व एकजीवापेक्षा अन्तर्मुहूर्त, अंतर – नाना जीवापेक्षा जघन्य अंतर एकसमय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा निरंतर, अठारह भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, एक साता का बंध, सत्तावन प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ एक प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार अवधिदर्शन में क्षीणमोह गुणस्थान समाप्त हुआ।

318. केवल दर्शन सामान्य

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	सयोग केवली, अयोग केवली	सयोग, अयोग केवली	सयोग केवली
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त , अपर्याप्त	सं.पं.पं.	सं.पं. अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	4 व 2 व 1	4, 1 प्राण	2, 1 प्राण
5.	संज्ञा	0	–	–
6.	गति	मनुष्य गति	–	–
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	7 (5 सामान्य, 2 समुद्घात के समय), अयोगी	5 व अयोग	2
10.	वेद	0	0	0
11.	कषाय	0	0	0
12.	ज्ञान	केवलज्ञान	–	–
13.	संयम	यथाख्यात चारित्र	–	–
14.	दर्शन	केवल दर्शन	–	–
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या/अलेश्या	शुक्ल लेश्या/अलेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	क्षायिक सम्यक्त्व	–	–
18.	संज्ञी	नो संज्ञी, नो असंज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक/अनाहारक (दोनों)	दोनों
20.	उपयोग	2 (केवलज्ञान) + केवलदर्शनोपयोग)	युगपत्	–
21.	ध्यान	सूक्ष्म क्रिया प्रतिपाती व्युपरत क्रिया निवर्तीनि	सू.क्रि.व्यु.,क्रिया नि.	कोई ध्यान नहीं
22.	आस्रव	7 योग (4–5, अप.2)	5	2
23.	जाति	14 लाख	–	–
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़	–	–
25.	संख्या	898502+598	89502+598	100
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवा भाग व सर्वलोक*1		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवा भाग व सर्वलोक		
28.	काल	नाना जीवापेक्षा – सर्वकाल एक जीवापेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त*2 उ. कुछ कम एक कोटि पूर्व		
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – निरन्तर एक जीवापेक्षा – निरन्तर, अयोग केवली नाना जीवापेक्षा ज. एक समय उ. 6 माह		
30.	भाव	14 (औद.3, क्षा.9, पा.2) अयोग केवली = 13 भाव		
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ	उ. 525 धनुष	
32.	बन्ध	1 गुणस्थानोक्त	अबंध	
33.	उदय	42 गुणस्थानोक्त	12 प्रकृति	
34.	सत्त्व	85 गुणस्थानोक्त	द्वितचरम समय= 85 चरम समय में 12/13	

*1 अयोग केवली का क्षेत्र व स्पर्शन लोक का असंख्यात वां भाग ही बनता है।

*2 अयोग केवली का काल नाना व एक जीव की अपेक्षा अन्तर्मुहूर्त ही होता है।

318. केवल दंसण सामण्णं

तेसिं दंसण मग्गणाणुवादेण केवलदंसण सामण्णालाव भण्णमाणे अत्थि-सजोग अजोग केवली बे गुणट्ठाणा अपज्जत्तेसु एग सजोगी गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीवसमासा, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, चत्तारि बे एग पाणा पज्जत्तेसु चदु एग अपज्जत्तेसु बे एग पाणा, खीण सण्णा, एग मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, सत्त जोगा अजोगो वा पज्जत्तेसु पंच अपज्जत्तेसु बे जोगा, अवेदी, अकसायी, एग केवलणाणं, एग जहाक्खाद संजमो, एग केवलदंसणं, सुक्कलेस्सा व अलेस्सा अपज्जत्तेसु सुक्क लेस्सा, भव्व सिद्धिया, एग खइय सम्मत्तं, णो सण्णी णो असण्णी, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि, बे उवजोगा जुगवं, बे सुक्कज्झाणा पज्जत्तेसु दोण्णि अपज्जत्तेसु झाण रहिदो, सत्त आसवा पज्जत्तेसु पंच अपज्जत्तेसु बे आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुल कोडीणं, संखावेक्खा अट्ठ लक्ख अट्ठणउदि सहस्स बे उत्तर पंच सयं व अट्णवदि उत्तर पंच सयं, अपज्जत्तेसु एग सयं खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा व सव्वलोयो, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा व सव्वलोगो, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण पुव्वकोडीणं देसूणं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं अजोगीणं णाणा जीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण छम्मास, चोद्दस भावा अजोगीणं तेरस भावा, जहण्णमगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, एग सादावेयणीओ बंधो अजोगीसु अबंधो वा, सजोगीसु बादाल अजोगीसु बारस पयडीणं उदओ, पंचासीदि पयडीणं सच्चं अजोगीसु बे चरिमे पंचासीदि चरिमे बारस तेरस पयडीणं सच्चं होंति।

इदि केवल दंसणे सामण्णालाव सम्मत्ता।

केवल दर्शन सामान्य

उसी दर्शन मार्गणा के अनुवाद से केवल दर्शन का सामान्यलाप कहने पर-सयोग अयोग केवली दो गुणस्थान पर्याप्त में दोनों अपर्याप्त में एक सयोग केवली गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त दो जीवसमास, छह पर्याप्ति छह अपर्याप्ति, चार-दो व एक प्राण-पर्याप्त में चार व एक अपर्याप्त में दो व एक प्राण, क्षीण संज्ञा, एक मनुष्यगति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, सात योग व अयोग पर्याप्त में पाँच योग व अयोग अपर्याप्त में दो योग, अवेद, अकषाय, एक केवलज्ञान, एक यथाख्यात संयम, एक केवलदर्शन, शुक्ल लेश्या व अलेश्या अपर्याप्त में एक शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, एक क्षायिक सम्यक्त्व, नो संज्ञी नो असंज्ञी, आहारक अनाहारक दोनों, दो उपयोग युगपत, सूक्ष्मक्रिया प्रतिपाति-व्युपरत क्रिया निवर्तीनि दो शुक्ल ध्यान अपर्याप्त में ध्यान रहित, सात आस्रव पर्याप्त में पाँच अपर्याप्त में दो आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा-आठ लाख अन्ठानवे हजार पाँच सौ दो व पांच सौ अट्ठानवे अपर्याप्त में सौ, क्षेत्रापेक्षा-लोक का असंख्यातवां भाग व सर्वलोक, स्पर्शन-लोक का असंख्यातवां भाग व सर्वलोक, काल-नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अंर्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम एक कोटि पूर्व, अंतर-नानाजीवापेक्षा निरंतर अयोग केवली नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट छह मास, चौदह भाव अयोगी में तेरह भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, एक सातावेदनीय का बंध अयोगी में अबंध, सयोगी में ब्यालीस प्रकृतियों अयोगी में बारह प्रकृतियों का उदय, सयोगी में पचासी अयोगी के द्विचरम समय में पचासी चरम समय बारह/तेरह प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार केवलदर्शन में सामान्यालाप समाप्त हुआ।

319. केवल दर्शन सयोग केवलीजिन

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	सयोग केवली	–	–
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त अपर्याप्तक	सं.पं.पं.	सं.पं. अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	4	4	2/1 प्राण
5.	संज्ञा	क्षीण संज्ञा	–	–
6.	गति	मनुष्य गति	–	–
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	7	5	2
10.	वेद	अवेद	–	–
11.	कषाय	अकषाय	–	–
12.	ज्ञान	केवलज्ञान	–	–
13.	संयम	यथाख्यात	–	–
14.	दर्शन	केवल दर्शन	–	–
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्यत्व	भव्य	–
17.	सम्यक्त्व	क्षायिक	–	–
18.	संज्ञी	नो संज्ञी, नो असंज्ञी	–	–
19.	आहारक	दोनों	आहारक	दोनों
20.	उपयोग	दो	दो	दो
21.	ध्यान	सूक्ष्म क्रिया प्रतिपाती	–	–
22.	आस्रव	7	5	2
23.	जाति	14 लाख	–	–
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़	–	–
25.	संख्या	898502	–	–संख्यात (100)
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवा भाग व सर्वलोक		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवा भाग व सर्वलोक		
28.	काल	नाना जीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम एक कोटि पूर्व अपर्या. संख्यात समय		
29.	अन्तर	नाना व एक जीवपेक्षा निरंतर अपर्याप्त ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व		
30.	भाव	14 (औद.3, क्षा.9, पा.2)		
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ	उ. 525 धनुष	
32.	बन्ध	1 साता		
33.	उदय	42		
34.	सत्त्व	85		

319. केवलदंसण सजोगिजिणं

तेसिं केवलदंसणी सजोगि–गुणट्ठाण–जीवाणामालाव–भण्णमाणे अत्थि – एग सजोगकेवली गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीवसमासा, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, चत्तारि पाणा अपज्जत्तेसु बे एग पाणा, खीण सण्णा, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, सत्त जोगा पज्जत्तेसु पंच अपज्जत्तेसु बे जोगा, अवेदी, अकषायी, केवलणाणं, एग जहाक्खाद संजमो, केवल दंसणं, एग परम सुक्क लेस्सा, भव्व सिद्धिया, खइय सम्मत्तं, णो सण्णी णो असण्णी, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, बे उवजोगा जुगमं, एग सुहुमक्किया पडिपाडि सुक्कज्झाणं अपज्जत्तेसु णत्थिझाणं, सत्त आसवा पज्जत्तेसु पंच अपज्जत्तेसु बे आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा अट्ठ लक्ख अट्ठणउदि सहस्स बे उत्तर पंच सयं अपज्जत्तेसु सयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा व सव्वलोए, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा व सव्वलोए, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एग जीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण पुव्व कोडि देसूणं, अंतरं णाणेगजीवावेक्खा णिरंतरं, चोद्दस भावा, जहण्ण मवगहणं अद्धुठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, एगं सादावेयणीओ बंधो, बादाल पयडीणं उदओ एवं पंचासीदि पयडीणं सच्चं होंति।

इदि केवल दंसणे सजोगिजिणं आलाव सम्मत्ता।

केवलदर्शन सयोगकेवलीजिन

अब केवलदर्शनी सजोगीजिन जीवों के आलाप कहने पर – एक सजोगकेवली गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त दो जीव समास, छहों पर्याप्ति छ अपर्याप्ति, चार प्राण अपर्याप्त में दो–एक प्राण, क्षीण संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, सात योग पर्याप्तक में पाँच अपर्याप्तक में दो योग (समुद्घात के समय), अवेदी, अकषायी, केवलज्ञान, यथाख्यात संयम, केवल दर्शन, परमशुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, क्षायिक सम्यक्त्व, नो संज्ञी नो असंज्ञी, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्तक में आहारक अपर्याप्तक में दोनों, दो उपयोग युगपत्, एक सूक्ष्मक्रिया प्रतिपाति शुक्ल ध्यान, सात आस्रव पर्याप्तक में पाँच अपर्याप्तक में दो आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – आठ लाख अट्ठानवे हजार पाँच सौ दो, अपर्याप्तक में सौ, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवां भाग व सर्वलोक, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवां भाग व सर्वलोक, काल – नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम एक कोटि पूर्व, अंतर – नाना व एक जीवापेक्षा निरंतर, चौदह भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, एक साता वेदनीय प्रकृति का बंध, ब्यालीस प्रकृतियों का उदय एवं पचासी प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार केवलदर्शन में सयोग केवली जिन आलाप समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– पर्याप्ति–अपर्याप्ति यद्यपि यहाँ कोई शरीर संबंधी अपूर्णता नहीं है। किन्तु एक अवस्था ऐसी होती है जिस समय औदारिक शरीर के द्वारा पौद्गलिक वर्गणाओं को ग्रहण नहीं किया जाता है तथा मनोयोग और वचन योग भी नहीं होते हैं, उस समय कार्मण काय योग+औदारिक काय योग दोनों से मिलकर कर्म नो कर्म वर्गणाओं को ग्रहण करते हैं, यही अपर्याप्तक अवस्था है तथा एक अवस्था ऐसी भी आती है जिस समय कार्माण शरीर के द्वारा काययोग होता है उस समय कर्म वर्गणा तो ग्रहण होती है, किन्तु नो कर्म वर्गणा ग्रहण नहीं होती उसे ही अनाहारक कहा जाता है, केवली के ये दोनों अवस्था होती हैं इसलिए उन्हें अपर्याप्तक व अनाहारक भी कहते हैं। पर्याप्तक में दो मनोयोग दो वचन योग व औदारिक काय योग होता है इस अवस्था में केवली आहारक ही होते है। केवली के पाँचों इन्द्रियों का कार्य समाप्त हो जाने से तथा भाव मन न होने से चार प्राण (काय बल, वचनबल, आयु, श्वासोश्वास) होते है। अपर्याप्त अवस्था में वचन बल व श्वासोश्वास न होने से मात्र दो प्राण तथा अनाहारक में एक आयु प्राण ही होता है ये सारी अवस्था समुद्घात के समय बनती है। जो समुद्घात मात्र आठ समय में पूर्ण हो जाता है शेष समय केवली पर्याप्तक ही रहते हैं। केवली जिन सामान्य अवस्था में लोक के असंख्यात वे भाग में रहते हैं वही उनका स्पर्शन क्षेत्र है समुद्घात के समय लोक के असंख्यात वे भाग में संख्यात वे भाग में असंख्यात बहुभाग में और सर्वलोक में रहते हैं। बन्ध प्रकृति एक साता वेदनीय का ईर्यापथ आस्रव होता है उपचार से उसी का बन्ध कहा है उदय ब्यालीस प्रकृति का तीर्थंकर सहित यदि तीर्थंकर नहीं है तो इकतालीस प्रकृति का उदय पाया जाता है। सत्त्व प्रकृति यदि तीर्थंकर आहारकद्विक का सत्त्व है तो पिच्चासी यदि तीर्थंकर नहीं है आहारकद्विक है तो चौरासी यदि आहारकद्विक नहीं है तीर्थंकर है तो इक्यासी यदि तीर्थंकर आहारकद्विक नहीं है तो अस्सी प्रकृति का सत्त्व पाया जाता है। यहाँ आहारकद्विक के साथ आहारक बंधन व संघात भी रहता है इसलिए ये चारों साथ रहती हैं, अगर दो का अभाव हैं तो चारों का ही अभाव होगा दो के साथ दो का सद्भाव होगा ही शेष कथन सुगम है।

320. केवल दर्शन अयोगिजिन

1.	गुणस्थान	अयोग केवली गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	1 प्राण (आयु)
5.	संज्ञा	क्षीण संज्ञा
6.	गति	मनुष्य गति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	अयोग
10.	वेद	0 (अपगतवेद)
11.	कषाय	अकषाय
12.	ज्ञान	केवलज्ञान
13.	संयम	यथाख्यात चारित्र
14.	दर्शन	केवल दर्शन
15.	लेश्या	अलेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	क्षायिक
18.	संज्ञी	नो संज्ञी, नो असंज्ञी
19.	आहारक	अनाहारक
20.	उपयोग	2 (एक ज्ञानो., एक दर्शनोपयोग
21.	ध्यान	समुच्छिन्न क्रिया प्रतिपाति
22.	आस्रव	0 अनास्रव
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	598
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवा भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवा भाग
28.	काल	नाना जीव व एक जीवापेक्षा – अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. 6 माह एक जीवापेक्षा – निरन्तर
30.	भाव	13 (औद.2, क्षायि.9, पा.2)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	0
33.	उदय	12
34.	सत्त्व	85 द्विचरम समय 12/13 चरम समय

320. केवलदंसण अजोगीजिणं

तेसिं केवलदंसणी अजोगिजिण जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि, – एग अजोगकेवली गुणट्ठाणं, एग सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, एग आऊ पाणा, खीण सण्णा, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, अजोगी, अवगद वेदी, अकसायी, एग केवलणाणं, एग जहाक्खाद संजमो, एग केवल दंसणं, अलेस्सा, भव्वसिद्धिया, खइयसम्मत्तं, णो सण्णी णो असण्णी, अणाहारिणो, बे उवजोगा जुगमं, समुच्छिण्णक्किया पडिपाति एगं सुक्कज्झाणं, अणासवो, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा अट्ठणउदि उत्तर पंच सयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणेगजीवावेक्खा अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण छम्मास एग जीवावेक्खा णिरंतरं, तेरस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंचसयं धणू, अबंधो, बारस पयडीणं उदओ एवं बेचरिमे पंचासीदि चरिमसमये बारस तेरस पयडीणं सच्चं होंति।

इदि केवल दंसणे अजोगिजिणं आलाव सम्मत्ता।

केवलदर्शन अयोगीजिन

उन्हीं केवलदर्शनी अयोगीजिन जीवों के आलाप कहने पर – एक अयोगकेवली गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, एक आयु प्राण, क्षीण संज्ञा, मनुष्यगति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, अयोगी, अपगत वेदी, अकषायी, केवलज्ञान, यथाख्यात संयम, केवल दर्शन, अलेश्या, भव्यसिद्धिक, क्षायिक सम्यक्त्व, नो संज्ञी नो असंज्ञी, अनाहारक, दो उपयोग युगपत्, व्युपरतक्रिया निवर्तीनि (समुच्छिन्न क्रिया प्रतिपाती एक शुक्ल ध्यान, अनास्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा पाँच सौ अट्ठानवे, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवां भाग, काल – नाना व एक जीवापेक्षा अंतर्मुहूर्त, अंतर – नाना जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट छह माह एक जीवापेक्षा निरंतर, तेरह भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, अबंध, बारह प्रकृतियों का उदय एवं द्वि चरम समय में पचासी चरम समय में 12/13 प्रकृति का सत्त्व होता है।

इस प्रकार केवलदर्शन में अयोगिजिनों का आलाप समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– योग समाप्त हो जाने से अनास्रव हो जाते हैं। बालद्ध अन्तर्मुहूर्त कहा है वह काल पाँच ह्स्व अक्षर (अ इ उ ऋ लृ) बोलने में जितना समय लगता है उतना समय चौदहवें गुणस्थान का है उसके पश्चात् आत्मा सिद्धि शिला के ऊपर अन्तिम वात वलय में जाकर विराजमान हो जाती है उसे ही मोक्ष कहते हैं। अंतर की अपेक्षा कथन करने पर अधिक से अधिक छ माह तक कोई जीव मोक्ष न जाये उसके बाद नियम से कोई न कोई जीव मोक्ष जाता ही है क्योंकि छ माह आठ समय में छ सौ आठ जीव नियम से निर्वाण को प्राप्त होते हैं अगर छ माह तक न जाये तो आठ समयों में जाते हैं। द्वि चरम अर्थात् अन्तिम समय से एक समय पहले पिच्चासी प्रकृतियों में से एक समय में एक साथ तिहत्तर अथवा बहत्तर प्रकृति का क्षय कर देने से अन्तिम समय में बारह अथवा तीर्थंकर सहित तेरह प्रकृतियों का क्षय कर देते हैं। शेष कथन सुगम है।

प्रश्न–सिद्ध जीवों का निवास कहाँ पर है ?

उत्तर– तनुवात वलय के 1500 वें भाग में उत्कृष्ट अवगाहना वाले सिद्ध रहते हैं तथा 900000 (नो लाख) वे भाग में जघन्य अवगाहना (3½ हाथ) वाले सिद्ध रहते हैं। क्योंकि तनु वातवलय सिद्धलोक के पास 1575 धनुष की है। अत: 1575/525 =3 धनुष हुए। मनुष्यों के शरीर की अवगाहना व्यवहार अंगुल से मापी जाती है जबकि वातवलय प्रमाणांगुल से मापे जाते हैं अत: प्रमाणांगुल के व्यवहारांगुल बनाने पर=3X500=1500 होते हैं। 1575 धनुष के व्यवहार धनुष बनाने पर 787500 धनुष बने पुन: हाथ बनाने पर 787500X4=3150000 इसमें 3½ का भाग देने पर 3150000/3½=900000 प्राप्त हुए अत: सिद्ध हुआ कि उत्कृष्ट अवगाहना वाले सिद्ध 1500 वें भाग में जघन्य अवगाहना वाले 900000 (नौ लाख) वें भाग में विराजमान रहते है।

321. कृष्ण नील लेश्या सामान्य

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	1–4	1–4	1,2,4
2.	जीवसमास	14 7 पर्या. 7 अपर्या.	7	7
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	3,4,5,6,7,7,8,9,10	10,9,8,7,6,4	7,7,6,5,4,3
5.	संज्ञा	4	4	4
6.	गति	चारों गति	3 गति (देवगति बिना)	4
7.	इन्द्रिय	1–5	–	–
8.	काय	षट्काय	–	–
9.	योग	13 योग (आहारकद्विक बिना)	10 योग	3 योग
10.	वेद	3	–	–
11.	कषाय	25 कषाय	–	–
12.	ज्ञान	6 ज्ञान	–	5 ज्ञान (कुअवधि बिना)
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	3 दर्शन	–	–
15.	लेश्या	कृष्ण, नील	–	–
16.	भव्य	भव्य, अभव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	6	–	3 (क्षयो., मि., सा.)
18.	संज्ञी	संज्ञी, असंज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	आहारक, अनाहारक
20.	उपयोग	9 (6 ज्ञानो.+ 3 दर्शनो.)	–	8 (कुअवधिज्ञान के बिना)
21.	ध्यान	10	–	–
22.	आस्रव	55 (25क.+13 योग.+5 मि.+12 अ.)	52 (25+10+5+12)	45 (25+3+5+12)
23.	जाति	84 लाख	80 लाख (देव के बिना)	84 लाख
24.	कुलकोटि	199½ लाख करोड़	173½ लाख करोड़	199½ लाख करोड़
25.	संख्या	अनंतानंत		
26.	क्षेत्र	सर्वलोक		
27.	स्पर्शन	सर्वलोक		
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा – सर्वकाल एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 33 सागर व कुछ अधिक 17 सागर*		
29.	अन्तर	नाना जीव अपेक्षा – निरन्तर एक जीव अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 33 सागर		
30.	भाव	37 सामा. (औद. 17, क्षयो.15, क्षा.1, औप.1, पा.3), पर्या.36, अपर्या.34		
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का असंख्यातवाँ भाग उ. 1000 योजन		
32.	बन्ध	118 (आहारक द्विक बिना) क्योंकि कृष्ण नील लेश्या में 118 प्रकृति ही बन्ध योग्य है।		
33.	उदय	119 (आहारक द्विक व तीर्थंकर बिना) कृष्ण, नील लेश्या में आ.द्वि. व तीर्थंकर प्रकृति का उदय नहीं होता अत: उदय योग्य 119 प्रकृति है।		
34.	सत्त्व	148		
		* अपर्याप्तक का काल अन्तर्मुहूर्त होता है।		

321. किण्हणील लेस्सा सामण्णं

अह लेस्सा मग्गणाणुवादेण किण्ह णीललेस्साजुत्त सामण्ण जीवाणामालावभण्णमाणे अत्थि – एगत्तो चउरो गुणट्ठाणं अपज्जत्तेसु एग बे चदु तिण्णि गुणट्ठाणा, चोद्दस जीवसमासा सत्त पज्जत्तेसु सत्त अपज्जत्तेसु, छ पंच चउ पज्जत्ती छ पंच चउ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस णव अट्ठ सत्त छ चदु पाणा अपज्जत्तेसु सत्त सत्त छ पंच चउ ति पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि, पज्जत्तेसु देवेण गदि विणा तिण्णि गदी अपज्जत्तेसु चत्तारि*[1] गदी, एयत्तो पंचिंदियाणि, छक्काया, तेरस जोगा पज्जत्तेसु*[2] दस अपज्जत्तेसु तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, छण्णाणाणि अपज्जत्तेसु विभंगणाणेण विणा पंच णाणाणि, एग असंजमो, केवल दंसणेण विणा तिण्णि दंसणाणि, किण्ह णील बे लेस्सा, भव्वसिद्धिया अभव्वसिद्धिया दोण्णि, छ सम्मत्ता मिच्छत्त सासणसम्मामिच्छत्त खओवसमिय उवसम खइय अपज्जतेसु मिस्स उवसम खइय*[3] विणा तिण्णि सम्मत्ता, सण्णी असण्णी दोण्णि, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, णव उवजोगा अपज्जत्तेसु अट्ठ उवजोगा, चत्तारि अट्ट चत्तारि रुद्द बे धम्म दस झाणाणि, पणवण्ण आसवा पज्जत्तेसु वावण्ण अपज्जत्तेसु पणदाल आसवा, पज्जत्तेसु देवेण विणा असीदि लक्ख जादी अपज्जत्तेसु चउरासीदि लक्ख जादी, पज्जत्तेसु अद्ध तिसत्तदि उत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं अपज्जत्तेसु अद्ध णवणउदि उत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा अणंताणंत, खेत्तावेक्खा सव्वलोयो, फासावेक्खा सव्वलोयो, कालो*[4] णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण तेतीस सायरोवमाणि सादिरेयाणि सत्तदस सायरोवमाणि सादिरेयाणि, अंतरं*[5] णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण तेतीस सायरोवमाणि सादिरेयाणि, सामण्णेण सत्ततीस पज्जत्तेसु छत्तीस अपज्जत्तेसु चौतीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स असंखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजणसहस्सं, अट्ठदसुत्तर सयं पयडीओ बंधो, उणबीसुत्तर सयं पयडीणं उदओ एवं अडदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि लेस्सा मग्गणासु किण्हणील लेस्सा सामण्णालाव सम्मत्ता।

कृष्ण नील लेश्या सामान्य

अब लेश्या मार्गणा द्वारा कृष्ण नील लेश्यायुक्त सामान्य जीवों के आलाप कहने पर – एक से चार गुणस्थान अपर्याप्त में एक दो चार (तीन) गुणस्थान, चौदह जीव समास (सात पर्याप्त सात अपर्याप्त), छह – पाँच – चार पर्याप्ति छ – पाँच – चार अपर्याप्ति, दस – नौ – आठ – सात – छह – चार प्राण अपर्याप्त में सात सात– छ – पाँच – चार – तीन प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति पर्याप्त में देवगति बिना तीन गति अपर्याप्त में चारों गति, एक से पाँच इन्द्रिय, छहों काय, तेरह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में तीन योग, तीनों वेद, पच्चीस कषाय, छह ज्ञान अपर्याप्त में पाँच ज्ञान (कुअवधि) बिना, असंयम, केवलदर्शन बिना तीन दर्शन, कृष्ण नील दो लेश्या, भव्यसिद्धिक अभव्यसिद्धिक दोनों, मिथ्यात्व, सासादन,सम्यग्मिथ्यात्व, उपशम, क्षयोपशम क्षायिक छः सम्यक्त्व अपर्याप्तक में मिथ्यात्व सासादन क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व, संज्ञी असंज्ञी दोनों, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्तक में आहारक अपर्याप्तक में दोनों, नौ उपयोग अपर्याप्त में आठ उपयोग, दस ध्यान, पचपन आस्रव पर्याप्त में बावन अपर्याप्त में पैंतालीस आस्रव, चौरासी लाख जाति पर्याप्त में देव बिना अस्सी लाख जाति, पर्याप्त में एक सौ साढ़े तिहत्तर लाख करोड़ अपर्याप्त में एक सौ साढ़े निन्यानवे लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – अनंतानंत, क्षेत्रापेक्षा – सर्वलोक, स्पर्शन सर्वलोक, काल – नाना जीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट तेतीस सागर व साधिक सत्तरह सागर, अंतर – नाना जीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट साधिक तेतीस सागर, सामान्य से सेंतीस पर्याप्तक में छत्तीस अपर्याप्तक में चौतीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का असंख्यातवां भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, एक सौ अठारह प्रकृतियों का बंध, एक सौ उन्नीस प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार लेश्या मार्गणा में कृष्ण नील लेश्या का सामान्यालाप समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– *[1] भवनत्रिक देवों की अपर्याप्तक अवस्था में तीनों अशुभ लेश्या पायी जाती हैं इसलिए अपर्याप्त अवस्था में चार गति तथा उन्हीं की पर्याप्त अवस्था में एक मात्र पीत लेश्या पायी जाती है इसलिए पर्याप्त अवस्था में तीन गति कहीं हैं।

*[2] यहाँ आहारक काययोग नहीं होता है इसलिए तेरह योग कहे हैं अपर्याप्त अवस्था में तीन पर्याप्त अवस्था में दस योग हैं।

*[3] पर्याप्त अवस्था में छः सम्यक्त्व पाये जाते हैं, किंतु अपर्याप्त अवस्था में क्षायिक सम्यक्त्व नहीं पाया जाता क्योंकि अपर्याप्त अवस्था में क्षायिक सम्यक्त्व यदि अशुभ लेश्या में पाया जाता है तो मात्र कापोत में ही पाया जाता है।मिश्र सम्यक्त्व व प्रथमोपशम सम्यक्त्व में मरण नहीं होता इसलिए वे भी नहीं पाये जाते। क्षयोपशम सम्यक्त्व छटवे नरक से जब कोई जीव नारकी मरण कर मनुष्यगति में आ रहा है उस समय अपर्याप्त अवस्था में सम्यक्त्व के साथ कृष्ण लेश्या पायी जाती है।

*[4] कृष्ण लेश्या की सातवे नरक में उत्कृष्ट स्थिति प्राप्त होती है नील लेश्या की पाँचवे नरक में इस प्रकार उत्पन्न होने के अन्तर्मुहूर्त पहले तथा वहाँ से निकलने के अन्तर्मुहूर्त बाद तक उक्त लेश्या पायी जाती है इसलिए साधिक कहा है।

*[5] अन्तर निकालते समय कोई जीव एक पूर्व कोटि के मनुष्यों में उत्पन्न हुआ पश्चात् गर्भ से लेकर 8 वर्ष के भीतर छः अन्तर्मुहूर्त शेष रहने पर कृष्ण लेश्या रूप से स्वयं को परिणमाकर प्राप्त हुआ इस प्रकार कृष्ण लेश्या का प्रारंभ कर क्रम से नील लेश्या कापोत आदि शुक्ल लेश्या में परिपाटी क्रम से जाकर अन्तर करता हुआ संयम ग्रहण किया तीन शुभ लेश्याओं में जीवन भर रहा पुनः तेतीस सागर की आयु वाले देवों में उत्पन्न हुआ, पश्चात् आयु पूर्ण कर मनुष्यों में उत्पन्न होकर क्रमशः शुक्ल पद्म तेज कापोत नील के बाद कृष्ण लेश्या रूप परिणमन किया। इस प्रकार दस अन्तर्मुहूर्त कम आठ वर्ष से हीन पूर्व कोटि अधिक तेतीस सागर प्रमाण अन्तर प्राप्त हुआ। इसी प्रकार नील लेश्या का जानना चाहिए। अन्तर इतना है नील लेश्या आठ अन्तर्मुहूर्त कम प्राप्त होता है। बंध प्रकृतियाँ एक सौ अठारह हैं क्योंकि तीर्थंकर प्रकृति का बंध होता है किंतु आहारकद्विक का बंध नहीं होता इसी प्रकार तीर्थंकर आहारकद्विक का उदय न होने से उदय योग्य एक सौ उन्नीस प्रकृति हैं।

322. कृष्ण लेश्या मिथ्यात्व गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	मिथ्यात्व	–	–
2.	जीवसमास	14 जीवसमास, पर्याप्त, अपर्याप्त	7 पर्याप्त जीवसमास	7 अपर्याप्त जीव समास
3.	पर्याप्ति	6,5,4 पर्याप्ति, अपर्याप्ति	6,5,4 पर्याप्ति	6,5,4 अपर्याप्ति
4.	प्राण	3–10	4,6,7,8,9,10 प्राण	7,7,6,5,4,3
5.	संज्ञा	4	–	–
6.	गति	चारों गति	3 गति (देवगति बिना)	4
7.	इन्द्रिय	1–5	–	–
8.	काय	षट्काय	–	–
9.	योग	13 योग (आहारक द्विक के बिना)	10 योग	3 योग (औदा.मि.,वै.मि.,का. काययोग)
10.	वेद	3 वेद	–	–
11.	कषाय	25 कषाय	–	–
12.	ज्ञान	3 कुज्ञान	–	2 कुज्ञान
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	2 दर्शन	–	–
15.	लेश्या	कृष्ण	–	–
16.	भव्य	भव्य, अभव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	मिथ्यात्व	–	–
18.	संज्ञी	संज्ञी, असंज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	दोनों
20.	उपयोग	5 उपयोग	–	4 उपयोग (कुअवधिज्ञान के बिना)
21.	ध्यान	8 (4 आर्त्त, 4 रौद्र)	–	–
22.	आस्रव	55(25क.+5मि.+12अवि.+13यो.)	52 (25+12+5+10)	45 (25+5+12+3)
23.	जाति	84 लाख	80 लाख	84 लाख
24.	कुलकोटि	199½ लाख करोड़	173½ लाख करोड़	199½ लाख करोड़
25.	संख्या	अनंतानंत		
26.	क्षेत्र	सर्वलोक		
27.	स्पर्शन	सर्वलोक		
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा – सर्वकाल, एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 33 सागर अपर्या. अंतर्मुहूर्त		
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – निरन्तर, एक जीवापेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम 33 सागर		
30.	भाव	सामान्य से 29 (औद.16, मि.10, पा.3)	पर्याप्त 28 (औद.15 मि.10 पा.3)	अपर्याप्त 28 (औद.16 मि.9 पा.3)
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का असंख्यातवाँ भाग	उ. 1000 योजन	
32.	बन्ध	117 (तीर्थंकर बिना)		
33.	उदय	117 (सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, तीर्थंकर, आहारक द्विक बिना)		
34.	सत्त्व	147 (तीर्थंकर बिना)– कृष्ण लेश्या के साथ मिथ्यात्व गुणस्थान में तीर्थंकर प्रकृति का सत्त्व नहीं पाया जाता यद्यपि कृष्ण लेश्या के साथ सम्यक्त्व में तो तीर्थंकर प्रकृति का सत्त्व पाया जाता है परन्तु तीर्थंकर प्रकृति की सत्ता वाला नरक जाने के सम्मुख होता है उस समय अन्तर्मुहूर्त के लिए मिथ्यात्व को प्राप्त होता है, और उस समय मात्र एक कापोत लेश्या ही होती है। क्योंकि कापोत लेश्या के साथ ही नरक जा सकता है अन्य लेश्या में नहीं अत: मिथ्यात्व व कृष्ण लेश्या के साथ तीर्थंकर प्रकृति की सत्ता नहीं होती।		

322. किण्ह लेस्सा मिच्छत्त गुणट्ठाणं

तेसिं किण्ह लेस्सा जीवाणं मिच्छत्त गुणट्ठाणालाव भण्णमाणे अत्थि – एग मिच्छत्त गुणट्ठाणं, पज्जत्तापज्जत्तेसु सत्त सत्त चोद्दस जीव समासा, छ पंच चउ पज्जत्ती छ पंच चउ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस णव अट्ठ सत्त छ चउ पाणा अपज्जत्तेसु सत्त सत्त छ पंच चउ ति पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी पज्जत्तेसु देवेण विणा तिण्णिगदी अपज्जत्तेसु चत्तारि गदी, एयत्तो पंचिदियाणि, छक्काय, तेरस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, तिण्णि अण्णाणाणि अपज्जत्तेसु बे अण्णाणाणि, एग असंजमो, चक्खु अचक्खु बे दंसणाणि, एग किण्ह लेस्सा, भव्वसिद्धिया अभव्वसिद्धिया दोण्णि, एग मिच्छत्त सम्मत्तं, सण्णी असण्णी दोण्णि, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, पंच उवजोगा अपज्जत्तेसु चत्तारि उवजोगा, चत्तारि अट्ट चत्तारि रुद्द अट्ठ झाणाणि, पणवण्ण आसवा पज्जत्तेसु वावण्ण अपज्जत्तेसु पणदाल आसवा, चउरासीदि लक्ख जादी पज्जत्तेसु देवेण विणा असीदि लक्ख जादी, अद्धणवणउदि उत्तर सयं लक्ख कोडि कुल कोडीणं पज्जत्तेसु अद्धतिसत्तदि उत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा अणंताणंत, खेत्तावेक्खा सव्वलोय, फासावेक्खा सव्वलोय, कालो णाणाजीवावेखा सव्वकालो एग जीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण तेतीस सायरोवमाणि सादिरेयाणि, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खाए जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण किंचिदूण तेतीस सायरोवमाणि, उणतीसभावा अपज्जत्तेसु अट्ठवीस भावा पज्जत्तेसु अट्ठवीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स असंखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजणसहस्सं, सत्तदसुत्तर सयं पयडीणं बंधो, सत्तदसुत्तर सयं पयडीणं उदओ एवं तित्थयरेण विणा सत्तदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।*

इदि किण्ह लेस्सासु मिच्छत्त गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

कृष्ण लेश्या मिथ्यात्व गुणस्थान

उन्हीं कृष्ण लेश्या युक्त जीवों के मिथ्यात्व गुणस्थानालाव कहने पर – एक मिथ्यात्व गुणस्थान, सात पर्याप्त सात अपर्याप्त चौदह जीवसमास, छहों – पाँच चार पर्याप्ति छहों पाँच चार अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस – नौ – आठ – सात – छ – चार प्राण अपर्याप्त में सात – सात – छ – पाँच – चार – तीन प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति पर्याप्त में देव बिना तीन गति अपर्याप्त में चारों गति, एक से पाँच इंद्रिय, छहों काय, तेरह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में तीन योग, तीनों वेद, पच्चीस कषाय, तीन अज्ञान अपर्याप्त में दो अज्ञान, एक असंयम, चक्षु अचक्षु दो दर्शन, कृष्ण लेश्या, भव्यसिद्धिक अभव्यसिद्धिक दोनों, एक मिथ्यात्व सम्यक्त्व, संज्ञी असंज्ञी दोनों, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्तकों में आहारक अपर्याप्तकों में दोनों, पाँच उपयोग अपर्याप्त में चार उपयोग, चार आर्त्त चार रौद्र आठ ध्यान, पचपन आस्रव पर्याप्तक में बावन अपर्याप्तक में पैंतालीस आस्रव, चौरासी लाख जाति पर्याप्त में देव की चार लाख बिना अस्सी लाख, एक सौ साढ़े निन्यानवे लाख करोड़ कुल कोटि पर्याप्त में एक सौ साढ़े तिहत्तर लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – अनंतानंत, क्षेत्रापेक्षा – सर्वलोक, स्पर्शन – सर्वलोक, काल – नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ अधिक तेतीस सागर, अंतर – नाना जीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम तेतीस सागर, उनतीस भाव पर्याप्त में अपर्याप्त में अट्ठाईस–अट्ठाईस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल के असंख्यातवें भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, एक सौ सत्रह प्रकृतियों का बंध, एक सौ सत्रह प्रकृतियों का उदय एवं तीर्थंकर बिना एक सौ सैंतालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार कृष्ण लेश्या में मिथ्यात्व गुणस्थान समाप्त हुआ।

---

* विशेषार्थ– संदृष्टि के साथ दिया है वहाँ से जानो।

323. कृष्ण लेश्या सासादन गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	सासादन	–	–
2.	जीवसमास	7	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास	6 अपर्याप्तक जीव समास
3.	पर्याप्ति	6,5,4 अपर्याप्ति, पर्याप्ति 6	6 पर्याप्ति	6,5,4 अपर्याप्ति
4.	प्राण	3–10	10 प्राण	7,7,6,5,4,3
5.	संज्ञा	4	–	–
6.	गति	चारों गति	3 गति (देवगति बिना)	3 गति (नरक गति बिना)
7.	इन्द्रिय	1–5	पंचेन्द्रिय	1–5
8.	काय	तीन स्थावर व त्रस काय	त्रसकाय	तीन स्थावर व त्रस काय
9.	योग	13 योग (आहारकद्विक बिना)	10 योग	3 योग
10.	वेद	3 वेद	–	–
11.	कषाय	25 कषाय	–	–
12.	ज्ञान	3 कुज्ञान	–	2 कुज्ञान
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	2 दर्शन	–	2 दर्शन
15.	लेश्या	कृष्ण लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	सासादन	–	–
18.	संज्ञी	संज्ञी, असंज्ञी	संज्ञी	संज्ञी, असंज्ञी
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	आहारक, अनाहारक
20.	उपयोग	5 (3 ज्ञानो. + 2 दर्शनो.)	5	4 (2 ज्ञानो. + 2 दर्शनो.)
21.	ध्यान	8 (4 आर्त्त 4 रौद्र)	–	–
22.	आस्रव	50 (25 क.+13 यो.+12 अवि.)	47 (25+10+12)	40 (25+3+12)
23.	जाति	56	22 लाख	52 लाख
24.	कुलकोटि	189½ लाख करोड़	82½ लाख करोड़	164½ लाख करोड़
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवा भाग		
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवा भाग		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवा भाग, कुछ कम 5/14 राजू		
28.	काल	नाना जीव की अपेक्षा – ज. एक समय	उ. पल्योपम का असंख्यातवा भाग	
		एक जीव की अपेक्षा – ज. एक समय	उ. 6 आवली	
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय	उ. पल्योपम का असंख्यातवा भाग	
		एक जीवापेक्षा – ज. पल्योपम का असंख्यातवा भाग उ. कुछ कम 33 सागर		
30.	भाव	सा. 27 (औद. 15, क्षयो. 10, पारि.2)	पर्या. 26 (औद. 14, क्षयो. 10, पा.2)	अपर्या. 25 (14+9+2)
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का असंख्यातवा भाग	उ. संख्यात धनुष	
32.	बन्ध	101 गुणस्थानोक्त		
33.	उदय	111 सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, मिथ्यात्व, सूक्ष्म, साधारण, अपर्याप्त, आतप, नरक गत्यानुपूर्वी इन 8 प्रकृतियों के बिना		
34.	सत्त्व	145 (आहारकद्विक, तीर्थंकर इन तीन प्रकृति बिना)		
		दूसरे (सासादन) गुणस्थान में तीर्थंकर व आहारकद्विक का सत्त्व नियम से नहीं पाया जाता क्योंकि ऐसा स्वभाव हैं।		

323. किण्ह लेस्सा सासाण गुणट्ठाणं

तेसिं किण्ह लेस्सा सासण गुणट्ठाणागद जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि, – एग सासण गुणट्ठाणं, सामण्णं सत्त जीव समासा पज्जत्तेसु सण्णी पंचिंदिय अपज्जत्तेसु एइंदियत्तो पंचिंदिय छ जीवसमासा, छ पज्जत्ती छ पंच चउ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस पाणा अपज्जत्तेसु सत्त सत्त छ पंच चउ ति पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी पज्जत्तेसु देवेण विणा तिण्णि गदी अपज्जत्तेसु णिरय गदी विणा तिण्णि गदी, पज्जत्तेसु पंचिंदियाणि अपज्जत्तेसु एइंदियत्तो पंचिंदियाणि, पज्जत्तेसु तस अपज्जत्तेसु तिथावर त्रस काया, तेरस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, तिण्णि अण्णाणाणि अपज्जत्तेसु बे अण्णाणाणि, असंजमो, चक्खु अचक्खु बे दंसणाणि, किण्ह लेस्सा, भव्वसिद्धिया, एग सासणसम्मत्तं, सण्णी असण्णी दोण्णि पज्जत्तेसु सण्णी अपज्जत्तेसु दोण्णि, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु अहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, पंच उवजोगा अपज्जत्तेसु चत्तारि उवजोगा, चत्तारि अट्ट चत्तारि रुद्द अट्ठ झाणाणि, पंचास आसवा पज्जत्तेसु सत्तदाल अपज्जत्तेसु दाल आसवा, छप्पण लक्ख जादी पज्जत्तेसु बाबीस लक्ख अपज्जत्तेसु वावण्ण लक्ख जादी, अद्ध णवासीदि उत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं पज्जत्तेसु अद्धुत्तर बेअसीदि लक्ख कोडि कुल कोडीणं अपज्जत्तेसु अद्ध चउसट्ठि उत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा एवं किंचिदूण पंच चोद्दस भागा वा देसूणा*, कालो णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एग जीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण छावली, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एगजीवावेक्खा जहण्णेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा उक्कस्सेण तेतीस सागरोवमाणि देसूणाणि, सामण्णेण सत्तबीस पज्जत्तेसु छब्बीस भावा अपज्जत्तेसु पणवीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स असंखेज्जदि भागा उक्कस्सेण संखेज्ज धणू, एगुत्तर सयं पयडीणं बंधो, एगादसुत्तर सयं पयडीणं उदओ एवं तित्थयर व आहार दुगेहिं विणा पणदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि किण्ह लेस्सासु सासण गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

कृष्ण लेश्या सासादन गुणस्थान

उन्हीं कृष्ण लेश्या सासादन गुणस्थानवर्ती जीवों के आलाप कहने पर – एक सासादन गुणस्थान, सात जीव समास पर्याप्त में संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त में एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय छह छहों पर्याप्ति छ – पाँच –चार अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस प्राण अपर्याप्त में सात – सात – छह – पाँच – चार – तीन प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारो गति पर्याप्त में देव बिना तीन गति अपर्याप्त में नरक बिना तीन गति, पर्याप्त में पंचेन्द्रिय अपर्याप्त में एक से पाँच इन्द्रिय, पर्याप्त में त्रस अपर्याप्त में तीन स्थावर व त्रस काय, तेरह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में तीन योग, तीनों वेद, पच्चीस कषाय, तीन अज्ञान अपर्याप्त में दो अज्ञान, असंयम, चक्षु अचक्षु दो दर्शन, कृष्ण लेश्या, भव्यसिद्धिक, एक सासादन सम्यक्त्व, संज्ञी असंज्ञी दोनों पर्याप्तक में संज्ञी अपर्याप्तक में दोनों, आहारक अनाहारक दोनों अपर्याप्त में दोनों पर्याप्तक में आहारक, पाँच उपयोग अपर्याप्त में चार उपयोग, चार आर्त्त चार रौद्र आठ ध्यान, पचास आस्रव पर्याप्त में सैंतालीस अपर्याप्त में चालीस आस्रव, छप्पन लाख जाति पर्याप्त में बाईस लाख अपर्याप्त में बावन लाख जाति, एक सौ साढ़े नवासी लाख करोड़ कुल कोटि पर्याप्त में साढ़े ब्यासी लाख करोड़ अपर्याप्त में एक सौ साढ़े चौंसठ लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – पल्योपम का असंख्यातवां भाग, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवां भाग व कुछ कम 5/14 राजू, काल – नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट छह आवली, अंतर – नाना जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग एक जीवापेक्षा जघन्य पल्योपम का असंख्यातवां भाग उत्कृष्ट कुछ कम तेतीस सागर, सत्ताईस भाव पर्याप्तक व अपर्याप्तक में छब्बीस–पच्चीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का असंख्यातवां भाग उत्कृष्ट संख्यात धनुष, एक सौ एक प्रकृतियों का बंध, एक सौ ग्यारह प्रकृतियों का उदय एवं तीर्थंकर व आहारकद्विक बिना एक सौ पैंतालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार कृष्ण लेश्या में सासादन गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– गति का कथन करने पर कृष्ण लेश्या देवों की पर्याप्त अवस्था में होती नहीं है इसलिए पर्याप्तक में तीन गति कहीं सासादन सम्यक्त्व के साथ नरक में नहीं जाता किन्तु भवनत्रिक में अपर्याप्तक देव कृष्ण लेश्या वाला हो सकता है इसलिए अपर्याप्त में नरक बिना तीन गति कही हैं। स्पर्शन का कथन करने पर कोई छटवी पृथ्वी का नारकी नरक से निकला और तिर्यंचों में उत्पन्न होता है तो उसका स्पर्शन 5/14 राजू बन जाता है शेष कथन सुगम है।

324. कृष्ण लेश्या मिश्र गुणस्थान

1.	गुणस्थान	सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	4
6.	गति	3 गति (देवगति बिना)
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	10
10.	वेद	3 वेद
11.	कषाय	21 कषाय (अनंतानुबंधी बिना)
12.	ज्ञान	3 मिश्रज्ञान
13.	संयम	असंयम
14.	दर्शन	2 दर्शन
15.	लेश्या	कृष्ण
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	सम्यग्मिथ्यात्व
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	5 (3 ज्ञानो. + 2 दर्शनो.)
21.	ध्यान	8 (4 आर्त्त 4 रौद्र)
22.	आस्रव	43 (21 कषाय, 10 योग 12, अवि.)
23.	जाति	22 लाख
24.	कुलकोटि	82½ लाख करोड़
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवा भाग
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवा भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवा भाग
28.	काल	नाना जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. पल्योपम का असंख्यातवा भाग एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. अन्तर्मुहूर्त [*1]
29.	अन्तर	नाना जीव अपेक्षा – ज. एक समय उ. पल्योपम का असंख्यातवा भाग एक जीव अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम 33 सागर [*2]
30.	भाव	26 (औद. 14, मि.10, औ. 1, पा.2)
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का असंख्यातवाँ भाग उ. 1000 योजन
32.	बन्ध	74 गुणस्थानोक्त
33.	उदय	98 (4 अनंतानुबंधी कषाय, एकेन्द्रियादि 4 जाति, स्थावर, देवद्विक, देवायु, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, सम्यक्त्व, मिथ्यात्व, आतप, सूक्ष्म, साधारण, अपर्याप्त, नरक गत्यानुपूर्वी इन 21 प्रकृति बिना)
34.	सत्त्व	147 (तीर्थंकर बिना)[*]
		[*] मिश्र गुणस्थान आहारकद्विक का सत्त्व पाया जा सकता है लेकिन तीर्थंकर प्रकृति का सत्त्व कदापि नहीं पाया जाता ऐसा अटल सिद्धांत है। [*1](ध.पु.–4, सूत्र – 9–10–11–12) [*2](ध. पु. 5, सूत्र5 299, 300–301)

324. किण्ह लेस्सा सम्मामिच्छत्त गुणट्ठाणं

तेसिं किण्ह लेस्सागद सम्मामिच्छाइट्ठी जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग सम्मामिच्छाइट्ठी गुणट्ठाणं, एग सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छपज्जत्ती, दस पाणा, चत्तारि सण्णा, देवेण विणा तिण्णि गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, दस जोगा, तिण्णि वेदा, इगबीस कसाया, तिण्णि मिस्स णाणाणि, एग असंजमो, चक्खु अचक्खु बे दंसणाणि, किण्ह लेस्सा, भव्वसिद्धिया, सम्मामिच्छत्त सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो, पंच उवजोगा, अट्ठज्झाणाणि, तिदाल आसवा, बाबीस लक्ख जादी, अद्धुत्तर बेअसीदि लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा*, कालो णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमयो उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण तेतीस सायरोवमाणि देसूणाणि, छब्बीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स संखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजणसहस्सं, चउसत्तदि पयडीणं बंधो, अट्ठणउदि पयडीणं उदओ एवं सत्तदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि किण्ह लेस्सासु सम्मामिच्छत्त गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

कृष्णलेश्या सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थान

उन्हीं कृष्णलेश्यागत सम्यग्मिथ्यात्वी जीवों के आलाप कहने पर – एक सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थान, एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, चारों संज्ञाएँ, देवगति बिना तीन गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, दस योग, तीनों वेद, इक्कीस कषाय, तीन मिश्रज्ञान, एक असंयम, चक्षु अचक्षु दो दर्शन, कृष्ण लेश्या, भव्य सिद्धिक, सम्यग्मिथ्यात्व सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, पाँच उपयोग, आठ ध्यान, तेतालीस आस्रव, बाईस लाख जाति, साढ़े ब्यासी लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – पल्योपम का असंख्यातवां भाग, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग, काल – नानाजीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग एक जीवापेक्षा जघन्य उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त, अंतर – नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग एकजीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम तेतीस सागर, छब्बीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का संख्यातवां भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, चौहत्तर प्रकृतियों का बंध, अन्ठानवे प्रकृतियों का उदय, एवं एक सौ सैंतालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार कृष्ण लेश्या में सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– * यहाँ केवल स्पर्शन का कथन करते हैं क्योंकि यहाँ स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग इसलिए कहा है कि यहाँ मारणांतिक उपपाद पद तो होते ही नहीं है विहार नारकियों का व तिर्यंचों का ज्यादा होता नहीं उनका लोक का असंख्यातवां भाग मात्र है। इसी प्रकार वेदना कषाय विक्रिया आदि का जानना चाहिए शेष कथन सुगम है।

शंका– नरकों में लेश्या परावर्तन किस प्रकार होता है ? क्या कापोत लेश्या नील लेश्या रूप हो जाती है अथवा कृष्ण रूप हो जाती है यदि ऐसा है तो लेश्याओं का उक्त काल संभव नहीं है दूसरी बात फिर सातवे नरक में कृष्ण लेश्या ही क्यों बनी रहती है ? छहों लेश्या होना चाहिए क्योंकि ऐसा राजवार्तिक ग्रंथ में आया है वहाँ कहा गया है– भाव लेश्यस्तु षडपि प्रत्येक अन्तर्मुहूर्त परिवर्तिन्य: (त.राज.वा.पृ.264 अ.3 सू.3 की टीका) भाव लेश्या प्रत्येक अन्तर्मुहूर्त में छ प्रकार से परिवर्तन करती है सो इसका क्या आशय है ? (र.मु.व्य.कृति. से साभार)

समाधान– लेश्याओं में दो प्रकार का संक्रमण होता है 1. स्वस्थान संक्रमण 2. परस्थान संक्रमण वहाँ परस्थान संक्रमण नहीं होता स्वस्थान षट्स्थान पतित हानि वृद्धिरूप होता है। क्योंकि भाव लेश्या में अविभागी प्रतिच्छेद की अपेक्षा षट्स्थान पतित हानि वृद्धिरूप असंख्यात स्थान पाये जाते हैं वहाँ अन्तर्मुहूर्त बाद स्वस्थान संक्रमण हानिवृद्धि रूप स्थान होते रहते हैं यही अर्थ यहाँ ग्रहण करना चाहिए न कि एक लेश्या दूसरी लेश्या हो जाती है ऐसा ग्रहण नहीं करना चाहिए। क्योंकि ध.पु.7 पत्र 7 गो.जी.का.गा. नं. 528 में कृष्णादि लेश्याओं का काल क्रमश: 33, 17, 7 सागर कहा है। वही गा.नं. 488 में नरकों में कृष्ण, नील, कापोत लेश्या ही पायी जाती है जो जीवन पर्यंत रहती हैं।

गोम्मटसार जीवकाण्ड में द्रव्य से नारकियों में एक कृष्ण लेश्या कही है किंतु राजवार्तिक में तीनों अशुभ लेश्या कहीं हैं जो जीवन पर्यंत रहती हैं। विशेष जानने के लिए उक्त ग्रंथों का अवलोकन करना चाहिए।

325. कृष्ण लेश्या असंयत गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	अविरत संयत गुणस्थान	–	–
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त व अपर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10,7	10	7
5.	संज्ञा	4	–	–
6.	गति	3 (देवगति बिना)	–	एक मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	12	10 (4 म., 4 व., औ.वै.)	2 (औदारिक मिश्र, कार्मण)
10.	वेद	3	–	पुरुषवेद
11.	कषाय	21	–	19 कषाय (स्त्री व नपुंसक वेद बिना)
12.	ज्ञान	3 ज्ञान	–	–
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	3 दर्शन	–	–
15.	लेश्या	कृष्ण	–	–
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षा.,क्षयो., उप.)	3 (तीनों)	1 (क्षयो.)
18.	संज्ञी	संज्ञी		
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	आहारक, अनाहारक
20.	उपयोग	6 (3 ज्ञानो. + 3 दर्शनो.)	6	–
21.	ध्यान	10	–	–
22.	आस्रव	45 (21 क.+12 यो+12 अवि.)	43 (21+10+12)	33 (19+2+12)
23.	जाति	22 लाख	22 लाख	14 लाख
24.	कुलकोटि	82½ लाख करोड़	82½ लाख करोड़	14 लाख करोड़
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग	–	संख्यात
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
28.	काल	नाना जीव की अपेक्षा – सर्वकाल एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम 33 सागर		
29.	अन्तर	नाना जीव अपेक्षा – निरन्तर एक जीव अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम 33 सागर		
30.	भाव	30 (औद. 14, मि.12, क्षा.1, पा.2, औप.1) अपर्याप्त में 24 भाव		
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का संख्यातवा भाग अथवा संख्यात अंगुल उ. 1000 योजन		
32.	बन्ध	77 गुणस्थानोक्त		
33.	उदय	99 * (पूर्वोक्त 21–1 म. गत्या. 20+1 स.मि. 21– सम्यक्त्व = 20 प्रकृति बिना)		
34.	सत्त्व	148		
		* क्योंकि यहाँ मनुष्य गत्यानुपूर्वी का उदय होता है अत: इक्कीस में म.गत्या. कम की बची बीस सम्यग्मिथ्यात्व का अनुदय सम्यक्त्व प्रकृति का उदय इस प्रकार बीस प्रकृतियों का अनुदय होने से निन्यानवे प्रकृतियों का उदय पाया जाता है। विशेष– अपर्याप्तक में सम्यक्त्व के साथ कृष्ण लेश्या केवल मनुष्य गति में ही पायी जाती है अन्य गति में नहीं क्योंकि छटवें अथवा पाँचवे नरक से निकलने वाला नारकी जब मनुष्य गति में आता है उसी समय यह लेश्या पायी जाती है, अन्य स्थानों पर नहीं अत: मनुष्यगति सबंधी सर्वपद पाये जाते हैं। सम्यक्त्व एक क्षयोपशम ही पाया जाता है।		

नोट – नील लेश्या का सम्पूर्ण विवरण कृष्ण लेश्या के समान है विशेषता यह है कि उसका उत्कृष्ट काल 17 सागर है। कृष्ण लेश्या अथवा नील लेश्या के साथ तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध व सत्त्व केवल मनुष्यगति पर्याप्तक में ही पाया जाता है।

325. किण्ह लेस्सा असंजद गुणट्ठाणं

तेसिं किण्ह लेस्सागद जीवाणं अविरद संजदो गुणट्ठाणालाव भण्णमाणे अत्थि – एग अविरद संजदो गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीव समासो, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, दस सत्त पाणा, चत्तारि सण्णा, देवेण विणा तिण्णि गदी अपज्जत्तेसु एग मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, बारस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु ओरालियमिस्स कम्माण बे काय जोगा, तिण्णि वेदा अपज्जत्तेसु पुरिस वेदो, इगबीस कसाया अपज्जत्तेसु उणबीस कसाया, तिण्णि णाणाणि, एग असंजमो, तिण्णि दंसणाणि, एग किण्ह लेस्सा, भव्व सिद्धिया, उवसम खओवसमिय खइय तिण्णि सम्मत्ता अपज्जत्तेसु एग खओवसमिय सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, छ उवजोगा, दस झाणाणि, पणदाल आसवा पज्जत्तेसु तिदाल अपज्जत्तेसु तेतीस आसवा, बाबीस लक्ख जादी अपज्जत्तेसु चोद्दस लक्ख जादी, अद्धुत्तर बेअसीदि लक्ख कोडि कुलकोडीणं अपज्जतेसु चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा अपज्जत्तेसु संखेज्जा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण तेतीस सायरोवमाणि देसूणाणि, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण तेतीस सायरोवमाणि देसूणाणि, तीस भावा अपज्जत्तेसु चउवीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स संखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजणसहस्सं, सत्त सत्तदि पयडीणं बंधो, णवणउदि पयडीणं उदओ एवं अड़दालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि किण्ह लेस्सासु असंजद गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

कृष्ण लेश्या असंयत गुणस्थान

उन्हीं कृष्ण लेश्यागत जीवों के अविरत संयत गुणस्थानालाप कहने पर – एक अविरत संयत गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त दो जीव समास, छहों पर्याप्ति छहों अपर्याप्ति, दस–सात प्राण, चारों संज्ञाएँ, देवगति बिना तीन गति अपर्याप्त में मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, बारह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में औ. मिश्र. कार्माण काय दो योग, तीन वेद अपर्याप्तक में पुरुष वेद, इक्कीस कषाय अपर्याप्तक उन्नीस कषाय, तीन ज्ञान, एक असंयम, तीन दर्शन, एक कृष्ण लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षयोपशम क्षायिक तीन सम्यक्त्व अपर्याप्त में एक क्षयोपशम सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्तक में आहारक अपर्याप्तक में दोनों, छह उपयोग, दस ध्यान, छ्यालीस आस्रव पर्याप्त में तेतालीस अपर्याप्त में छत्तीस आस्रव, बाईस लाख जाति अपर्याप्त में चौदह लाख जाति, साढ़े ब्यासी लाख करोड़ कुल कोटि अपर्याप्त में चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – पल्योपम का असंख्यातवां भाग अपर्याप्तक संख्यात, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवां भाग, काल – नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एकजीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम तेतीस सागर, अंतर – नानाजीवापेक्षा – निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम तेतीस सागर, तीस भाव अपर्याप्तक में चौबीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का असंख्यातवां भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, सतत्तर प्रकृतियों का बंध, निन्यानवे प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार कृष्ण लेश्या में असंयत गुणस्थान समाप्त हुआ।

नोट – नील लेश्या का संपूर्ण कथन कृष्ण लेश्या के समान है सिर्फ काल में अंतर है, नील लेश्या का उत्कृष्ट काल सत्रह सागर है।

विशेषार्थ :– यहाँ वैक्रियक मिश्र काययोग नहीं पाया जाता क्योंकि चतुर्थ गुणस्थान वाला जीव भवनत्रिक देवों में व नारकियों में उत्पन्न नहीं होता और कल्पवासियों में कृष्ण लेश्या नहीं पायी जाती वहाँ सिर्फ तीनों शुभ लेश्याऐं ही पायी जाती हैं, इसलिए वैक्रियक मिश्र काय योग नहीं होता। कृष्ण लेश्या वाला सम्यग्दृष्टि जीव अपर्याप्तक अवस्था में पुरुष वेद के साथ ही उत्पन्न होता है नपुंसक व स्त्री वेद कदापि नहीं होता। कृष्ण लेश्या के साथ सम्यग्दृष्टि जीव अपर्याप्तक अवस्था में मनुष्य ही होता है शेष गति वाला नहीं होता किंतु पर्याप्त में तीन गति में हो सकता है। अपर्याप्तक अवस्था में उसके मात्र क्षयोपशम सम्यक्त्व ही पाया जाता है क्योंकि छटवें नरक से निकलने वाले नारकी के मात्र क्षयोपशम सम्यक्त्व ही पाया जाता है, और वह सम्यक्त्व के साथ मनुष्य ही होता है और उसी के साथ अपर्याप्त अवस्था में कृष्ण लेश्या पायी जाती है अन्य सम्यक्त्व के साथ नहीं पायी जाती अत: क्षयोपशम सम्यक्त्व ही पाया जाता है। स्पर्शन सभी पदों की अपेक्षा लोक का असंख्यात वां भाग है इसका कारण पूर्व की मार्गणाओं में कह आये हैं। काल अन्तर का कथन भी पूर्व की मार्गणाओं व गुणस्थानों में कह आये है वहाँ से जान लेना चाहिए। अवगाहना जघन्य शाली सिक्थ मत्स्य तथा उत्कृष्ट स्वंभूरमण समुद्र में महामत्स्य की अपेक्षा कही गयी है। बन्ध प्रकृति सतत्तर हैं क्योंकि मिश्र गुणस्थान में चौहत्तर प्रकृतियों का बन्ध था क्योंकि वहाँ मनुष्यायु देवायु का बन्ध नहीं होता व तीर्थंकर प्रकृति भी बन्ध रहित थी परन्तु चतुर्थ गुणस्थान में बन्ध होने लगता है। उदय प्रकृतियों का विवरण संदृष्टि में दिया ही हैं शेष कथन सुगम है।

*[1] अपर्याप्त अवस्था में संख्यात जीव ही हो सकते हैं, क्योंकि वहाँ सिर्फ मनुष्य ही पाये जाते हैं और मनुष्य संख्यात ही होते हैं।

326. कापोत लेश्या सामान्य

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	1–4	–	1,2,4
2.	जीवसमास	14 जीव समास	7 पर्याप्त जीव समास	7 अपर्याप्त जीव समास
3.	पर्याप्ति	6,5,4 पर्याप्ति व अपर्याप्ति	6,5,4 पर्याप्ति	6,5,4 अपर्याप्ति
4.	प्राण	3–10 प्राण	4,6,7,8,9,10 प्राण	7,7,6,5,4,3 प्राण
5.	संज्ञा	4	–	–
6.	गति	चारों गति	3 (देवगति बिना)	4
7.	इन्द्रिय	1–5	1–5	–
8.	काय	षट्काय	–	–
9.	योग	13 योग (आहारकद्विक बिना)	10 (4 म., 4 व.,औ.,वै.)	3 (औ.मि.,वै.मि., कार्माण)
10.	वेद	3 वेद	–	–
11.	कषाय	25 कषाय	–	–
12.	ज्ञान	6 (3 सुज्ञान, 3 कुज्ञान)	–	5 (कुअवधि बिना)
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	3 दर्शन (केवलदर्शन बिना)	–	3 दर्शन (केवलदर्शन बिना)
15.	लेश्या	कापोत लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य, अभव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	6	6	4 (उपशम, सम्यग्मिथ्यात्व बिना)
18.	संज्ञी	संज्ञी, असंज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	आहारक, अनाहारक
20.	उपयोग	9 (6 ज्ञानो. + 3 दर्शनो.)	–	8 उपयोग (5 ज्ञानो. +तीन दर्शनो.)
21.	ध्यान	10	–	–
22.	आस्रव	55 (25क.+13यो.+12अवि.+5मि.)	52 (25+10+12+5)	45 लाख (25+3+12+5)
23.	जाति	84 लाख	80 लाख (देवगति बिना)	84 लाख
24.	कुलकोटि	199½ लाख करोड़	173½ लाख करोड़	199½ लाख करोड़
25.	संख्या	अनंतानंत		
26.	क्षेत्र	सर्वलोक		
27.	स्पर्शन	सर्वलोक		
28.	काल	नाना जीव की अपेक्षा – सर्वकाल, एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 7 सागर		
29.	अन्तर	नाना जीव अपेक्षा – निरन्तर एक जीव अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 33 सागर (षट्. पु.7खुद्दाबन्ध सूत्र– 126–127)		
30.	भाव	36 (औद.16, मि. 15, क्षा.1, औप.1, पा.3) पर्याप्त–35 (औ.15, मि.15, क्षा.1, औ.1, पा.3) अपर्याप्त– 34 (औ.16, मि. 14, क्षा.1, पा.3)		
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का असंख्यातवाँ भाग उ. 1000 योजन		
32.	बन्ध	118 आहारकद्विक बिना पूर्वोक्त		
33.	उदय	119 पूर्वोक्त		
34.	सत्त्व	148 पूर्वोक्त		

326. काउ लेस्सा सामण्णं

अह काउ लेस्साओ सामण्णालाव भण्णमाणे अत्थि – एयत्तो चत्तारि गुणट्ठाणा अपज्जत्तेसु एग बे चउ तिण्णि गुणट्ठाणा, चोद्दस जीव समासा, छ पंच चउ पज्जत्ती छ पंच चउ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस णव अट्ठ सत्त छ चउ पाणा अपज्जत्तेसु सत्त सत्त छ पंच चउ ति पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी पज्जत्तेसु देवेण विणा तिण्णि गदी अपज्जत्तेसु चत्तारि गदी, एयत्तो पंचिंदियाणि, छक्काया, तेरसजोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, छण्णाणाणि अपज्जत्तेसु पंच णाणाणि, एग असंजमो, केवल दंसणेण विणा तिण्णि दंसणाणि, एग काऊ लेस्सा, भव्वसिद्धिया अभव्वसिद्धिया दोण्णि, छ सम्मत्ता अपज्जत्तेसु उवसम व मिस्सेहि विणा चत्तारि सम्मत्ता, सण्णी असण्णी दोण्णि, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, णव उवजोगा अपज्जत्तेसु अट्ठ उवजोगा, दस झाणाणि, पणवण्ण आसवा पज्जत्तेसु वावण्ण अपज्जत्तेसु पणदाल आसवा, चउरासीदि लक्ख जादी पज्जत्तेसु असीदि लक्ख अपज्जत्तेसु चउरासीदि लक्ख जादी, अद्ध णवणउदि उत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, पज्जत्तेसु अद्ध ति सत्तदि उत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा अणंताणंत, खेत्तावेक्खा सव्वलोय, फासावेक्खा सव्वलोय, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण सत्त सायरोवमाणि सादिरेयाणि, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एग जीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण तेतीस सायरोवमाणि सादिरेयाणि, छत्तीस भावा पज्जत्तेसु पणतीस व अपज्जत्तेसु चउतीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स असंखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजणसहस्सं, अट्ठदसुत्तर सयं पयडीणं बंधो, उणबीसुत्तर सयं पयडीणं उदओ एवं अड़दालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति

इदि लेस्सा मग्गणासु काउ लेस्सा सामण्णालाव सम्मत्ता।

कापोत लेश्या सामान्य

अब कापोत लेश्या का सामान्य कथन करने पर – एक से चार गुणस्थान अपर्याप्त में एक – दो – चार तीन गुणस्थान, चौदह जीव समास, छ – पाँच – चार पर्याप्ति छ – पाँच – चार अपर्याप्ति, तीन से दस प्राण पर्याप्त में दस – नौ – आठ – सात – छ – चार प्राण अपर्याप्त में सात – सात – छ – पाँच – चार – तीन प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति पर्याप्त में देवगति बिना तीन गति, एक से पाँच इन्द्रिय, छहों काय, तेरह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में तीन योग, तीनों वेद, पच्चीस कषाय, छह ज्ञान अपर्याप्तक में कुअवधिज्ञान बिना पाँच ज्ञान असंयम केवल दर्शन बिना तीन दर्शन, एक कापोत लेश्या, भव्य सिद्धिक अभव्य सिद्धिक दोनों, छहों सम्यक्त्व अपर्याप्त में उपशम व सम्यग्मिथ्यात्व बिना चार सम्यक्त्व, संज्ञी असंज्ञी दोनों, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्तक में आहारक अपर्याप्तक में दोनों, नौ उपयोग अपर्याप्त में आठ उपयोग, दस ध्यान, पचपन आस्रव पर्याप्त में बावन अपर्याप्त में पैंतालीस आस्रव, चौरासी लाख जाति पर्याप्त में अस्सी लाख अपर्याप्त में चौरासी लाख जाति, एक सौ साढ़े निन्यानवे लाख करोड़ कुल कोटि पर्याप्त में एक सौ साढ़े तिहत्तर लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – अनंतानंत, क्षेत्रापेक्षा – सर्वलोक, स्पर्शन – सर्वलोक, काल – नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ अधिक सात सागर, अंतर – नानाजीवापेक्षा निरंतर एकजीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ अधिक तेतीस सागर, छत्तीस भाव पर्याप्त में पैंतीस व अपर्याप्त में चौतीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का असंख्यातवां भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, एक सौ अठारह प्रकृतियों का बंध, एक सौ उन्नीस प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार लेश्या मार्गणा में कापोत लेश्या का सामान्यालाप समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यद्यपि कापोत लेश्या में सारा कथन कृष्ण नील लेश्या के समान ही है थोड़ा अन्तर है वो ये है कि कृष्ण लेश्या में अपर्याप्तक अवस्था में एक क्षयोपशम सम्यक्त्व ही पाया जाता था यहाँ क्षयोपशम व क्षायिक दो सम्यक्त्व पाये जाते हैं, दूसरा काल में अन्तर है यहाँ उत्कृष्ट काल सात सागर है योग में भी थोड़ा अन्तर है क्योंकि चतुर्थ गुणस्थान में वैक्रियक मिश्र काय योग पाया जाता है जबकि कृष्ण लेश्या में चतुर्थ गुणस्थान में वैक्रियक मिश्र काययोग नहीं पाया जाता।

* यहाँ भी पर्याप्त अवस्था में देवगति नहीं पाई जाती और अपर्याप्तक अवस्था में चारों गति पायी जाती हैं उसी अपेक्षा से कुलकोटि व जाति आदि का कथन समझना चाहिए।

327. कापोत लेश्या मिथ्यात्व गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	मिथ्यात्व गुणस्थान	–	–
2.	जीवसमास	14 जीव समास	7 जीव समास पर्याप्त	7 जीव समास अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6,5,4 पर्याप्ति व अपर्याप्ति	6,5,4 पर्याप्ति	6,5,4 अपर्याप्ति
4.	प्राण	3–10 प्राण	4,6,7,8,9,10 प्राण	7,7,6,5,4,3 प्राण
5.	संज्ञा	4	–	–
6.	गति	चारों	3 (देवगति बिना)	4
7.	इन्द्रिय	1–5	–	–
8.	काय	षट्काय	–	–
9.	योग	13	10 योग	3 योग
10.	वेद	3 वेद	–	–
11.	कषाय	25 कषाय	–	–
12.	ज्ञान	3 कुज्ञान	–	2 कुज्ञान
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	2 दर्शन (चक्षु, अचक्षु)	–	2 दर्शन
15.	लेश्या	कापोत लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य, अभव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	मिथ्यात्व	–	–
18.	संज्ञी	संज्ञी, असंज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	आहारक, अनाहारक
20.	उपयोग	5 (3 ज्ञानो. 2 दर्शनो.)	–	4 उपयोग
21.	ध्यान	8 (4 आर्त 4 रौद्र)	–	–
22.	आस्रव	55 (25क.+13 योग+5मि.+12अवि.)	52 (25+10+5+12)	45 (25+3+5+12)
23.	जाति	84 लाख	80 लाख	84 लाख
24.	कुलकोटि	199½ लाख करोड़	173½ लाख करोड़	199½ लाख करोड़
25.	संख्या	अनंतानंत		
26.	क्षेत्र	सर्वलोक		
27.	स्पर्शन	सर्वलोक		
28.	काल	नाना जीव की अपेक्षा – सर्वकाल एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 7 सागर		
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – निरन्तर, एक जीवापेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम 7 सागर		
30.	भाव	29 (औद.16, क्षयो.10, पा.3)	प. 28 (औद.15, क्षयो.10, पा.3)	अप.28 (औद.16, क्षयो. 9, पा.3)
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का असंख्यातवाँ भाग	उ. 1000 योजन	
32.	बन्ध	117 पूर्वोक्त		
33.	उदय	117 पूर्वोक्त गुणस्थानोक्त		
34.	सत्त्व	148 पूर्वोक्त		

327. काउ लेस्सा मिच्छत्त गुणट्ठाणं

तेसिं काउ लेस्साओ मिच्छत्त जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग मिच्छत्त गुणट्ठाणं, सत्त पज्जत्त सत्त अपज्जत्त चोद्दस जीवसमासा, छ – पंच चदु पज्जत्ती छ पंच चदु अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस णव अट्ठ सत्त छ चउ पाणा अपज्जत्तेसु सत्त सत्त छ पंच चउ ति पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी पज्जत्तेसु देवेण विणा तिण्णि गदी, एयत्तो पंचिंदियाणि, छक्काया, तेरस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, तिण्णि अण्णाणाणि अपज्जत्तेसु बे अण्णाणाणि, एग असंजमो, चक्खु अचक्खु बे दंसणाणि, एग काउलेस्सा, भव्वसिद्धिया अभव्वसिद्धिया दोण्णि, एग मिच्छत्त सम्मत्तं, सण्णी असण्णी दोण्णि, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, पंच उवजोगा अपज्जत्तेसु चत्तारि उवजोगा, अट्ठ झाणाणि, पणवण्ण आसवा पज्जत्तेसु बावण्ण अपज्जत्तेसु पणदाल आसवा, चउरासीदि लक्ख जादी पज्जत्तेसु असीदि लक्ख अपज्जत्तेसु चउरासीदि लक्ख जादी, अद्धणव णउदि उत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं पज्जत्तेसु अद्धुत्तर तिसत्तरि सयं लक्ख कोडी कुलकोडीणं अपज्जत्तेसु अद्धणव णउदि उत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा अणंताणंत, खेत्तावेक्खा सव्वलोय, फासावेक्खा सव्वलोय, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण सत्त सायरोवमाणि सादिरेयाणि, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण सत्त सायरोवमाणि देसूणाणि, उणतीस भावा पज्जत्तापज्जत्तेसु अट्ठबीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स असंखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजणसहस्सं, सत्तदसुत्तर सयं पयडीणं बंधो, सत्तदसुत्तर सयं पयडीणं उदओ एयं अड़दालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि काउ लेस्सासु मिच्छत्त गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

कापोत लेश्या मिथ्यात्व गुणस्थान

उन्हीं कापोत लेश्या युत मिथ्यात्वी जीवों के आलाप कहने पर – एक मिथ्यात्व गुणस्थान, चौदह जीवसमास, सात पर्याप्तक सात अपर्याप्तक छह – पाँच – चार पर्याप्ति छ – पाँच – चार अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस – नौ आठ – सात – छ –चार प्राण अपर्याप्त में सात – सात – छ – पाँच – चार – तीन प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति पर्याप्त में देव बिना तीन गति, एक से पाँच इंद्रिय, छहों काय, तेरह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में तीन योग, तीनों वेद, पच्चीस कषाय, तीन अज्ञान अपर्याप्त में दो अज्ञान, एक असंयम, चक्षु अचक्षु दो दर्शन, एक कापोत लेश्या, भव्य सिद्धिक अभव्य सिद्धिक दोनों, एक मिथ्यात्व सम्यक्त्व, संज्ञी असंज्ञी दोनों, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्तक में आहारक अपर्याप्तक में दोनों, पाँच उपयोग अपर्याप्त में चार उपयोग, आठ ध्यान, पचपन आस्रव पर्याप्त में बावन अपर्याप्त में पैंतालीस आस्रव, चौरासी लाख जाति पर्याप्त में अस्सी लाख अपर्याप्त में चौरासी लाख जाति, एक सौ साढ़े निन्यानवे लाख करोड़ कुल कोटि पर्याप्त में एक सौ साढ़े तिहत्तर लाख करोड़ अपर्याप्त में एक सौ साढ़े निन्यानवे लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – अनंतानंत, क्षेत्रापेक्षा – सर्वलोक, स्पर्शन – सर्वलोक, काल – नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ अधिक सात सागर, अंतर – नानाजीवापेक्षा – निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम सात सागर, उनतीस भाव पर्याप्तक में अट्ठाईस अपर्याप्तक में अट्ठाईस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का असंख्यातवां भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, एक सौ सत्रह प्रकृतियों का बंध, एक सौ सत्रह प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार कापोत लेश्या में मिथ्यात्व गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यहाँ पर्याप्तक में देवगति नहीं होती क्योंकि भवनत्रिक में अपर्याप्त अवस्था में तीनों अशुभ लेश्या पायी जाती हैं किंतु पर्याप्तक में एक पीत लेश्या ही होती है इसलिए यहाँ देवगति का निषेध किया है, इसलिए पर्याप्तकों में अस्सी लाख जाति क्योंकि देवों की चार लाख कम कर दी साथ ही एक सौ साढ़े तिहत्तर लाख करोड़ कुल कोटि क्योंकि देवों की छब्बीस लाख करोड़ कम हो जाती हैं। शेष कथन सुगम है अन्तर का कथन और कर देते हैं क्योंकि अन्तर जघन्य से अन्तर्मुहूर्त यानि कोई कापोत लेश्या वाला मिथ्यादृष्टि नारकी सम्यक्त्व को प्राप्त हुआ, अन्तर्मुहूर्त सम्यक्त्व के साथ रहा फिर मिथ्यात्व को चला गया इस प्रकार जघन्य अन्तर प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट अन्तर कोई कापोत लेश्या वाला मिथ्यादृष्टि जीव तृतीय पृथ्वी में सात सागर की आयु लेकर उत्पन्न हुआ पर्याप्त हो विश्राम ले विशुद्ध हो सम्यक्त्व को प्राप्त हुआ सारा जीवन सम्यक्त्व के साथ रहकर आयु के अन्त समय में मिथ्यात्व को प्राप्त हुआ। इस प्रकार अन्तर प्राप्त हुआ पश्चात् मरण कर मनुष्यों में उत्पन्न हुआ अत: चार अन्तर्मुहूर्त कम सात सागरोपम उत्कृष्ट अन्तर प्राप्त हुआ शेष कथन सुगम है।

शंका– उत्कृष्ट अन्तर तो ठीक है जघन्य अन्तर भी नारकियों में क्यों प्राप्त कराया अन्य गति में क्यों प्राप्त नहीं कराया ?

समाधान– नहीं क्योंकि मनुष्य तिर्यंचों में लेश्या परावर्तन होता रहता है अन्तर्मुहूर्त के बाद लेश्या बदल जाती है अत: एक ही लेश्या में दो बार मिथ्यात्व गुणस्थान होना नहीं बनता, नारकियों में लेश्या परिवर्तन नहीं होता वहाँ एक ही लेश्या रहती है। अत: उसमें असंख्यातों बार गुणस्थान परावर्तन कर सकता है इसलिए यहाँ नारकी ही ग्रहण किया है।

328. कापोत लेश्या सासादन गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	सासादन	–	–
2.	जीवसमास	7 जीव समास (1 पर्याप्त, 6 अपर्याप्त)	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	6 अपर्याप्त जीव समास
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6,5,4 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6,5,4 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10,7,7,6,5,4,3 प्राण	10 प्राण	7,7,6,5,4,3 प्राण
5.	संज्ञा	4 (आहार, भय, मैथून परिग्रह)	–	–
6.	गति	चारों गति	3 (देवगति बिना)	3 (नरकगति बिना)
7.	इन्द्रिय	1–5	पंचेन्द्रिय	1–5
8.	काय	त्रस व तीन स्थावर	त्रसकाय	तीन स्थावर व त्रस काय
9.	योग	13 (4 मन 4 वचन औ.औ.मि.वै.वै.मि.का.)	10 (4 म., 4 व. औ., वै.काय योग)	3 (औ.मि.वैक्रि.मि.कार्मण काययोग)
10.	वेद	3 वेद	–	–
11.	कषाय	25 कषाय	–	–
12.	ज्ञान	3 कुज्ञान	–	2 कुज्ञान
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	2 दर्शन	–	–
15.	लेश्या	कापोत लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	सासादन	–	–
18.	संज्ञी	संज्ञी, असंज्ञी	संज्ञी	संज्ञी, असंज्ञी
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	आहारक, अनाहारक
20.	उपयोग	5 (3 ज्ञानो. 2 दर्शनो.)	–	4 उपयोग (2 ज्ञानो.+2 दर्शनो.)
21.	ध्यान	8 (4 आर्त्त 4 रौद्र	–	–
22.	आस्रव	50 (25+12+13)	47 (25+12+10)	40 (25+12+3)
23.	जाति	56 लाख	22 लाख	52 लाख
24.	कुलकोटि	189½ लाख करोड़	82½ लाख करोड़	164½ लाख करोड़
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग		
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग व कुछ कम 2/14 राजू		(ध.पु.4 सू. 148)
28.	काल	नाना जीव की अपेक्षा – ज. एक समय उ. पल्योपम का असंख्यातवां भाग*1 एक जीव की अपेक्षा – ज. एक समय उ. 6 आवली		
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. पल्योपम का असंख्यातवां भाग एक जीवापेक्षा – ज. पल्योपम का असंख्यातवां भाग उ. कुछ कम सात सागर*2		
30.	भाव	27 (औद. 15, मि.10, पा.2)	पर्याप्त 26 (देवगति बिना)	अपर्याप्त 25 (नरक गति व कुज्ञान बिना)
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का असंख्यातवा भाग	उ. संख्यात धनुष	
32.	बन्ध	101 पूर्वोक्त (कृष्ण लेश्यावत्)		
33.	उदय	111 पूर्वोक्त (कृष्ण लेश्यावत्)		
34.	सत्त्व	145 पूर्वोक्त (कृष्ण लेश्यावत्) *1(ध.पु.सू. 4 286) *2(ध.पु. 5 सूत्र–299–300–301)		

328. काउ लेस्सा सासण गुणट्ठाणं

तेसिं काउ लेस्साओ सासण गुणट्ठाणजीवाणामालावभण्णमाणे अत्थि – एग सासण गुणट्ठाणं, पज्जत्तेसु एग सण्णी पंचिंदिय अपज्जत्तेसु एयत्तो सण्णी पंचिंदिय सत्त जीव समासा, छ पज्जत्ती छ पंच चउ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस पाणा अपज्जत्तेसु सत्त सत्त छ पंच चउ ति पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी पज्जत्तेसु देवेण विणा तिण्णि गदी अपज्जत्तेसु णिरयेण विणा तिण्णि गदी, एयत्तो पंचिंदियाणि, तिथावर तस काया पज्जत्तेसु तसकाय अपज्जत्तेसु ति थावर तस काया, तेरस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, तिण्णि अण्णाणाणि अपज्जत्तेसु बे अण्णाणाणि, एग असंजमो, चक्खु अचक्खु बे दंसणाणि, एग काउ लेस्सा, भव्वसिद्धिया, एग सासण सम्मत्तं, सण्णी असण्णी दोण्णि पज्जत्तेसु सण्णी अपज्जत्तेसु दोण्णि, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, पंच उवजोगा अपज्जत्तेसु चत्तारि उवजोगा, अट्ठ झाणाणि, पंचास आसवा पज्जत्तेसु सत्तदाल आसवा अपज्जत्तेसु दाल आसवा, छप्पण लक्ख जादी पज्जत्तेसु बाबीस लक्ख अपज्जत्तेसु बावण्ण लक्ख जादी, अद्ध णवासीदि उत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं पज्जत्तेसु अद्धुत्तर वेअसीदि लक्ख कोडि कुलकोडीणं अपज्जत्तेसु अद्धचउसटिठ उत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा व बे चोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एग जीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ अक्कस्सेण छावली, अन्तरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एग जीवावेखा जहण्णेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा उक्कस्सेण सत्त सायरोवमाणि देसूणाणि, सत्तबीस भावा पज्जत्तेसु छब्बीस अपज्जत्तेसु पणबीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स असंखेज्जदि भागा उक्कस्सेण संखेज्ज धणू, एगुत्तर सयं पयडीणं बंधो, एगादसुत्तर सयं पयडीणं उदओ एवं पणदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि काउलेस्सासु सासण गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

कापोत लेश्या सासादन गुणस्थान

उन्हीं कापोत लेश्यागत सासादन जीवों के आलाप कहने पर – एक सासादन गुणस्थान, पर्याप्त में एक संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त में एक से पंचेन्द्रिय सात जीव समास, छह पर्याप्ति छह–पाँच–चार अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस प्राण अपर्याप्त में सात – सात – छह – पाँच – चार – तीन प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति पर्याप्त में देव बिना तीन गति अपर्याप्त में नरक बिना तीन गति, एक से पाँच इंद्रिय, तीन स्थावर व त्रस काय पर्याप्त में त्रसकाय अपर्याप्तक में छह काय, तेरह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में तीन योग, तीनों वेद, पच्चीस कषाय, तीन अज्ञान अपर्याप्त में दो अज्ञान, एक असंयम, चक्षु अचक्षु दो दर्शन, एक कापोत लेश्या, भव्य सिद्धिक, एक सासादन सम्यक्त्व, संज्ञी–असंज्ञी दोनों पर्याप्त में संज्ञी अपर्याप्तक में दोनों, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्त में आहारक अपर्याप्त में दोनों, पाँच उपयोग अपर्याप्त में चार उपयोग, आठ ध्यान, पचास आस्रव पर्याप्त में सैंतालीस आस्रव अपर्याप्त में चालीस आस्रव, छप्पन लाख जाति पर्याप्त में बाईस लाख अपर्याप्त में बावन लाख जाति, एक सौ साढ़े नवासी लाख करोड़ कुल कोटि पर्याप्त में साढ़े ब्यासी लाख करोड़ अपर्याप्त में एक सौ साढ़े चौसठ लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – पल्योपम का असंख्यातवां भाग, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवां भाग व कुछ कम 2/14 राजू, काल – नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग एकजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट 6 आवली, अंतर नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग एक जीवापेक्षा जघन्य पल्योपम का असंख्यातवां भाग उत्कृष्ट कुछ कम सात सागर, सत्ताईस भाव अपर्याप्त में पच्चीस पर्याप्तक में छब्बीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का असंख्यातवां भाग उत्कृष्ट संख्यात धनुष, एक सौ एक प्रकृतियों का बंध, एक सौ ग्यारह प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ पैंतालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार कापोत लेश्या में सासादन गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यद्यपि धवलाकार के अनुसार संज्ञी पंचेन्द्रियों में ही पर्याप्त अपर्याप्त अवस्था में सासादन गुणस्थान पाया जाता है परन्तु आचार्य यतिवृषभकृत कषाय पाहुड़ के अनुसार सासादन गुणस्थान में भी अपर्याप्त अवस्था में एक दो तीन चार पाँच संज्ञी असंज्ञी जीव पाये जाते है किन्तु पर्याप्त अवस्था में एक संज्ञी जीव ही पाया जाता है। जहाँ जाति का कथन करते समय छप्पन लाख जाति कहीं हैं क्योंकि एकेन्द्रिय में भी नित्य निगोद, इतर निगोद, अग्निकायिक, वायुकायिक जीवों में सासादन गुणस्थान नहीं पाया जाता इसलिए प्रत्येक की सात सात लाख जाति कम करने पर अट्ठाइस लाख कम हो जाती है। इसी प्रकार सभी प्रकार के सूक्ष्म जीवों में लब्ध्यपर्याप्तक जीवों में सासादन गुणस्थान नहीं पाया जाता इसी प्रकार कुल कोटि का कथन करने पर सामान्य से वायुकायिक व अग्निकायिक की दस लाख करोड़ कम करके एक सौ साढ़े नवासी लाख करोड़ होते हैं। पर्याप्तक में क्रमश: (14 लाख करोड़ मनुष्य 43.5 लाख करोड़ तिर्यंच 25 लाख करोड़ नारकी कुल मिलाकर 82.5 लाख करोड़ तथा अपर्याप्तक में एक सौ साढे नवासी लाख करोड़ में से नारकी के 25 लाख करोड़ कम करके एक सौ साढ़े चौसठ लाख करोड़ कुल कोटि होते हैं। शेष कथन सुगम है।

329. कापोत लेश्या मिश्र गुणस्थान

1.	गुणस्थान	सम्यग्मिथ्यात्व
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा
6.	गति	3 (देवगति बिना)
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	10 योग
10.	वेद	3 वेद
11.	कषाय	21 कषाय (अनंतानुबंधी के बिना)
12.	ज्ञान	3 मिश्रज्ञान
13.	संयम	असंयम
14.	दर्शन	2 दर्शन
15.	लेश्या	भाव से कापोत लेश्या, द्रव्य से 6 लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	सम्यग्मिथ्यात्व
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	5 उपयोग
21.	ध्यान	8 (4 आर्त 4 रौद्र)
22.	आस्रव	43 (21+12+10)
23.	जाति	22 लाख
24.	कुलकोटि	82½ लाख करोड़
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवां भाग
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवां भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवां भाग
28.	काल	नाना जीव की अपेक्षा–ज.अन्तर्मुहूर्त उ. पल्योपम का असंख्यातवां भाग*[1] एक जीव की अपेक्षा–ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीव अपेक्षा–ज. एक समय उ. पल्योपम का असंख्यातवां भाग एक जीव अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम 7 सागर*[2]
30.	भाव	26 (औद.14, मि. 10, पा.2)
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का संख्यातवा भाग उ. 1000 योजन
32.	बन्ध	74 पूर्वोक्त
33.	उदय	98 (4 अनंतानुबंधी कषाय, एकेन्द्रियादि 4 जाति, स्थावर, देवद्विक, देवायु, मिथ्यात्व, आतप,सूक्ष्म, साधारण, अपर्याप्त, सम्यक्त्व, मनुष्य व तिर्यंच गत्यानुपूर्वी, नरक गत्यात्यानुपूर्वी सहित 21 प्रकृति का अनुदय)
34.	सत्त्व	147 (तीर्थंकर बिना)
		*[1](ध.पु. 4 सूत्र–287) *[2](ध.पु. 5 सूत्र–299–300–301)

329. काउ लेस्सा सम्मामिच्छत्त गुणट्ठाणं

विशेषार्थ :– शुक्ल लेश्या की अपर्याप्तक अवस्था में तिर्यंच गति नहीं पाई जाती क्योंकि तिर्यंच की अपर्याप्त अवस्था में तीन अशुभ लेश्या ही होती हैं। इसी प्रकार वेद में केवल पुरुष वेद ही पाया जाता है, क्योंकि स्त्री वेद अपर्याप्तक अवस्था में चार लेश्याऐं पायी जाती हैं (तीन अशुभ एक पीत लेश्या)। इसी प्रकार कषाय भी तेबीस हैं दो वेद के बिना। संयम, ज्ञान आदि का पूर्व में जिस प्रकार व्याख्यान किया है उसी प्रकार समझ लेना चाहिए कोई विशेषता नहीं है। काल की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त सुगम है उत्कृष्ट कुछ अधिक तेतीस सागर वह इस प्रकार है कोई संयमी मरण से अन्तर्मुहूर्त पूर्व शुक्ल लेश्या वाला हुआ और मरण कर तेतीस सागर वाले देवों में उत्पन्न हुआ जीवन भर शुक्ल लेश्या के साथ रहा और मरण कर मनुष्यों में शुक्ल लेश्या के साथ ही उत्पन्न हुआ और अन्तर्मुहूर्त तक शुक्ल लेश्या के साथ ही रहा पश्चात् अन्य लेश्या को प्राप्त हुआ इस प्रकार दो अन्तर्मुहूर्त अधिक तेतीस सागर उत्कृष्ट काल प्राप्त हुआ।

इसी प्रकार अन्तर का कथन करना चाहिए जैसे कोई जीव शुक्ल लेश्या से अन्य लेश्या में चला गया और मरण कर एकेन्द्रियों में चला गया असंख्यात पुद्‌गल परावर्तन काल तक एकेन्द्रियों में भ्रमण कर पंचेन्द्रियों में उत्पन्न होकर पर्याप्त हो शुक्ल लेश्या को प्राप्त हुआ इस प्रकार उत्कृष्ट अन्तर प्राप्त हुआ। शेष कथन सरल है।

347. शुक्ल लेश्या मिथ्यात्व गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	मिथ्यादृष्टि	–	–
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त, अपर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10, 7 प्राण	10 प्राण	7 प्राण
5.	संज्ञा	4	–	–
6.	गति	तीन गति (नरक बिना)	–	एक देव गति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	12 (औ.मि.,आ.द्वि.बिना)	10 योग	2 योग (वैक्रि.मि., कार्माण का.यो.)
10.	वेद	3 वेद	–	एक पुरुष वेद
11.	कषाय	25 कषाय	–	23 कषाय
12.	ज्ञान	3 कुज्ञान	–	2 कुज्ञान (कुअवधि बिना)
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	2 दर्शन	–	–
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य, अभव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	मिथ्यात्व	–	–
18.	संज्ञी	संज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	दोनों
20.	उपयोग	5 (3 ज्ञानो.+2 दर्शनो.)	–	4 (कुअवधि बिना)
21.	ध्यान	8 (4 रौद्र + 4 आर्त्त)	–	–
22.	आस्रव	54 (25क.+12यो.+12अवि.+5मि.)	52 आस्रव	42 (23+2+12+5)
23.	जाति	22 लाख		4 लाख
24.	कुलकोटि	83½ लाख करोड़		26 लाख करोड़
25.	संख्या	असंख्यात (पल्योपम का असंख्यात वां भाग)		
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग व कुछ कम 6/14 राजू		
28.	काल	नाना जीव की अपेक्षा – सर्वकाल एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 31 सागर प्रमाण		
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – निरन्तर एक जीवापेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम 31 सागर प्रमाण		
30.	भाव	28 (औद.15, मि.10, पा.3)	अपर्याप्तक – 23 (औद.11, मि. 9, पा.3)	
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का संख्यातवाँ भाग	उ. 1000 योजन	
32.	बन्ध	101 (क्योंकि तीर्थंकर, आहारक द्विक अबन्ध है)		
33.	उदय	103 (तीर्थंकर, आहारक द्विक, मनुष्यगत्यानु., सम्यग्मिथ्यात्व, सम्य. इन 6 के बिना)		
34.	सत्त्व	147 (तीर्थंकर बिना)		
		कोई जीव अन्तर्मुहूर्त में पर्याप्त हो सम्यक्त्व को प्राप्त हो गया अन्तर्मुहूर्त तक सम्यक्त्व में रहा और पुन: मिथ्यादृष्टि हो गया इस प्रकार जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध हुआ। उत्कृष्ट अन्तर कोई मनुष्य मिथ्यात्व के साथ शुक्ल लेश्या सहित इकत्तीस सागर की आयु वाले देवों में उत्पन्न हुआ पर्याप्तियों से परिपूर्ण हो सम्यक्त्व को प्राप्त हो गया सारी उम्र सम्यक्त्व के साथ रहा पश्चात् आयु में अन्तर्मुहूर्त शेष रह जाने पर मिथ्यादृष्टि हो गया इस प्रकार दो अन्तर्मुहूर्त कम इकतीस सागर उत्कृष्ट अन्तर प्राप्त हुआ शेष कथन सुगम है।		

347. सुक्क लेस्सा मिच्छत्त गुणट्ठाणं

तेसिं सुक्क लेस्सा मिच्छाइट्ठी जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि–एग मिच्छाइट्टि गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीव समासा, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु सत्त पाणा, चत्तारि सण्णा, णिरयेण विणा तिण्णि गदी अपज्जत्तेसु एग देवगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, बारस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसे बे जोगा, तिण्णि वेदा अपज्जत्तेसु एग पुरिस वेदो, पणबीस कसाया अपज्जत्तेसु थीणवुसंय वेद विणा तेबीस कसाया, तिण्णि अण्णाणाणि अपज्जत्तेसु बे अण्णणाणि, एग असंजमो, चक्खु अचक्खु बे दंसणाणि, सुक्क लेस्सा, भव्व सिद्धिया अभव्व सिद्धिया दोण्णि, मिच्छत्त सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, पंच उवजोगा अपज्जत्तेसु चत्तारि उवजोगा, चत्तारि अ्ठ चत्तारि रूद्द अट्ठ झाणाणि, चोवण्ण आसवा पज्जत्तेसु वावण्ण अपज्जत्तेसु बादाल आसवा, बाबीस लक्ख जादी अपज्जत्तेसु चत्तारि लक्ख जादी, अद्धुत्तर तिअसीदि लक्ख कोडि कुल कोडीणं अपज्जत्तेसु छब्बीस लक्ख कोडी कुलकोडीणं, संखावेक्खा असंखेज्ज पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा व छ चोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण इगतीस सायरोवमाणि सादिरेयाणि, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण इगतीस सायरोवमाणि देसूणाणि, अट्ठाबीस भावा अपज्जत्तेसु तेबीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स संखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजणसहस्सं, एगुत्तर सयं पयडीणं बंधो, तिउत्तर सयं पयडीणं उदओ एवं सत्तदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सुक्क लेस्साए मिच्छत्त गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

शुक्ल लेश्या मिथ्यादृष्टि गुणस्थान

उन्हीं शुक्ल लेश्या वाले मिथ्यादृष्टि जीवों के आलाप कहने पर एक मिथ्यादृष्टि गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त दो जीव समास, छहों पर्याप्ति छहों अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस अपर्याप्त में सात प्राण, चारों संज्ञाएँ, नरक बिना तीन गति अपर्याप्तक में एक देव गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, बारह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में दो योग, तीन वेद अपर्याप्तक में एक पुरुष वेद, पच्चीस कषाय अपर्याप्तक में स्त्री नपुंसक वेद बिना तेबीस कषाय, तीन अज्ञान अपर्याप्तक में दो अज्ञान, एक असंयम, चक्षु अचक्षु दो दर्शन, शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक अभव्य सिद्धिक दोनों, मिथ्यात्व सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक अनाहारक पर्याप्तक में आहारक अपर्याप्तक में दोनों, पाँच उपयोग अपर्याप्तक में चार उपयोग, चार आर्त्त चार रौद्र आठ ध्यान, चौपन आस्रव पर्याप्त में बावन अपर्याप्त में ब्यालीस आस्रव, बाईस लाख जाति अपर्याप्तक में चार लाख जाति, साढे तेरासी लाख करोड़ कुल कोटि अपर्याप्तक में छब्बीस लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा–असंख्यात (पल्योपम का असंख्यातवां भाग), क्षेत्रापेक्षा–लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन–लोक का असंख्यातवां भाग व कुछ कम 6/14 राजू, काल–नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ अधिक इकतीस सागर, अंतर–नाना जीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम इकतीस सागर, अट्ठाईस भाव अपर्याप्तक में तेइस भाव, जघन्य अवगाहना घनांगुल का संख्यातवां भगा उत्कृष्ट एक हजार योजन, एक सौ एक प्रकृतियों का बंध, एक सौ तीन प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ सैंतालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार शुक्ल लेश्या में मिथ्यादृष्टि गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– अपर्याप्तक अवस्था में यहाँ केवल देवगति ही पायी जाती है क्योंकि मिथ्यादृष्टि शुक्ल लेश्या वाला मरण कर अन्य गतियों में नहीं जाता।

शंका – नौवे ग्रैवेयक से च्युत हुआ कोई देव मनुष्यों में शुक्ल लेश्या व मिथ्यात्व के साथ उत्पन्न क्यों नहीं होता ?

समाधान – नहीं होता क्योंकि मरण के समय लेश्या परिवर्तन हो जाता है।

शंका– यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान– यह आचार्य परंपरा से जाना जाता है क्योंकि ऐसा उपदेश नहीं पाया जाता। वेद भी एक पुरुष वेद पाया जाता है। जाति, कुल कोटि भी देव गति की ही आयेगी। संख्या पल्योपम का असंख्यातवां भाग है उसका प्रतिभाग भी असंयत सम्यग्दृष्टियों से असंख्यातगुणा है। उसका गुणकार धवला पुस्तक तीन से जान लेना चाहिए। क्योंकि विषय विस्तार के भय से यहाँ देना संभव नहीं है। स्पर्शन कुछ कम छह राजू बनता है क्योंकि अच्युत स्वर्ग के देवों का नीचे की ओर गमन मध्यलोक तक अर्थात् मेरुतल की ऊपरी सतह तक ही होता है और वह कुछ कम 6/14 राजू बन जाता है शेष कथन सुगम है।

काल जघन्य अन्तर्मुहूर्त सुगम है उत्कृष्ट कुछ अधिक इकतीस सागर इस प्रकार है कोई जीव मरण से पूर्व अन्य लेश्या से शुक्ल लेश्या को प्राप्त हुआ और अन्तर्मुहूर्त रहा पश्चात् मरण कर इकतीस सागर की आयु वाले देवों में उत्पन्न हुआ सम्पूर्ण जीवन भर रहा मरण के समय अन्य लेश्या वाला हो गया इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त अधिक इकतीस सागर प्राप्त हुआ। अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त यानि कोई मिथ्यादृष्टि मनुष्य मरण कर शुक्ल लेश्या वाले देवों में उत्पन्न हुआ पर्याप्त हो विशुद्ध हो सम्यक्त्व को प्राप्त किया अन्तर्मुहूर्त रहा पुन: मिथ्यादृष्टि हो गया इस प्रकार जघन्य अंतर प्राप्त हुआ उत्कृष्ट अन्तर सम्यक्त्व के साथ जीवन भर रहा अन्त में मिथ्यादृष्टि हो गया इस प्रकार उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम इकतीस सागर प्राप्त हुआ।

348. शुक्ल लेश्या सासादन गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	सासादन	–	–
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त/अपर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10, 7 प्राण	10 प्राण	7 प्राण
5.	संज्ञा	4	–	–
6.	गति	तीन गति (नरक बिना)	–	एक देवगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	12 योग	10 योग	2 योग (औदा. मि. बिना)
10.	वेद	3 वेद	–	एक पुरुष वेद
11.	कषाय	25 कषाय	–	23 कषाय (स्त्री, नपुंसक वेद बिना)
12.	ज्ञान	3 कुज्ञान	–	2 कुज्ञान
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	2 दर्शन	–	–
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	सासादन	–	–
18.	संज्ञी	संज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	अनाहारक आहारक दोनों
20.	उपयोग	5 (3 ज्ञानो.+2 दर्शनो.)	5 (3 ज्ञानो.+ 2 दर्शनो.)	4 (2+2) दर्शन+उपयोग
21.	ध्यान	8 ध्यान	–	–
22.	आस्रव	49 (25+12+12)	47 (25+10+12)	37 (23+2+12)
23.	जाति	22 लाख	–	4 लाख
24.	कुलकोटि	83½ लाख करोड़	–	छब्बीस लाख करोड़
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग		
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग व कुछ कम 6/14 राजू		
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा – ज. एक समय उ. पल्योपम का अंसख्यातवाँ भाग, एक जीव की अपेक्षा – ज. एक समय उ. छः आवली		
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा–ज. एक समय उ. पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग एक जीवापेक्षा–ज. पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग उ. कुछ कम 31 सागर		
30.	भाव	26 (औद.14, क्षयो. 10, पा.2)	अपर्याप्त– 21 (औद. 10, क्षयो. 9, पा.2)	
31.	अवगाहना	जघ. संख्यात अंगुल	उ. संख्यात धनुष	
32.	बन्ध	97 (तीन अबन्ध+ चार प्रथम गुणस्थान की व्युच्छिन्न)= सात प्रकृति बिना		
33.	उदय	102 (छः प्रकृति पूर्व की अनु.+ प्रथम गुण. की व्युछित्ती मि. प्रकृति सहित सात के बिना)		
34.	सत्त्व	145 (तीर्थंकर, आहारकद्विक बिना)		

348. सुक्क लेस्सा सासण गुणट्ठाणं

तेसिं सुक्क लेस्सा सासण गुणट्ठाणालाव भण्णमाणे अत्थि–एग सासण गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीव समासा, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु सत्त पाणा, चत्तारि सण्णा, णिरयेण विणा तिण्णि गदी अपज्जत्तेसु एग देव गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, बारस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु बे जोगा, तिण्णि वेदा अपज्जत्तेसु एग पुरिस वेदो, पणबीस कसाया अपज्जत्तेसु थीणवुंसयवेदबिणा तेबीस कसाया, तिण्णि अण्णाणाणि अपज्जत्तेसु बे अण्णाणाणि, असंजमो, चक्खु अचक्खु बे दंसणाणि, सुक्क लेस्सा, भव्व सिद्धिया, सासण सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, पंच उवजोगा अपज्जत्तेसु चत्तारि उवजोगा, अट्ठ झाणाणि, उण पंचास आसवा पज्जत्तेसु सत्तदाल अपज्जत्तेसु सत्ततीस आसवा, बाबीस लक्ख जादी अपज्जत्तेसु चत्तारि लक्खजादी, अद्धुत्तर तिअसीदि लक्ख कोडि कुल कोडीणं अपज्जत्तेसु छब्बीस लक्ख कोडी कुलकोडीणं, संखावेक्खा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा एवं छ चोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एगजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण छावली, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एगजीवावेक्खा जहण्णेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा उक्कस्सेण इगतीस सायरोवमाणि देसूणाणि, छब्बीस भावा अपज्जत्तेसु इगबीस भावा, जहण्णमवगहणं संखेज्जांगुल उक्कस्सेण संखेज्ज धणू, सत्तणउदि पयडीणं बंधो, बे उत्तर सयं पयडीणं उदओ, एवं पणदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सुक्क लेस्साए सासण गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

शुक्ल लेश्या सासादन गुणस्थान

उन्हीं शुक्ल लेश्या सासादन गुणस्थानालाप कहने पर–एक सासादन गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त दो जीव समास, छहों पर्याप्ति छहों अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस अपर्याप्त में सात प्राण, चारों संज्ञाएँ, नरक बिना तीन गति अपर्याप्त में एक देव गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, बारह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में दो योग, तीनों वेद अपर्याप्तक में एक पुरुष वेद, पच्चीस कषाय अपर्याप्तक में तेबीस कषाय, तीन अज्ञान अपर्याप्तक में दो अज्ञान, असंयम, चक्षु अचक्षु दो दर्शन, शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, सासादन सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्तक में आहारक अपर्याप्तक में दोनों, पाँच उपयोग अपर्याप्त में चार उपयोग, आठ ध्यान, उनंचास आस्रव पर्याप्त में सैंतालीस अपर्याप्त में सैंतीस आस्रव, बाईस लाख जाति अपर्याप्त में चार लाख जाति, साढ़े तेरासी लाख करोड़ कुल कोटि अपर्याप्तक में छब्बीस लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग, क्षेत्रापेक्षा–लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन–लोक का असंख्यातवां भाग एवं कुछ कम 6/14 राजू, काल–नाना जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग–एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट छ आवली, अंतर–नाना जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग एक जीवापेक्षा जघन्य पल्योपम का असंख्यातवां भाग उत्कृष्ट कुछ कम इकतीस सागर, छब्बीस भाव अपर्याप्तक में इक्कीस भाव, जघन्यावगाहना संख्यात अंगुल उत्कृष्ट संख्यात धनुष, सत्तानवै प्रकृतियों का बंध, एक सौ दो प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ पैंतालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार शुक्ल लेश्या में सासादन गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– सासादन गुणस्थान में अपर्याप्त अवस्था में भी एक देव गति ही पायी जाती है कारण का कथन प्रथम गुणस्थानवत् है। उसी प्रकार वेद व कषाय जानना चाहिए। जाति व कुल कोटि का कथन भी प्रथम गुणस्थानवत् ही जानना चाहिए। संख्या पल्योपम का असंख्यातवां भाग उसका प्रतिभाग धवला पुस्तक तीन से जानें अथवा आगे इसी ग्रंथ में उसका प्रतिभाग कहेंगे, शेष कथन सुगम है। स्पर्शन का कथन भी प्रथम गुणस्थान के समान जानना चाहिए क्योंकि स्वस्थान पद परिणत जीवों ने लोक का असंख्यातवां भाग विहार वेदना विक्रिया कषाय मारणांतिक पद परिणत जीवों ने कुछ कम छह राजू स्पर्शन किया है। उपपाद पद की अपेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग होता है क्योंकि मिथ्यादृष्टि और सासादन सम्यग्दृष्टि तिर्यंच मरण कर शुक्ल लेश्या वाले देवों में उत्पन्न नहीं होते, अब रह जाते हैं मनुष्य तो मनुष्यों की अपेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग ही बनता है। विशेष जानने के लिए पढ़े धवल पुस्तक चार स्पर्शनानुयोग। काल की अपेक्षा कथन नाना जीवों का गुणस्थानवत् तथा एक जीव का भी गुणस्थानवत् जघन्य एक समय उत्कृष्ट छह आवली है। शेष कथन सुगम है।

अन्तर नाना जीवों का जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग सुगम है क्योंकि पहले कई बार कहा जा चुका है एक जीव का जघन्य पल्योपम का असंख्यातवां भाग उत्कृष्ट इकतीस सागर इस प्रकार है–कोई जीव मिथ्यात्व के साथ शुक्ल लेश्या सहित इकतीस सागर की आयु वाले देवों में उत्पन्न होकर पर्याप्त हो प्रथमोपशम सम्यक्त्व को उत्पन्न किया पश्चात् सासादन को प्राप्त हुआ पश्चात् मिथ्यात्व को प्राप्त हो जीवन पर्यंत मिथ्यादृष्टि रहा आयु के अंत में पुन: प्रथमोपशम सम्यक्त्व प्राप्त कर सासादन सम्यक्त्व को प्राप्त हुआ इस प्रकार अन्तर प्राप्त हुआ।

349. शुक्ल लेश्या मिश्र गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	सम्यग्मिथ्यात्व
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा
6.	गति	तीन गति (नरक बिना)
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	10 योग (4 म., 4 व., औदा., वैक्रि.)
10.	वेद	3 वेद
11.	कषाय	21 कषाय
12.	ज्ञान	3 मिश्रज्ञान
13.	संयम	असंयम
14.	दर्शन	2 दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	सम्यग्मिथ्यात्व
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	5 (3 ज्ञानो.+2 दर्शनो.)
21.	ध्यान	8 ध्यान
22.	आस्रव	43 (21 कषाय + 10 योग + 12 अवि.)
23.	जाति	22 लाख
24.	कुलकोटि	83½ लाख करोड़
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग व कुछ कम 6/14 राजू
28.	काल	नाना जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग, एक जीव की अपेक्षा – ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग, एक जीवापेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम 31 सागर
30.	भाव	26 (औद.14, क्षयो. 10, पा.2)
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का संख्यातवाँ भाग उ. 1000 योजन
32.	बन्ध	74 (सात प्रकृति का अबन्ध इक्कीस की व्युच्छित्ती देवायु, मनुष्यायु बिना)
33.	उदय	98 (सात पूर्व गुणस्थान की अनुदय + चार अनुंतानुबंधी=11 प्रकृति के बिना)
34.	सत्त्व	147 (तीर्थंकर प्रकृति बिना)

349. सुक्कलेस्सा सम्मामिच्छत्त गुणट्ठाणं

तेसिं सुक्क लेस्सा सम्मामिच्छत्त गुणट्ठाणालाव भण्णमाणे अत्थि–एग सम्मामिच्छत्त गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, चत्तारि सण्णा, णिरयेण विणा तिण्णि गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, दस जोगा, तिण्णिवेदा, इगबीस कसाया, तिण्णि मिस्स णाणाणि, असंजमो, चक्खु अचक्खु बे दंसणाणि, सुक्क लेस्सा, भव्व सिद्धिया, सम्मामिच्छत्त सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो, पंच उवजोगा, अट्ठज्झाणाणि, तिदाल आसवा, बाबीस लक्ख जादी, अद्धुत्तर तिअसीदि लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा छ चोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण इगतीस सायरोवमाणि देसूणाणि, छब्बीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स संखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजण सहस्सं, चउसत्तदि पयडीणं बंधो, अट्ठणउदि पयडीणं उदओ, एवं सत्तदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सुक्क लेस्साए सम्मामिच्छत्त गुणट्ठाण सम्मत्ता।

शुक्ल लेश्या सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थान

उन्हीं शुक्ल लेश्या सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थानालाप कहने पर–एक सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, चारों संज्ञाएँ, नरक बिना तीन गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, दस योग, तीन वेद, इक्कीस कषाय, तीन मिश्र ज्ञान, असंयम, चक्षु–अचक्षु दो दर्शन, शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, सम्यग्मिथ्यात्व सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, पाँच उपयोग, आठ ध्यान, तेतालीस आस्रव, बाईस लाख जाति, साढ़े तेरासी लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा–पल्योपम का असंख्यात वां भाग, क्षेत्रापेक्षा–लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन–लोक का असंख्यातवां भाग व कुछ कम 6/14 राजू, काल–नानाजीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर–नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम इकतीस सागर, छब्बीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का संख्यातवां भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, चौहत्तर प्रकृतियों का बंध, अन्ठानवे प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ सैंतालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार शुक्ल लेश्या में सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यहाँ पर सारे पद सुगम हैं कहीं कोई विशेषता नहीं है काल का कथन नाना जीवों का गुणस्थानवत् जानना एक जीव का भी जघन्य व उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त सुगम है। अन्तर कहते हैं जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त कोई देव शुक्ल लेश्या वाला इकतीस सागर की आयु वाला है उपपाद उसका मिथ्यात्व के साथ हुआ है पश्चात् पर्याप्त हो सम्यक्त्व को प्राप्त कर सम्यग्मिथ्यात्व को प्राप्त हुआ पश्चात् मिथ्यात्व को चला गया अन्तर्मुहूर्त रह कर पुन: सम्यग्मिथ्यात्व को प्राप्त हुआ इस प्रकार अन्तर लब्ध हुआ। उत्कृष्ट अन्तर उक्त देव सम्यग्मिथ्यात्व के पश्चात् कुछ कम इकतीस सागर मिथ्यात्व अथवा सम्यक्त्व को प्राप्त कर आयु के अन्तर्मुहूर्त शेष रहने पर सम्यग्मिथ्यात्वी पश्चात् सम्यक्त्व के साथ मरण को प्राप्त हुआ इसप्रकार उत्कृष्ट अन्तर काल प्राप्त हुआ। शेष कथन सुगम है।

350. शुक्ल लेश्या असंयत गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	असंयत गुणस्थान	–	–
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त व अपर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10, 7 प्राण	10 प्राण	7 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा	–	–
6.	गति	तीन गति (नरक बिना)	–	दो गति (मनु., देव)
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	13 योग	10 योग	3 योग
10.	वेद	3 वेद	–	एक पुरुष वेद
11.	कषाय	21 कषाय	–	19 कषाय (दो वेद बिना)
12.	ज्ञान	3 ज्ञान (मति, श्रुत, अवधि)	–	–
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	3 दर्शन	–	–
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षा., क्षयो., उपशम)	–	–
18.	संज्ञी	संज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	दोनों
20.	उपयोग	6 (3 ज्ञानो.+ 3 दर्शनो.)	–	–
21.	ध्यान	10	–	–
22.	आस्रव	46 (21 क.+12 अवि.+13 योग)	43 (21 क.+12 अवि.+10 योग)	34 (19क., 12 अवि., 3 यो.)
23.	जाति	22 लाख	–	18 लाख
24.	कुलकोटि	83½ लाख करोड़	–	40 लाख करोड़
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग		
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग व कुछ कम 6/14 राजू		
28.	काल	नाना जीवापेक्षा – सर्वकाल, एक जीव की अपेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ अधिक 33 सागर (ध.पु. 4 सू. 14, 15)		
29.	अन्तर	नाना जीव अपेक्षा – निरन्तर, एक जीवापेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम 31 सागर (ध.पु. 5 सू. 310, 11)		
30.	भाव	30 (औद. 14, क्षयो. 12, क्षा.1, पा.2, औप.1) अपर्या. 27 (औद.11, मि.12, क्षा.1, औ.1, पा.2)		
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का संख्यातवाँ भाग उ. 1000 योजन		
32.	बन्ध	77 (अबन्ध तीस में से तीर्थंकर, देवायु, मनु. के बिना क्योंकि इन तीन का बन्ध होने लगता है।		
33.	उदय	100 (11 पूर्व की अनुदय + गत्यानुपूर्वी=12 सम्यक्त्व, देव, मनु. गत्या.= 12–3=9)		
34.	सत्त्व	148		

350. सुक्क लेस्सा असंजद गुणट्ठाणं

तेसु सुक्क लेस्सा अविरदसंजदो गुणट्ठाणालाव भण्णमाणे अत्थि–एग अविरद संजदो गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीव समासा, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस पाणा अपज्जत्तेसु सत्त पाणा, चत्तारि सण्णा, णिरयेण विणा तिण्णि गदी अपज्जत्तेसु देव मणुस्स बे गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, तेरस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा अपज्जत्तेसु एगं पुरिस वेदो, इगबीस कसाया अपज्जत्तेसु उणबीस कसाया, मदि सुद ओहि तिण्णि णाणाणि, असंजमो, तिण्णि दंसणाणि एग सुक्कलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम खइय खओवसमिय तिण्णि सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, छ उवजोगा, चत्तारि अट्ट चत्तारि रुद्द बे धम्म दस झाणाणि, छादाल आसवा पज्जत्तेसु तिदाल अपज्जत्तेसु चउतीस आसवा, बाबीस लक्ख जादी अपज्जत्तेसु अट्ठदस लक्ख जादी, अद्धुत्तर तिअसीदि लक्ख कोडि कुलकोडीणं अपज्जत्तेसु दाल लक्ख कोडी कुलकोडीणं, संखावेक्खा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा एवं छ चोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण तेतीस सायरोवमाणि सादिरेयाणि, अंतरं–णाणा जीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण इगतीस सायरोवमाणि देसूणाणि, तीस भावा अपज्जत्तेसु सत्तबीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स संखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजण सहस्सं, सत्तसत्तदि पयडीणं बंधो, सयं पयडीणं उदओ एवं अडदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सुक्क लेस्साए असंजद गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

शुक्ल लेश्या असंयत गुणस्थान

उन्हीं शुक्ल लेश्या अविरत संयत गुणस्थानालाप कहने पर–एक अविरत संयत गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त दो जीव समास, छहों पर्याप्ति छहों अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस प्राण अपर्याप्त में सात प्राण, चारों संज्ञाएँ, नरक बिना तीन गति अपर्याप्तक में मनुष्य देव गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, तेरह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में तीन योग, तीन वेद अपर्याप्तक में एक पुरुष वेद, इक्कीस कषाय अपर्याप्तक में उन्नीस कषाय, मति श्रुत अवधि तीन ज्ञान, असंयम, तीन दर्शन, शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षायिक क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्तक में आहारक अपर्याप्तक में दोनों, छह उपयोग, चार आर्त्त चार रौद्र दो धर्म दस ध्यान, छ्यालीस आस्रव पर्याप्त में तेतालीस अपर्याप्त में चौतीस आस्रव, बाईस लाख जाति अपर्याप्तक में अठारह लाख जाति, साढ़े तेरासी लाख करोड़ कुल कोटि अपर्याप्तक में चालीस लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा–पल्योपम का असंख्यातवां भाग, क्षेत्रापेक्षा–लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग व कुछ कम 6/14 राजू, काल–नाना जीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ अधिक तेतीस सागर, अंतर–नानाजीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम इकतीस सागर, तीस भाव अपर्याप्तक में सत्ताईस भाव, जघन्य अवगाहना घनांगुल का संख्यातवां भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, सतत्तर प्रकृतियों का बंध, सौ प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार शुक्ल लेश्या में असंयत गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– चतुर्थ गुणस्थान में शुक्ल लेश्या के साथ अपर्याप्त अवस्था में देव और मनुष्य दो गति पायी जाती हैं क्योंकि मनुष्य अथवा तिर्यंच मर कर शुक्ल लेश्या वाले देवों में उत्पन्न होते हुए देखें जाते हैं किंतु सम्यक्त्व सहित देव चयकर नियम से मनुष्य ही होता है अन्य गति में नहीं जाता तथा उसकी लेश्या भी वही बनी रहती है जो देव में थी बाद में परिवर्तित होती है इसलिए अपर्याप्त अवस्था में मनुष्य गति पाई जाती है।

शंका–यदि शुक्ल लेश्या वाला देव मिथ्यात्व के साथ च्युत होता है तो क्या उसकी लेश्या परिवर्तित हो जाती है ?

समाधान– हाँ उसकी लेश्या नियम से परिवर्तित हो जाती है।

शंका– यह कहाँ से जाना जाता है ?

समाधान– क्योंकि मिथ्यादृष्टि जीव शुक्ल लेश्या के साथ अपर्याप्त अवस्था में देव गति के अलावा अन्य गति में नहीं पाये जाते हैं यहाँ इस सत्प्ररूपणा वचन से जाना जाता है। शेष कथन सुगम है, शेष पद सुगम है। काल जघन्य तो सुगम है उत्कृष्ट कुछ अधिक तेतीस सागर इस प्रकार है कोई संयत मनुष्य शुक्ल लेश्या के साथ मरण कर तेतीस सागर की आयु वाले देवों में गया सारा जीवन रहा पुन: च्युत हो उसी लेश्या के साथ मनुष्य हुआ अन्तर्मुहूर्त काल तक रहा और अन्य लेश्या को चला गया इस प्रकार दो अन्तर्मुहूर्त अधिक तेतीस सागर प्राप्त हुआ। अन्तर का कथन जिस प्रकार मिथ्यात्व का अन्तर कहा था उसी प्रकार यहाँ भी लगा लेना चाहिए फर्क इतना है जहाँ मिथ्यात्व कहा है वहाँ सम्यक्त्व कहना चाहिए शेष कथन सुगम है।

351. शुक्ल लेश्या संयतासंयत गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	संयमासंयम
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा
6.	गति	मनुष्य व तिर्यंच गति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	3 वेद
11.	कषाय	17 कषाय
12.	ज्ञान	3 ज्ञान
13.	संयम	संयमासंयम
14.	दर्शन	3 दर्शन (केवल दर्शन बिना)
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षयो., उप., क्षायिक)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	6 (3 ज्ञानो.+3. दर्शनो.)
21.	ध्यान	11 ध्यान
22.	आस्रव	37 (कषाय 17, योग 9, अवि. 11)
23.	जाति	18 लाख
24.	कुलकोटि	57½ लाख करोड़
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग, मा.– कुछ कम 6/14 राजू
28.	काल	नाना जीव की अपेक्षा – सर्वकाल, एक जीव की अपेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – निरन्तर, एक जीवापेक्षा – निरन्तर (ध.पु.5, सू.315)
30.	भाव	29 (औद.12, क्षयो.13, पा.2, क्षा.1, औ.1)
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का संख्यातवाँ भाग उ. 1000 योजन
32.	बन्ध	67 (पूर्व की सत्ताईस प्रकृति + दस प्रकृति चतुर्थ गुणस्थान की व्युच्छिन्न)
33.	उदय	87 (22 प्रकृति (9+13 व्युच्छित्ति)
34.	सत्त्व	147 (नरकायु क्योंकि नरकायु की सत्ता वाला जीव संयमासंयम गुणस्थान को प्राप्त नहीं होता।

351. सुक्क लेस्सा संजमासंजमो गुणट्ठाणं

तेसिं सुक्क लेस्सा संजमासंजम गुणट्ठाणालाव भण्णमाणे अत्थि–एग देससंजदो गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, चत्तारि सण्णा, मणुस्स व तिरिक्ख बे गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णव जोगा, तिण्णि वेदा, सत्तदस कसाया, तिण्णि णाणाणि, एग संजमासंजमो, केवल दंसणेण विणा तिण्णि दंसणाणि, एग सुक्क लेस्सा, भव्व सिद्धिया, उवसम खइय खओवसमिय तिण्णि सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, छ उवजोगा, चत्तारि अट्ट चत्तारि रुद्द ति धम्म एगारस झाणाणि, सत्ततीस आसवा, अट्ठदस लक्ख जादी, अद्धुत्तर सत्तावण्ण लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा व मारणांतिओवेक्खा छ चोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एक जीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणेगजीवावेक्खा णिरंतरं, उणतीस भावा, जहण्णमवगहण घणंगुलस्स संखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजण सहस्सं, सडसट्ठि पयडीणं बंधो, सत्तासीदि पयडीणं उदओ, एवं सत्तदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सुक्क लेस्साए संजमासंजमो गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

शुक्ल लेश्या संयमासंयम गुणस्थान

उन्हीं शुक्ल लेश्या संयमासंयम गुणस्थानालाप कहने पर–एक देशसंयत गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, चारों संज्ञाएँ, मनुष्य व तिर्यंच दो गति, पंचेन्द्रिय, त्रस काय, नौ योग, तीनों वेद, सत्तरह कषाय, तीन ज्ञान, एक संयमासंयम, केवल दर्शन बिना तीन दर्शन, एक शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम–क्षायिक–क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, छह उपयोग, चार आर्त चार रौद्र तीन धर्म ग्यारह ध्यान, सैंतीस आस्रव, अठारह लाख जाति, साढ़े सत्तावन लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा–पल्योपम का असंख्यातवां भाग, क्षेत्रापेक्षा–लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग मारणांतिक कुछ कम 6/14 राजू, काल–नाना जीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर–नानाजीवापेक्षा व एक जीवापेक्षा निरंतर, उनतीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का संख्यातवां भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, सड़सठ प्रकृतियों का बंध, सतासी प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ सैंतालीस प्रकृतियों क सत्त्व होता है।

इस प्रकार शुक्ल लेश्या में संयमासंयम गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यहाँ मनुष्य और तिर्यंच दो गति हैं पर्याप्तक ही होता है क्योंकि देशसंयम के साथ किसी का जन्म नहीं होता शेष सभी पद सुगम है। स्पर्शन को कहते हैं स्वस्थान विहार वेदना विक्रिया कषाय पद से परिणत लोक का असंख्यातवां भाग ही है क्योंकि यहाँ तिर्यंचों की प्रधानता है और तिर्यंच ज्यादा विहार नहीं कर सकते। मारणांतिक अपेक्षा कुछ कम छह राजू पाया जाता है क्योंकि शुक्ल लेश्या वाले देशव्रती तिर्यंच अच्युत कल्प तक उत्पन्न होते हैं अत: वहाँ तक मारणांतिक समुद्घात करते पाये जाते हैं, किंतु उपपाद पद इस गुणस्थान में नहीं पाया जाता। काल की अपेक्षा नाना जीवों का सर्वकाल सुगम है एक जीव का जघन्य काल एक समय दो प्रकार से बनता है लेश्या का काल क्षय अथवा गुणस्थान की अपेक्षा परिवर्तन जैसे कोई जीव हीयमान शुक्ल लेश्या के साथ प्रमत्त गुणस्थान में था लेश्या के काल में एक समय शेष रहने पर पंचम गुणस्थान को प्राप्त हुआ एक समय रहा पुन: पद्म लेश्या को प्राप्त हो गया, इस प्रकार लेश्या परिवर्तन से उक्त काल प्राप्त हुआ अथवा कोई जीव वर्धमान पद्म लेश्या के साथ संयतासंयत था पद्म लेश्या के काल क्षय होने पर शुक्ल लेश्या वाला हुआ एक समय शुक्ल लेश्या के साथ रहा पुन: लेश्या तो शुक्ल ही रही किन्तु गुणस्थान अप्रमत्त हो गया इस प्रकार गुणस्थान परावर्तन से एक समय प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है जो सुगम है क्योंकि मनुष्य और तिर्यंचों में लेश्या अन्तर्मुहूर्त बाद परिवर्तित होती रहती है। अन्तर निरंतर है क्योंकि नाना जीवों की अपेक्षा इस गुणस्थान में जीव निरंतर बने ही रहते हैं एक जीव की अपेक्षा चूंकि लेश्या के काल से गुणस्थान का काल अधिक है इसलिए एक ही लेश्या में अन्य गुणस्थान में जाकर पुन: लौट कर नहीं आ सकता इसलिए निरंतर है शेष कथन सुगम है कहीं कोई विशेषता नहीं है।

352. शुक्ल लेश्या प्रमत्तसंयत गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	प्रमत्त संयत गुणस्थान	–	–
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्ता पर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्या.	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण, 7 प्राण	10 प्राण	7 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा	–	–
6.	गति	मनुष्यगति	–	–
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	11 योग	10	1 आहारक मिश्र योग
10.	वेद	3 वेद	–	पुरुष वेद
11.	कषाय	13 कषाय	–	11 कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान	–	3 ज्ञान (मन:पर्यय बिना)
13.	संयम	3 (सा., छेदो., परिहारविशुद्धि)	–	2 (सा., छे.)
14.	दर्शन	3 दर्शन (केवल दर्शन बिना)	–	–
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षा., क्षयो., उपशम)	–	2 सम्यक्त्व (उपशम बिना)
18.	संज्ञी	संज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक	–	–
20.	उपयोग	7 उपयोग	–	6 उपयोग (मन:पर्यय बिना)
21.	ध्यान	7 (3 आर्त्त+ 4 धर्मध्यान)	–	–
22.	आस्रव	24 (13 कषाय + 11 योग)	23	12 (11 क.+1 यो.)
23.	जाति	14 लाख		
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़		
25.	संख्या	संख्यात (59398206) सामान्य का संख्यात वा भाग $\frac{(59398206)}{\text{संख्यात}}$ अप. 27		
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा – सर्वकाल, एक जीव की अपेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त		
29.	अन्तर	नाना जीवों की अपेक्षा – निरन्तर, एक जीव अपेक्षा – निरन्तर		
30.	भाव	29 (औद.11, क्षयो. 14, पा.2, क्षा.1, औप.1) अपर्याप्तक–25 (औद.9, क्षयो.13, पा.2, क्षा.1)		
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष		
32.	बन्ध	63 (सैंतीस+चार गुणस्थोक्त व्युच्छित्ती) =41 के बिना)		
33.	उदय	81 (पूर्वक्त 22 प्रकृति अनुदय + 8 प्रकृति उद.व्यु.=30–आहा.द्वि.क्योंकि यहाँ आहारकद्विक का उदय पाया जाता है।		
34.	सत्त्व	146 (नरक, तिर्यंचायु बिना क्योंकि जिसके भुज्यमान नरक, तिर्यंच आयु का सत्त्व होता है वह सकल संयमी (प्रमत्त गुणस्थान वाला नहीं हो सकता तथा जिसके बद्धयमान नरक, तिर्यंच, मनुष्यायु का सत्त्व होता है वह भी सकल संयमी नहीं हो सकता। किन्तु यहाँ भुज्यमान मनुष्यायु का सत्त्व व उदय तो पाया जाता है।)		

352. सुक्क लेस्सा पमत्तसंजदो गुणट्ठाणं

तेसिं सुक्क लेस्सापमत्त संजदो गुणट्ठाणालाव भण्णमाणे अत्थि–एग पमत्त गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीव समासा, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु सत्त पाणा, चत्तारि सण्णा, एग मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, एगारस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु एग आहारिणो मिस्स काय जोगा, दव्वेण पुरिस वेदो भावेण तिण्णि वेदा अपज्जत्तेसु एगं पुरिस वेदो, तेरस कसाया अपज्जत्तेसु एगारस कसाया, केवल णाणेण विणा चत्तारि णाणाणि अपज्जत्तेसु मणपज्जययेण विणा तिण्णि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणा विहार सुद्धि तिण्णि संजमा अपज्जत्तेसु विहार सुद्धिओ विणा बे संजमा, केवल दंसणेण बिणा तिण्णि दंसणाणि, एग सुक्कलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम खइय खओवसमिय तिण्णि सम्मत्ता अपज्जत्तेसु उवसमेण विणा बे सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा अपज्जत्तेसु छ उवजोगा, चत्तारि धम्म तिण्णि अट्ठं सत्त झाणाणि, चउबीस आसवा पज्जत्तेसु तेबीस अपज्जत्तेसु बारस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा संखेज्ज पंच कोडि तिणउदि लक्ख अट्ठणउदि सहस्स छ उत्तर बे सयं अस्ससंखाओ संखेज्ज भागा अपज्जत्तेसु सत्तवीस, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणेगजीवावेक्खाए णिरंतरं, उणतीस भावा अपज्जत्तेसु पणवीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तरं पंचसयं धणू, तिसट्ठि पयडीणं बंधो, एगासीदि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सुक्कलेस्साऐ पमत्त संजद गुणट्ठाणालाव सम्मत्ता।

शुक्ल लेश्या प्रमत्तसंयत गुणस्थान

उन्हीं शुक्ल लेश्या प्रमत्त संयत गुणस्थानालाप कहने पर–एक प्रमत्त संयत गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त दो जीव समास, छहो पर्याप्ती छहो अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस अपर्याप्त में सात प्राण, चारों संज्ञाएँ, एक मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, ग्यारह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में एक आहारक मिश्र काययोग, द्रव्य से पुरुष भाव से तीनो वेद अपर्याप्तक में एक पुरुष वेद, तेरह कषाय अपर्याप्तक में ग्यारह कषाय, चार ज्ञान अपर्याप्त में मन:पर्यय बिना तीन ज्ञान, सामायिक–छेदोपस्थापना परिहार विशुद्धि तीन संयम अपर्याप्त में दो संयम, तीन दर्शन केवल दर्शन बिना, शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षायिक क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व अपर्याप्त में उपशम बिना दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, सात उपयोग अपर्याप्त में छह उपयोग, तीन आर्त चार धर्म सात ध्यान, चौबीस आस्रव पर्याप्त में तेईस अपर्याप्त में बारह आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा संख्यात गुणस्थानोक्त संख्या (पाँच करोड़ तेरानवे लाख अन्ठानवे हजार दौ सौ छह) का संख्यातवां भाग अपर्याप्तक में सत्ताईस, क्षेत्रापेक्षा–लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन–लोक का असंख्यातवां भाग, काल–नानाजीवापेक्षा सर्वकाल, एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त अपर्याप्तक में जन्घन्योत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त, अंतर–नानाजीवापेक्षा व एक जीवापेक्षा निरंतर, अट्ठाईस भाव अपर्याप्तक में पच्चीस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, तिरेसठ प्रकृतियों का बंध, इक्यासी प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छियालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार शुक्ल लेश्या में प्रमत्त संयत गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यहाँ सभी पद सुगम हैं क्योंकि कई बार व्याख्यान किया जा चुका है विशेषता यह है कि संख्या का जो कथन है वह सामान्य से है विशेषता यह है कि जो प्रमत्त गुणस्थान में जो संख्या कही है उसमें संख्यात का भाग देने पर एक भाग प्रमाण शुक्ल लेश्या वाले जीव होते हैं क्योंकि यहाँ तीनों शुभ लेश्याऐं पाई जाती हैं और वे सभी निरंतर है, इसलिए इस लेश्या में संख्यात ही जीव पाये जाते हैं। कितने पाये जाते हैं इस प्रकार के उपदेश का वर्तमान में अभाव है। काल का कथन और करते हैं जो एक समय कहा है वह संयतासंयत के समान है, गुणस्थान परावर्तन की अपेक्षा वर्धमान पद्मलेश्या का काल समाप्त हुआ और शुक्ल लेश्या आ गई एक समय शुक्ल लेश्या के साथ रहा और अप्रमत्त गुणस्थान में चला गया इस प्रकार गुणस्थान परावर्तन का हुआ अब लेश्या परावर्तन हीयमान शुक्ल लेश्या वाला अप्रमत्त गुणस्थान वाला जीव लेश्या के काल में एक समय शेष रहने पर प्रमत्तसंयत हुआ एक समय शुक्ल लेश्या के साथ रहा और पदम् लेश्या वाला हो गया इस प्रकार लेश्या परावर्तन के द्वारा एक समय प्राप्त हुआ। अथवा कोई जीव अप्रमत्त गुणस्थान में हीयमान शुक्ल लेश्या के साथ प्रमत्त गुणस्थान शुक्ल लेश्या में ही प्रमत्त गुणस्थान को प्राप्त हुआ एक समय रहा और मरण को प्राप्त हो गया इस प्रकार मरण की अपेक्षा भी एक समय बनता है। शेष कथन सुगम है। अन्तर भी सुगम है क्योंकि निरंतर है वो इसलिए कि लेश्या के काल से गुणस्थान का काल अधिक है चूंकि लेश्या मार्गणा है एक ही लेश्या में अन्य गुणस्थान को जाकर वापस उसी में नहीं आ सकता और जब तक उसी स्थान को छोड़कर दुबारा ग्रहण न किया जाए तो अन्तर प्राप्त होगा ही नहीं। शेष कथन सुगम हैं।

353. शुक्ल लेश्या अप्रमत्त संयत गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	अप्रमत्तसंयत गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	3 संज्ञा (आहार बिना)
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	(द्रव्य से पुरुष वेद, भाव से 3)
11.	कषाय	13 कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहार विशुद्धि
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षा., क्षयो. उपशम)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	7 (4 ज्ञानो.+3. दर्शनो.)
21.	ध्यान	4 धर्मध्यान
22.	आस्रव	22 (13 कषाय + 9 योग)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	संख्यात (29699103) सामान्य का संख्यातवाँ भाग
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	नाना जीव की अपेक्षा – सर्वकाल, एक जीव की अपेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – निरन्तर, एक जीवापेक्षा – ज.व उ. अन्तर्मुहूर्त
30.	भाव	29 (औद.11, क्षयो.14, क्षा.1, औप.1, पा.2)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	59 (41+6–2 आहारकद्विक = 45 के बिना गुणस्थानोक्त)
33.	उदय	76 (पूर्व की 28 अनुदय +5 व्यु.=33 के बिना)
34.	सत्त्व	146 (पूर्वोक्तानुसार)

353. सुक्क लेस्सा अपमत्तसंजद गुणट्ठाणं

तेसिं सुक्क लेस्सा अपमत्तसंजद गुणट्ठाणालाव भण्णमाणे अत्थि-एग अपमत्त गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, आहारेण विणा तिण्णि सण्णा, मणुस्स गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णव जोगा, भावेण तिण्णि वेदा दव्वेण एग पुरिस वेदो, तेरस कसाया, केवलणाणेण विणा चत्तारि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठाणवणाविहार सुद्धि तिण्णि संजमा, तिण्णि दंसणाणि, सुक्कलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम खइय खओवसमिय तिण्णि सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा, चत्तारि धम्म झाणाणि, बाबीस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चौद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा संखेज्जाओ संखेज्ज भाग गुणट्ठाणावेक्खा बे कोडि छण्णउदि लक्ख णवणउदि सहस्स तिउत्तर सयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणा जीवावेक्खा णिरंतरं एग जीवावेक्खा जहण्णुकस्सेण अंतोमुहुत्तं, उणतीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, ऊणसट्ठि पयडीणं बंधो, छसत्तदि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सुक्क लेस्साए अमपत्त संजद गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

शुक्ल लेश्या अप्रमत्त संयत गुणस्थान

उन्हीं शुक्ल लेश्या अप्रमत्त गुणस्थानालाप कहने पर-एक अप्रमत्त गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, आहार बिना तीन संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, भाव से तीनों वेद द्रव्य से एक पुरुष वेद, तेरह कषाय, केवलज्ञान बिना चार ज्ञान, सामायिक-छेदोपस्थापना-परिहार विशुद्धि तीन संयम, तीन दर्शन, शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम-क्षायिक-क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, सात उपयोग, चार धर्मध्यान, बाईस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा संख्यात गुणस्थानोक्त संख्या (दो करोड़ छयानवे लाख निन्यानवे हजार एक सौ तीन) का संख्यातवां भाग, क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन-लोक का असंख्यातवां भाग, काल-नाना जीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर-नाना जीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, उनतीस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, उनसठ प्रकृतियों का बंध, छियत्तर प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छियालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार शुक्ल लेश्या में अप्रमत्त संयत गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :- यहाँ सभी पद सरल हैं कुछ भी व्याख्यान करने योग्य नहीं है। काल में थोड़ी विशेषता है उसे कहते हैं यद्यपि प्रमत्त गुणस्थान में जिस प्रकार कहा था वैसा ही है इतनी और विशेषता है कि यहाँ मरण की अपेक्षा भी बन जाता है। कोई जीव शुक्ल लेश्या वाला प्रमत्त गुणस्थानवर्ती उसी लेश्या के साथ अप्रमत्त गुणस्थान वाला हुआ एक समय रहा और मरण कर देवों में उत्पन्न हुआ। इसी प्रकार श्रेणी से उतरता हुआ शुक्ल लेश्या में अपूर्वकरण से अप्रमत्त संयत हुआ एक समय रहा और मरण कर देवत्व को प्राप्त हो असंयत हो गया इस प्रकार दो ही भंग बनते हैं। शेष कथन सुगम है अन्तर में भी थोड़ी भिन्नता है वह भी कहते हैं क्योंकि जघन्य उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है क्योंकि दोनों अन्तर्मुहूर्त श्रेणी से उतारने पर प्राप्त होते हैं। अप्रमत्त गुणस्थान वाला कोई जीव श्रेणी चढ़ा उस समय शुक्ल लेश्या ही है जघन्य काल में ग्यारहवें गुणस्थान तक गया और पुन: नीचे उतर कर क्रमश: अपूर्वकरण के पश्चात् अप्रमत्त भाव को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार उत्कृष्ट अन्तर का कथन करना चाहिए। विशेषता यह है कि यहाँ उत्कृष्ट समय में श्रेणी चढ़ाना उतारना चाहिए। संख्या का कथन जिस प्रकार प्रमत्त गुणस्थान में किया है वैसा ही करना चाहिए कोई विशेषता नहीं है शेष कथन सुगम है।

354. शुक्ल लेश्या अपूर्वकरण गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	अपूर्वकरण गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	3 संज्ञा
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	3 वेद
11.	कषाय	13 कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	सामायिक, छेदोपस्थापना
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	2 (क्षा., उपशम)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	7 (4 ज्ञानो.+3. दर्शनो.)
21.	ध्यान	4 धर्मध्यान अथवा 1 शुक्ल ध्यान
22.	आस्रव	22 (13 कषाय + 9 योग)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	897 (उपशामक–299, क्षपक–598)
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	उपशामक– नाना व एक जीव की अपेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त, क्षपक– नाना व एक जीव की अपेक्षा – ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	उपशामक–नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय, उ. वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा–ज.व उ. अन्तर्मुहूर्त क्षपक–नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. 6 माह एक जीव–निरंतर
30.	भाव	29 (औद. 11, क्षयो. 12, क्षा.2, औप.2, पा.2)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	58 (45+1=46 के बिना)
33.	उदय	72 (33 पूर्व की अनु.+4 व्यु.=37 के बिना)
34.	सत्त्व	138 (क्षपक श्रेणी सहित) 146 (उपशम श्रेणी सहित)
		विशेषार्थ :– जिसने अनंतानुबंधी की विसंयोजना पूर्वक उपशम श्रेणी चढ़ी है तथा देवायु का बन्धक है उसके 142 प्रकृति का सत्त्व पाया जाताहै देवायु रहित 141 प्रकृति, दर्शन मोहनीय का क्षय कर दिया है और देवायु सहित है तो 139 प्रकृति, देवायु रहित 138 प्रकृति का सत्त्व है यदि दर्शन मोहनीय व अनंतानुबंधी सहित व देवायु सहित 146 प्रकृति, देवायु रहित 145 प्रकृति का सत्त्व पाया जाता है। क्षपक श्रेणी में 138 प्रकृति का सत्त्व होता है।

354. सुक्क लेस्सा अपुव्वयरण गुणट्ठाणं

तेसिं सुक्क लेस्सा अपुव्वयरण गुणट्ठाणालाव भण्णमाणे अत्थि–एग अपुव्वयरण गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीवसमासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, आहारेण विणा तिण्णि सण्णा, मणुस्स गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णव जोगा, भावेण तिण्णि वेदा दव्वेण एगं पुरिस वेदो, तेरस कसाया, केवलणाणेण विणा चत्तारि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणा बे संजमा, तिण्णि दंसणाणि, सुक्कलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम खइय बे सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा, चत्तारि धम्मज्झाणाणि अहवा एग सुक्कज्झाणं, बाबीस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा सत्तणउदिउत्तर अट्ठ सयं उवसामगेसु णवणउदिउत्तर बे सयं खवगेसु अट्ठणउदि उत्तर पंचसयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो उवसामगेसु णाणेगजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं खवगेसु णाणेगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं उवसामगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं खवगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण छम्मास एगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण णिरंतरं, ऊणतीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, अट्ठावण्ण पयडीणं बंधो, बेसत्तदि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं एवं अठतीसुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सुक्क लेस्साए अपुव्वयरण गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

शुक्ल लेश्या अपूर्वकरण गुणस्थान

उन्हीं शुक्ल लेश्या अपूर्वकरण गुणस्थानालाप कहने पर–एक अपूर्वकरण गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, आहार बिना तीन संज्ञाएँ, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, भाव से तीन वेद द्रव्य से पुरुष वेद, तेरह कषाय, केवलज्ञान बिना चार ज्ञान, सामायिक छेदोपस्थापना दो संयम, तीन दर्शन, शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षायिक दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, सात उपयोग, चार धर्मध्यान अथवा एक शुक्ल ध्यान, बाईस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा–आठ सौ सत्तानवे उपशामकों में दो सौ निन्यानवे क्षपकों में पाँच सौ अट्ठानवे, क्षेत्रापेक्षा–लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन–लोक का असंख्यातवां भाग, काल–उपशामकों में नाना जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त क्षपकों में नाना व एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर–उपशामक नाना जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त क्षपक–नाना जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट छह मास एकजीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट निरंतर, उनतीस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, अट्ठावन प्रकृतियों का बंध, बहत्तर प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छियालीस व एक सौ अड़तीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार शुक्ल लेश्या में अपूर्वकरण गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यहाँ सभी पद सुगम है कोई विशेषता नहीं है संख्या सामान्यवत् ही है। काल सामान्यवत् है क्योंकि कई बार व्याख्यान हो चुका है अन्तर में भी कोई विशेषता नहीं है। बस उपशामक एक जीव का जघन्य व उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त वह इस प्रकार है कि शीघ्र उपशम श्रेणी चढ़कर नीचे आता है तो जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है वह श्रेणी के योग्य लघु समय वाला है और दीर्घ समय में श्रेणी चढ़कर वापस अपूर्वकरण में आता है तो श्रेणी के योग्य दीर्घ अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है इस प्रकार दोनों ही प्रकार से अन्तर्मुहूर्त प्राप्त है। शेष कथन सुगम है।

बंध उदय सत्त्व का कथन यद्यपि पहले मार्गणाओं में किया है वहाँ से जान लेना चाहिए जो विशेषता है वह संदृष्टि के साथ दी है और विशेष जानने के लिए मूल ग्रंथ कर्मकाण्ड धवला आदि ग्रंथों का अध्ययन करें।

355. शुक्ल लेश्या अनिवृत्तिकरण गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	अनिवृत्तिकरण गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	2 संज्ञा (आहार, भय बिना)
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	3 वेद
11.	कषाय	7 कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	2 (सामायिक, छेदोपस्थापना)
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	2 (क्षा., उपशम)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	7 उपयोग (4 ज्ञानो.+3 दर्शनो.)
21.	ध्यान	4 धर्मध्यान अथवा प्रथम शुक्ल ध्यान
22.	आस्रव	16 (7 कषाय + 9 योग)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	897 (उपशम–299, क्षपक–598)
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	उपशामक– नाना व एक जीव की अपेक्षा–ज. एक समय, उ. अन्तर्मुहूर्त क्षपक–नाना जीव व एक जीव की अपेक्षा–ज.व उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	उपशामक–नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व, एक जीव–ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त क्षपक–नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. 6 माह एक जीव–निरन्तर
30.	भाव	29 क्षपक–27, उप.–28 (औद.11, क्षयो.12, क्षा.2, औ.2, पा.2)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	22 (46+36 गुणस्थानोक्त= 82 के बिना)
33.	उदय	66 (37+6=43 गुणस्थानोक्त)
34.	सत्त्व	146, 138 (पूर्वोक्त कथनानुसार)

355. सुक्क लेस्सा अणियट्टियरण गुणट्ठाणं

तेसिं सुक्क लेस्सा अणियट्टियरण गुणट्ठाणालाव भण्णमाणे अत्थि–एग अणियट्ठियरण गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, मेहुण परिग्गह बे सण्णा, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, भावेण तिण्णि वेदा दव्वेण पुरिस वेदो, सत्त कसाया, केवलणाणेण विणा चत्तारि णाणाणि, सामइय छेदोवट्ठावणा बे संजमा, तिण्णि दंसण, एग सुक्क लेस्सा, भव्व सिद्धिया, उवसम खइय बे सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा, चत्तारि धम्म एगं सुक्कज्झाणं वा, सोलह आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा सत्तणवदि उत्तर अट्ठ सयं उवसामगेसु णवणउदि उत्तर बे सयं खवगेसु अट्ठणउदिउत्तर पंच सयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो उवसामगेसु णाणेगजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं खवगेसु णाणेगजीवावेक्खा जहण्णुक्स्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं उवसामगेसु णाणा जीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुतं खवगेसु–णाणा जीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण छम्मास एगजीवावेक्खा णिरंतरं, ऊणतीस भावा, उवसामगेसु अट्ठबीस खवगेसु सत्तबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, बाबीस पयडीणं बंधो, छावट्ठि पयडीणं उदओ एवं अट्ठतीसुत्तर सयं एवं छादालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सुक्क लेस्साए अणियट्टियरण गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

शुक्ल लेश्या अनिवृत्तिकरण गुणस्थान

विशेषार्थ :– स्पर्शन यद्यपि सामान्य से व चतुर्थ गुणस्थान में जो कुछ कम आठ राजू कहा था वह प्रथमोपशम सम्यक्त्व की अपेक्षा से था क्योंकि देवों की प्रधानता होने के कारण पर्याप्तक अवस्था में वहाँ प्रथमोपशम सम्यक्त्व ही पाया जाता है क्योंकि द्वितीयोपशम सम्यक्त्व पर्याप्त अवस्था में केवल मनुष्यों में ही पाया जाता है और अपर्याप्त अवस्था में सिर्फ देवों में ही पाया जाता है किंतु अपर्याप्त अवस्था में उनका स्पर्शन लोक का असंख्यातवाँ भाग ही बनता है। इसलिए सिद्ध हुआ कि कुछ कम आठ राजू स्पर्शन मात्र प्रथमोपशम सम्यक्त्व में ही पाया जाता है। यहाँ संयतासंयतों में स्पर्शन लोक का असंख्यातवां भाग ही बनता है क्योंकि तिर्यंचों की प्रधानता है और तिर्यंचों में प्रथमोपशम के सिवाय द्वितीयोपशम नहीं पाया जाता। प्रथमोपशम सम्यक्त्व में विहार, वेदना, कषाय, विक्रिया समुद्घात पद ही पाये जाते हैं, मारणांतिक उपपाद आदि पद नहीं पाये जाते उनकी अपेक्षा स्पर्शन उक्त प्रमाण ही पाया जाता है। यद्यपि मनुष्यों में द्वितीयोपशम सम्यक्त्व पाया जाता है, किंतु उनका स्पर्शन भी लोक का असंख्यातवाँ भाग पाया जाता है। काल का कथन सुगम है अन्तर का कथन करते हुए कहते हैं चतुर्थ गुणस्थान का सात रात्रिदिवस पंचम गुणस्थान का चौदह रात्रि दिवस यह स्वभाव से ही है यद्यपि द्वितीय सिद्धांत की अपेक्षा यह अन्तर इक्कीस रात्रि दिवस भी पाया जाता है। एक जीव की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त यथा कोई जीव उपशम सम्यक्त्व के साथ संयतासंयत हुआ अन्तर्मुहूर्त रहा और असंयत हो गया असंयत में अन्तर्मुहूर्त रहा और पुन: संयतासंयत हो गया इस प्रकार जघन्य अन्तर लब्ध हुआ उत्कृष्ट अन्तर कोई जीव उपशम सम्यक्त्व के साथ संयतासंयत हुआ पश्चात् असंयत हो गया अन्तर्मुहूर्त के बाद अप्रमत्त संयत हुआ पुन: प्रमत्त और उसके पश्चात् संयतासंयत हुआ इस प्रकार उत्कृष्ट अन्तर प्राप्त हुआ। शेष कथन सुगम है।

385. उपशम सम्यक्त्व प्रमत्तसंयत गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	प्रमत्तसंयत गुण.
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	3 वेद
11.	कषाय	13 कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	2 (सा., छे.)
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	3 शुभ लेश्या (द्रव्य से 6 लेश्या)
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	उपशम सम्यक्त्व
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	6 उपयोग
21.	ध्यान	7 (3 आर्त्त + 4 धर्मध्यान)
22.	आस्रव	22 (13 कषाय + 9 योग)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	संख्यात
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	नाना व एक जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त[*1]
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. 15 दिन रात एक जीवापेक्षा – ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त
30.	भाव	28 (औद.13, क्षयो. 12, पा.2 + औप.1)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	62 (66 में से 4 प्रत्याख्यान की कम करने पर)
33.	उदय	78 (86 में से 4 प्रत्या. कषाय, तिर्यंच गति, तिर्यंच आयु, उद्योत, नीच गोत्र के बिना)
34.	सत्त्व	146 (नरक, तिर्यंच आयु के बिना[*2])
		[*1] यहाँ पर नाना जीवों के अन्तर्मुहूर्त में व एक जीव के अन्तर्मुहूर्त में भी फर्क है क्योंकि नाना जीवों का अन्तर्मुहूर्त बड़ा है एक जीव का छोटा है विशेष जानने के लिए (षट्खण्डागम पु. 4 पृ. 324) का अवलोकन करें। [*2] यद्यपि जिस द्वितीयोपशम सम्यक्त्व वाले ने अनंतानुबंधी की विसंयोजना की है उसके एक सौ ब्यालीस का सत्त्व भी पाया जाताहै और जिसने परभव की आयु का बन्ध नहीं किया है उसके एक सौ इकतालीस का अथवा अनंतानुबंधी सहित एक सौ पैंतालीस का सत्त्व भी जानना चाहिए।

385. उवसमसम्मत्तं पमत्तसंजद गुणट्ठाणं

तेसुं उवसम सम्मत्तं पमत्त गुणट्ठाणं जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग पमत्तसंजदो गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, चत्तारि सण्णा, मणुस्स गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, तिण्णिवेदा, तेरस कसाया, चत्तारि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणा बे संजमा, तिण्णि दंसणाणि, तिण्णि सुहलेस्सा दव्वेण छलेस्सा भावेण तिण्णि सुहलेस्सा, भव्व सिद्धिया, उवसम सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो, छ उवजोगा, सत्त झाणाणि, बाबीस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा संखेज्ज, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणेगजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उवकेक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण पंचदसरादिंद्याणि एगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अट्ठबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंचसयं धणू, बासट्ठि पयडीणं बंधो, अट्ठसत्तदि पयडीणं उदओ, एवं छादालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि उवसम सम्मत्ते पमत्तसंजद गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

उपशम सम्यक्त्व प्रमत्तसंयत गुणस्थान

उन्हीं उपशम सम्यक्त्वी प्रमत्त गुणस्थानवर्ती जीवों के आलाप कहने पर – एक प्रमत्तसंयत गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, चारों संज्ञाएँ, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, तीनों वेद, तेरह कषाय, चार ज्ञान, सामायिक छेदोपस्थापना दो संयम, तीन दर्शन, तीन शुभ लेश्या द्रव्य से छहों लेश्या, भव्यसिद्धिक, उपशम सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, छह उपयोग, सात ध्यान, बाईस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – संख्यात क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवाँ भाग, काल – नानाजीवापेक्षा व एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर – नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पन्द्रह दिन रात एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अट्ठाईस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, बासठ प्रकृतियों का बंध, अठहत्तर प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छियालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार उपशम सम्यक्त्व में प्रमत्तसंयत गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– सारे पद सुगम हैं विशेषता इतनी है कि यहाँ केवल पर्याप्त अवस्था ही कही है अपर्याप्त नहीं क्योंकि उपशम सम्यक्त्व के साथ आहारकद्विक का उदय नहीं पाया जाता और प्रमत्त संयत में अपर्याप्त अवस्था आहारक शरीर के कारण ही प्राप्त होती है। काल का कथन द्वितीयोपशम सम्यक्त्व की अपेक्षा जघन्य एक समय कहा है उसका आशय यह है कि कोई जीव (मनुष्य) उपशम श्रेणी चढ़ा और ग्यारहवे गुणस्थान तक गया वहाँ से क्रमश: दशवे गुणस्थान में आया नौवे में आया आठवें सातवें में और प्रमत्त संयत हुआ एक समय रहा दूसरे समय में आयु क्षय के कारण मरण को प्राप्त हुआ और असंयत गुणस्थान के साथ देवों में उत्पन्न हुआ इसी प्रकार नाना जीवों की अपेक्षा भी काल जानना चाहिए। उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त सुगम है।

शंका – यहाँ प्रथमोपशम सम्यक्त्व क्यों नहीं ग्रहण किया ?

समाधान – नहीं किया क्योंकि प्रथमोपशम में मरण नहीं होता। अन्तर का कथन सुगम है कुछ भी व्याख्यान करने योग्य नहीं है शेष कथन सुगम है।

नोट : वस्तुत प्रथमोपशम सम्यक्त्व के साथ मन: पर्यय ज्ञान का निषेध है किन्तु द्वितीयोपशम सम्यक्त्व के साथ कोई विरोध नहीं है।

386. उपशम सम्यक्त्व अप्रमत्तसंयत गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	अप्रमत्तसंयत गुण.
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	3 संज्ञा
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	3 वेद (द्रव्य से पुरुष वेद)
11.	कषाय	13 कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	2 (सा., छे.)
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	3 शुभ लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	उपशम सम्यक्त्व
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	7 उपयोग
21.	ध्यान	4 धर्मध्यान
22.	आस्रव	22 (13 कषाय + 9 योग)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	संख्यात
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त एक जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. 15 दिन रात, एक जीवापेक्षा – ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त
30.	भाव	28 (औद.13, क्षयो. 12, पा.2, औप.1)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	58 (77 प्रकृति में 19 कम करके क्योंकि 15 अबन्ध में दो आ.द्वि कम करे =13 तथा छटवें गुण. की व्यु. 6 प्रकृति)
33.	उदय	75 (पूर्व की अनुदय प्रकृति में तीन निद्रा निद्रा, प्रचला प्रचला, (स्त्यानगृद्धि जोड़ने पर)
34.	सत्त्व	146, 145, 141, 142*
		*(नरक तिर्यंच आयु रहित देवायु सहित एक सौ छ+यालीस, देवायु रहित एक सौ पैंतालीस, अनंतानुबंधी रहित देवायु सहित एक सौ ब्यालीस, देवायु व अनंतानुबंधी रहित एक सौ इकतालीस।)

386. उवसम सम्मत्त अपमत्तसंजद गुणट्ठाणं

तेसुं उवसम सम्मत्त अपमत्त गुणट्ठाणं जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग अपमत्त गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, आहारेण विणा तिण्णि सण्णा, मणुस्स गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, तिण्णि वेदा दव्वेण एग पुरिस वेदो, तेरस कसाया, चत्तारि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणां बे संजमा, तिण्णि दंसणाणि, तिण्णि सुहलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा, चत्तारि धम्मज्झाणाणि, बाबीस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा संखेज्ज, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्त एगजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण पंचदस रादिंद्याणि एग जीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अट्ठबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंचसयं धणू, अट्ठावण्ण पयडीणं बंधो, पंचसत्तदि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं/पणदालुत्तर सयं/बादालुत्तर सयं/इगदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि उवसम सम्मत्ते अपमत्तसंजद गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

उपशम सम्यक्त्व अप्रमत्तसंयत गुणस्थान

उन्हीं उपशम सम्यक्त्वी अप्रमत्त गुणस्थानवर्ती जीवों के आलाप कहने पर – एक अप्रमत्त गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, आहार बिना तीन संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, तीनों वेद, द्रव्य से पुरुष वेद, तेरह कषाय, तीन ज्ञान, सामायिक छेदोपस्थापना दो संयम, तीन दर्शन, तीन शुभ लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, सात उपयोग, चार धर्म ध्यान, बाईस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – संख्यात, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवां भाग, काल – नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त, अंतर – नाना जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट पन्द्रह दिन–रात एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अट्ठाईस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, अट्ठावन प्रकृतियों का बंध, पचहत्तर प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छयालीस/एक सौ पैतालीस/एक सौ ब्यालीस/एक सौ इकतालीस/एक सौ उनतालीस/एक सौ अड़तीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार उपशम सम्यक्त्व में अप्रमत्तसंयत गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :

शंका– प्रथमोपशम सम्यक्त्व कौन से गुणस्थान से कौन से गुणस्थान तक होता हैं ?

समाधान– प्रथमोपशम सम्यक्त्व चौथे गुणस्थान से सातवें गुणस्थान तक होता है क्योंकि यदि कोई द्रव्यलिंगी मुनि अनादि मिथ्यादृष्टि है यदि वह प्रथमोपशम सम्यक्त्व उत्पन्न करता है तो सीधा सातवां गुणस्थान होता है और यदि देशव्रती है तो पाँचवां गुणस्थान और यदि अव्रती है तो चौथा गुणस्थान होता है इसलिए चतुर्थ गुणस्थान से सप्तम गुणस्थान तक प्रथमोपशम सम्यक्त्व होता है इसलिए उत्कृष्ट अन्तर पन्द्रह दिन बतलाया है क्योंकि पन्द्रह दिन के अन्दर में कोई न कोई अप्रमत्त संयत के साथ उपशम सम्यग्दृष्टि हो जाता है यद्यपि द्वितीयोपशम भी होता है इसलिए दोनों प्रकार का उपशम सम्यक्त्व यहाँ पाया जाता है। काल का कथन पूर्व की तरह ही समझना चाहिए क्योंकि कोई एक जीव अथवा बहुत से जीव द्वितीयोपशम सम्यक्त्व के साथ अपूर्वकरण गुणस्थान से अप्रमत्त गुणस्थान में आये एक समय रहे और मरण को प्राप्त हुए इस प्रकार जघन्य काल प्राप्त हुआ, उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त सुगम है एक बार पुन: बता दे प्रथमोपशम सम्यक्त्व की अपेक्षा काल जघन्य भी अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है और उत्कृष्ट भी किन्तु द्वितीयोपशम में श्रेणी से उतरते समय जघन्य काल एक समय पाया जाता है।

शंका – श्रेणी पर चढ़ते समय एक समय क्यों नहीं पाया जाता ?

समाधान – नहीं क्योंकि श्रेणी चढ़ने का प्रारंभ अपूर्वकरण से होता है यहाँ अप्रमत्त संयत गुणस्थान है अत: उतरते समय ही संभव है। शेष कथन सुगम है।

* प्रथमोशम सम्यक्त्व के साथ छह उपयोग पाये जाते हैं क्योंकि प्रथमोशम सम्यक्त्व के साथ मन:पर्यय ज्ञान का निषेध है किन्तु द्वितीयोपशम सम्यक्त्व के साथ मन:पर्यय ज्ञान भजनीय है। इसी प्रकार सभी मार्गणाओं व गुणस्थान में जानना चाहिए। अत: यहाँ सात उपयोग बन जाते हैं।

387. उपशम सम्यक्त्व अपूर्वकरण गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	अपूर्वकरण गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	3 संज्ञा
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	3 वेद (द्रव्य से पुरुष वेद)
11.	कषाय	13 कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	2 (सा., छे.)
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	उपशम सम्यक्त्व
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	7 उपयोग (4 ज्ञानो., 3 दर्शनो.)
21.	ध्यान	4 धर्मध्यान अथवा एक शुक्ल ध्यान
22.	आस्रव	22 (13 कषाय + 9 योग)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	299
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	नानाजीवापेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त, एकजीवापेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नानाजीवापेक्षा – ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व, एकजीवापेक्षा – ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त
30.	भाव	27 (औद.11, क्षयो. 12, औ.2, पा.2)*
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	58 (77 में से पूर्व की 19 प्रकृति कम करने पर 58 प्रकृति का बन्ध)
33.	उदय	72 (75 में से तीन प्रकृति कम करके (अर्द्ध नाराच, कीलक, असंप्राप्तासृंपाटिका सं.)
34.	सत्त्व	146 (नरक व तिर्यंच आयु बिना)
		*(औदयिक = 1 गति, 4 कषाय, 3 लिंग, एक अज्ञान, एक असिद्धत्व, एक लेश्या, क्षयो.–4 ज्ञान, 3 दर्शन, 5 लब्धि, औपशमिक 2–औप. सम्यक्त्व, औप. चारित्र, पारिणामिक 2–भव्यत्व, जीवत्व)

387. उवसम सम्मत्त अपुव्वयरण गुणट्ठाणं

तेसुं उवसम सम्मत्तं अपुव्वयरण गुणट्ठाणं जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग अपुव्वयरण गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, तिण्णि सण्णा, मणुस्स गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, तिण्णि वेदा, तेरस कसाया, चत्तारिणाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणा बे संजमा, तिण्णि दंसणाणि, एगं सुक्कलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम सम्मत्तं सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा, चत्तारि धम्म एग सुक्कज्झाणं वा, बाबीस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा णवणउदि उत्तर बे सयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणेगजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एग जीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, सत्तबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, अट्ठावण्ण पयडीणं बंधो, बेसत्तदि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं होंति।

इदि उवसम सम्मत्ते अपुव्वयरण गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

उपशम सम्यक्त्व अपूर्वकरण गुणस्थान

उन्हीं उपशम सम्यक्त्वी अपूर्वकरण गुणस्थानवर्ती जीवों के आलाप कहने पर एक अपूर्वकरण गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, तीन संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, तीन वेद, तेरह कषाय, चार ज्ञान, सामायिक छेदोपस्थापना दो संयम, तीन दर्शन, एक शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, सात उपयोग, चार धर्म ध्यान अथवा एक शुक्ल ध्यान, बाईस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – दो सौ निन्यानवे, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवाँ भाग, काल – नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर – नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, सत्ताईस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, अट्ठावन प्रकृतियों का बंध, बहत्तर प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छ्यालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार उपशम सम्यक्त्व में अपूर्वकरण गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यहाँ द्वितीयोपशम सम्यक्त्व पाया जाता है उसकी अपेक्षा कथन है ध्यान का जो व्याख्यान किया है वह दोनों आचार्यों के दोनों मतो के अनुसार किया है शेष पद सुगम है। इतनी और विशेषता है कि काल जघन्य एक समय पाया जाता है वो उतरते समय ही पाया जाता है, श्रेणी चढ़ते समय तो अन्तर्मुहूर्त से कम नहीं पाया जाता क्योंकि आठवें गुणस्थान में श्रेणी चढ़ते हुए जब तक भय और जुगप्सा की उदय व्युच्छित्ति नहीं होती तब तक मरण नहीं होता और भय जुगुप्सा की व्युच्छित्ति अपूर्वकरण के काल का संख्यात बहुभाग बीतने पर होती है इसलिए चढ़ते हुए अपूर्वकरण गुणस्थान का एक समय नहीं पाया जाता। उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त सुगम है कोई विशेषता नहीं है। अन्तर नाना जीवों का जघन्य एक समय यानि एक जीव या बहुत से जीव एक साथ अपूर्वकरण में दिखाई दिये द्वितीय समय में अन्य गुणस्थान में चले गये अत: अपूर्वकरण में एक भी जीव नहीं है तृतीय समय में पुन: जीव अपूर्वकरण को प्राप्त हुये यह जघन्य अन्तर प्राप्त है उत्कृष्ट अन्तर वर्ष पृथक्त्व जो कि सुगम है। एक जीव का अन्तर ज.उ. अन्तर्मुहूर्त है ये भी सुगम है शेष कथन सुगम है।

388. उपशम सम्यक्त्व अनिवृत्तिकरण गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	अनिवृत्तिकरण गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	2 संज्ञा
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	3 वेद (द्रव्य से पुरुष वेद)
11.	कषाय	7 कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	2 (सा., छे.)
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	उपशम सम्यक्त्व
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	7 उपयोग
21.	ध्यान	4 धर्मध्यान या एक पृथक्त्व वितर्क शुक्ल ध्यान
22.	आस्रव	16 (7 कषाय + 9 योग)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	299
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	नाना व एक जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त एकजीवापेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व एकजीवापेक्षा – ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त
30.	भाव	27 (औद.11, क्षयो. 12, औ.2, पा.2)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	22 (77 प्रकृति में से 55 कम करके (36 आठवे गुण. की व्युच्छित्ति + 19 पूर्व की अबन्ध प्रकृति)
33.	उदय	66 (पूर्व की 72 प्रकृति में से 6(हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा) कम करने पर)
34.	सत्त्व	146 (तिर्यंच, नरकायु बिना)

388. उवसम सम्मत्त अणियट्टियरण गुणट्ठाणं

तेसुं उवसम सम्मत्तं अणियट्टियरण गुणट्ठाणं जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग अणियट्टियरण गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, मेहुण परिग्गह विणा बे सण्णा, मणुस्स गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, तिण्णि वेदा, सत्त कसाया, केवल णाणेण विणा चत्तारि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणा बे संजमा, केवल दंसणेण विणा तिण्णि दंसणाणि, एग सुक्कलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा, चत्तारि धम्म एग सुक्कज्झाणं वा, सोडस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा णवणउदि उत्तर बे सयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणेग जीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, छब्बीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, बाबीस पयडीणं बंधो, छावट्ठि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं बादाल उत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि उवसम सम्मत्ते अणियट्टियरण गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

उपशम सम्यक्त्व अनिवृत्तिकरण गुणस्थान

उन्हीं उपशम सम्यक्त्वी अनिवृत्तिकरण गुणस्थानवर्ती जीवों के आलाप कहने पर – एक अनिवृत्तिकरण गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, मैथुन परिग्रह दो संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, तीनों वेद, सात कषाय, केवल ज्ञान बिना चार ज्ञान, सामायिक छेदोपस्थापना दो संयम, केवलदर्शन बिना तीन दर्शन, एक शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, सात उपयोग, चार धर्म या एक शुक्ल ध्यान, सोलह आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – दो सौ निन्यानवे, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवां भाग, काल – नानाजीवापेक्षा व एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट– अन्तर्मुहूर्त, अन्तर–नाना जीवापेक्षा जघन्य–एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, सत्ताईस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, बाईस प्रकृतियों का बंध, छ्यासठ प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छयालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार उपशम सम्यक्त्व में अनिवृत्तिकरण गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यहाँ संज्ञा का कथन करते हुए सातवे गुणस्थान में आहार संज्ञा समाप्त हो जाती है तथा अपूर्वकरण में भय कषाय की उदय व्युच्छुत्ति हो जाने पर भय संज्ञा समाप्त हो जाती है अनिवृत्तिकरण में जब तक वेद का उदय है तब तक मैथुन संज्ञा पायी जाती है वेदों के समाप्त होने पर मैथुन संज्ञा समाप्त हो जाती है। शेष सभी पद सुगम है विशेषता इतनी और है कि जघन्य काल मरण की अपेक्षा एक समय प्राप्त होता है क्योंकि इस गुणस्थान में मरण हो सकता है। यद्यपि अपूर्वकरण गुणस्थान में श्रेणी चढ़ते हुए एक समय प्राप्त नहीं हो सकता था मात्र उतरते हुए ही एक समय प्राप्त होता था किंतु यहाँ चढ़ते समय व उतरते समय मरण संभव है इसलिए दोनों अवस्थाओं में जघन्य काल एक समय प्राप्त हो जाता है इतना और बता दें मरण उसी का हो सकता है जिसने पहले से आयु का बन्ध किया है यदि आयु का बन्ध नहीं किया है तो उसका मरण भी संभव नहीं है। क्योंकि जिसकी भुज्यमान आयु का अन्तर्मुहूर्त शेष बचा है और आगामी आयु का बन्ध नहीं किया है तो ऐसा जीव उपशम श्रेणी नहीं माड़ सकता इसी प्रकार शेष सूक्ष्म सांपराय व उपशांत मोह गुणस्थान में भी जानना चाहिए शेष कथन सुगम है।

389. उपशम सम्यक्त्व सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	सूक्ष्म साम्पराय गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	परिग्रह संज्ञा
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	अवेद
11.	कषाय	1 (सूक्ष्म लोभ कषाय)
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	सूक्ष्मसाम्पराय संयम
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	उपशम सम्यक्त्व
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	7 उपयोग (4 ज्ञानो. + 3 दर्शनो.)
21.	ध्यान	4 धर्मध्यान या एक पृथक्त्व वितर्क शुक्ल ध्यान
22.	आस्रव	10 (9 योग + 1 लोभ कषाय)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	299
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	नाना व एक जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व, एक जीवापेक्षा – ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त
30.	भाव	21 (औद.5, क्षयो.12, पा.2, औप.2)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	17 (5 ज्ञानावरण, 4 दर्शनावरण, 5 अन्तराय, यश:कीर्ति, उच्च गोत्र, साता वेदनीय)
33.	उदय	60 (66 में से 6 (तीन वेद,संज्वलन क्रोध, मान, माया)
34.	सत्त्व	146 (नरकायु, तिर्यंचायु बिना)

389. उवसम सम्मत्त सुहुमसांपराय गुणट्ठाणं

तेसुं उवसम सम्मत्तं सुहुमसंपराय गुणट्ठाणं जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि - एग सुहुमसंपराय गुणट्ठाणं, सण्णी, पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, एग परिग्गह सण्णा, मणुस्स गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, अवेदी, एग सुहुम लोह कसाओ, केवल णाणेण विणा चत्तारि णाणाणि, सुहुमसांपराय संजमो, तिण्णि दंसणाणि, सुक्क लेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा, चत्तारि धम्म एग सुक्कज्झाणं वा, दस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा णवणउदि उत्तर बे सयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणेगजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, इगबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, सत्त दस पयडीणं बंधो, सट्ठि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं पयडीणं सच्च होंति।

इदि उवसम सम्मत्ते सुहुम संपराय गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

उपशम सम्यक्त्व सूक्ष्मसांपराय गुणस्थान

उन्हीं उपशम सम्यक्त्वी सूक्ष्मसांपराय गुणस्थानवर्ती जीवों के आलाप कहने पर - एक सूक्ष्मसांपराय गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, एक परिग्रह संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, अवेद एक सूक्ष्मलोभ कषाय, केवल ज्ञान बिना चार ज्ञान, सूक्ष्मसांपराय संयम, तीन दर्शन, शुक्ललेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, सात उपयोग, चार धर्म ध्यान या एक शुक्ल ध्यान, दस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा दो सौ निन्यानवे, क्षेत्रापेक्षा - लोक का असंख्यातवां भाग, स्पर्शन - लोक का असंख्यातवां भाग, काल - नाना व एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर - नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, इक्कीस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, सत्तरह प्रकृतियों का बंध, साठ प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छियालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार उपशम सम्यक्त्व में सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :- सूक्ष्मसांपराय गुणस्थान तक सूक्ष्म लोभ के कारण परिग्रह संज्ञा पायी जाती है इसी गुणस्थान में उसका क्षय अथवा उपशम हो जाता है इसलिए आगे के गुणस्थानों में परिग्रह संज्ञा नहीं पायी जाती है, सही अर्थों में ये ही निर्ग्रंथ हैं ये ही चौबीस प्रकार के परिग्रह के पूर्ण त्यागी है इनसे निचली श्रेणी में व्यवहार से निर्ग्रंथ हैं। नौ योग व एक कषाय होने के कारण दस प्रकार का आस्रव कहा है शेष पद सुगम है। जो थोड़ी बहुत विशेषता है उन्हें ही यहाँ पर कहा जा रहा है। काल का कथन पूर्व में कर चुके है। अन्तर का कथन करते हैं यद्यपि पूर्व में नाना जीवों की अपेक्षा कथन किया जा चुका है इसलिए नाना जीवों का सुगम है, एक जीव की अपेक्षा जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त से तात्पर्य है कोई जीव सूक्ष्मसांपराय गुणस्थान से उपशांत मोह को प्राप्त हुआ और अन्तर्मुहूर्त रहा, पुन: सूक्ष्म सांपराय गुणस्थान को प्राप्त हुआ इस प्रकार जघन्य अन्तर हुआ उत्कृष्ट अन्तर भी इसी प्रकार प्राप्त होता है। विशेषता इतनी है कि प्रथम बार श्रेणी चढ़कर उतरने वाले जीव के उत्कृष्ट अन्तर पाया जाता है, द्वितीय बार श्रेणी चढ़कर उतरने वाले जीव के जघन्य अन्तर पाया जाता है।

शंका - जघन्य अन्तर काल एक समय क्यों नहीं कहा क्योकि उपशांत कषाय गुणस्थान का जघन्य काल एक समय है ?

समाधान - नहीं क्योंकि उपशांत मोह गुणस्थान का जघन्य काल एक समय मरण की अपेक्षा पाया जाता है और मरण करके सीधा असंयत (चतुर्थ) गुणस्थान को प्राप्त होता है।

शंका - श्रेणी चढ़कर उतरते हुए जीव के अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है किंतु श्रेणी से उतार कर अन्तर्मुहूर्त में पुन: श्रेणी चढ़ाकर अन्तर क्यों नहीं कहा ?

समाधान - नहीं क्योंकि श्रेणी से उतरकर वेदक सम्यक्त्व में जाए बिना पुन: श्रेणी नहीं चढ़ सकता और हमें अन्तर उपशम में ही निकालना है इसलिए उक्त कथन नहीं किया शेष कथन सुगम है।

390. उपशम सम्यक्त्व उपशान्त मोह गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	उपशान्त मोह गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	0 (उपशांत संज्ञा)
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	उपशांत वेद
11.	कषाय	उपशांत कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	यथाख्यातसंयम
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	उपशम सम्यक्त्व
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	7 उपयोग (4 ज्ञानो. + 3 दर्शनो.)
21.	ध्यान	एक पृथक्त्व वितर्क शुक्ल ध्यान
22.	आस्रव	9 (योग)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	299
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	नाना व एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व, एक जीवापेक्षा – निरन्तर
30.	भाव	20 (औ.4, क्षयो. 12, पा.2, औप.2)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	1 साता वेदनीय
33.	उदय	59 (पूर्व की 60 प्रकृतियों में से एक संज्वलन लोभ प्रकृति कम करने पर 59 प्रकृति का उदय)
34.	सत्त्व	146, 145, 142, 141 (नरकायु, तिर्यंचायु बिना)

390. उवसम सम्मत्त उवसंतमोह गुणट्ठाणं

तेसुं उवसम सम्मत्तं उवसंत मोह गुणट्ठाणं जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग उवसंतमोह गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, उवसंत सण्णा, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, अवेदी, उवसंत कसाया, केवलणाणेण विणा चत्तारि णाणाणि, जहाक्खाद संजमो, तिण्णि दंसणाणि, सुक्कलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा, एयं पिथक्कवितक्क सुक्कज्झाणं, णवआसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुल कोडीणं,संखावेक्खा णवणउदि उत्तर बे सयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणेगजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एगजीवावेक्खा णिरंतरं, बीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंचसयं धणू, एग सादावेयणीयं बंधो, ऊणसट्ठि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं पणदालुत्तर सयं बादालुत्तर सयं इगदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि उवसम सम्मत्ते उवसंत मोह गुणट्ठाणालाव सम्मत्ता।

उपशम सम्यक्त्व उपशांत मोह गुणस्थान

उन्हीं उपशम सम्यक्त्वी उपशांत गुणस्थानवर्ती जीवों के आलाप कहने पर – एक उपशांतमोह गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, क्षीण संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, अवेद, अकषाय, केवलज्ञान बिना चार ज्ञान, यथाख्यात संयम, तीन दर्शन, शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, सात उपयोग, एक पृथक्त्व वितर्क शुक्ल ध्यान, नौ आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – दो सौ निन्यानवे, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवाँ भाग, काल – नाना व एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर – नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा निरंतर, बीस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, एक साता वेदनीय का बंध, उनसठ प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छ्यालीस/एक सौ ब्यालीस/एक सौ इकतालीस/एक सौ उनतालीस/एक सौ अड़तीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार उपशम सम्यक्त्व उपशांत मोह गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यहाँ मोहनीय कर्म की इक्कीस प्रकृतियों को पूर्ण रूप से दबा देता है इसलिए संज्ञातीत है, अवेदी है, उपशांत कषाय है, शेष कथन सुगम है विशेषता यह है कि काल का कथन यद्यपि सुगम है फिर भी कुछ व्याख्यान करते हैं। जघन्य काल एक समय भव क्षय की अपेक्षा बन जाता है। क्योंकि एक जीव अथवा संख्यात जीव एक साथ उपशांत मोह गुणस्थान को प्राप्त हुए एक समय तक रहे द्वितीय समय में मर कर असंयत गुणस्थान के साथ देवों में उत्पन्न हुए इस प्रकार नाना जीव व एक जीव का जघन्य काल प्राप्त हुआ उत्कृष्ट काल कालक्षय की अपेक्षा सुगम है। अन्तर नाना जीवों की अपेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीव की अपेक्षा जघन्य व उत्कृष्ट निरंतर है क्योंकि उसी सम्यक्त्व के साथ दो बार उपशांत गुणस्थान प्राप्त करना संभव नहीं है बिना दो बार उपशांत मोह के अन्तर प्राप्त हो नहीं सकता शेष कथन सुगम है।

391. संज्ञी मार्गणा सामान्य

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	1–12	1–12	1,2,4,6
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त व अपर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10, 7 प्राण	10 प्राण	7 प्राण
5.	संज्ञा	4	–	–
6.	गति	चारों गति	–	–
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	15 योग	11	4
10.	वेद	3 वेद	–	–
11.	कषाय	25 कषाय	–	–
12.	ज्ञान	7 ज्ञान	–	5 (कुअवधि, मन:पर्यय बिना)
13.	संयम	7 (अ., संयमासं.,सा., छे.,प., सू.सा., यथा)	–	3 (असंयम, सा., छे.)
14.	दर्शन	3 दर्शन	–	–
15.	लेश्या	6 लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य, अभव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	6 (मि., सा., मिश्र., उप., क्षा., क्षयो.)	6	5 (मिश्रबिना)
18.	संज्ञी	संज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	आहारक, अनाहारक
20.	उपयोग	10 उपयोग (7 ज्ञानो. + 3 दर्शनो.)	–	8 उपयोग
21.	ध्यान	14 (4 आर्त्त, 4 रौद्र, 4 धर्म., 2 शुक्ल)	–	12 (4 आ., 4 रौ., 4 ध.
22.	आस्रव	57 (25+12+15+5)	53 (25+12+11+5)	46 (25+12+4+5)
23.	जाति	26 लाख		
24.	कुलकोटि	108½ लाख करोड़ (14 लाख करोड़ मनुष्य 14+ नारकी 25 लाख करोड़ + तिर्यंच 43½ लाख करोड़+26 लाख देव)		
25.	संख्या	असंख्यात जगत् श्रेणी प्रमाण/देवों से कुछ अधिक		
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग व वि.वे.विक्रि.कषाय मा..उ. कुछ कम 8/14 राजू, सर्वलोक		
28.	काल	नाना जीवापेक्षा – सर्वकाल एक जीवापेक्षा– ज. क्षुद्रभव ग्रहण प्रमाण उ. सागरोपम शत पृथक्त्व		
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – निरन्तर एक जीव अपेक्षा – ज. क्षुद्रभव ग्रहण प्रमाण उ. अनंतकाल रूप असंख्यात पुद्गल परावर्तन		
30.	भाव	46 (औद. 21, क्षयो. 18, औप.2, पा.3, क्षा.2) अपर्याप्त 43 (औद.21, क्षयो. 15, क्षा.2, औप.2, पा.3)		
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का असंख्यातवां भाग उ. 1000 योजन		
32.	बन्ध	120		
33.	उदय	113		
34.	सत्त्व	148		

391. सण्णी मग्गणा सामण्णं

अह सण्णी मग्गणाणुवादेण सामण्णं सण्णी जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एयत्तो बारस गुणट्ठाणाणि अपज्जत्तेसु एगं बे चउ छ गुणट्ठाणाणि, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीव समासा, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु सत्त पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, पंचदस जोगा पज्जत्तेसु एगारस अपज्जत्तेसु चत्तारि जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, केवल णाणेण विणा सत्त णाणाणि अपज्जत्तेसु पंच णाणाणि, सत्त संजमा अपज्जत्तेसु असंजम सामाइय छेदोवट्ठावणा तिण्णि संजमा, केवल दंसणेण विणा तिण्णि दंसणाणि, छल्लेस्सा, भव्वसिद्धिया अभव्वसिद्धिया दोण्णि, छ सम्मत्ता अपज्जत्तेसु मिस्सेण विणा पंच सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, दस उवजोगा अपज्जत्तेसु अट्ठ उवजोगा, चोद्दस झाणाणि अपज्जत्तेसु बारस झाणाणि, सत्तावण्ण आसवा पज्जत्तेसु तिवण्ण अपज्जत्तेसु छादाल आसवा, छब्बीस लक्ख जादी, अद्धट्ठुत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा असंखेज्ज जगसेढी पमाणो/साहिय देवत्तो, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागो, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा वेगुव्विय वेयणा कसाय समुग्घादे अट्ठ चोद्दस भागा वा देसूणा व सव्वलोयो, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण खुद्दाभव गहणपमाणं उक्कस्सेण सायरोवम सदपुधत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण खुद्दाभवोगहण पमाणं उक्कस्सेण अणंतकाल सरुव असंखेज्ज पोग्गलपरायट्टं, पज्जत्तेसु छादाल अपज्जत्तेसु तिदाल भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स संखेज्जदि भागा, उक्कस्सेण जोजण सहस्सं बीसुत्तर सयं पयडीणं बंधो, तेरसुन्तर सयं पयडीण उदओ एवं अडदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सण्णी मग्गणाए सामण्णालाव सम्मत्ता।

संज्ञी मार्गणा सामान्य

अब संज्ञी मार्गणा के अनुवाद से सामान्य संज्ञी जीवों के आलाप कहने पर, एक से बारह गुणस्थान अपर्याप्त में एक दो चार छह गुणस्थान संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त दो जीव समास, छहों पर्याप्ति छहों अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस अपर्याप्त में सात प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, पंद्रह योग पर्याप्त में ग्यारह अपर्याप्त में चार योग, तीनों वेद, पच्चीस कषाय, केवल ज्ञान बिना सात ज्ञान अपर्याप्त में पाँच ज्ञान, सातों संयम अपर्याप्त में (असंयम, सामायिक, छेदोपस्थापना) तीन संयम, केवल दर्शन बिना तीन दर्शन, छहों लेश्या, भव्यसिद्धिक अभव्यसिद्धिक, छहों सम्यक्त्व अपर्याप्त में मिश्र बिना पाँच सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्तक में आहारक अपर्याप्तक में दोनों, दस उपयोग अपर्याप्त में आठ उपयोग, चौदह ध्यान अपर्याप्तक में बारह ध्यान, सत्तावन आस्रव पर्याप्तक में तिरेपन अपर्याप्तक में छ्यालीस आस्रव, छब्बीस लाख जाति, एक सौ साढ़े आठ लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – असंख्यात जगत्श्रेणी प्रमाण/देवों से कुछ अधिक, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवां भाग विहार–विक्रिया वेदना कषाय अपेक्षा कुछ कम 8/14 राजू व सर्वलोक, काल – नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य क्षुद्रभव ग्रहण प्रमाण उत्कृष्ट सागरोपम शत पृथक्त्व, अंतर – नानाजीवापेक्षा निरंतर एकजीवापेक्षा जघन्य क्षुद्रभव उत्कृष्ट अनंतकाल रूप असंख्यात पुद्गल परावर्तन, जघन्यावगाहना घनांगुल का असंख्यातवां भाग, उत्कृष्ट एक हजार योजन, तिरेपन भाव, एक सौ बीस प्रकृतियों का बंध, एक सौ तेरह प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार संज्ञी मार्गणा में सामान्यालाप समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यहाँ संज्ञी मार्गणा का कथन है असंज्ञियों का विकलत्रय के कथन के अनुसार समझना चाहिए सभी पद सुगम हैं ध्यान का कथन करते हैं क्योंकि पर्याप्तक में क्षीण मोह गुणस्थान में दो शुक्ल ध्यान पाये जाते हैं बारह ध्यान अन्य निचले गुणस्थानों में पाये जाते हैं, बारहवें गुणस्थान में अपर्याप्तक अवस्था नहीं होती, चौथे गुणस्थान में आर्त्त ध्यान रौद्र ध्यान धर्म ध्यान व छटवे गुणस्थान में आर्त्त और धर्म ध्यान पाये जाते हैं। प्रथम व द्वितीय गुणस्थान में आर्त्त, रौद्र ध्यान ही पाये जाते हैं और इन्हीं गुणस्थानों में अपर्याप्तक होता है इसलिए अपर्याप्त अवस्था में चार आर्त्त, चार रौद्र, चार धर्मध्यान इस प्रकार बारह ध्यान होते हैं। शेष पदों को स्थगित करके यहाँ काल को कहते हैं कोई भी जीव यदि संज्ञी पंचेन्द्रियों में भ्रमण करता है तो सात सौ आठ सौ सागर तक ही भ्रमण करता है इससे अधिक नहीं उसके बाद असंज्ञियों में अथवा एकेन्द्रियों में चला जाता है। क्योंकि त्रस पर्याय दो हजार सागर के लिए मिली है जिसमें संज्ञी का शत पृथक्त्व सागर ही प्राप्त होता है शेष समय असंज्ञियों में रहता है पश्चात् एकेन्द्रियों में चला जाता है।

इसी प्रकार अन्तर जघन्य से क्षुद्रभव सुगम है उत्कृष्ट असंख्यात पुद्गल परावर्तन स्वरूप अनंत काल है क्योंकि संज्ञी पर्याप्त से च्युत होकर अनंतकाल तक स्थावरों में रहता है यही उत्कृष्ट अन्तर है शेष कथन सुगम है।

392. संज्ञी मिथ्यात्व गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	मिथ्यात्व		
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त व अपर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10, 7 प्राण	10 प्राण	7 प्राण
5.	संज्ञा	4	–	–
6.	गति	चारों गति	–	–
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	13 योग (आहारक द्विक बिना)	10 योग	3 योग
10.	वेद	3 वेद	–	–
11.	कषाय	25 कषाय	–	–
12.	ज्ञान	3 कुज्ञान	–	2 कुज्ञान
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	2 दर्शन	–	–
15.	लेश्या	6 लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य, अभव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	मिथ्यात्व	–	–
18.	संज्ञी	संज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	आहारक, अनाहारक दोनों
20.	उपयोग	5 उपयोग	–	4 उपयोग
21.	ध्यान	8	–	–
22.	आस्रव	55 (25+12+5+13)	52 (25+12+5+10)	45 (25+12+5+3)
23.	जाति	26 लाख		
24.	कुलकोटि	108½ लाख करोड़		
25.	संख्या	असंख्यात जगत् श्रेणी प्रमाण (देवों से कुछ अधिक)		
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग कुछ कम 8/14 राजू		
28.	काल	नाना जीवापेक्षा – सर्वलोक, एक जीवापेक्षा– ज. अन्तर्मुहूर्त उ. सागरोपम शत पृथक्त्व		
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – निरन्तर, एक जीवापेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम 132 सागर		
30.	भाव	34 (औद. 21, क्षयो. 10, पा.3) अपर्या. 33 (कुअवधि ज्ञान बिना)		
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का असंख्यात भाग उ. 1000 योजन		
32.	बन्ध	117 (आहारकद्विक व तीर्थंकर प्रकृति बिना)		
33.	उदय	117 (आहारकद्विक व तीर्थंकर प्रकृति बिना)		
34.	सत्त्व	148		

392. सण्णी मिच्छत्त गुणट्ठाणं

तेसुं सण्णी मिच्छइट्ठी जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग मिच्छत्त गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीव समासा, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु सत्त पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, तेरस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, तिण्णि अण्णाणाणि अपज्जत्तेसु बे अण्णाणाणि, असंजमो, बे दंसणाणि, छल्लेस्सा, भव्वसिद्धिया अभव्वसिद्धिया, मिच्छत्त सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, पंच उवजोगा अपज्जत्तेसु चत्तारि उवजोगा, अट्ठज्झाणाणि, पणवण्ण आसवा पज्जत्तेसु बावण्ण अपज्जत्तेसु पणदाल आसवा, छब्बीस लक्ख जादी, अद्धट्ठुत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा असंखेज्ज जगसेढी पमाणं/देवत्तो साहियो, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा व अट्ठचोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खाए जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण सायरोवम सदपुधतं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण बे छावट्ठि सायरोवमाणि देसूणाणि, चउतीस भावा पज्जत्तेसु चउतीस अपज्जत्तेसु तेतीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स असंखेज्जदि भागा, उक्कस्सेण जोजण सहस्सं, सत्तदसुत्तर सयं पयडीणं बंधो, सत्तदसुत्तर सयं पयडीणं उदओ, अडदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सण्णी मग्गणाए मिच्छाइट्ठि गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

संज्ञी मिथ्यात्व गुणस्थान

उन्हीं संज्ञी मिथ्यादृष्टि जीवों के आलाप कहने पर – एक मिथ्यात्व गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त दो जीव समास, छहों पर्याप्ति छहों अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस अपर्याप्त सात प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, तेरह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में तीन योग, तीनों वेद, पच्चीस कषाय, तीन अज्ञान अपर्याप्तक में दो अज्ञान, असंयम, दो दर्शन, छहों लेश्या, भव्य सिद्धिक अभव्य सिद्धिक, मिथ्यात्वसम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्तक में आहारक अपर्याप्तक में आहारक अनाहारक दोनों, पाँच उपयोग अपर्याप्तक में चार उपयोग, आठ ध्यान, पचपन आस्रव पर्याप्त में बावन अपर्याप्त में पैंतालीस आस्रव, छब्बीस लाख जाति, एक सौ साढ़े आठ लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – असंख्यात जगत् श्रेणी प्रमाण देवों से कुछ अधिक, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवाँ भाग व कुछ कम 8/14 राजू, काल – नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट सागरोपम शत पृथक्त्व, अंतर – नानाजीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम दो छ्यासठ सागर, चौंतीस भाव पर्याप्त में चौंतीस अपर्याप्त में तेतीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का असंख्यातवाँ भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, एक सौ सत्तरह प्रकृतियों का बंध, एक सौ सत्तरह प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार संज्ञी मार्गणा में मिथ्यादृष्टि गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यहाँ सभी पद सुगम है क्योंकि पहले इसका विवेचन कर चुके हैं अन्तर में विशेषता है क्योंकि कोई संज्ञी पंचेन्द्रिय जीव प्रथमोपशम सम्यक्त्व को प्राप्त हुआ और वेदक हो गया छ्यासठ सागर तक वेदक सम्यक्त्व के साथ रहा पश्चात् अन्तर्मुहूर्त के लिए मिश्र गुणस्थान में गया पश्चात् पुन: वेदक सम्यग्दृष्टि हो गया और छ्यासढ सागर तक रहा पश्चात् मिथ्यादृष्टि हो गया इस प्रकार दो छ्यासढ सागर अन्तर प्राप्त हुआ। अवगाहना लब्ध्यपर्याप्तक की अपेक्षा घनांगुल का असंख्यातवां भाग प्राप्त होती है शेष कथन सुगम है।

393. संज्ञी सासादन गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	सासादन	–	–
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त, अपर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10, 7 प्राण	10 प्राण	7 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा	–	–
6.	गति	चारों गति	–	नरक बिना तीन गति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	13 योग (आहारकद्विक बिना)	10 योग	3 योग
10.	वेद	3 वेद	–	–
11.	कषाय	25 कषाय	–	–
12.	ज्ञान	3 कुज्ञान	–	2 कुज्ञान
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	2 दर्शन	–	–
15.	लेश्या	6 लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	सासादन	–	–
18.	संज्ञी	संज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक, अनाहारक	आहारक	दोनों
20.	उपयोग	5 उपयोग		4 उपयोग
21.	ध्यान	8	–	–
22.	आस्रव	50 (आहारक द्विक काय योग+5 मि.बिना)	47 (25+12+10)	40 (25+12+3)
23.	जाति	26 लाख	26 लाख	22 लाख (4 लाख नारकी बिना)
24.	कुलकोटि	108½ लाख करोड़	108½ लाख करोड़	83½ लाख करोड़ (25 ला.क. नरकबिना)
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग		
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग		
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग व कुछ कम 8/14 राजू मा. ओघवत्		
28.	काल	नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग एक जीवापेक्षा– ज. एक समय उ. 6 आवली		
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग एक जीवापेक्षा – ज. पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग उ. सागरोपम शत पृथक्त्व		
30.	भाव	32 (औद. 20, क्षयो. 10, पा.2) अपर्याप्त 30 (औ. 19, क्षयो. 9, पा.2)		
31.	अवगाहना	जघ. संख्यात अंगुल	उ. संख्यात धनुष	
32.	बन्ध	101 (तीर्थंकर + आहारकद्विक + 16 प्र. गु. की व्युच्छिन्न प्रकृति)		
33.	उदय	106 (गुणस्थानोक्त)		
34.	सत्त्व	145 (तीर्थंकर, आहारकद्विक बिना)		

393. सण्णी सासण गुणट्ठाणं

तेसुं सण्णी सासण गुणट्ठाणं जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि - एग सासण गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीव समासा, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु सत्त पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी अपज्जत्तेसु णिरय विणा तिण्णि गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, तेरस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, तिण्णि अण्णाणाणि अपज्जत्तेसु विभंगेहि विणा बे अण्णाणाणि, असंजमो, बे दंसणाणि, छल्लेस्सा, भव्वसिद्धिया, सासण सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, पंच उवजोगा अपज्जत्तेसु चत्तारि उवजोगा, अट्ठ झाणाणि, पंचास आसवा पज्जत्तेसु सत्तदाल अपज्जत्तेसु दाल आसवा, छब्बीस लक्ख जादी अपज्जत्तेसु बाबीस लक्ख जादी, अद्धट्ठुत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं अपज्जत्तेसु अद्धुत्तर तिअसीदि लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा व अट्ठ चोद्दस भागा वा देसूणा मारणंतियो ओघवद्, कालो णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एगजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण छावली, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एगजीवावेक्खा जहण्णेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा उक्कस्सेण सायरोवम सदपुधत्तं, बत्तीस भावा अपज्जत्तेसु तीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स संखेज्जदि भागा संखेज्जांगुल वा उक्कस्सेण संखेज्ज धणू, एगुत्तर सयं पयडीणं बंधो, छ उत्तर सयं पयडीणं उदओ एवं पणदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सण्णी मग्गणाए सासण गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

संज्ञी सासादन गुणस्थान

उन्हीं संज्ञी सासादनी जीवों के आलाप कहने पर - एक सासादन गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त दो जीव समास, छहों पर्याप्ति छहों अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस अपर्याप्त में सात प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति अपर्याप्तक में नरक बिना तीन गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, तेरह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में तीन योग, तीनों वेद, पच्चीस कषाय, तीन अज्ञान अपर्याप्तक में दो अज्ञान, असंयम, दो दर्शन, छहों लेश्या, भव्य सिद्धिक, सासादन सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्तक में आहारक अपर्याप्तक में दोनों, पाँच उपयोग अपर्याप्तकों में चार उपयोग, आठ ध्यान, पचास आस्रव पर्याप्त में सैंतालीस अपर्याप्त में चालीस आस्रव, छब्बीस लाख जाति अपर्याप्त में बाईस लाख जाति, एक सौ साढ़े आठ लाख करोड़ कुल कोटि अपर्याप्त में साढ़े तेरासी लाख करोड़ कुलकोटि, संख्यापेक्षा - पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग, क्षेत्रापेक्षा - लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन - लोक का असंख्यातवाँ भाग व कुछ कम 8/14 मा. ओघवत् राजू, काल - नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग एकजीवापेक्षा जघन्य एकसमय उत्कृष्ट छह आवली, अंतर - नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग एकजीवापेक्षा जघन्य पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग उत्कृष्ट कुछ कम सागरोपम शत पृथक्त्व, बत्तीस भाव अपर्याप्तक में तीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का संख्यातवा भाग/संख्यात अंगुल उत्कृष्ट संख्यात धनुष एक सौ एक प्रकृतियों का बंध, एक सौ छह प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ पैंतालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार संज्ञी मार्गणा में सासादन गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :- सभी पद गुणस्थान अथवा अन्य मार्गणा वत ही हैं अपर्याप्तक अवस्था में नरक बिना तीन गति पहले कह आये हैं, क्योंकि सासादन गुणस्थान वाला नरक नहीं जाता ऐसा स्वभाव ही है और स्वभाव में कोई कारण नहीं होता अत: अपर्याप्त अवस्था में तीन गति होती है। उन्हीं के अनुसार जाति व कुल कोटि कही गई हैं। क्षेत्र सुगम है स्पर्शन भी सुगम है क्योंकि विहार, वेदना, विक्रिया व कषायादि सभी पदों की अपेक्षा आठ राजू होता है। काल का कथन सुगम है पहले कह चुके हैं क्योंकि नाना जीव यदि एक-एक करके अथवा अनेक जीव अधिक से अधिक पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग क्रमश: सासादन सम्यक्त्व को प्राप्त हो तो जघन्य से एक समय उत्कृष्ट से पल्य के असंख्यातवे भाग काल तक उक्त सम्यक्त्व को प्राप्त होते रहेंगे, इस प्रकार नाना जीवों का काल हुआ। एक जीव-माना कोई उपशमसम्यग्दृष्टि के काल में एक समय शेष रहा और अनंतानुबंधी चारों में से किसी का भी उदय आया तो सासादन गुणस्थान हो जाता है ऐसा जीव एक समय सासादन सम्यक्त्वी रहा, दूसरे समय में मिथ्यात्व को प्राप्त हुआ, यह एक समय प्राप्त हो गया, अथवा उपशम सम्यक्त्व के काल में छह आवली शेष रहने पर उक्त कषाय का उदय हुआ तो उत्कृष्ट काल प्राप्त हुआ। अन्तर भी सुगम है मात्र एक जीव का उत्कृष्ट अन्तर कहते हैं कोई जीव संज्ञी पंचेन्द्रिय हुआ, अन्तर्मुहूर्त में पर्याप्तियों से परिपूर्ण हो उपशम सम्यक्त्व को प्राप्त हुआ, पश्चात् अनंतानुबंधी के उदय में सासादनी हुआ पश्चात् मिथ्यादृष्टि हो अन्तर को प्राप्त हुआ शत पृथक्त्व सागर तक संज्ञी मिथ्यादृष्टि ही रहा तथा अन्तिम अन्तर्मुहूर्त में उपशम सम्यक्त्व को प्राप्त कर सासादन गुणस्थान को प्राप्त हुआ। धवला ग्रंथ के अनुसार मिथ्यात्व में जाकर मरण कर असंज्ञियों में गया किंतु कषाय पाहुड के अनुसार सासादन में ही मरण कर असंज्ञियों में चला गया। इस प्रकार कुछ कम शत पृथक्त्व सागर उत्कृष्ट अन्तर प्राप्त हुआ शेष कथन सुगम है। इसी प्रकार तृतीय मिश्र गुणस्थान में जानना चाहिए विशेषता इतनी है जहाँ जघन्य काल एक समय व उत्कृष्ट छह आवली कहा है वहाँ जघन्योत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कहना चाहिए शेष सुगम है।

394. संज्ञी मिश्र गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	सम्यग्मिथ्यात्व
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा
6.	गति	चारों गति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	10 योग
10.	वेद	3 वेद
11.	कषाय	21 कषाय
12.	ज्ञान	3 मिश्रज्ञान
13.	संयम	असंयम
14.	दर्शन	2 दर्शन
15.	लेश्या	6 लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	सम्यग्मिथ्यात्व
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	5 उपयोग
21.	ध्यान	8
22.	आस्रव	43 (21 कषाय + 10 योग + 12 अविरति)
23.	जाति	26 लाख
24.	कुलकोटि	108½ लाख करोड़
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग व कुछ कम 8/14 राजू
28.	काल	नानाजीवापेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग एक जीवापेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नानाजीवापेक्षा–ज. एक समय उ. पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग एक जीवापेक्षा–ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम सागरोपमशत पृथक्त्व
30.	भाव	32 (औद. 20, क्षयो. 10, पा.2)
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का संख्यातवाँ भाग उ. 1000 योजन
32.	बन्ध	74 (गुणस्थानवत् जानना)
33.	उदय	100 (गुणस्थानोक्त जानना चाहिए)
34.	सत्त्व	147 (तीर्थंकर बिना)

394. सण्णी सम्मामिच्छत्त गुणट्ठाणं

तेसुं सण्णी सम्मामिच्छत्त गुणट्ठाणं जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग सम्मामिच्छत्त गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, दस जोगा, तिण्णि वेदा, इगबीस कसाया, तिण्णि मिस्स णाणाणि, एग असंजमो, चक्खु अचक्खु बे दंसणाणि, छल्लेस्सा, भव्वसिद्धिया, मिस्स सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो, पंच उवजोगा, अट्ठ झाणाणि, तिदाल आसवा, छब्बीस लक्ख जादी, अद्धट्ठुत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा अट्ठ चोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण किंचिदूण सायरोवम सदपुधत्तं, बत्तीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स संखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजण सहस्सं, चउसत्तदि पयडीणं बंधो, सयं पयडीणं उदओ एवं सत्तदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सण्णी मग्गणाए सम्मामिच्छत्त गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

संज्ञी सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थान

उन्हीं संज्ञी सम्यग्मिथ्यात्वी जीवों के आलाप कहने पर एक सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, दस योग, तीनों वेद, इक्कीस कषाय, तीन मिश्रज्ञान, असंयम, चक्षु अचक्षु दो दर्शन, छहों लेश्या, भव्य सिद्धिक, मिश्र सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, पाँच उपयोग, आठ ध्यान, तेतालीस आस्रव, छब्बीस लाख जाति, एक सौ साढ़े आठ लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा–पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवाँ भाग व कुछ कम 14 भागों में से आठ भाग, काल – नानाजीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर – नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम सागरोपम शत पृथक्त्व, बत्तीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का संख्यातवाँ भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, चौहत्तर प्रकृतियों का बंध, सौ प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ सैंतालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार संज्ञी मार्गणा में सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थान समाप्त हुआ।

395. संज्ञी असंयत गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	असंयत गुणस्थान	–	–
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त, अपर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10, 7 प्राण	10 प्राण	7 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा	–	–
6.	गति	चारों गति	–	–
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	13 योग	10 योग	3 योग
10.	वेद	3 वेद	–	दो वेद (स्त्री वेद बिना)
11.	कषाय	21 कषाय	–	20 कषाय (स्त्री वेद बिना)
12.	ज्ञान	3 ज्ञान	–	–
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	3 दर्शन	–	–
15.	लेश्या	6 लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षा., क्षयो., उप.)	–	क्षायिक, क्षयोपशम, उपशम*
18.	संज्ञी	संज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक व अनाहारक	आहारक	दोनों
20.	उपयोग	6 उपयोग	–	–
21.	ध्यान	10 ध्यान	–	–
22.	आस्रव	46 (21 कषाय+13योग+12 अविरति)	43 (21+12+10)	35 (20+12+3)
23.	जाति	26 लाख	26 लाख	26 लाख
24.	कुलकोटि	108½ लाख करोड़	–	–
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग	–	–
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग	–	–
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग कुछ कम 8/14 राजू, उपपाद 6/14 राजू		
28.	काल	नाना जीवापेक्षा – सर्वकाल, एक जीवापेक्षा– ज. अन्तर्मुहूर्त उ. 66 सागर		
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – निरन्तर, एक जीवापेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. सागरोपम शत पृथक्त्व		
30.	भाव	36 (औद. 20, क्षयो. 12, क्षा.1, औ.1, पा.2) अपर्याप्तक में 35 (औद.19 क्षयो. 12, क्षा.1 औप.1, पा.2)		
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का संख्यातवाँ भाग उ. 1000 योजन		
32.	बन्ध	77 (तीर्थंकर, देवायु, मनुष्यायु सहित गुणस्थानवत्)		
33.	उदय	104 (गुणस्थानोक्त)		
34.	सत्त्व	148		
		* उपशम सम्यक्त्व द्वितीयोपशम की अपेक्षा देवगति में ही बनता है शेष गतियों में नहीं होता इसलिए अपर्याप्तक में भी तीनों सम्यक्त्व जानना चाहिए।		

395. सण्णी असंजद गुणट्ठाणं

तेसुं सण्णी अविरद सम्मत्त गुणट्ठाणं जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग असंजदो गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीव समासा, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस अप्पज्जत्तेसु सत्त पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, तेरस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा अपज्जत्तेसु बे वेदा, इगबीस कसाया अपज्जत्तेसु बीस कसाया, तिण्णि णाणाणि, असंजमो, तिण्णि दंसणाणि, छल्लेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम खइय खओवसमिय तिण्णि सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो अणाहारिणो दोण्णि पज्जत्तेसु आहारिणो अपज्जत्तेसु दोण्णि, छ उवजोगा, दस झाणाणि, छादाल आसवा पज्जत्तेसु तिदाल अपज्जत्तेसु पणत्तीस आसवा, छब्बीस लक्ख जादी, अद्धट्ठुत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा अट्ठ चोद्दस भागा वा देसूणा उववादावेक्खा छचोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एग जीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण छावट्ठि सायरोवमाणि, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण सायरोवम सदपुधत्तं, छत्तीस भावा अपज्जत्तेसु पणतीस भावा , जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स संखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजण सहस्सं, सत्तसत्तदि पयडीणं बंधो, चत्तर सयं पयडीणं उदओ एवं अडदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सण्णी मग्गणाए असंजद गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

संज्ञी असंयत गुणस्थान

उन्हीं संज्ञी अविरत सम्यक्त्वी जीवों के आलाप कहने पर एक असंयत गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त दो जीव समास, छहों पर्याप्ति छहों अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस अपर्याप्त में सात प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, तेरह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में तीन योग, तीन वेद अपर्याप्तक में दो वेद, इक्कीस कषाय अपर्याप्तक में बीस कषाय, तीन ज्ञान, असंयम, तीन दर्शन, छहों लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षायिक क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व, संज्ञी , आहारक अनाहारक दोनों पर्याप्तक में आहारक अपर्याप्तक में आहारक अनाहारक दोनों, छ उपयोग, दस ध्यान, छ्यालीस आस्रव पर्याप्त में तेतालीस अपर्याप्त में पैंतीस आस्रव, छब्बीस लाख जाति, एक सौ साढ़े आठ लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग, क्षेत्रापेक्षा लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन लोक का असंख्यातवाँ भाग व कुछ कम आठ बटे चौदह राजू उपपादापेक्षा छह बटे चौदह राजू, काल नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एकजीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट छ्यासठ सागर, अंतर नानाजीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट सागरोपम शत पृथक्त्व, छत्तीस भाव अपर्याप्तक में पैंतीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का संख्यातवाँ भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, सतत्तर प्रकृतियों का बंध, एक सौ चार प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार संज्ञी मार्गणा में असंयत गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यहाँ देव गति में अपर्याप्तक अवस्था में तीनों सम्यक्त्व पाये जाते हैं, क्योंकि द्वितीयोपशम सम्यक्त्व के साथ मरण हो सकता है। नरक और तिर्यंचों में अपर्याप्तक अवस्था में उपशम सम्यक्त्व नहीं पाया जाता, मनुष्यों में अपर्याप्त अवस्था में उपशम सम्यक्त्व कदापि नहीं पाया जाता, तिर्यंचों में व नारकियों में वेदक सम्यक्त्व कृतकृत्य वेदक की अपेक्षा पाया जाता है किंतु मनुष्यों में अपर्याप्त अवस्था में क्षायिक व वेदक सम्यक्त्व पाया जाता है तिर्यंचों में केवल भोगभूमि में ही पाया जाता है कर्मभूमि में नहीं पाया जाता शेष कथन सुगम है। आहारक तीन शरीर छह पर्याप्तियों के योग्य पुद्गल वर्गणाओं को जब यह जीव ग्रहण करता है उस समय आहारक कहलाता है तथा ग्रहण नहीं करता है तब अनाहारक कहलाता है विग्रह गति में अनाहारक ही होता है जब शरीर धारण कर लेता है उस समय आहारक है, किंतु उस समय अपर्याप्तक होता है विग्रह गति में भी अपर्याप्त माना है इसलिए अपर्याप्तक में आहारक अनाहारक दोनों स्वीकार किये हैं। स्पर्शन में कुछ कम आठ राजू देवगति की अपेक्षा स्वीकार किया हैं क्योंकि तीसरी पृथ्वी तक देवों का भ्रमण होता है इसलिए दो राजू वहाँ तक हो गया छह राजू अच्युत कल्प तक क्योंकि मध्यलोक से छह राजू ऊपर है, कुछ कम से तात्पर्य तीसरी पृथ्वी के नीचे एक हजार योजन तक नारकियों के बिल नहीं है वहाँ देव नहीं जाते इसलिए कुछ कम कहा शेष कथन सुगम है। उत्कृष्ट काल यद्यपि उपशम सम्यक्त्व का अन्तर्मुहूर्त, क्षायिक का कुछ अधिक तेतीस सागर क्षयोपशम का छ्यासठ सागर क्योंकि उसके बाद नियम से सम्यग्मिथ्यात्व में चला जाता है अथवा मिथ्यात्व में चला जायेगा। अन्तर जिस प्रकार सासादन सम्यक्त्व में कहा है वैसा ही यहाँ समझना चाहिए शेष कथन सुगम है।

396. संज्ञी संयतासंयत गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	संयमासंयम गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा
6.	गति	2 (मनुष्य, तिर्यञ्च गति)
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	3 वेद
11.	कषाय	17 कषाय
12.	ज्ञान	3 ज्ञान
13.	संयम	संयमासंयम
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	3 शुभ लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षा., क्षयो., उपशम)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	6 उपयोग (3 ज्ञानो. + 3 दर्शनो.)
21.	ध्यान	11 (4 आर्त्त, 4 रौद्र, 3 धर्मध्यान)
22.	आस्रव	37 (17 कषाय + 11 अवि. + 9 योग)
23.	जाति	18 लाख
24.	कुलकोटि	57½ लाख करोड़
25.	संख्या	पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग व कुछ कम 6/14 राजू
28.	काल	नाना जीवापेक्षा – सर्वकाल, एक जीवापेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. कुछ कम एक कोटि पूर्व
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – निरन्तर, एक जीवापेक्षा – अन्तर्मुहूर्त उ. सागरोपम शत पृथक्त्व
30.	भाव	31 भाव (औद.14, क्षयो. 13, क्षा.1, औप.1, पा.2)
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का संख्यातवाँ भाग उ. 1000 योजन
32.	बन्ध	67 (गुणस्थानोक्त)
33.	उदय	87 (चतुर्थ गुणस्थान में 17 प्रकृतियों की व्युच्छित्ति होने के कारण)
34.	सत्त्व	147 (नरकायु बिना)

396. सण्णी संजमासंजम गुणट्ठाणं

तेसुं सण्णी देससंजद गुणट्ठाणं जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग संजदासंजदो गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, चत्तारि सण्णा, मणुस्स तिरिक्ख बे गदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, तिण्णि वेदा, सत्तदस कसाया, तिण्णि णाणाणि, संजमासंजमो, तिण्णि दंसणाणि, तिण्णि सुहलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम खइय खओवसमिय तिण्णि सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, छ उवजोगा, चत्तारि अट्ट चत्तारि रुद्द तिण्णि धम्म एगारस झाणाणि, सत्ततीस आसवा, अट्ठारस लक्ख जादी, अद्धुत्तर सत्तावण्ण लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागा, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा व छच्चोद्दस भागा वा देसूणा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण पुव्वकोडीणं देसूणं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण सायरोवम सदपुधत्तं, इगतीस भावा, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स संखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजण सहस्सं, सडसट्ठि पयडीणं बंधो, सत्तासीदि पयडीणं उदओ, सत्तदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सण्णी मग्गणासु संजमासंजम गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

संज्ञी संयमासंयम गुणस्थान

उन्हीं संज्ञी देशसंयत जीवों के आलाप कहने पर – एक संयतासंयत गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, चारों संज्ञाएँ, मनुष्य तिर्यंच दो गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, तीनों वेद, सत्तरह कषाय, तीन ज्ञान, संयमासंयम, तीन दर्शन, तीन शुभ लेश्या, भव्व सिद्धिक, उपशम क्षायिक क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व, संज्ञी,आहारक, छह उपयोग, चार आर्त्त चार रौद्र तीन धर्म ग्यारह ध्यान, सैंतीस आस्रव, अठारह लाख जाति, साढ़े सत्तावन लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवाँ भाग कुछ कम 6/14 राजू, काल – नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एकजीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम एक पूर्व कोटि, अंतर – नानाजीवापेक्षा निरंतर एकजीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट सागरोपम शत पृथक्त्व, इकतीस भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का संख्यातवाँ भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, सड़सठ प्रकृतियों का बंध, सत्तासी प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ सैंतालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार संज्ञी मार्गणा में संयमासंयम गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– स्पर्शन यद्यपि लोक का असंख्यातवाँ भाग कहा क्योंकि यहाँ तिर्यंचों की प्रधानता है, तिर्यंच अधिक विहार नहीं करते इसलिए लोक का असंख्यातवाँ भाग कहा है, मारणांतिक समुद्घातगत कुछ कम छह राजू बनता है, क्योंकि देशव्रती तिर्यंचों का उत्पाद अच्युत कल्प तक होता है अत: वहाँ तक मारणांतिक समुद्घात पाया जाता है। उपपाद यहाँ संभव नहीं है। यद्यपि सासादन गुणस्थान से क्षीण कषाय गुणस्थान तक का कथन जैसा गुणस्थानों में कहा है वैसा ही जान लेना चाहिए शेष कथन सुगम है। काल जघन्य सुगम है उत्कृष्ट काल को कहते हैं कोई जीव मोहनीय कर्म की अट्ठाईस प्रकृतियों की सत्ता वाला मिथ्यादृष्टि सम्मूर्च्छन तिर्यंचों में उत्पन्न हुआ वहाँ सर्व लघु काल में पर्याप्त हो सम्यक्त्व व संयमासंयम को एक साथ प्राप्त हुआ और एक कोटि पूर्व तक रहा अन्त में मरकर सौधर्मादिअच्युत स्वर्ग पर्यंत उत्पन्न हुआ। इस प्रकार उत्कृष्ट काल कुछ कम एक पूर्व कोटि हुआ अन्तर का कथन सरल है। शेष सभी पद सरल हैं।

397. संज्ञी प्रमत्त संयत गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	प्रमत्त संयत गुणस्थान	–	–
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त, अपर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त	संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति, 6 अपर्याप्ति	6 पर्याप्ति	6 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10, 7 प्राण	10 प्राण	7 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा	–	–
6.	गति	मनुष्य गति	–	–
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	त्रसकाय	–	–
9.	योग	11 योग	10 योग	1 योग (आहारक मिश्र)
10.	वेद	3 वेद	–	1 पुरुष वेद
11.	कषाय	13 कषाय	–	11 कषाय (नपु. व स्त्री वेद के बिना))
12.	ज्ञान	4 ज्ञान	–	3 ज्ञान (मन:पर्यय ज्ञान के बिना)
13.	संयम	3 (सा., छे., परि.)	–	2 (सा., छे.)
14.	दर्शन	3 दर्शन	–	–
15.	लेश्या	3 लेश्या/छहों लेश्या	–	3 (शुभलेश्या)
16.	भव्य	भव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षा., क्षयो., उप.)	–	2 सं. (उपशम बिना)
18.	संज्ञी	संज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक	–	–
20.	उपयोग	7 उपयोग (4 ज्ञानो. 3 दर्शनो.)	–	6 उपयोग (मन:पर्यय ज्ञानो. बिना)
21.	ध्यान	7 ध्यान	–	–
22.	आस्रव	24 (13 कषाय + 11 योग)	23	12 (11 क.+1 यो.)
23.	जाति	14 लाख	–	–
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़	–	–
25.	संख्या	संख्यात (59398206)	–	27
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग	–	–
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग	–	–
28.	काल	नाना जीवापेक्षा–सर्वकाल एक जीवापेक्षा–ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त अपर्या. का नाना व एक जीवापेक्षा ज. उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त		
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा–निरन्तर अपर्याप्तक में ज. एक समय उ. वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा–ज. अन्तर्मुहूर्त उ. सागरोपम शत पृथक्त्व		
30.	भाव	31 (औद. 13, क्षयो. 14, पा.2, क्षा.1, उप.1) अपर्याप्तक में 27*		
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ	उ. 525 धनुष	
32.	बन्ध	63 (गुणस्थानवत्)		
33.	उदय	81 (गुणस्थानवत्)		
34.	सत्त्व	146 (गुणस्थानवत्)		
		* चौंतीस भाव भी संभव है जब छह लेश्या स्वीकार करेंगे तो।		

397. सण्णी पमत्तसंजद गुणट्ठाणं

तेसुं सण्णी पमत्त संजद जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग पमत्त संजदो गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्तापज्जत्त बे जीव समासा, छ पज्जत्ती छ अपज्जत्ती, दस सत्त पाणा, चत्तारि सण्णा, एग मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, एगारस जोगा पज्जत्तेसु दस अपज्जत्तेसु एग आहार मिस्सकायजोगा, तिण्णि वेदा अपज्जत्तेसु एग पुरिसवेदो, तेरस कसाया अपज्जत्तेसु ग्यारस कसाया, चत्तारि णाणाणि अपज्जत्तेसु मणपज्जयेण विणा तिण्णि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणा विहार सुद्धि तिण्णि संजमा अपज्जत्तेसु विहार सुद्धिओ विणा बे संजमा, तिण्णि दंसणाणि, तिण्णि सुह लेस्सा अहवा छल्लेस्सा अपज्जत्तेसु तिण्णि सुहलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम खइय खओवसमिय तिण्णि सम्मत्ता अपज्जत्तेसु उवसमेण विणा बे सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा अपज्जत्तेसु छ उवजोगा, तिण्णि अट्ट चत्तारि धम्म सत्त झाणाणि, चउबीस आसवा पज्जत्तेसु तेबीस अपज्जत्तेसु बारस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा पंच कोडि तिणउदि लक्ख अट्ठणउदि सहस्स छ उत्तर बे सयं अपज्जत्तेसु सत्तबीस, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं अपज्जत्तेसु जहण्णुकस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण सायरोवम सदपुधत्तं अपज्जत्तेसु णाणा जीवावेक्खा सायरोवमसद पुद समओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एग जीवावेक्खा जहण्णेण अंतामुहुत्तं उक्कसेण, इगतीस भावा अहवा चउतीस भावा अपज्जत्तेसु सत्तवीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठहत्थं उक्कस्सेण पणवीसुत्तर पंच सयं धणू, तिसट्ठि पयडीणं बंधो, एगासीदि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सण्णी मग्गणाए पमत्तसंजद गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

संज्ञी प्रमत्तसंयत गुणस्थान

उन्हीं संज्ञी प्रमत्तसंयत जीवों के आलाप कहने पर – एक प्रमत्तसंयत गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तापर्याप्त दो जीव समास, छहों पर्याप्ति छहों अपर्याप्ति, दस सात प्राण, चारों संज्ञाएँ, एक मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, ग्यारह योग पर्याप्त में दस अपर्याप्त में एक आहारक मिश्रकाय योग, तीनों वेद अपर्याप्तक में एक पुरुष वेद, तेरह कषाय अपर्याप्तक में ग्यारह कषाय, चार ज्ञान अपर्याप्त में मन: पर्यय बिना तीन ज्ञान, सामायिक – छेदोपस्थापना परिहार विशुद्धि तीन संयम अपर्याप्तक में दो संयम, तीन दर्शन, तीन शुभ लेश्या अथवा छहों लेश्या अपर्याप्तक में तीन शुभ लेश्या, भव्यसिद्धिक, उपशम क्षायिक क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व अपर्याप्त में उपशम बिना दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, सात उपयोग अपर्याप्तक में छह उपयोग, (तीन आर्त्त चार धर्म) सात ध्यान, चौबीस आस्रव पर्याप्त में तेईस अपर्याप्त में बारह आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – पाँच करोड़ तेरानवे लाख अट्ठानवे हजार दो सौ छह अपर्याप्तक में सताईस, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवाँ भाग, काल – नाना जीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर – नानाजीवापेक्षा निरंतर अपर्याप्तक में जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट सागरोपम शत पृथक्त्व, इकतीस भाव अथवा चौतीस भाव अपर्याप्तक में सत्ताईस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, तिरसेठ प्रकृतियों का बंध, इक्यासी प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छ्यालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार संज्ञी मार्गणा में प्रमत्तसंयत गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यहाँ सभी पद सुगम है, कुछ विशेषता है उन्हें बतलाते हैं। अपर्याप्त अवस्था में एक पुरुष वेद ही होता है ये पूर्व में भी बता चुके हैं इसी कारण कषायों में, भावों अथवा आस्रवों में और जिनका आपस में संबंध है उनमें फर्क आ जाता है। लेश्या आचार्य पूज्यपाद स्वामी अथवा किन्ही अन्य आचार्यो ने प्रमत्त गुणस्थान में कदाचित् छहों लेश्या स्वीकार की हैं, इसलिए छह लेश्या लिखी हैं किंतु अपर्याप्तक अवस्था में तीन शुभ लेश्या ही होती हैं क्योंकि आहारक पुतला शुभ लेश्या में ही निकलता है अशुभ लेश्या में नहीं निकलता है। अशुभ लेश्या में अशुभ तैजस पुतला निकलता है जो बिलाव के आकार का सिन्दूरवर्ण क्रोध में धधकता हुआ जो बारह योजन तक नष्ट कर देता है इसलिए प्रमत्त गुणस्थान में छहो लेश्या स्वीकार की हैं किंतु यहाँ अशुभ लेश्या की मुख्यता न होने के कारण आचार्य भगवन् वीरसेन स्वामी आदि ने तीन शुभ लेश्या ही स्वीकार की हैं। संख्या सामान्य की तरह है कोई फर्क नहीं है अपर्याप्तक में सत्ताईस हैं क्योंकि आहारक शरीर वाले अधिक से अधिक चौवन हो सकते हैं आहारक मिश्र वाले उनसे आधे अर्थात् सत्ताईस हो सकते हैं, आहारक मिश्र काययोग वालों का काल भी जघन्य उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त ही होता है अन्तर में भी फर्क है, नाना जीवों में वर्ष पृथक्त्व का अन्तर होता है, एक जीव का सामान्यवत जानना चाहिए शेष सुगम है। बन्ध, उदय, सत्त्व गुणस्थानवत् जानना चाहिए।

398. संज्ञी मार्गणा अप्रमत्तसंयत गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	अप्रमत्तसंयत गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	3 संज्ञा (आहार बिना)
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	3 वेद
11.	कषाय	13 कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	3 संयम (सा., छे., परि.)
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	3 शुभ लेश्या
16.	भव्य	भव्यत्व
17.	सम्यक्त्व	3 (क्षा., क्षयो., उपशम)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	7 उपयोग
21.	ध्यान	4 धर्मध्यान
22.	आस्रव	22 (9 योग + 13 कषाय)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	संख्यात (29699103)
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	नाना जीवापेक्षा – सर्वकाल, एक जीवापेक्षा – ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा – निरन्तर, एक जीवापेक्षा – ज. अन्तर्मुहूर्त उ. सागरोपम शत पृथक्त्व
30.	भाव	31 (औद. 13, क्षयो. 14, पा.2, क्षा.1, उप.1)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	59
33.	उदय	76
34.	सत्त्व	146

398. सण्णी अपमत्तसंजद गुणट्ठाणं

तेसुं सण्णी अपमत्तसंजद जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग अपमत्तसंजदो गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, आहारेण विणा तिण्णि सण्णा, एग मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णव जोगा, तिण्णि वेदा, दव्वेण पुरिस वेदो, तेरस कसाया, केवलणाणेण विणा चत्तारि णाणाणि, तिण्णि संजमा, तिण्णि दंसणाणि, तिण्णि सुहलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम खइय खओवसमिय तिण्णि सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा, चत्तारि धम्मज्झाणाणि, बाबीस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा बे कोडि छण्णउदि लक्ख णवणउदि सहस्स तिउत्तर सयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण सायरोवम सदपुधत्तं, इगतीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंचसयं धणू, उणसट्ठि पयडीणं बंधो, छसत्तदि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सण्णी मग्गणाए अपमत्तसंजद गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

संज्ञी अप्रमत्तसंयत गुणस्थान

उन्हीं संज्ञी अप्रमत्तसंयत जीवों के आलाप कहने पर – एक अप्रमत्तसंयत गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, आहार बिना तीन संज्ञाएँ, एक मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नो योग, तीनों वेद द्रव्य से पुरुष वेद, तेरह कषाय, केवलज्ञान बिना चार ज्ञान, तीन संयम, तीन दर्शन, तीन शुभ लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षायिक क्षयोपशम तीन सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, सात उपयोग, चार धर्मध्यान, बाईस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – दो करोड़ छ्यानवे लाख निंन्यानवे हजार एक सौ तीन, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवाँ भाग, काल– नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर – नानाजीवापेक्षा निरंतर एकजीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट सागरोपम शत पृथक्त्व, इकतीस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, उनसठ प्रकृतियों का बंध, छिहत्तर प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छ्यालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार संज्ञी मार्गणा में अप्रमत्तसंयत गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यहाँ सभी पद सुगम हैं जो विशेषता है उसे कहते हैं काल का जो कथन है उसको कहते हैं नाना जीवों की अपेक्षा सर्वकाल सुगम है, एक जीव की अपेक्षा जघन्य एक समय क्योंकि जीव प्रमत्तसंयत से अप्रमत्त हुआ अथवा अपूर्वकरण से अप्रमत्त भाव को प्राप्त हुआ एक समय रहा द्वितीय समय में मरण कर असंयत देव हो गया इस प्रकार जघन्य काल एक समय प्राप्त हुआ उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त सुगम है क्योंकि उक्त गुणस्थान का काल ही अन्तर्मुहूर्त है। अन्तर नाना जीवों का सुगम है क्योंकि निरंतर है यानि ऐसा एक भी समय नहीं होता जब इस मनुष्य लोक में सप्तम गुणस्थानवर्ती मुनिराज न हो एक जीव का जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है, क्योंकि अप्रमत्त गुणस्थान से अन्य गुणस्थान में जाकर पुन: अप्रमत्त में अन्तर्मुहूर्त से कम समय में वापस नहीं आ सकता और उत्कृष्ट अन्तर सात सौ आठ सौ सागर क्योंकि संज्ञी मार्गणा का काल ही इतना है शेष कथन सुगम है।

399. संज्ञी मार्गणा अपूर्वकरण गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	अपूर्वकरण गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	3 संज्ञा
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	3 वेद
11.	कषाय	13 कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	2 (सा., छे.)
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	2 (क्षा., उपशम)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	7 उपयोग (4 ज्ञानो., 3 दर्शनो.)
21.	ध्यान	4 धर्मध्यान / एक शुक्ल ध्यान (प्रथम)
22.	आस्रव	22 (9 योग + 13 कषाय)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	897 (उप. 299, क्षपक 598)
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	उपशामक=नाना जीवापेक्षा – ज. एक समय, उ. अन्तर्मुहूर्त, एक जीवापेक्षा ज. एक समय, उ. अन्तर्मुहूर्त क्षपक= नाना व एक जीवापेक्षा– ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	उपशामक=नाना जीवापेक्षा–ज. एक समय, उ. वर्ष पृथक्त्व, एक जीवापेक्षा–ज. अन्तर्मुहूर्त, उ. सागरोपम शत पृथक्त्व क्षपक=नाना जीवापेक्षा– ज. एक समय, उ. 6 माह एक जीवापेक्षा–निरन्तर
30.	भाव	29 (औद.11, क्षयो. 12, क्षा.2, औप.2, पा.2) (उप. 28, क्षपक 27)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	58 (गुणस्थानवत्)
33.	उदय	72 (गुणस्थानवत्)
34.	सत्त्व	क्षपक – 138 उपशम– 146, 142, 138

399. सण्णी अपुव्वयरण गुणट्ठाणं

तेसुं सण्णी अपुव्वयरण गुणट्ठाणं जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग अपुव्वयरण गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासों छ पज्जत्ती, दस पाणा, तिण्णि सण्णा, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णव जोगा, तिण्णि वेदा, तेरस कसाया, चत्तारि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणा बे संजमा, तिण्णि दंसणाणि, एग सुक्कलेस्सा, भव्व सिद्धिया, खइय ओवसमिय बे सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा, चत्तारि धम्मज्झाणाणि एग सुक्कज्झाणं वा, बाबीस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा सत्तणउदि उत्तर अट्ठ सयं उवसामगेसु णवणउदि उत्तर बे सयं खवगेसु अट्ठणउदि उत्तर पंच सयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो उवसामगेसु णाणेग जीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं खवगेसु णाणेग जीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं उवसामगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण सायरोवम सद पुधत्तं खवगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एग समओ उक्कस्सेण छम्मास एगजीवावेक्खा णिरंतरं, ऊणतीस भावा खवगेसु सत्तलीस उवसामगेसु अट्ठलीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंचसयं धणू, अट्ठावण्ण पयडीणं बंधो, वे सत्तदि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं पयडीणं उणदालुत्तर अट्ठतीसोत्तरसयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सण्णी मग्गणाए अपुव्वयरण गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

संज्ञी अपूर्वकरण गुणस्थान

उन्हीं संज्ञी अपूर्वकरण गुणस्थान जीवों के आलाप कहने पर – एक अपूर्वकरण गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, तीन संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, तीन वेद, तेरह कषाय, चार ज्ञान, सामायिक छेदोपस्थापना दो संयम, तीन दर्शन, एक शुक्ल लेश्या, भव्यसिद्धिक, क्षायिक व उपशम दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, सात उपयोग, चार धर्म ध्यान या एक शुक्ल ध्यान, बाईस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – आठ सौ सत्तानवे उपशामक में दो सौ निंन्यानवे क्षपक पाँच सौ अट्ठानवे, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवाँ भाग, काल – उपशामक नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त क्षपक – नाना व एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर – उपशामक नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट सागरोपम शतपृथक्त्व क्षपक नाना जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट छह माह एकजीवापेक्षा निरंतर, उनतीस भाव क्षपक में सत्ताईस औपशमिक में अट्ठाईस, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, अट्ठावन प्रकृतियों का बंध, छ्यासठ प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छ्यालीस ब्यालीस उनतालीस, अड़तीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार संज्ञी मार्गणा में अपूर्वकरण गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– सभी पद सुगम है कुछ व्याख्यान करने योग्य नहीं है गुणस्थानवत् जानना चाहिए।

400. संज्ञी अनिवृत्तिकरण गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	अनिवृत्तिकरण गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	2 संज्ञा
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	3 वेद
11.	कषाय	13 कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	2 (सा., छे.)
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	2 (क्षा., उपशम)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	7 उपयोग
21.	ध्यान	4 धर्मध्यान / एक शुक्ल ध्यान (प्रथम)
22.	आस्रव	22 (13 क. + 9 यो.)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	897 (उपशम श्रेणी वाले 299 क्षपक श्रेणी वाले 598)
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	उपशामक=नाना जीव व एक जीवापेक्षा–ज. एक समय, उ. अन्तर्मुहूर्त क्षपक= नाना जीव व एक जीवापेक्षा– ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	उपशामक=नाना जीवापेक्षा–ज. एक समय, उ. वर्ष पृथक्त्व, एक जीवापेक्षा–ज. अन्तर्मुहूर्त, उ. सागरोपमशत पृथक्त्व क्षपक=नाना जीवापेक्षा– ज. एक समय, उ. 6 माह एक जीवापेक्षा–निरन्तर
30.	भाव	29 (औद.11, क्षयो. 12, क्षा.2, औप. 2, पा.2) क्षपक सत्ताईस, औप. अट्ठाईस
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	22 (गुणस्थानवत्)
33.	उदय	66 (गुणस्थानवत्)
34.	सत्त्व	146 से 138 प्रकृति

400. सण्णी अणियट्टियरण गुणट्ठाणं

तेसुं सण्णी अणियट्टियरण गुणट्ठाणं जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग अणियट्टियरण गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, मेहुण परिग्गह बे सण्णा, मणुस्सगदी, पंचेंदियाणि, तसकाओ, णव जोगा, तिण्णि वेदा दव्वेण एगपुरिस वेदो, तेरस कसाया, चत्तारि णाणाणि, सामाइय छेदोवट्ठावणा बे संजमा, तिण्णि दंसणाणि, एग सुक्कलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम खइय बे सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा, चत्तारि धम्म एग सुक्कझाणं वा, बाबीस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा सत्तणउदि उत्तर अट्ठ सयं उवसामगेसु णवणउदिउत्तर बे सयं खवगेसु अट्ठणउदि उत्तर पंच सयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो उवसामगेसु णाणेगजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं खवगेसु णाणेगजीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं उवसामगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एग जीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण सायरोवम सदपुधत्तं खवगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण छम्मास एगजीवावेक्खा णिरंतरं, ऊणतीस भावा खवगेसु सत्तबीस उवसामगेसु अट्ठबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंच सयं धणू, बाबीस पयडीणं बंधो, छावट्ठि पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं अडतीसुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सण्णी मग्गणाए अणियट्टियरण गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

संज्ञी अनिवृत्तिकरण गुणस्थान

उन्हीं संज्ञी अनिवृत्तिकरण गुणस्थानवर्ती जीवों के आलाप कहने पर एक अनिवृत्तिकरण गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, मैथुन परिग्रह दो संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, तीनों वेद द्रव्य से एक पुरुषवेद, तेरह कषाय, चार ज्ञान, सामायिक छेदोपस्थापना दो संयम, तीन दर्शन, शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षायिक दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, सात उपयोग, चार धर्म ध्यान या एक शुक्ल ध्यान, बाईस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – आठ सौ संत्तानवे उपशामक दो सौ निंन्यानवे क्षपक पाँच सौ अन्ठानवे, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवाँ भाग, काल – उपशामक में नाना व एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त क्षपक – नाना व एक जीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर – उपशामक नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट सागरोपम शत पृथक्त्व क्षपक नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट छह माह एक जीवापेक्षा निरंतर, उनतीस भाव क्षपकों में सत्ताईस उपशामक अट्ठाईस, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, बाईस प्रकृतियों का बंध, छ्यासठ प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छयालीस से अड़तीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार संज्ञी मार्गणा में अनिवृत्तिकरण गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– सभी पद गुणस्थानवत् अथवा अन्य मार्गणाओं में जैसा व्याख्यान किया है वैसा ही जान लेना चाहिए शेष सुगम है।

401. संज्ञी मार्गणा सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	सूक्ष्म साम्पराय
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	1 परिग्रह
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	अवेद
11.	कषाय	सूक्ष्म लोभ
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	सूक्ष्मसाम्पराय
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	2 (क्षा., उपशम)
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	7 उपयोग
21.	ध्यान	4 धर्मध्यान अथवा एक शुक्ल ध्यान
22.	आस्रव	10 (9 योग + 1 सूक्ष्म लोभ क.)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	897 (उपशामक 299 क्षपक 598)
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	उपशामक=नाना जीवों की अपेक्षा- ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त क्षपक - नाना जीवापेक्षा ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त एक जीव की अपेक्षा - उपशामक में ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त क्षपक - ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	उपशामक=नाना जीवापेक्षा-ज. एक समय, उ. वर्ष पृथक्त्व, क्ष.-ज. एक समय उ. 6 माह उपशामक=एक जीव की अपेक्षा- ज. अन्तर्मुहूर्त उ. सागरोपम शत पृथक्त्व क्ष.- निरन्तर
30.	भाव	23 (औ.5, क्षयो. 12, क्षा. 2, उप. 2, पा.2) उपशामक-22 क्षपकों में 21 भाव
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	17 (गुणस्थानोक्त)
33.	उदय	60 (गुणस्थानोक्त)
34.	सत्त्व	उपशम - 146, 145, 142, 141, 139, 138 क्षपक- 102

401. सण्णी सुहुमसंपराय गुणट्ठाणं

तेसुं सण्णी सुहुमसांपराय गुणट्ठाणं जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग सुहुमसंपराय गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, एग परिग्गह सण्णा, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, अवेदी, एग सुहुम लोह कसाओ, चत्तारि णाणाणि, सुहुमसांपराय संजमो तिण्णि दसंणाणि, एग सुक्कलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम खइय बे सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा, चत्तारि धम्म एग सुक्कज्झाणं वा, दस आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा सत्तणउदिउत्तर अट्ठ सयं उवसामगेसु णवणउदिउत्तर बे सयं खवगेसु अट्ठणउदिउत्तर पंचसयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो उवसामगेसु णाणेगजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं खवगेसु णाणेग जीवावेक्खा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं उवसामगेसु णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एग जीवावेक्खा जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण सायरोवम सदपुधतं खवगेसु णाणा जीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण छम्मासा एग जीवावेक्खा णिरतरं, तेबीस भावा उवसामगेसु बाबीस खवगेसु इगबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थ उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंचसयं धणू, सत्तदस पयडीणं बंधो, सट्ठि पयडीणं उदओ, एवं छादालुत्तर सयं दो उत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सण्णी मग्गणाए सुहमसंपराय गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

संज्ञी सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान

उन्हीं संज्ञी सूक्ष्मसाम्पराय जीवों के आलाप कहने पर – एक सूक्ष्म साम्पराय गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, एक परिग्रह संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, अवेद, एक सूक्ष्मलोभ कषाय, चार ज्ञान, एक सूक्ष्मसाम्पराय संयम, तीन दर्शन, शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षायिक दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, सात उपयोग, चार धर्मध्यान या एक शुक्ल ध्यान, दस आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा आठ सौ संत्तानवें, उपशामक दो सौ निंन्यानवे क्षपक पाँच सौ अट्ठानवे, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवाँ भाग, काल उपशामक नाना व एकजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त क्षपक नाना व एकजीवापेक्षा जघन्य उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर उपशामक जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीव की अपेक्षा जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट सागरोपम शत पृथक्त्व क्षपकों में नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट छह मास एक जीवापेक्षा निरंतर, तेईस भाव उपशामक में बाईस क्षपक में इक्कीस भाव, जघन्य अवगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, सत्तरह प्रकृतियों का बंध, साठ प्रकृतियों का उदय, एक सौ छ्यालीस से एक सौ दो प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार संज्ञी मार्गणा में सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– सभी सुगम है। उपशामकों में एक सौ छ्यालीस, एक सौ पेंतालीस, एक सौ ब्यालीस, एक सौ इकतालीस, एक सौ उनतालीस, एक सौ अड़तीस प्रकृतियों का सत्त्व पाया जाता है क्षपकों में एक सौ दो प्रकृति का सत्त्व पाया जाता है, क्योंकि अनिवृत्तिकरण में छत्तीस और उससे पूर्व सात दर्शन मोह की तथा तीन आयु सत्ता से बाहर थी इस प्रकार छ्यालीस प्रकृति यहाँ नहीं पाई जाती।

402. संज्ञी उपशान्त मोह गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	उपशान्त मोह गुणस्थान
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय जीव समास
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	उपशांत संज्ञा
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	अवेद
11.	कषाय	उपशांत कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	यथाख्यात संयम
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	उपशम, क्षायिक दो सम्यक्त्व
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	7 उपयोग (4 ज्ञानो., 3 दर्शनो.)
21.	ध्यान	एक शुक्ल ध्यान
22.	आस्रव	9 (योग)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	299
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	नाना व एक जीवापेक्षा– ज. एक समय उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा– ज. एक समय उ. वर्ष पृथकत्व एक जीवापेक्षा– ज. अन्तर्मुहूर्त उ. सागरोपम शत पृथक्त्व
30.	भाव	21 भाव (औद.4, क्षयो. 12, क्षा. 1, औप.2, पा.2)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	1 साता वेदनीय
33.	उदय	59
34.	सत्त्व	146, 145, 141, 142, 139, 138

402. सण्णी उवसंतमोह गुणट्ठाणं

तेसुं सण्णी उवसंतमोह गुणट्ठाणं जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग उवसंतमोह गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छ पज्जत्ती, दस पाणा, उवसंत सण्णा, मणुस्सगदी, पंचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, अवेदी, उवसंत कसाया, चत्तारि णाणाणि, जहाक्खाद संजमो, तिण्णि दंसणाणि, एग सुक्कलेस्सा, भव्वसिद्धिया, उवसम खइय बे सम्मत्ता, सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा, एग सुक्कज्झाणं, णव आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा णवणउदिउत्तर बे सयं, खेत्तावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणेगजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण वासपुधत्तं एगजीवावेक्खा जहण्णेण अंत्तोमुहुत्तं उक्कस्सेण सायरोवम सदपुधत्तं, इगबीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंचसयं धणू, एग सादावेयणीणं बंधो, ऊणसटिठ पयडीणं उदओ एवं छादालुत्तर सयं बादालुत्तर सयं पणदालुत्तर सयं इगदालुत्तर सयं ऊणदालुत्तर सयं अट्ठतीसुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सण्णी मग्गणाए उवसंतमोह गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

संज्ञी उपशांत मोह गुणस्थान

उन्हीं संज्ञी उपशान्त मोह जीवों के आलाप कहने पर – एक उपशान्त मोह गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, उपशांत संज्ञा, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, अवेद, उपशांत कषाय, चार ज्ञान, यथाख्यात संयम, तीन दर्शन, एक शुक्ल लेश्या, भव्य सिद्धिक, उपशम क्षायिक दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, सात उपयोग, एक शुक्ल ध्यान, नौ आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – दो सौ निन्यानवे, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवाँ भाग, काल – नाना व एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर – नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट सागरोपम शत पृथक्त्व, इक्कीस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, एक साता वेदनीय का बंध, 59 प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ छ्यालीस, एक सौ पैंतालीस, एक सौ ब्यालीस, एक सौ इकतालीस, एक सौ उनतालीस, एक सौ अड़तीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार संज्ञी मार्गणा में उपशांत मोह गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– उपशांत संज्ञा व उपशांत कषाय कहने का तात्पर्य यह है कि संज्ञा व कषाय निर्मूल नष्ट नहीं हुई है मात्र दबी है, इसलिए एक समय अथवा अन्तर्मुहूर्त बाद पुन: उदय में आ जायेगी अगर क्षीण संज्ञा कहते तो उसका अर्थ होता है सर्वथा क्षय अर्थात् अंश मात्र भी अवशेष न रहे पुन: उदय सत्त्व रूप न हो।

403. संज्ञी क्षीण मोह गुणस्थान

		सामान्य
1.	गुणस्थान	क्षीण मोह
2.	जीवसमास	संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास
3.	पर्याप्ति	6 पर्याप्ति
4.	प्राण	10 प्राण
5.	संज्ञा	क्षीण संज्ञा
6.	गति	मनुष्यगति
7.	इन्द्रिय	पंचेन्द्रिय
8.	काय	त्रसकाय
9.	योग	9 योग
10.	वेद	अवेद
11.	कषाय	क्षीण कषाय
12.	ज्ञान	4 ज्ञान
13.	संयम	यथाख्यात संयम
14.	दर्शन	3 दर्शन
15.	लेश्या	1 शुक्ल लेश्या
16.	भव्य	भव्य
17.	सम्यक्त्व	क्षायिक सम्यक्त्व
18.	संज्ञी	संज्ञी
19.	आहारक	आहारक
20.	उपयोग	7 उपयोग (4 ज्ञानो.+ 3 दर्शनो.)
21.	ध्यान	2 शुक्ल ध्यान
22.	आस्रव	9 (योग)
23.	जाति	14 लाख
24.	कुलकोटि	14 लाख करोड़
25.	संख्या	598
26.	क्षेत्र	लोक का असंख्यातवाँ भाग
27.	स्पर्शन	लोक का असंख्यातवाँ भाग
28.	काल	नाना व एक जीवापेक्षा– ज. व उ. अन्तर्मुहूर्त
29.	अन्तर	नाना जीवापेक्षा– ज. एक समय उ. 6 माह एक जीवापेक्षा– निरन्तर
30.	भाव	20 भाव (औद.4, क्षयो. 12, पा.2, क्षा.2)
31.	अवगाहना	जघ. 3½ हाथ उ. 525 धनुष
32.	बन्ध	1 साता वेदनी
33.	उदय	57
34.	सत्त्व	101

403. सण्णी खीणमोह गुणट्ठाणं

तेसुं सण्णी खीणमोह गुणट्ठाणं जीवाणामालाव भण्णमाणे अत्थि – एग खीणमोह गुणट्ठाणं, सण्णी पंचिंदिय पज्जत्त जीव समासो, छपज्जत्ती, दस णाणा, खीण सण्णा, मणुस्सगदी, पचिंदियाणि, तसकाओ, णवजोगा, अवेदी, खीण कसाया, चत्तारि णाणाणि, जहाक्खाद संजमो, तिण्णि दंसणाणि, एग सुक्कलेस्सा, भव्वसिद्धिया, खइय सम्मत्तं, सण्णी, आहारिणो, सत्त उवजोगा, बे सुक्कज्झाणं, णव आसवा, चोद्दस लक्ख जादी, चोद्दस लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा अट्ठणउदि उत्तर पंचसयं, खेत्तावेक्खाए लोयस्स असंखेज्जदि भागा, फासावेक्खा लोयस्स असंखेज्जदि भागा, कालो णाणेग जीवावेक्खा जहण्णुक्कस्स अंतोमुहुत्तं, अंतरं णाणाजीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण छम्मासा एगजीवावेक्खा णिरंतरं, बीस भावा, जहण्णमवगहणं अद्धुट्ठ हत्थं उक्कस्सेण पणबीसुत्तर पंचसयं धणूं, एगं सादावेयणीओ बंधो, सत्तावण्ण पयडीणं उदओ एवं एगुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि सण्णी मग्गणासु खीणमोह गुणट्ठाणं सम्मत्ता।

संज्ञी क्षीणमोह गुणस्थान

उन्हीं संज्ञी क्षीणमोह जीवों के आलाप कहने पर – एक क्षीण मोह गुणस्थान, संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव समास, छहों पर्याप्ति, दस प्राण, क्षीण संज्ञा, मनुष्य गति, पचेंन्द्रिय, त्रसकाय, नौ योग, अवेद, क्षीण कषाय, चार ज्ञान, यथाख्यात संयम, तीन दर्शन, एक शुक्ल लेश्या, भव्यसिद्धिक, क्षायिक सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, सात उपयोग, दो शुक्ल ध्यान, नौ आस्रव, चौदह लाख जाति, चौदह लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा – पाँच सौ अट्ठानवे, क्षेत्रापेक्षा – लोक का असंख्यातवाँ भाग, स्पर्शन – लोक का असंख्यातवाँ भाग, काल – नाना व एकजीवापेक्षा जघन्योत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त, अंतर – नानाजीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट छह माह एकजीवापेक्षा निरंतर, बीस भाव, जघन्यावगाहना साढ़े तीन हाथ उत्कृष्ट पाँच सौ पच्चीस धनुष, एक साता वेदनीय का बंध, सत्तावन प्रकृतियों का उदय एवं एक सौ एक प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार संज्ञी मार्गणा में क्षीणमोह गुणस्थान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– सभी पद सुगम है। गुणस्थानवत् जानना चाहिए। ध्यान का कथन करते हैं क्योंकि क्षीण मोह गुणस्थान के प्रथम भाग में प्रथम शुक्ल ध्यान पृथक्त्व वितर्क तथा द्वितीय भाग में एकत्व वितर्क शुक्ल ध्यान को ध्याते हैं जिसके माध्यम से सोलह प्रकृतियों का क्षय हो जाता है तथा सर्वज्ञ बन जाते हैं।

404. आहारक मार्गणा सामान्य

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	1 से 13 गुणस्थान तक	1 से 13	1,2,,4,6,13
2.	जीवसमास	14 जीव समास	7 जीव समास पर्याप्त	7 जीव समास अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6,5,4 पर्याप्ति, अपर्याप्ति	6,5,4 पर्याप्ति	6,5,4 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10,9,8,7,6,5,4,3 प्राण	10,9,8,7,6,4 प्राण	7,7,6,5,4,3 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा	–	–
6.	गति	चारों गति	–	–
7.	इन्द्रिय	एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय	–	–
8.	काय	स्थावर/त्रस	–	–
9.	योग	14 योग (कार्माण काययोग बिना)	11 योग	3 योग (कार्माण के बिना)*1
10.	वेद	3 वेद	–	–
11.	कषाय	25 कषाय	–	–
12.	ज्ञान	8 ज्ञान	–	6 (कुअवधि, मन:पर्यय बिना)
13.	संयम	7 संयम	–	4 (अस., यथाख्यात सा.,छे.)
14.	दर्शन	4 दर्शन	–	–
15.	लेश्या	6 लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य, अभव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	6 सम्यक्त्व	–	5 (सम्यग्मिथ्यात्व बिना)
18.	संज्ञी	संज्ञी, असंज्ञी, नो संज्ञी, नो असंज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक	–	–
20.	उपयोग	12 (8+4)	–	10 (कुअवधि व मन:पर्यय ज्ञान बिना)
21.	ध्यान	16	–	12 (4 शुक्ल ध्यान के बिना)
22.	आस्रव	56 (25 क.+12 अवि.+14 यो.+5मि.)	53 (25+5+12+11)	45 (25+5+3+12)
23.	जाति	84 लाख	–	–
24.	कुलकोटि	199½ लाख करोड़	–	–
25.	संख्या	अनंतानत	–	–
26.	क्षेत्र	सर्वलोक	–	–
27.	स्पर्शन	सर्वलोक	–	–
28.	काल	नाना जीवों की अपेक्षा–सर्वकाल एक जीव की अपेक्षा–ज.तीन समय कम क्षुद्रभव उ.असंख्यातासंख्यात उत्सर्पिणी अवसर्पिणीकाल*2		
29.	अन्तर	नाना जीवों की अपेक्षा – निरन्तर एक जीव की अपेक्षा – ज. एक समय उ. तीन समय		
30.	भाव	53 (औद. 21+क्षयो. 18+क्षा.9+औप.2+पा.3) अपर्या. 50 (औ. 21, क्षयो. 15, क्षा.9, औ.2, पा.3)		
31.	अवगाहना	जघ. घनांगुल का असंख्यातवाँ भाग उ. 1000 योजन		
32.	बन्ध	120 गुणस्थानवत्		
33.	उदय	118 (चार आनुपूर्वी के बिना)*3		
34.	सत्त्व	148 गुणस्थानवत्		
		*1 कार्माण काययोग विग्रह गति में होता है और विग्रह गति में जीव आहारक नहीं होता अनाहारक होता है। *2 सूच्यंगुल का असंख्यातवाँ भाग यानि ऐसा भी हो सकता है कि इतने समय तक जीव विग्रह गति को प्राप्त न हो, मात्र ऋजुगति से ही जन्म लेता रहे। ऋजु गति में आहारक ही रहता है, अनाहारक नहीं होता। *3 चारों आनुपूर्वी का उदय विग्रह गति में पाया जाता है और विग्रह गति में आहारक नहीं अनाहारक होता है।		

404. आहार मग्गणा सामण्णं

अह आहार मग्गणाणुवादेण आहार सामण्णालाव भण्णमाणे अत्थि – एयत्तो तेरस गुणट्ठाणा अपज्जत्तेसु एगं बे चउ छ तेरस पंच गुणट्ठाणि, चोद्दस जीव समासा सत्त पज्जत्त सत्त अपज्जत्त, छ पंच चउ पज्जत्ती छ पंच चउ अपज्जत्ती, पज्जत्तेसु दस णव अट्ठ सत्त छ पंच चउ पाणा अपज्जत्तेसु सत सत्त छ पंच चउ ति पाणा, चत्तारि सण्णा, चत्तारि गदी, एइन्दियत्तो पंचिंदियाणि, छक्कायो, चोद्दस जोगा पज्जत्तेसु एगादस अपज्जत्तेसु तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा, पणबीस कसाया, अट्ठणाणाणि अपज्जत्तेसु विभंगेहिं व मणपज्जयेहिं विणा छ णाणाणि, सत्तसंजमा अपज्जत्तेसु सामइय छेदोवट्ठावणा जहक्खाद असंजमो एदे चत्तारि संजमा, चत्तारि दंसणाणि, छल्लेस्सा, भव्वसिद्धिया अभव्वसिद्धिया, छ सम्मत्ता अपज्जत्तेसु मिस्सेण विणा पंच सम्मत्ता, सण्णी असण्णी एवं णोसण्णी णो असण्णी, आहारिणो, बारस उवजोगा अपज्जत्तेसु दस उवजोगा, सोडस झाणाणि अपज्जत्तेसु बारस झाणाणि, छप्पण्ण आसवा पज्जत्तेसु तिवण्ण अपज्जत्तेसु पणदाल आसवा, चउरासीदि लक्ख जादी, अद्धणवणउदि उत्तर सयं लक्ख कोडि कुलकोडीणं, संखावेक्खा अणंताणंत, खेत्तावेक्खा सव्वलोयो, फासावेक्खा सव्वलोयो, कालो णाणाजीवावेक्खा सव्वकालो एगजीवावेक्खा जहण्णेण तिण्णि समिऊण खुद्दाभवो उक्कस्सेण असंखेज्जासंखेज्ज ओसप्पिणी अवसप्पणी, अंतरं णाणाजीवावेक्खा णिरंतरं एग जीवावेक्खा जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण तिण्णि समया, तिवण्ण भावा अपज्जत्तेसु पंचास भाव, जहण्णमवगहणं घणंगुलस्स असंखेज्जदि भागा उक्कस्सेण जोजणसहस्सं, बीसुत्तर सयं पयडीणं बंधो, अट्ठदसुत्तर सयं पयडीणं उदओ एवं अडदालुत्तर सयं पयडीणं सच्चं होंति।

इदि आहार मग्गणाए सामण्णालाव सम्मत्ता।

आहारक मार्गणा सामान्य

अब आहार मार्गणा के अनुवाद से आहारक सामान्य के आलाप कहने पर – एक से तेरह गुणस्थान अपर्याप्त में एक दो चार छह–तेरह–पाँच गुणस्थान, चौदह जीव समास सात पर्याप्त सात अपर्याप्त, छह–पाँच–चार पर्याप्ति छह–पाँच–चार अपर्याप्ति, पर्याप्त में दस–नौ–आठ–सात–छह–पाँच–चार अपर्याप्त में सात–सात–छह–पाँच–चार–तीन प्राण, चारों संज्ञाएँ, चारों गति, एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय, छहों काय, चौदह योग पर्याप्त में ग्यारह अपर्याप्त में तीन योग, तीनों वेद, पच्चीस कषाय, आठ ज्ञान अपर्याप्त में कुअवधि व मन: पर्यय ज्ञान बिना छह ज्ञान, सात संयम अपर्याप्तकों में सामायिक छेदोपस्थापना यथाख्यात व असंयम इस प्रकार चार संयम, चारों दर्शन, छहों लेश्या, भव्य सिद्धिक अभव्य सिद्धिक, छहों सम्यक्त्व अपर्याप्तक में मिश्र बिना पाँच सम्यक्त्व, संज्ञी असंज्ञी नोसंज्ञी नोअसंज्ञी, आहारक, बारह उपयोग अपर्याप्तक में दस उपयोग, सोलह ध्यान अपर्याप्तक में बारह ध्यान, छप्पन आस्रव पर्याप्तक में तिरेपन अपर्याप्तक में पैंतालीस आस्रव, चौरासी लाख जाति, एक सौ साढ़े निन्यानवे लाख करोड़ कुल कोटि, संख्यापेक्षा अनंतानंत, क्षेत्रापेक्षा – सर्वलोक, स्पर्शन – सर्वलोक, काल – नानाजीवापेक्षा सर्वकाल एकजीवापेक्षा जघन्य तीन समय कम क्षुद्रभव उत्कृष्ट असंख्यातासंख्यात उत्सर्पिणी अवसर्पिणी, अंतर – नानाजीवापेक्षा निरंतर एक जीवापेक्षा जघन्य एक समय उत्कृष्ट तीन समय, तिरेपन भाव अपर्याप्तक में पचास भाव, जघन्यावगाहना घनांगुल का असंख्यातवाँ भाग उत्कृष्ट एक हजार योजन, एक सौ बीस प्रकृतियों का बंध, एक सौ अठारह प्रकृतियों का उदय, यहाँ अहारकों में 4 आनुपूर्वी प्रकृतियों का उदय नहीं होता अत: यहाँ उदय योग्य 118 प्रकृतियाँ कही हैं। एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों का सत्त्व होता है।

इस प्रकार आहार मार्गणा में सामान्यालाप समाप्त हुआ।

विशेषार्थ :– यहाँ आहारक का प्रकरण है चूंकि आहारक पर्याप्त अपर्याप्त दोनों अवस्थाओं में होता है, किंतु अनाहारक अपर्याप्त अवस्था/विग्रह गति में ही होता है। ऋजुगति में आहारक ही होता है ऋजुगति मुक्त जीव व संसारी जीव दोनों की होती है किंतु विग्रह गति केवल संसारी जीव की ही होती है और मुक्त जीव की ऋजुगति ही होती है, परन्तु वहाँ आहारक नहीं होता क्योंकि अब उन्हें शरीर नहीं मिलेगा, पर्याप्ति भी नहीं प्राप्त होगी। विग्रह गति दो या तीन समय की होती है, ऋजुगति नियम से एक समय की ही होती है। ऋजुगति का मतलब है सीधी गति और विग्रह यानि मोड़े वाली गति।

शंका– यह कब होती हैं ?

समाधान– जब जीव एक शरीर को छोड़कर दूसरे शरीर को प्राप्त करने के लिए जाता है उस समय विग्रह गति अथवा ऋजुगति दोनों ही गतियों से जाता हैं। मुक्त जीव जब मुक्ति को प्राप्त होते हैं उस समय शरीर छोड़कर अशरीरी हो सिद्धालय में विराजमान हो जाते हैं शेष कथन आगे करेंगे।

405. आहारक मार्गणा मिथ्यात्व गुणस्थान

		सामान्य	पर्याप्त	अपर्याप्त
1.	गुणस्थान	मिथ्यात्व	मिथ्यात्व	मिथ्यात्व
2.	जीवसमास	14 जीव समास पर्याप्त, अपर्याप्त	7 जीव समास पर्याप्त	7 जीव समास अपर्याप्त
3.	पर्याप्ति	6,5,4 पर्याप्ति, अपर्याप्ति	6,5,4 पर्याप्ति	6,5,4 अपर्याप्ति
4.	प्राण	10,9,8,7,6,5,4,3 प्राण	10,9,8,7,6,5,4 प्राण	7,7,6,5,4,3 प्राण
5.	संज्ञा	4 संज्ञा	–	–
6.	गति	चारों गति	–	–
7.	इन्द्रिय	एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय तक	–	–
8.	काय	षट्काय	–	–
9.	योग	12 योग (आहारकद्विक व कार्माण के बिना)	10 योग	2 योग (कार्माण काय योग के बिना)
10.	वेद	3 वेद	–	–
11.	कषाय	25 कषाय	–	–
12.	ज्ञान	3 कुज्ञान	–	2 कुज्ञान
13.	संयम	असंयम	–	–
14.	दर्शन	2 दर्शन	–	–
15.	लेश्या	6 लेश्या	–	–
16.	भव्य	भव्य, अभव्य	–	–
17.	सम्यक्त्व	मिथ्यात्व	–	–
18.	संज्ञी	संज्ञी	–	–
19.	आहारक	आहारक	–	–
20.	उपयोग	5 उपयोग	–	4 उपयोग
